क्वांर कृष्ण पक्ष, अष्टमी विक्रम संवत. 2082
वर्ष 41, अंक 339
रायपुर
रविवार, 14 सितंबर 2025
पृष्ठ-12
मूल्य ₹ 3.00

# अमृत संदेश

संस्थापक : गोविन्दलाल वोरा




आज हिन्दी दिवस



साल की सबसे बड़ी हिट सैय्यारा की ओटीटी रिलीज...

पेज.... 9



सेबी-सहारा खाते से जमाकर्ताओं को 5,000 करोड़ जारी...

पेज.... 10

सत्र के अपने पहले फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

पेज.... 11



## हिंदी के विकास में आधुनिकीकरण का योगदान



आपकी बात
डॉ.माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' । रायपुर
vskm_manik@rediffmail.com

किसी भी उद्योग में प्रशासन, परिचालन, प्रोद्योगिकी, प्रोजेक्ट निर्माण, विज्ञान, तकनीकी, विधि, संचार एवं अन्य गतिविधियों के लिए जो भाषा प्रयुक्त की जाती है उसे प्रयोजन मूलक या कामकाजी हिन्दी कहते हैं। प्रयोजन मूलक हिन्दी में विषय की स्पष्टता एवं तर्क संगतता विद्यमान रहती है। अपने प्रयोजनमूलक गुणों के कारण आज हिन्दी अनेक देसी एवं विदेशी भाषाओं को ग्रहण कर चुकी है। जिन भाषाओं में प्रयोजनीयता या अनुप्रयुक्तता का आभाव होता है वे कालांतर में कमज़ोर पड़ जाती हैं। जिन भाषाओं में प्रयोजनीयता का गुण होता है उन्हीं के नवीनीकरण एवं आधुनीकरण की संभावना रहती है क्योंकि ऐसी भाषाएँ जन मानस के अनुकूल एवं जन व्यवहार के लिए सक्षम होती हैं। पहले हिन्दी की पहचान केवल साहित्य तक सीमित थी। आज उसके विभिन्न रूप सामने आ चुके हैं। उदाहरण स्वरूप वैज्ञानिक एवं तकनीकी हिंदी, विधि की हिंदी, प्रशासनिक कार्यालयी हिंदी, जनसंचार एवं मीडिया की हिंदी, वाणिज्य एवं व्यवसाय की हिंदी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की हिन्दी, चलचित्र की हिन्दी, औद्योगिक क्षेत्र की हिंदी, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की हिंदी एवं कम्प्यूटर की हिंदी आदि। केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा हिंदी के विस्तार हेतु समय से प्रयास किया जा रहा है। 1962 में विभिन्न भाषाओं की वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली का प्रकाशन केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा किया जा चुका है।सरलीकरण एवं आधुनिकता के नाम पर हिंदी के अंग्रेजीकरण को मैं कतई उचित नहीं मानता। बल्कि कार्यप्रणाली को सहज एवं सरल बनाने के लिए हिन्दी के आधुनिकीकरण को उचित मानता हूँ। 20 वीं सदी के अंतिम दशक के उत्तरार्द्ध में आरंभ हुए सूचना विस्फोट का आज हिन्दी के आधुनिकीकरण में बड़ा योगदान है। कम्प्यूटर, इंटरनेट, ईमेल, फेसबुक, ट्यूटर, मोबाइल, यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम, सेटेलाइट आदि डिजिटल सूचना सामग्री के निर्माण, भंडारण, पहुंच और साझाकरण को सक्षम बनाते हैं। मीडिया के ये रूप कनेक्टिविटी , निजीकरण और भागीदारी को भी बढ़ाते हैं। साथ ही उपयोगकर्ताओं ,मीडिया और निर्माताओं को सशक्त बनाते हैं। भारत आज न्यूज़ बाजार में काफ़ी ऊँचा स्थान पा चुका है। विज्ञान को मातृभाषा हिंदी में समझना एवं समझाना जितना आसान होता है उतना अंग्रेजी में नहीं होता। भाषा शिक्षण में आज कम्प्यूटर की भूमिका का कोई स्थानापन्न - विकल्प नहीं है। 1992 में कंप्यूटर एंड लेंग्वेज लर्निंग पुस्तक प्रकाशित हुई। 2001 में हार्टिकल स्टंट एप्लिकेशन में मशीन ट्रांसलेशन का एक नया पक्ष जुड़ा। इससे भाषा शिक्षण के क्षेत्र में नया बदलाव आया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिन्दी समूचे विश्व के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यदि भारत में पैसा कमाना है तो हिन्दी का ज्ञान होना ज़रूरी है। भाषा वही प्रगति करती है जो अंतरराष्ट्रीय संपर्क एवं व्यावसायिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। हिन्दी भाषा के तीन रूप प्रचलित हैं अभिव्यक्ति परक -इसके अंतर्गत साहित्य ,संगीत, सिनेमा एवं जन प्रचार तंत्र आते हैं। प्रगति परक - इसमें भाषा का सीधा संबंध ज्ञान, विज्ञान एवं तकनीकी से जुड़ा होता है।आजकल प्रगतिपरक भाषा के साथ प्रयोजन मूलक हिन्दी का खूब प्रयोग हो रहा है। इसका मुख्य कारण है उसकी प्रयोजनीयता, वैज्ञानिकता एवं सामाजिकता। इसी कारण आज के परिवेश में हिंदी के अनेक रूप सामने आ चुके है। जब हिन्दी को 1949 में राजभाषा बनाया गया तो उस वक्त उसमें वैज्ञानिक एवं तकनीकी भाषा का अभाव था। उसके बाद उसका प्रयोग आरंभ हुआ। उसे प्रयास जनित हिन्दी की संज्ञा दी गई। 1961 में भारत सरकार ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन किया।जो आज भी हिन्दी की सेवा कर रहा है। केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के अंतर्गत ही हिन्दी संयुक्त राष्ट्र संघ भाषा कोश की योजना बनाकर हिन्दी-अरबी, हिन्दी -चीनी, हिन्दी-फ्रांसीसी एवं हिन्दी-स्पेनी आदि कोशों की रचना की गई। कंप्यूटर पहले अंग्रेजी उपकरण माना जाता था। लेकिन जिस्ट कार्ड के आने से उसके माध्यम से कंप्यूटर देवनागरी लिपि के साथ ही अन्य भारतीय भाषाओं को भी स्वीकार करने लगा। यह कार्ड केन्द्रीय संसाधन एकांश में लगाते ही अंग्रेजी जानने वाला कंप्यूटर हिन्दी में काम करने लगता है।

(शेष पृष्ठ 2 पर)

## जातीय हिंसा भड़कने के बाद पहली बार मणिपुर पहुंचे पीएम

# विकास का केंद्र बनेगा मणिपुर, हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण

एजेंसी । इंफाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मणिपुर के दौरे पर हैं। दो साल पहले साल 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद यह मणिपुर की उनकी पहली यात्रा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास के लिए शांति जरूरी है। यहां हिंसा होना दुर्भाग्यपूर्ण था, अब यह प्रदेश विकास का केंद्र बनेगा। उन्होंने मणिपुर की जनता से वादा करते हुए कहा कि भारत सरकार और खुद पीएम मोदी उनके साथ हैं। उन्होंने मणिपुर को साहस और वीरता की भूमि बताया। पीएम ने सभी संगठनों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए शांति का मार्ग अपनाएं। मोदी ने कहा कि शांति के लिए केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों से दोनों युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत हुई। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां हिंसा हुई। आज, मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि भारत सरकार आपके साथ है और मैं आपके साथ हूं।

मोदी ने कहा, मैं सभी समूहों और संगठनों से शांति का मार्ग चुनने की अपील करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास के लिए शांति सर्वोपरि है और केंद्र सरकार इसे प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में रेलवे और सड़क संपर्क परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन में वृद्धि की है। मोदी ने कहा, 2014 से, मैंने मणिपुर में संपर्क सुधारने पर विशेष ज़ोर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा और मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि विकास का लाभ देश के हर कोने तक पहुंचे।

### हिंसा के 2 साल बाद राहत शिविर पहुंचे मोदी

मणिपुर में दो साल पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पहली बार चुराचांदपुर पहुंचे और वहां राहत शिविरों में विस्थापित लोगों से मुलाकात की। यह इलाका हिंसा का केंद्र रहा था, जहां मई 2023 में मेइती और कुकी समुदायों के बीच झड़पें हुई थीं। पीएम मोदी भारी बारिश के कारण हवाई मार्ग से नहीं जा सके और 65 किमी का सफर सड़क मार्ग से तय कर चुराचांदपुर पहुंचे। उन्होंने यहां बुजुर्गों और बच्चों से बातचीत की। उनके साथ राज्यपाल अजय कुमार भल्ला भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने बताया 'नाटक'

कांग्रेस ने पीएम मोदी की इस यात्रा को दिखावा करार दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, मणिपुर लंबे समय से जल रहा है, अब जाकर प्रधानमंत्री का दौरा कोई बड़ी बात नहीं। जयराम रमेश ने आरोप लगाया, लोग 29 महीने से इंतजार कर रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री सिर्फ तीन घंटे रुकेंगे। यह शांति का प्रयास नहीं बल्कि एक नाटक है।



### 8500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

पीएम मोदी ने मणिपुर को 8500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं राज्य की आधारभूत संरचना और सामाजिक विकास को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं।

### स्थानीय लोगों से की मुलाकात

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार मणिपुर के विकास और शांति बहाली के लिए हरसंभव कदम उठा रही है।

### नारी सशक्तीकरण का उदाहरण... मणिपुर की धरती से नेपाल की पीएम को बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को मणिपुर की धरती से नेपाल की अंतरिम पीएम बनाई गई सुशीला कार्की को बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कार्की के नेतृत्व में नेपाल में शांति, समृद्धि और स्थायित्व आएगा। उन्होंने बधाई संदेश देते हुए कहा कि सुशीला कार्की का नेपाल की असमंजस वाली स्थिति में सत्ता को संभालना महिला सशक्तीकरण का एक बेहतर उदाहरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर की राजधानी में कहा, नेपाल, हिमालय की गोद में बसा हुआ है, हमारा करीबी दोस्त है। हमारा इतिहास और विश्वास जुड़ा हुआ है। मैं 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से सम्माननीय सुशीला कार्की को बधाई देता हूं। कार्की का नेपाल की सर्वोच्च सत्ता को संभालना महिला सशक्तीकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मुझे यकीन है कि वह शांति, सुरक्षा और स्थायित्व के रास्ते पर नेपाल को आगे बढ़ाने का काम करेंगी।

## 1 करोड़ की इनामी महिला नक्सल कमांडर सुजाता ने किया सरेंडर

अमृत संदेश । बीजापुर

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव और लगातार हो रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन को देखते हुए एक करोड़ की इनामी कुख्यात महिला नक्सली सुजाता



ने आखिरकार सरेंडर कर दिया। छत्तीसगढ़ के नक्सल मोर्चे में इन दिनों सुरक्षा बलों की भारी दहशत है। ऐसे में सुजाता के सरेंडर से बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम के बीच माओवादियों संगठन को एक और बड़ा झटका लगा है। सुजाता दक्षिण बस्तर में कई वर्षों से एक्टिव थी और नक्सलियों के दक्षिण सब जोन ब्यूरो इंचार्ज रह चुकी है। सुजाता पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सुजाता लंबे समय से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में सक्रिय रहकर बड़े हमलों की साजिश रचने में शामिल रही है। सुजाता के सरेंडर को छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान को बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस बार बरसात में भी ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

( शेष पृष्ठ 2 पर )

### कुख्यात नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी है सुजाता

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुजाता ने तेलंगाना में सरेंडर किया है। उसके सरेंडर से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। यह सरेंडर नक्सल संगठन का मनोबल गिराने वाला साबित होगा। खास बात यह है कि सुजाता कुख्यात नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी है, जो कुछ साल पहले पश्चिम बंगाल में मुठभेड़ के दौरान मारा गया था। सरेंडर करने वाली सुजाता खुद सीसी मेंबर है और कई राज्यों में उस पर लाखों का इनाम घोषित है।

## बिहार के बाद अब केरल में एसआईआर की तैयारी

एजेंसी । त्रिवेन्द्रम

चुनाव आयोग बिहार जैसा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पूरे देश में कराने की तैयारी कर रहा है। केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू केलकर ने बताया कि 20 सितंबर को राजनीतिक दलों के साथ बैठक होगी। इसमें पार्टियों को एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने सारी तैयारियां कर ली हैं और शेड्यूल का इंतजार कर रहे हैं। इसके तहत 20 तारीख को राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक होगी, जिसमें इस प्रक्रिया के कदम और तरीके समझाए जाएंगे।

रतन केलकर ने बताया कि केरल में एसआईआर की घोषणा जल्द होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने रिकॉर्ड्स को डिजिटाइज करके अपनी वेबसाइट पर सर्च करने लायक फॉर्मेट में डाल दिया है। उन्होंने कहा, हाल ही में निर्वाचन आयोग की बैठक में हमने पूरे देश में एसआईआर की तैयारियों पर चर्चा की थी।




चुनाव आयोग की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

### डिजिटल साक्षरता की तारीफ

केरल में 100% डिजिटल साक्षरता की रतन केलकर ने तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया आसान होगी। इसमें जनता, मीडिया और राजनीतिक पार्टियों समेत सभी स्टेकहोल्डर्स का सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा, डॉक्यूमेंट्स के लिए केरल में पहले से ही 100% डिजिटाइजेशन हो चुका है। शत फीसदी डिजिटल साक्षरता है और 4जी कवरेज भी पूरा है। हमारे पास जागरूक समाज है। लोगों, मीडिया और राजनीतिक पार्टियों का अच्छा सहयोग है।

### किसी भी दल ने लिखित में बहिष्कार नहीं किया: बिरला

**बंगलूरू, (ए)।** अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि किसी भी राजनीतिक दल ने उन्हें यह लिखित रूप में जानकारी नहीं दी है कि वह संसद की उस संयुक्त समिति (जेपीसी) का बहिष्कार करना चाहता है, जो उन तीन विधेयकों की जांच करेगी, जिसमें गंभीर आरोप में लगातार तीस दिन तक गिरफ्तार रहने वाले उच्च पदस्थ शीर्ष अधिकारियों को पद से हटाने का प्रावधान है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और आम आदमी पार्टी पहले ही कह चुकी हैं कि वह समिति का हिस्सा नहीं बनेंगी।

## ताज होटल के बाद अब मैक्स हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस अलर्ट

एजेंसी । त्रिवेन्द्रम

दिल्ली में पांच सितारा ताज पैलेस होटल के बाद अब शालीमार बाग स्थित मैक्स हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना के बाद दिल्ली पुलिस और दिल्ली फायर सर्विस मौके पर पहुंची। अस्पताल प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह, मैक्स अस्पताल के कॉल सेंटर पर एक अज्ञात बम धमकी प्राप्त हुई। हमारी आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार, तुरंत अधिकारियों को सूचित किया गया और हमारे परिसर में सतर्कता के साथ तलाशी ली गई। अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। हमारे मरीजों, स्टाफ और आगंतुकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं। बता दें कि इस तरह की धमकी शुक्रवार को हाई कोर्ट को भी दी गई थी। लेकिन जांच के बाद पुलिस को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। इससे पहले भी दिल्ली में समय-समय पर इसी तरह ई-मेल के जरिए अलग-अलग स्कूलों और सरकारी संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलती रही हैं। लेकिन जांच पड़ताल में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलता।

## रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने चीन पर लगाएं 50 से 100% टैरिफ

एजेंसी । वाशिंगटन

### ट्रंप का नाटो देशों को पत्र

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को जानकारी दी कि उन्होंने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों को पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने कहा, मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, लेकिन तभी लगाऊंगा जब सभी नाटो देश इस पर सहमत हों और वहीं कदम उठाना शुरू कर दें और सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना पूरी तरह बंद कर दें।

ट्रंप ने लिखा, जैसाकि आप जानते हैं कि नाटो की जीत के लिए अब तक पूरी कोशिशें नहीं हुई हैं और कुछ देशों की ओर से रूसी तेल की खरीद वाकई चौंकाने वाली है। इससे रूस के खिलाफ बातचीत में आपकी स्थिति और सौदेबाजी की ताकत कमजोर हो जाती है। खैर, अगर आप तैयार हों तो मैं तैयार हूं। बस आप बताइए कि कब शुरू करना है? मेरा मानना है कि इसके साथ ही अगर नाटो एक समूह के तौर पर चीन पर 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाए।

एशिया कप क्रिकेट

## भारत-पाक के बीच महामुकाबला आज, भारत का पलड़ा भारी

एजेंसी । दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का महामुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम अपने विजयी अभियान को जारी रखने उतरेगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती नजर आएंगी। इस मुकाबले का सोशल मीडिया पर विरोध भी हो रहा है, लेकिन दोनों देशों के खिलाफ एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। भारत और पाकिस्तान ने मौजूदा टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। एशिया कप में भारत का पाकिस्तान पर पलड़ा भारी है। दोनों टीमों के बीच अब तक 19 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें 10 मैच भारत ने जीते हैं जबकि पाकिस्तान को सिर्फ छह मैचों में ही जीत हासिल हुई है। वहीं, तीन मुकाबले बेनतीजा रहे हैं। ऐसे में



भारतीय टीम का रविवार के मैच में जीत लगभग तय माना जा रहा है। यूं तो जब भी भारत-पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होती हैं तो खेल के साथ-साथ भावनाओं का भी टकराव होता है। हालांकि, इस बार प्रशंसकों के बीच इस मैच को लेकर उत्साह थोड़ा कम दिखाई दे रहा है।

अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से सैन्य अभियान चलाया था जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद बढ़ गया था। इसे लेकर ही मैच का बहिष्कार करने की मांग उठी है। मैच के हजारों टिकट अब भी उपलब्ध हैं और शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र में बहुत कम दर्शक पहुंचे।

मैच को लेकर पहले की तरह उत्साह भी गायब है। सोशल मीडिया पर अपील की जा रही है कि भारत इस मैच का बहिष्कार करे जिससे कोई नहीं जानता कि कितने बीसीसीआई अधिकारी रविवार को मैच देखने पहुंचेंगे।

### क्या कहती है मौसम रिपोर्ट?

एक्यूवेदर की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई 14 सितंबर को बेहद गर्म और धुंधले मौसम का सामना करेगा। दिन का अधिकतम तापमान 39°C तक पहुंचने की संभावना है, लेकिन नमी के कारण यह 44°Cजैसा महसूस होगा। तेज गर्मी के साथ-साथ वायु गुणवत्ता को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। पूरे दिन और रात भर हवा की स्थिति बहुत अस्वास्थ्यकर मानी जा रही है। आसमान साफ और धुंधला रहेगा।

### नौसेना को मिला दूसरा पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत अंद्रोथ

**नई दिल्ली, (ए)।** भारतीय नौसेना को दूसरा पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत अंद्रोथ मिल गया है। रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रम कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत अंद्रोथ भारतीय नौसेना को सौंपा दिया है। पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत अंद्रोथ मिलने के बाद नौसेना की शक्ति काफी इजाफा होगा।

इस पोत का नाम लक्षद्वीप द्वीपसमूह के अंद्रोथ द्वीप पर रखा गया है। यह इस श्रृंखला का दूसरा पोत है। इससे पहले 8 मई को पहला पोत अर्नाला नौसेना को सौंपा गया था।





## मेडिकेयर हॉस्पिटल व जय जिनेन्द्र ट्रस्ट ने ओपीडी सेवाएँ पूर्णत: नि:शुल्क और सभी प्रकार की डायग्नोस्टिक जाँचों पर 50 प्रतिशत तक की छूट देने की घोषणा की



**रायपुर ( असं )।** मेडिकेयर हॉस्पिटल एवं जय जिनेन्द्र ट्रस्ट ने समाजहित में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ओपीडी सेवाएँ पूर्णत: नि:शुल्क करने और सभी प्रकार की डायग्नोस्टिक जाँचों पर 50 प्रतिशत तक की छूट देने की घोषणा की है। इस पहल से निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों को बढ़ते इलाज खर्च से राहत मिलेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. गंभीर सिंह (जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विशेषज्ञ) ने कहा कि, इस तरह की पहल समाज और चिकित्सा क्षेत्र के लिए अनुकरणीय है। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि मैं इसका हिस्सा बन रहा हूँ। वहीं डॉ. राजेश चौमाल (रेडियोलॉजिस्ट) ने कहा कि, अभी तक हम इस तरह की सुविधा बड़े शहरों में ही सुनते थे, अब रायपुर में भी यह उपलब्ध होगी।ट्रस्टी अनिल पारेख ने बताया कि,तीन महीने पूर्व हमने मदर एंड चाइल्ड केयर की शुरुआत की थी। अब प्रतिदिन ओपीडी नि:शुल्क और जाँचों पर 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है। भविष्य में और भी सुविधाएँ जोड़ने का प्रयास होगा। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल शामिल हुए। पंजीकरण प्रक्रिया में 200 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। यह कदम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाएगा बल्कि समाज में जागरूकता और सहयोग की नई मिसाल भी पेश करेगा।

## हिंदी दिवस पर सांस्कृतिक-सामाजिक कार्यक्रम आज

**रायपुर ( असं )।** हिंदी दिवस 2025 के अवसर पर अमन का पैग़ाम के तत्वावधान में रायपुर स्थित मरीन ड्राइव पर एक विशेष सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन 14 सितम्बर 2025 को शाम 7 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर हिंदी भाषा की महत्ता, उसकी क़ौमी भूमिका तथा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे में उसके योगदान पर विचार-विमर्श एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी।

### व्यापमं द्वारा आगामी परीक्षाओं के मद्देनज़र केंद्राध्यक्ष, परिवहन अधिकारी की बैठक

# अभ्यर्थी आधी बांह वाले हल्के रंग के कपड़े पहने, कान में किसी प्रकार का आभूषण वर्जित

### पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा आज

अमृत संदेश । रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, व्यापम रायपुर द्वारा आयोजित पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर केंद्राध्यक्ष, परिवहन अधिकारी (आब्जर्वर) की रेडक्रॉस सभाकक्ष, कलेक्ट्रटमें नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री नवीन कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को बैठक ली। बैठक में सभी केंद्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी केंद्रों



में दीवाल घड़ी लगाने संबंधित निर्देश दिए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

जिले में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 14 सितंबर 2025, रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 01.15 बजे तक 28 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। जिसमें 10,700 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा द्वितीय चरण की है, जिसमें प्रथम चरण का शारीरिक दक्षता परीक्षण पहले ही संपन्न हो चुका है।अभ्यार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश :- परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके।

# प्रोजेक्ट तेजस के तहत सीआरपीएफ जवानों के 6 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

### द्वितीय बैच में 23 जवानों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण, प्रदाय किए गए प्रमाण पत्र

अमृत संदेश । रायपुर

रायपुर राष्ट्र की सुरक्षा में हर पल मुस्तैद रहने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को अब तकनीकी दक्षता से भी सशक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रोजेक्ट तेजस के तहत द्वितीय बैच के जवानों के लिए 6 दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन 8 से 13 सितंबर 2025 तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), सड्डू, रायपुर में किया गया। इस प्रशिक्षण के तहत जवानों को ऑटोमोबाइल, डीजल जनरेटर संचालन एवं अन्य उपकरणों की



मरम्मत जैसे व्यावहारिक कौशल सिखाया गया, ताकि वे कठिन परिस्थितियों में भी तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बने रहें तथा देश की सेवा में और अधिक दक्षता के साथ योगदान दे सके। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और आईटीआई सड्डू ने संयुक्त रूप से तेजस का संचालन किया जा रहा है। इसका अर्थ है— सशस्त्र बलों के बेहतर प्रदर्शन हेतु तकनीकी सशक्तिकरण। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर ष्ट्रक्क्क के कमांडेंट श्री आलोक अवस्थी ने जवानों को प्रमाण पत्र प्रदान किया और कहा कि जवान इस प्रशिक्षण को लेकर उत्साहित दिखे। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट श्री इकबाल अहमद, जिला रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल एवं प्राचार्य मेजर नरेंद्र उपाध्याय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अनेकांतवाद हर व्यक्ति की आवश्यकता : मनीष सागर महाराज

अमृत संदेश । रायपुर

टैगोर नगर पटवा भवन की धर्मसभा में शनिवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि व्यवहार में आपको अनेकांतवादी बनना होगा। अनेकांतवाद हर व्यक्ति की आवश्यकता है। वस्तु खुद अनेकांत है।।वस्तु के अनेक गुण होते हैं। इसलिए वस्तु को अनेक नजरिये से देखना है। वस्तु अनेक पक्ष वाली होती है। उसे एक तरह से नहीं समझा जा सकता। वक्ता यदि अनेकांत वाला है तो श्रोता को भी अनेकांत वाला होना चाहिए।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि परमात्मा ने कोई कथन कहा है तो इसके दूसरे भी आयाम है। परमात्मा के कथन को यदि एकांत से ग्रहण कर लेंगे तो गड़बड़ हो जाएगी। परमात्मा के कथन को समझना होगा कि वह किस अपेक्षा से बोला गया है। इसलिए हमें जिनवाणी समझ में नहीं आती है। जिनवाणी को अनेकांत से सुनकर उस दृश्य को बनाना होगा। जब तक हम अनेकांत दृष्टि से नहीं समझेंगे, तब तक जिनवाणी समझ में नहीं आएगी।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सिद्धांत बनाने में कंजूसी ना करें। सिद्धांत परिपूर्ण बनाओ। सिद्धांत सही बनेगा तो आचरण में ला पाएंगे। सिद्धांत नहीं बनाएंगे तो आचरण में आएगा नहीं। लक्ष्य निर्धारित करना होगा। तभी उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आप चलना शुरू करोगे।।जिनवाणी को समझने का प्रयास कर रहे।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### हिंदी के विकास में आधुनिकीकरण का योगदान

परिणामस्वरूप बैंक, रेलवे, एअर एवं विभिन्न उद्योगों के काम कंप्यूटर द्वारा हिंदी में होना आरंभ हो गया। एक नई प्रणाली जिसे इस्की कहा जाता है भी विकसित हो चुकी है। जिसकी सहायता से उच्च प्रौद्योगिकी एवं उच्च भारतीय भाषाएँ भी आसानी से कंम्प्यूटर में काम कर सकती है। इसके लिए एक इनस्क्रिप्ट बनाया गया है जो हिन्दी सहित अन्य भारतीय भाषाओं में काम करने के साथ ही लिप्यांतरण करने की भी क्षमता रखता है।कंप्यूटर में अनुवाद की समस्या को सुलझाने के लिये पूना के सीडेक (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग) ने एक टैग सीडेक डंपी पदम का विकास किया है।इसके अलावा अब हिन्दी के अनेक साफ्टवेयर भी उपलब्ध हैं जिसमें अक्षर, आलेख, शब्दावली, शब्दरत्न, सुलिपि, मल्टीवर्ड, संगम, देवबेस, नारद, चाणक्य, एप्पल, भाषा आदि के नाम प्रमुख हैं।आज हिंदी डास , विंडोज और यूनिक्स परिवेश के अंतर्गत हिन्दी में शब्द- संशाधन कार्य भी सहज संभव हो गया है। इसके अलावा वर्तनी संशोधक तथा ऑनलाइन शब्द कोश सहित ईमेल तथा बेब प्रकाशन की तकनीक भी हिन्दी ज्ञाताओं ने विकसित की है।इस्फाक जैसी तकनीकी के सहारे फिल्मों के हिन्दी में शीर्षक देने की सुविधा उपलब्ध है।अनुवाद के क्षेत्र में - मशीनी अनुवाद हेतु भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर तथा हैदराबाद विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से एक तकनीक विकसित की गई है जिसे अनुसारक कहा जाता है।आईबीएम टाटा कंपनी ने आर.के.कंप्यूटर के सहयोग से हिंदी डास नाम से एक विशिष्ट तकनीकी उपजायी है। जिसमें कमांड एवं मैन्यू भी हिंदी में उपलब्ध हैं। 1997 में मोटोरोला ने हिन्दी में पेजर का विकास कर दिया था । इस प्रकार हिन्दी के विकास में आधुनिकीकरण के कारण उसकी व्यवहारिक क्षमता को लगभग हर क्षेत्र में अपनाया जा रहा है। ये भविष्य के लिए अच्छा संकेत है।

### 1 करोड़ की इनामी महिला नक्सल कमांडर सुजाता ने किया सरेंडर

और एनकाउंटर में लगातार शीर्ष माओवादी मारे जा रहे हैं।

**माओवादी संगठन को लगातार झटका**

छत्तीसगढ़ में माओवादी संगठनों को एक के बाद एक लगातार झटके मिल रहे हैं। दो दिन पहले छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पुलिस एनकाउंटर में 10 नक्सली मारे गए थे, जिसमें एक करोड़ का इनामी नक्सली सीसी मेंबर मनोज उर्फ बालकृष्ण भी शामिल था। गरियाबंद में मारे गए सभी 10 नक्सलियों रुपये 2.40 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। वहीं एक दिन पहले बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया था। नक्सलियों की पहचान हिड़मा पोड़ियाम और मुन्ना मड़कम के रूप में हुई थी। दोनों पर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से एक 303 रायफल, एक नग 12 बोर बंदूक सहित विस्फोटक सामान और प्रतिबंधित नक्सल संगठन के अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

### तेरापंथ युवक परिषद की रायपुर में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव 17 सितंबर को

**रायपुर।** राजधानी रायपुर मेगा ब्लड डोनेशन का साक्षी बनने जा रहा है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद 17 सितंबर को पूरे देश में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन करेगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ में 100 से अधिक सेंटर्स में रक्तदान किया जाएगा। रायपुर में 17 सेंटर्स रक्तदान के लिए बनाए गए हैं। 17 सितंबर को मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के पहले तेरापंथ युवक परिषद रायपुर राजधानी रायपुर के सभी 17 कलेक्शन सेंटर्स तक जागरुकता रैली निकालेगी। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद का नाम सर्वाधिक रक्त संग्रहण में गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

क्रमांक /2829/तह. /वाचक/2025

बागबाहरा दिनांक 12/9/2025

रा.मा.क्र..../ब/121 वर्ष 2024-25

ग्राम कन्हारपुरी प.ह.नं. 03 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम कन्हारपुरी प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका माधोसिंह पिता सुकालु जाति सतनामी निवासी ग्राम कन्हारपुरी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र देवेन्द्र कुमार जाति सतनामी की जन्म दिनांक 19.6.2006 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नही होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है. जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाये। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी विनि 26/9/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 12/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार बागबाहरा**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्र.-6)**

आईएसबीटी चतुर्थ तल रावणभाठा रायपुर

Email ID- rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./ 24253/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2025

रायपुर, दिनांक 13.09.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 24253**

**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447B00203** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LAXMI BAI NARWANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **BACHHAMAL** नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJESH NARWANI** पिता/ पति श्री/ श्रीमती **S/O BACHCHAMAL NARWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख के अनुसार **पंजीकृत दानपत्र** वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन मे हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा /अपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा

सूचना जारी करे ।

**( जोन कमिश्नर )**

**जोन क्रं. 6**

**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्र.-6)**

आईएसबीटी चतुर्थ तल रावणभाठा रायपुर

Email ID- rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./ 22567/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2025

रायपुर, दिनांक 10.09.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 22567**

**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447B00245** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NEENA YUSUF** पिता/पति श्री/श्रीमती **MOHAMMAD YUSUF** नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DR. ANAND SAXENA** पिता/ पति श्री/ श्रीमती **VINOD BIHARI SAXENA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख के अनुसार **पंजीकृत विक्रय विलेख** वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन मे हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा /अपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा

सूचना जारी करे ।

**( जोन कमिश्नर )**

**जोन क्रं. 6**

**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गरिमा गोयल पिता रमेश कुमार अग्रवाल निवासी 8/362, डागा बिल्डिंग, बैरन बाजार, महिला थाना के पीछे, रायपुर (छ.ग.) 492001 यह शपथ करती हूं कि मैने विवाहोपरांत अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम गरिमा गुप्ता पति रोहन कुमार गुप्ता रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम गरिमा गुप्ता पति रोहन कुमार गुप्ता से ही जाना पहचाना जावे।

**गरिमा गुप्ता**

8/362, डागा बिल्डिंग, बैरन बाजार, महिला थाना के पीछे, रायपुर (छ.ग.) 492001

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद अली (MOHMMD ALI) पिता शेख मुसा निवासी मकान नं. 82 वार्ड नं. 02 मस्तानपारा सुकमा (छ.ग.) 494111 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम मोहम्मद अली (MOHAMMAD ALI) पिता शेख मुसा रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मोहम्मद अली (MOHAMMAD ALI) पिता शेख मुसा से ही जाना पहचाना जावे।

**मोहम्मद अली**

**(MOHAMMAD ALI)**

मकान नं. 82 वार्ड नं. 02 मस्तानपारा सुकमा (छ.ग.) 494111

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं खारुन निशा पति मोहम्मद अली निवासी मकान नं. 82 वार्ड नं. 02 मस्तानपारा सुकमा (छ.ग.) 494111 यह शपथ करती हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम शेख खैरुन पति मोहम्मद अली रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम शेख खैरुन पति मोहम्मद अली से ही जाना पहचाना जावे।

**शेख खैरुन निशा**

मकान नं. 82 वार्ड नं. 02 मस्तानपारा सुकमा (छ.ग.) 494111

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सीमा अग्रवाल (SEEMA AGARWAL) पति बजरंगी अग्रवाल निवासी 503, साहू मुर्ति भंडार के पास, कैलाशपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) पिन 492001 यह शपथ करती हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सीमा अग्रवाल (SEEMA AGRAWAL) पति बजरंगी अग्रवाल रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सीमा अग्रवाल (SEEMA AGRAWAL) पति बजरंगी अग्रवाल से ही जाना पहचाना जावे।

**सीमा अग्रवाल**

**(SEEMA AGRAWAL)**

503, साहू मुर्ति भंडार के पास, कैलाशपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) पिन 492001

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बजरंगी अग्रवाल (BAJRANGI AGARWAL) पिता टी. आर. अग्रवाल निवासी 503, साहू मुर्ति भंडार के पास, कैलाशपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) पिन 492001 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम बजरंगी अग्रवाल (BAJRANGI AGRAWAL) पिता टी. आर. अग्रवाल रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम बजरंगी अग्रवाल (BAJRANGI AGRAWAL) पिता टी. आर. अग्रवाल से ही जाना पहचाना जावे।

**बजरंगी अग्रवाल**

**(BAJRAGI AGRAWAL)**

503, साहू मुर्ति भंडार के पास, कैलाशपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) पिन 492001

**न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**

रा.प्र.क्र. 202509100800021/अ-6 अ/ वर्ष 2024-2025

ग्राम- बिरझापुर / प.ह.नं.- 14

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका 1 सत्रुपा पिता गौरीशंकर, 2 मालती पिता गौरीशंकर जाति धोबी निवासी ग्राम बिरझापुर तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है कि ग्राम बिरझापुर प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1287 रकबा 0.10 हे. भूमि विक्रेता शेषनारायण पिता दुर्गाप्रसाद जोशी से पंजीकृत बैनामा क्रमांक 501 दिनांक 10.06.1996 को क्रय किया जिस पर आवेदिकागण का कब्जा रहा है. उक्त भूमि का नामांतरण क्रमांक 37 वर्ष 1995-96 में हुआ है. खरीदी के दौरान आवेदिका गण ना.बा. थे, जो वर्तमान बालिग हो चुके है. उक्त भूमि ख.नं. 1287 रकबा 0.10 हे. को पंजीकृत बैनामा एवं नामांतरण क्र. 37 वर्ष 1995-96 के अनुसार दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 24/09/2025 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 09/09/2025

आगामी पेशी दिनांक 24/09/2025

**मुहर** **तहसीलदार धमधा**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर ( छ.ग. )**

मंदिर हसौद, दिनांक

क्रमांक/ /वाचक/तह./2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदक शिव कुमार मतवाले पिता स्व. नथेल निवासी चीचा द्वारा ग्राम चीचा प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर की स्थित भूमि खसरा.नं. कुल 05 रकबा 0.690 हे. भूमिस्वामी नथेल के नाम पर दर्ज था। जिसे नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को विक्रय/अधिग्रहित किया जा चुका है। उसका पूर्ण भूगतान किया जा चुका है। तदपश्चात विक्रेता की मृत्यु दिनांक 06/06/23 को हो चुकी है किन्तु शासन द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त राशि बोनस हेतु मृत्यु होने से मृतक के विधिक वारिसानों का वंशीवली प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। मृतक का विधिक वारिसान निम्नानुसार है: शिवकुमार, राजेन्द्र, दीपका, लताबाई वलूबाई, आरती, कलिन्द्री इसके अतरिक्त कोई वारिसान नहीं है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति होतो वे इस न्यायालय में दिनांक 17-09-25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निपत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 1.09.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

**मुहर** **तहसीलदार मंदिर हसौंद,**

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /वाचक/तह/2025

मंदिर हसौद, दिनांक 09.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजकुंवर पिता किसुन कर लेख किया है कि ग्राम-गोढी, प.ह.नं.-16. रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर साहू, निवासी ग्राम अछोला, पोस्ट जोबा, थाना तुमगांव, तहसील व जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत स्थित भूमि खसरा नंबर 131 रकबा 0.35 भूमि राजस्व अभिलेख में राजकुंवर पिता किसुन साहू के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है जिसका आधार कार्ड में नाम कुवर बाई साहू दर्ज है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में राजकुंवर उर्फ कुवर बाई साहू दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 24.09.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 09.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

**मुहर** **तहसीलदार मंदिर हसौद**

**नाम परिवर्तन**

मैं अरूण साहू पिता हिराधर साहू उम्र 42 वर्ष निवास ग्राम रसोडा पोस्ट रसोडा तह. बसना जिला महासमुन्द छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरा निम्नानुसार शपथ है कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री का नाम रश्मि साहू है एवं जन्मतिथी 03/07/2011 है। जो कि उसके दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र अंकसूची में रश्मि साहू एवं जन्मतिथी 03/07/2011 ही है जो कि यह नाम एवं जन्मतिथी सही है।
3. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं. 236153874156 में त्रुटिवश उसका नाम सोहद्रा साहू एवं जन्मतिथी 01/01/2011 दर्ज हो गया है।
4. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे हिन्दी नाम सोहद्रा साहू है एवं अंग्रेजी नाम SOHADRA SAHU है एवं जन्मतिथी 01/01/2011 है। तथा जन्म प्रमाण पत्र अंकसूची में हिन्दी नाम रश्मि साहू हैं एवं अंग्रेजी नाम RASHMI SAHU हैं एवं जन्मतिथी 03/07/2011 है। यह दोनो नाम SOHADRA SAHU एवं RASHMI SAHU एक ही व्यक्ति का नाम हैं। अर्थात ये दोनो नाम मेरी पुत्री का ही नाम है।
5. यह कि यह शपथ पत्र जहाँ भी आवश्यक्ता होगी वहाँ पर मेरी पुत्री का नाम RASHMI SAHU हिन्दी नाम रश्मि साहू एवं जन्मतिथी 03/07/2011 दर्ज किये जायें एवं समझा जायें जिसके लिए गजट प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**अरूण साहू**

**पिता हिराधर साहू**

**निवास ग्राम रसोडा पोस्ट रसोडा तह. बसना जिला महासमुन्द छ.ग.**

**नाम परिवर्तन**

मैं निर्मल कुमार पटेल पिता अमृतलाल पटेल उम्र 37 वर्ष निवास ग्राम भंवरपुर पोस्ट भंवरपुर तह. बसना जिला महासमुन्द छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरा निम्नानुसार शपथ है कि:--

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे पुत्र का नाम यश पटेल है। जो कि उसके दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र अंकसूची में यश पटेल ही है जो कि यह नाम सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं. 587042525800 में त्रुटिवश उसका नाम सुनील पटेल दर्ज हो गया है।
4. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में हिन्दी नाम सुनील पटेल है एवं अंग्रेजी नाम SUNIL PATEL है। तथा जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में हिन्दी नाम यश पटेल हैं एवं अंग्रेजी नाम YASH PATEL है। यह दोनो नाम SUNIL PATEL एवं YASH PATEL एक ही व्यक्ति का नाम है। अर्थात ये दोनो नाम मेरे पुत्र का ही नाम है।
5. यह कि यह शपथ पत्र जहाँ भी आवश्यक्ता होगी वहाँ पर मेरे पुत्र का नाम YASH PATEL हिन्दी नाम यश पटेल दर्ज किये जायें एवं समझा जायें जिसके लिए गजट प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**निर्मल कुमार पटेल**

**पिता अमृतलाल पटेल**

**निवास ग्राम भंवरपुर पोस्ट भंवरपुर तह. बसना जिला महासमुन्द छ.ग.**

**नाम परिवर्तन**

मैं सुमित्रा साहू पति भुवनेश्वर साहू उम्र 32 वर्ष निवास ग्राम जगत पोस्ट भूकेल तह.बसना जिला महासमुन्द छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरा निम्नानुसार शपथ है कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा नाम सुमित्रा साहू है जो कि मेरे मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम सुमित्रा साहू है। जो कि यह नाम सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 810814990454 में त्रुटिवश मेरा नाम सावित्री साव दर्ज हो गया है।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड मे हिन्दी नाम सावित्री साव है एवं अंग्रेजी नाम SAVITRI SAO है। तथा मेरे मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेज में हिन्दी नाम सुमित्रा साहू हैं एवं अंग्रेजी नाम SUMITRA SAHU हैं। यह दोनो नाम SAVITRI SAO एवं SUMITRA SAHU एक ही व्यक्ति का नाम हैं। अर्थात ये दोनो नाम मेरे ही नाम है।
5. यह कि यह शपथ पत्र जहाँ भी आवश्यक्ता होगी वहाँ पर मेरा नाम SUMITRA SAHU हिन्दी नाम सुमित्रा साहू दर्ज किये जावें एवं समझा जावें जिसके लिए गजट प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

**सुमित्रा साहू**

**पति भुवनेश्वर साहू**

**निवास ग्राम जगत पोस्ट भूकेल तह. बसना जिला महासमुन्द छ.ग.**

**नाम परिवर्तन**

मैं बिजली बर्गे पति चक्रो बर्गे उम्र 62 वर्ष निवास ग्राम जर्रा पोस्ट जगदीशपुर तह. पिथौरा जिला महासमुन्द छ.ग. का निवासी हैं। जो कि मेरा निम्नानुसार शपथ है कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा नाम बिजली बर्गे है जो कि मेरे रिकार्ड दस्तावेज बी-1 में मेरा नाम बिजली बर्गे है। जो कि यह नाम सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 864441146747 में त्रुटिवश मेरा नाम बजली बर्गे दर्ज हो गया है।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड में हिन्दी नाम बजली बर्गे है एवं अंग्रेजी नाम BAJALI BARGE है। तथा मेरे अन्य दस्तावेज बी-1 खसरा में हिन्दी नाम बिजली बर्गे हैं एवं अंग्रेजी नाम BIJALI BARGE है। यह दोनो नाम BAJALI BARGE एवं BIJALI BARGE एक ही व्यक्ति का नाम हैं। अर्थात ये दोनो नाम मेरे ही नाम है।
5. यह कि यह शपथ पत्र जहाँ भी आवश्यक्ता होगी वहाँ पर मेरा नाम BIJALI BARGE हिन्दी नाम बिजली बर्गे दर्ज किये जावें एवं समझा जावें जिसके लिए गजट प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

**बिजली बर्गे**

**पति चक्रो बर्गे**

**निवास ग्राम जर्रा पोस्ट जगदीशपुर तह. पिथौरा जिला महासमुन्द छ.ग.**

**नाम परिवर्तन**

मैं हेमकांती साण्ड पति छेलिया साण्ड उम्र 48 वर्ष निवास ग्राम सराईपाली पोस्ट रसोडा तह. बसना जिला महासमुन्द छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरा निम्नानुसार शपथ है कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा नाम हेमकांती साण्ड है जो कि मेरे समस्त रिकार्ड दस्तावेज में मेरा नाम हेमकांती है। जो कि यह नाम सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 95731477070 में त्रुटिवश मेरा नाम तरूणी साण्ड दर्ज हो गया है।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड में हिन्दी नाम तरूणी साण्ड है एवं अंग्रेजी नाम TARUNI SAND है। तथा मेरे अन्य दस्तावेज में हिन्दी नाम हेमकांती साण्ड हैं एवं अंग्रेजी नाम HEMKANTI SAND हैं। यह दोनो नाम TARUNI SAND एवं HEMKANTI SAND एक ही व्यक्ति का नाम हैं। अर्थात ये दोनो नाम मेरे ही नाम है।
5. यह कि यह शपथ पत्र जहाँ भी आवश्यक्ता होगी वहाँ पर मेरा नाम HEMKANTI SAND हिन्दी नाम हेमकांती साण्ड दर्ज किये जावें एवं समझा जावें जिसके लिए गजट प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

**हेमकांती साण्ड**

**पति छेलिया साण्ड**

**निवास ग्राम सराईपाली पोस्ट रसोडा तह. बसना जिला महासमुन्द छ.ग.**

**नाम परिवर्तन**

मैं धर्मेन्द्रसिंह पिता ज्ञानसिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम कैरामुण्डा, पोस्ट कुदारीबाहरा, थाना व तहसील बसना, जिला-महासमुंद (छ0ग0) निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूँ :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड क्रमांक 3096 4482 4825 उसके घरेलु नाम (निकनेम) रानी सिंग के नाम से जारी हुआ है तथा आधार कार्ड में जन्मतिथि 01/01/2010, अभिभावक का नाम सुशील बरीहा दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि मेरे द्वारा मेरी पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज नाम रानी सिंग का नाम परिवर्तन कर उसके वास्तविक व सही नाम लतिकासिंह, अभिभावक / पिता का नाम धर्मेन्द्रसिंह तथा सही जन्मतिथि 06/04/2011 दर्ज किये जाने आदेश हेतु माननीय न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
4. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र वर्णित समस्त कथन के सत्य एवं सही होने के समर्थन में यह शपथ-पत्र निष्पादित की जा रही है।
5. यह कि मेरे द्वारा शपथ-पत्र में कोई भी सारवान बातें नहीं छिपाया गया है।

**शपथकर्ता**

**धर्मेन्द्रसिंह**

**पिता ज्ञानसिंह,**

**निवासी ग्राम कैरामुण्डा, पोस्ट कुदारीबाहरा, थाना व तहसील बसना, जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**

**न्यायलय नायब तहसीलदार / तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

क्रमांक/../वाचक/क.द./2025

मंदिर हसौद दिनांक 11/9/25

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जा है कि आवेदक कांति मारकण्डे पिता रामनारायण जाति सतनामी निवासी धमनी द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम घमनी प.ह.न. 27 तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक के पिता राम नारायण की मृत्यु दिनांक 09/4/2003 को हो गया है। आवेदक के द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 23/9/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 1/9/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **कार्यपालिक दण्डाधिकारी मंदिर हसौद**

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

क्रमांक /2830/तह. /वाचक/2025

बागबाहरा दिनांक 12/9/2025

रा.मा.क्र..../ब/121 वर्ष 2024-25

ग्राम कन्हारपुरी प.ह.नं. 03 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम कन्हारपुरी प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका माधोसिंह पिता सुकालु जाति सतनामी निवासी ग्राम कन्हारपुरी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री मुस्कान भारद्वाज जाति सतनामी की जन्म दिनांक 6.3.2004 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नही होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है. जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाये। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी विनि 26/9/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 12/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार बागबाहरा**

## मुख्यमंत्री से पूज्य संत असंग देव ने की भेंट



**रायपुर ( असं )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में परम पूज्य संत असंग देव ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने शॉल और श्रीफल भेंट कर पूज्य संत श्री असंग देव जी का सम्मान किया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। संत श्री असंग देव जी ने मुख्यमंत्री को गौमाता की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और पूज्य संत श्री असंग देव जी के मध्य विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तथा बड़ी संख्या में संत असंग देव जी के अनुयायी संतगण भी उपस्थित थे।

## आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर ने प्रदीप टंडन को डी.लिट् की उपाधि प्रदान की



**रायपुर ( असं )।** आईटीएम विश्वविद्यालय, रायपुर ने प्रदीप टंडन को डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट्) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें बिज़नेस मैनेजमेंट, कॉर्पोरेट नेतृत्व, छत्तीसगढ़ में औद्योगिक प्रोत्साहन तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण एवं परामर्श में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

श्री टंडन वर्तमान में भारत के शीर्ष कॉर्पोरेट नवीन जिंदल समूह की कंपनी में अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। बिज़नेस मैनेजमेंट और कॉर्पोरेट कार्यों में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास और निवेश प्रोत्साहन में अहम भूमिका निभाई है। कॉर्पोरेट जगत से परे, श्री टंडन ने नीति वकालत के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे वर्तमान में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के अध्यक्ष तथा नेशनल एम्प्लॉयर्स फेडरेशन के अध्यक्ष हैं। इन भूमिकाओं में उन्होंने उद्योग और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाली प्रगतिशील नीतियों के निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। आईटीएम विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त यह डी.लिट् उपाधि उनके कॉर्पोरेट उत्कृष्टता, आर्थिक विकास और सामाजिक-औद्योगिक प्रगति के प्रति समर्पण की सराहना है। यह सम्मान मेरे लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मेरे सहकर्मियों, मार्गदर्शकों और उद्योग से जुड़े साथियों से मिले निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन का प्रतिबिंब है। मैं इस मान्यता के लिए आईटीएम विश्वविद्यालय का हृदय से आभारी हूँ। यह उपाधि मुझे समावेशी औद्योगिक विकास, नीति सुधार और सामाजिक-आर्थिक उन्नति की दिशा में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

## गुल्लू में अवैध मदिरा सेवन पर आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**रायपुर ( असं )।** आबकारी विभाग रायपुर द्वारा गुल्लू स्थित कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान के समीप संचालित ढाबों में अवैध रूप से मदिरापान कराए जाने की सूचना पर संयुक्त निरीक्षण किया गया। जाँच के दौरान पाया गया कि ढाबा संचालक ग्राहकों को बैठाकर मदिरा पिला रहे थे, जो छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम का उल्लंघन है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साहू ढाबा संचालक संतोष यादव एवं राजा ढाबा संचालक राजा टंडन के विरुद्ध धारा 36(ए) तथा वहाँ मदिरापान कर रहे व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 36(बी) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि शासन की नीति के अनुसार केवल लाइसेंसी अहातों के संचालन की अनुमति है। अवैध अहातों पर निरंतर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि लाइसेंसधारी अहातों से प्राप्त शुल्क शासन के राजस्व में जमा होता है।

# प्रदेश की 3 करोड़ जनता के आरोग्य के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का सपना करेंगे पूरा : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय डेंटल कॉन्फ्रेंस 2025 का किया शुभारंभ

अमृत संदेश | रायपुर




मानव मुस्कान को सुरक्षित रखने और सहेजने में दंत चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय डेंटल कॉन्फ्रेंस 2025 का किया शुभारंभ मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश की 3 करोड़ जनता के आरोग्य के साथ हम विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार करेंगे। पिछले 20 महीनों में प्रदेश की स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करते हुए दुर्गम अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार ने किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित तीन दिवसीय डेंटल कॉन्फ्रेंस 2025 का शुभारंभ कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दंत चिकित्सा और दांतों की देखभाल से जुड़े उपयोगी उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा डेंटल एसोसिएशन की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार बनने के पहले दिन से ही हमने प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति दी गई है, साथ ही फिजियोथैरेपी, नर्सिंग और मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल जैसे संस्थानों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ छत्तीसगढ़ के साथ ही हम प्रगति की भी बात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। वर्ष 2000 में जहां केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं आज 15 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री वय वंदना योजना से मरीजों और बुजुर्गों को नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, सस्ती जेनेरिक दवाइयां आम जनता को राहत प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पान मसाला, गुटखा और तंबाकू की वजह से मुँह के कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि दाँतों की देखभाल और सुंदर मुस्कान देने में दंत चिकित्सकों की अहम भूमिका है।उन्होंने चिकित्सकों से आह्वान किया कि इस दिशा में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएँ।

उन्होंने भावुक होकर अपने संसदीय कार्यकाल की स्मृतियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि 1999 में जब श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, उस समय एम्स दिल्ली पर पूरे देश के मरीजों का दबाव था। तब हमने संसद में निवेदन किया था कि छत्तीसगढ़ में भी एम्स की स्थापना हो। सौभाग्य से 1 नवम्बर 2000 को राज्य गठन के बाद पहली किस्त में छह राज्यों को एम्स की सौगात मिली और छत्तीसगढ़ को भी यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसी दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने 'छत्तीसगढ़ विजन 2047' डॉक्यूमेंट तैयार किया और 10 मिशन बनाकर प्रदेश को आगे बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। श्री साय ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश का जीएसडीपी 5 लाख करोड़ है, जिसे वर्ष 2047 तक 75 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस दिशा में हम पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज और वन संपदा से समृद्ध है, मेहनतकश किसान और परिश्रमी जनता इसकी असली ताकत हैं। छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया की कहावत को दोहराते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश 2047 तक अपने लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त करेगा।

जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में जीएसटी के स्लैब को 5 और 18 प्रतिशत में एकरूप किया गया है।

## सरकार बिजली कीमतों में बढ़ोतरी वापस ले : महंत

- बिजली हाफयोजना को बंद करना जनता से बेमानी है
- कोयला और पानी से समृद्ध राज्य में जनता और किसान परेशान



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में बिजली की कीमतों में प्रति यूनिट 20 पैसे की बढ़ोतरी ने आम जनता के साथ-साथ राज्य के किसानों की भी कमर तोड़ दी है। इस वृद्धि ने घरेलू उपभोक्ताओं, उद्योगों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से,कृषि क्षेत्र को सीधे प्रभावित किया है, जिससे राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ऊर्जा विभाग स्वयं प्रदेष के मुख्यमंत्री विश्णुदेव साय के पास है। प्रदेष में ऊर्जा विभाग के वर्तमान आकड़े अनुसार एकल बत्ती कनेक्षन 15-लाख 16-हजार 283, कृशि पम्प कनेक्षन 5-लाख 94-हजार 277, एल.टी(घरेलु) कनेक्षन 63-लाख 45-हजार 448, एच.टी(व्यवसायिक) कनेक्षन 3-हजार 8-सौ 99 है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, यह वृद्धि तब हुई है जब छत्तीसगढ़ कोयला और पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। हम न केवल अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि इन संसाधनों की आपूर्ति दूसरे राज्यों को भी करते हैं। ऐसे में बिजली मूल्य वृद्धि का कोई ठोस कारण नहीं दिखता, महंगाई के इस दौर आम जनता आर्थिक बोझ से परेषान है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हमारी 'बिजली हाफ योजना' को बंद करने से जनता पर आर्थिक बोझ की दोहरी मार पड़ी है। एक तरफ बिजली की कीमतें बढ़ाई गई हैं, वहीं दूसरी तरफ रियायती योजना को लगभग खत्म कर दिया गया है, जिससे आम नागरिकों और किसानों की मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, बिजली दरों में लगातार हो रही वृद्धि ने घरेलू बजट को बुरी तरह प्रभावित किया है और छोटे व्यवसायों की लागत कई गुना बढ़ गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। इस अप्रत्याशित वृद्धि से आम नागरिकों में भारी असंतोष है, क्योंकि उनकी दैनिक जीवन की लागत लगातार बढ़ती जा रही है।

## प्रशिक्षक भर्ती प्रक्रिया की जांच तेज दोषियों पर एफआईआर के निर्देश

अमृत संदेश | रायपुर



शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षक भर्ती प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं, लेनदेन एवं भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, रायपुर द्वारा संचालित भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त शिकायतों के आधार पर प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन शासन को प्राप्त हुआ है। प्रतिवेदन के अनुसार चयन प्रक्रिया में गड़बडियों की पुष्टि हुई है। मंत्री श्री गजेंद्र यादव के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल एफआई.आर. दर्ज की जाए एवं कार्रवाई की प्रगति से शासन को अवगत कराया जाए। उल्लेखनीय है कि इस विषय पर पूर्व में आयोजित बैठक में शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने ही कड़े शब्दों में निर्देश दिए थे कि विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा न जाए तथा सभी मामलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। मंत्री श्री यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर कार्य किया जा रहा है। विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित

अमृत संदेश | रायपुर



शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी, रायपुर में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह एवं एलुमनी मीट समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी, रायपुर में अध्ययन कर चुके एवं वर्तमान में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को एक मंच पर लाना था।

नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी की स्थापना 18 , जून 2019 में हुई थी। तब से लेकर आज तक महाविद्यालय से छः बैच निकल चुके हैं । वे सभी आज एक साथ एलुमनी मीट के आयोजन में उपस्थित हुए। पूर्व छात्रों में अपने मित्रों, अपने गुरुओं से मिलने और अपने महाविद्यालय को देखने का गजब का उत्साह था। महाविद्यालय में अध्ययनरत नये छात्रों में भी कार्यक्रम को लेकर और अपने एलुमनी से मिलने, उनके द्वारा अपने महाविद्यालय के बीते दिनों के अनुभवों को सुनने का गजब का उत्साह था ।

पूर्व छात्र मिलन समारोह में विगत वर्षों में तीनों संकायों में अध्ययनरत लगभग 60 छात्र उपस्थित हुए और वर्तमान में अध्ययनरत् लगभग 50 छात्रों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने अपने अग्रजों के स्वागत , सत्कार और उनके मनोरंजन के लिए अथक प्रयास किया ।

## प्रगति कॉलेज में क्विज और ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत संदेश | रायपुर





प्रगति महाविद्यालय रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य रजत जंयती महोत्सव मनाने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम का अयोजन किया गया। वर्ष 2025-26 हमारे राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर है। इस सुअवसर पर रजत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय के विज्ञान विभाग एवं वाणिज्य विभाग और शिक्षा विभाग में पूरे उत्साह के साथ क्विज एवं ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिताएं रखी गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं शिक्षकगण की सहभागिता पूरे जोरों के साथ देखी गई।

सामूहिक परिचर्या प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये हुए विद्यार्थियों को प्राचार्या महोदया डॉ. सौम्या नैयर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण रॉव एवं मनु रवानी सर द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धियों एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डाला गया। विज्ञान विभाग एवं वाणिज्य विभाग और शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष तथा विभाग के समस्त प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फील्ड पर दिखे योजनाओं के काम : अरुण साव

### उप मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

अमृत संदेश | रायपुर



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को हर कार्य की पूर्णता के लिए समय-सीमा तय कर योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने गौधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने को कहा। श्री साव ने नगरीय निकायों में निर्माणाधीन अटल परिसरों और नालंदा परिसरों के निर्माण में भी तेजी लाने को कहा। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक श्री आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में कहा कि विभाग द्वारा लगातार नवाचार के कार्य किए जा रहे हैं। नवाचारों के साथ ही विभागीय संरचना और योजनाओं का सुदृढ़ीकरण व विस्तारीकरण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का असर धरातल पर दिखना चाहिए। प्रत्येक कार्य की समय-सीमा तय की जाए। सभी कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही जन सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

श्री साव ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को नगरीय निकायों के सेट-अप पुनरीक्षण और वर्गीकरण के साथ ही रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग से समन्वय कर स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी निकाय में अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन देने में विलंब की स्थिति नहीं निर्मित होना चाहिए। समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करें। श्री साव ने नगरीय निकायों के सभी वार्डों में आबादी के हिसाब से समुचित स्ट्रीट लाइटिंग के निर्देश दिए। उन्होंने पार्षद निधि के तहत इसके प्रावधान का प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने दीपावली के पहले सभी निकायों के प्रत्येक वार्ड में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'वीमेन फॉर ट्री' के अंतर्गत नगरीय निकायों में किए जा रहे पौधरोपण के बारे में कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव की बात है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक संख्या में वृक्षारोपण की मंजूरी मिली है। 'वीमेन फॉर ट्री' के अंतर्गत 27 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत की 444 परियोजनाओं की स्वीकृति मिली है। अभियान के तहत विभिन्न नगरीय निकायों में कुल एक लाख 66 हजार पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण के बाद एक वर्ष तक इनकी देखभाल और सुरक्षा का काम 1701 महिला समूहों को सौंपा गया है। बैठक में बताया गया कि 'वीमेन फॉर ट्री' के तहत अब तक एक लाख 33 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं, जो अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कुल पौधरोपण का 80 प्रतिशत है। श्री साव ने शेष 20 प्रतिशत पौधरोपण को भी चालू सितम्बर माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने विभिन्न नगरीय निकायों में राज्य के बजट से स्वीकृत 21 जल प्रदाय परियोजनाओं और एसटीपी निर्माण के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने यथाशीघ्र इन कार्यों के प्राक्कलन व निविदा आदि की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में कार्यों का क्रियान्वयन करने को कहा।

## कथित न्यूड पार्टी छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर हमला : कांग्रेस

अमृत संदेश | रायपुर



कथित न्यूड पार्टी छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर हमला है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार आने वाली पीढ़ी को क्या शिक्षा देना चाहती है, राजधानी में इस प्रकार के आयोजन लगातार हो रहे है। पुलिस और सरकार क्या कर रही है? छत्तीसगढ़ में ऐसा कभी नहीं हुआ, देश के इतिहास में भी यह पहली घटना है इस प्रकार के आयोजन या तो सरकार की मर्जी से होते है या सरकार की विफलता से जब सरकार नाम की संस्था की अस्तित्व समाप्त हो जाता है, तब ऐसी घटनाएं होती है। यह न्यूड पार्टी भाजपा के संस्कारों की नग्नता को प्रदर्शित करता है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राजधानी ड्रग्स पार्टी और रेव पार्टी का केंद्र बन चुकी है। यह न्यूड पार्टी भी उसी का हिस्सा हो सकती है। सरकार और पुलिस के संरक्षण में प्रदेश नशे का केंद्र बन चुका है। गांजा, अफीम, चरस, शराब जैसे नशों के कारण प्रदेश में रोज हत्याएं हो रही, चाकू चल रहे, बलात्कार की घटनाएं बढ़ गई है।

> बाकी भाषा को मैंने महज किताबों में रखा, हिंदी को सब जगह अपने भावों में रखा...
>
> हिंदी दिवस की शुभकामनाएं....

# बोलियाँ व राष्ट्रभाषा

**हिंदी दिवस पर विशेष**



● रघु ठाकुर

**फि**र से एक बार देश में हिन्दी विरोधी अभियान शुरु हुआ है। कुछ शैक्षणिक संस्थाओं ने शोध कार्य के लिये अंग्रेजी की अनिवार्यता तय की है। निजी शिक्षण संस्थाओं में विशेषतरू बाल शिक्षा (के.जी) और प्राथमिक शिक्षा में न केवल अंग्रेजी को अनिवार्य रुप से पढ़ाया जाता है बल्कि स्कूल के अन्दर अंग्रेजी में ही बात-चीत करना अलिखित तौर पर अनिवार्य कर दिया गया है यानि शिक्षण संस्थाओं में अंग्रेजी ज्ञान के साथ-साथ अंग्रेज भी तैयार किये जा रहे है। बच्चों को स्कूल के अन्दर हिन्दी बोलने पर दण्डित व अपमानित किया जाता है। इन शिक्षण संस्थाओं में हिन्दी बोलना असभ्यता का पर्याय माना जाता है। अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता भी गर्व के साथ बताते है कि उनका बच्चा अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ रहा है और वे भी बच्चों से दैनिक जीवन में अंग्रेजी में बातचीत का प्रयास करते है। कुछ अंग्रेजी पढ़े माँ-बाप तो हिंग्लिश का प्रयोग करते है। यानि कुछ शब्द हिन्दी कुछ अंग्रेजी। रेल यात्रा में अकसर इस हिग्लिंश का प्रयोग सुनता हूँ। जहाँ माता-पिता बच्चे से कहते है बेटे श्शू पहना दूँय आदि। और फिर कुछ शान के साथ बताते कि मेरा बेटा तो अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय मे पढ़ता है। नौजवान जो अंग्रेजी स्कूल में पढ़े लिखे व अंग्रेजी के उच्चारण को कुछ इस प्रकार से अटक-अटक कर करते हैं जिस प्रकार यूरोप या अमेरिकी लोग करते हैं। यानि भाषा और उच्चारण दोनों में नकल है। स्थिति यहाँ तक पहुँची है कि महानगरों में अंग्रेजी के अमेरिकी, एवं ब्रिटिश उच्चारणों के तरीकों को भी सिखाने वाली संस्थायें शुरु हो गई है। इन देशों में नौकरी के लिये जाने वाले या नौकरी तलाशने वाले नौजवान इस अटकउल अंग्रेजी सीखने पर पैसा भी खर्च करते हैं और गौरवान्वित होते हैं! पिछला विश्व हिन्दी सम्मेलन्य म.प्र. की राजधानी भोपाल में हुआ था। जिसका उद्घाटन करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आये थे। इस सम्मेलन में काफी सरकारी पैसा भी खर्च हुआ था। भले ही यह विश्व हिन्दी सम्मेलन संकीर्ण मानसिकताओं की वजह से भा.ज.पा सत्तापक्षी हिन्दी सम्मेलन या सरकारी सम्मेलन जैसा बन गया था, तथा गाँधी से लेकर गॉव तक इस सम्मेलन में उपेक्षित थे। फिर भी यह उम्मीद लोगों के मन में थी कि इस सम्मेलन के बाद सरकार हिन्दी व राष्ट्रभाषा के लिये कुछ करेगी। परन्तु सदा की तरह लोगों को निराशा ही हाथ लगी। और सरकारी तंत्र में हिन्दी का स्थान बढ़ने के बजाय कम ही होता गया। अगर सरकार ने थोड़ा भी प्रयास किया होता तो कम से कम सरकारी सूचनाओं में तथा सूचना तकनीक में हिन्दी का स्थान बन सकता था। परन्तु पिछले लगभग दो ढाई वर्षो में जितनी भी सरकारी योजनाओं की चर्चा हुई है उनके तो नाम तक हिन्दी में नहीं है। वे चाहे श्मेक इन इंडियाय हो, एमएसएमई हो, कैशलेश हो इत्यादि-इत्यादि। न्यायपालिका में भी अगर सरकार ने पहले चरण में अंग्रेजी के साथ हिन्दी भाषा की अनिवार्यता को लागू कर दिया होता तो भी हिन्दी का मार्ग प्रशस्त होता तथा व्यक्ति अपनी इच्छा से अपनी भाषा का चयन कर सकता था। देश के अंग्रेजी समर्थकों ने संभव है कि वैश्वीकरण की ताकतों और कारपोरेट के इशारों पर हिंदी के खिलाफ अंग्रेजी के पक्ष में सुनियोजित अभियान चलाया है। कांग्रेस पार्टी के तिरुवनंतपुरम के सांसद व पूर्व मंत्री श्री शशि थरूर जो देश में सुनंदा पुष्कर कांड से ज्यादा चर्चित हैं, ने हिंदी के विरुद्ध एक नई बहस शुरू की थी। उन्होंने अपने लेख में चार बिंदु उठाये थे:-

1. हिन्दी भाषा जाति का रूप ले रही है और हिन्दी जाति बन रही है। 2. राष्ट्र भाषा या हिन्दी की चर्चा करना, यह हिन्दी के द्वारा दूसरी भाषाओं का दमन करना है।

3. हिन्दी देश के मात्र 50 प्रतिशत की भाषा है वह भी तब जब 47 बोलियों को जैसे कि भोजपुरी, मगधीं, बुंदेली आदि को इसमें शामिल माना जाये। हिन्दी बोलियों को पीछे कर रही है।

4. तमिलनाडु या कलकत्ता में कोई हिन्दी बोलने वाला या समझने वाला नही है तथा हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने से एक नई भाषा का बोझ बढ़ेगा। 5. एक राज्य दूसरे राज्य के लिये अगर अपनी भाषा में पत्र लिखेगा तो वह दूसरे राज्य के लिये कठिन होगा। उन्होंने तमिलनाडु के द्वारा उड़ीसा राज्य को पत्र लिखने तथा स्व.ज्योति बसु के द्वारा प. बंगाल की ओर से तत्कालीन रक्षामंत्री श्री मुलायम सिंह यादव को बंगला भाषा में पत्र लिखने का उल्लेख किया था। उनके संशयों के निराकरण के लिये निम्न पर ध्यान देना जरुरी है:

(अ.) हिन्दी किसी एक प्रेदश की भाषा नही है और न जाति की बल्कि हिन्दी देश के बड़े इलाके में बोली व समझी जाने वाली भाषा है। गुजरात, महाराष्ट्र, जैसे की गैर हिन्दी भाषी प्रदेश में भी अगर हिंदी बोली समझती जाती है तो इसका अर्थ है कि हिंदी किसी जाति की भाषा नहीं है, अगर जाति भाषा होती हो, तो समूचे यूरोप की भाषा अंग्रेजी होती, परंतु फ्रांस, जर्मनी, तुर्की, स्पेन आदि कितने ही देशों की भाषा अंग्रेजी नहीं है वरन उनकी अपनी केन्द्रीय भाषायें हैं और देश की बड़ी आबादी के द्वारा बोली व समझी जाने वाली भाषा है। श्री थरुर को क्या इतना भी ज्ञान नही है कि भाषा जातियों की नही होती बल्कि क्षेत्रों की होती है। गुरुवर रविन्द्र नाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने भी हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने का समर्थन किया था। बंगला भाषा का अधिकांश साहित्य हिन्दी में अनुवादित भी है और पढ़ा जाता है। बंगाल के काफी बड़ी संख्या में लोग छत्तीसगढ़, बिहार, उ.प्र. के इलाकों में और विशेषतरू बनारस, इलाहावाद आदि में भी बसे है। आजादी के बाद राजधानी दिल्ली में बड़ी संख्या में बंगाली परिवार आ कर बसे हैं। ये सब हिन्दी समझते और हिन्दी में बात करते है। महात्मा गांधी ने जो स्वतरू गुजराती भाषी थे, हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव किया था। हिंदी एक बड़ी आबादी व क्षेत्र की बोली और समझी जाने वाली भाषा है। (ब) दुनिया में सभी जगह क्षेत्रीय भाषायें तो होती हैं परंतु एक राष्ट्रभाषा भी होती है जो समूचे देश के लिए होती है। रूस, चीन, ब्रिटेन, अमेरिका, आदि कितने ही उदाहरण दिये जा सकते हैं। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग करने से दूसरी भाषाओं का दमन कैसे होता है? अंग्रेजी कोई तमिलनाडु, केरल या दक्षिण के प्रदेशों की क्षेत्रीय भाषा नहीं है बल्कि अंग्रेजी यहां ब्रिटिश हुकूमत के बाद ही आई। आदि-शंकराचार्य व तमिल तेलगू, मलयाली, कन्नड़ भाषी लोगों का आना जाना उत्तर भारत में हजारों साल से होता रहा है। जब श्री राम लंका गये थे तब क्या वे अंग्रेजी में संवाद करते थे? क्या रावण व लक्ष्मण का संवाद, विभीषण और राम का संवाद अंग्रेजी में हुआ था। देश की सभी प्रादेशिक भाषाओं व हिंदी के ज्यादातर शब्द एक जैसे है। बंगाल का जल या हिंदी का पानी समझने में किसी को दिक्कत नहीं होती।

केरल, तमिलनाडु या आंध्रप्रदेश कर्नाटक के ग्रामीण अचंलों के लोग हिंदी की फिल्में देखते हैं, हिंदी के गाने सुनते हैं और इन प्रदेशों के ग्रामीणजनों को आज भी अंग्रेजी सीखना पड़ती है। दमन तो सही अर्थों में अंग्रेजी कर रही है, जो देशज योग्यता और उसके अवसरों को भाषा की कटौती के आधार पर अवसर पाने के पूर्व ही प्रतिभा को नष्ट कर देती है। अगर अंग्रेजी हुकुमत आने के बाद लोगों ने अंग्रेजी सीख ली तो वे हिंदी भी सीख सकते हैं। अंग्रेजी भाषा देश के 80-90 करोड़ लोगों की योग्यता व अवसरों का दमन है। दरअसल प्रतिभा क्षमता और योग्यता से आम भारतीय को पृथक करने वाली ताकतें अंग्रेजी भाषा की तलवार का इस्तेमाल कर रही है। (स) यह दुखद है कि महाराष्ट्र में शिवसेना के विरोध से डरकर भाजपा सरकार ने प्राथमिक शिक्षा से हिंदी की पढ़ाई रोक दी है और जो संघ व भाजपा हिंदी हिंदु हिंदुस्तान का नारा लगाते थे अब मुँह में सत्ता का घी पीकर चुप बैठे हैं।

(द) हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने का मतलब एक राष्ट्रीयता के भाव को पोषित व पल्लवित करना भी है। 1930 के दशक में जब स्व राजगोपालाचार्य ने तमिलनाडु में हिंदी शुरू की थी तब भी कुछ अंग्रेजी समर्थकों ने प्रांतीय भाषा और प्रांतीयता का सवाल उठाया था। तब महात्मा गांधी ने स्व राजगोपालाचार्य का समर्थन करते हुये कहा था कि-राष्ट्रीयता के प्रसार के लिये प्रांतीयता को भेदना आवश्यक है और हिंदी और प्रांतीय भाषायें या तमिल आदि एक साथ चलकर राष्ट्र को मजबूत करेगी। श्री शशि थरूर देश की 47 उन बोलियों का समर्थक बनने का छदम प्रयास कर रहे हैं जो हिंदी की शक्ति व जान है, वे हिंदी का अंग है। भाषा और बोली का फर्क क्षेत्रीय शब्दावली से नहीं होता है बल्कि लिपि के आधार पर होता है। हिंदी भाषा की इन बोलियों की लिपि देवनागरी है। दरअसल बोलियों के पक्षधर बनकर श्री थरूर अंग्रेजी का बहुमत बनाना चाहते हैं। अगर बोलियों को भाषा मान लिया जायेगा तो हिंदी खण्ड खण्ड हो जायेगी। अंग्रेजी देश की सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा बन जायेगी और फिर अगले चरण में बहुत संभव है कि ये अंग्रेजी समर्थक लोग अंग्रेजी को भारत नही राष्ट्र भाषा बनाने की मुहिम चलायें ।

मैं भारत की क्षेत्रीय व प्रान्तीय भाषा वालों से कहना चाहूँगा, कि अंग्रेजी समर्थकों के इस कपट च षडंयन्त्र को समझें व सावधान हो जाये। बोलियों को अगर भाषायें मान लिया जायेगा तो प्रान्तीय भाषायें भी टूट कर बिखरेगी। विदर्भ की मराठी, व पुणे की मराठी, कोकणी, आंध्र की तेलगू छ.ग. में बस्तर की गौडी व हल्बी आदि के उच्चारणों के आधार पर यहाँ के लोगों को भड़काया जायेगा तथा फूट डालो राज करो जो आजादी के पहले अंग्रेजी सिद्धांत था वह फिर सफल हो जायेगा। बोली भाषा नही है बल्कि एक भाषा का क्षेत्रीय प्रयोग है, उसके शब्द व उच्चारण है। बोलियों के लिए भी सरकार को संरक्षण देना चाहिये परन्तु बोलियों के रूप में, न की भाषा के रूप में। इसके लिये संविधान में एक पृथक प्रावधान जोड़ना चाहिये ताकि बोलियों के साहित्य व संस्कृति को सुरक्षित रखा जा सके।

मैं भारत सरकार से अपील करूँगा - 1. भारतीय संविधान में संशोधन कर बोलियो के संरक्षण के लिये पृथक प्रावधान जोड़ा जाये। 2. व्यक्ति विवरण में भाषा का कॉलम पृथक रहे जो लिपि आधारित हो और बोली के लिये पृथ्क कॉलम बनाया जा सकता है। 3. सरकार शिक्षण संस्थाओं में हिंदी और एक अन्य प्रादेशिक भाषा का ज्ञान अनिवार्य करें तथा अंग्रेजी एच्छिक भाषा रहे। 4. न्यायपालिका की भाषा फिलहाल कुछ समय के लिये प्रायोगिक व प्राथमिक तौर पर हिंदी व अंग्रेजी दोनों मुवक्किल की इच्छा से रखी जा सकती है। 5. राज्य व केंद्र का पत्र व्यवहार हिंदी व प्रांतीय भाषा में आरंभ करें तथा अखिल भारतीय सेवाओं के चयन में सी सेट टू के माध्यम से, अंग्रेजी व का अनिवार्य पर्चा समाप्त है। राष्ट्रीय एकता के लिय एक राष्ट्र भाषा जरूरी है और उसका स्थान लेने की क्षमता सारे संकटों के बावजूद अभी भी केवल हिंदी भाषी के पास ही है।

**सुनो भाई उधो...............**

# धान नहीं ड्रग के कटोरा बनगे



● परमानंद वर्मा

**अनदेखना मन के आंखी फूटय पट-पट ले, मर जाय, खप जाए, नांव बुता जाय ओकर मन के, जउन छत्तीसगढ़ ला देख नइ सकत हें। जेन बाहिर, आन परदेश ले आथे तउन मन देखते साठ कहिथे- अहा छत्तीसगढ़ कतेक सुंदर बने हे चुक-चुक ले पुतरी बरोबर, काजर आजे सोलह बछर के मुचमुचावत परी, बामी मछरी सही बिछलत, रेंगत दीखते, इही पाके सब जिहां पाबे तिहां गोठियावत रहिथे- भइया छत्तीसगढिया सबले बढ़िया।**

काहत लागय धान के कटोरा छत्तीसगढ़ तउन अब ओ धान तो एक कोती होगे, नंदागे, अब ओ ड्रग के कटोरा होगे हे। कोन गांव, कोन शहर, गली-गली मं ड्रग के फसल अइसे लहलहावत हे, जइसे कभू खेत मं सावन-भादो के महीना मं दिखथे नजर भर जथे, अइसे लगथे जइसे देखते राह, पोटार ले, दूनो बांह मं कबिया के जइसे कोनो परेमिका ला ओकर परेमी पोटारथे।

छत्तीसगढ़ मं ड्रग क्वीन के चारो मुड़ा शोर उड़त हे। उड़ही कइसे नहीं, छत्तीसगढ़ के भुइंया अइसन वइसन नइहे। इहां के माटी सोना, हीरा, पन्ना के छोड़े का खनिज नइ उगलत हे। तेमा अभी नवा फसल आय हे ड्रग, अभी ये कारोबार ल क्वीन मन संभाले हे। इहां राजा, महराज, नवाब, जमींदार, मालगुजार जइसन बड़े-बड़े परतापी मन राज करे हे, माता कौशल्या के जन्मभूमि हे, राजा, रानी, राजकुमारी काहय ओ मन ला आज समे के संगे-संग ओकर मन के नांव बदलगे, अब नवा नांव धराय हे क्वीन।

छत्तीसगढ़ मं षोड़सी, बीस, पच्चीस साल के हंसमुख चंचल नयना अउ गुलबदन के %क्वीन जेने कोती पाबे तेने कोती देख ले। का गांव, का शहर, का महानगर, गली-गली मं अइसे दीख जही, मिल जही, जइसे पुष्प वाटिका, अशोक वाटिका मं किसम-किसम के फूल दीख जथे। काबर ककरो मन नइ मोहाही, आंखी पटपटाही, अइसन बड़े फजर खिले गुलाब, अउ ताजा कमल के गदराय फूल के रूप, रंग ला देखके?

जइसे छत्तीसगढ़ धान वइसने इहां के %ड्रग अउ क्वीन। देश-विदेश मं शोर हे, आवत हे, जात हे। छत्तीसगढिया मन भोकवा, धर ले रिहिन हे धान भर ला, अउ दूसर बर गतर नइ चलत रिहिस हे। जानही तब ना करहीं। एके ठन डौकी के पाछू जीवन गुजार देवय। आज देख जमाना कतेक बदलगे हे। एके ठन साग-सब्जी ला कतेक दिन ले खाबे, असकटा नइ जाबे। सुवाद बदले खातिर नवा-नवा साग बदले ले परथे अउ देख फेर ओकर मजा। अइसने कस धान के फसल लेवत-लेवत उबकाई आय ले धरिस तब नवा फसल %ड्रग के लेना शुरू होइस। ये फसल पहिली मॉल, होटल, रिसॉर्ट, क्लब, फार्म हाउस, अउ गांव, शहर, महानगर मं लेना शुरू करिन।

नवा फसल ला पहिली नमूना के बतौर गुपचुप ढंग ले लेना शुरू होइस। महंगा बीज हे तब एकर लागत घला वइसने महंगा होवत गीस। फेर जब फसल दनदना के होइस तब भाव घला वइसने तगड़ा मिलना शुरू होइस। अब तो धान के फसल लेबर किसान भुलावत हे, अउ बड़े-बड़े उद्योगपति, नेता, मंतरी, नौकरशाह, राजा, महाराजा, नवाब, जमींदार, मालगुजार मन तक एला लेना शुरू कर दे हे। बताथे- एकर सुवाद गजबेच सुंदर हे।

फेर बताथे- ये फसल ले खातिर लाइसेंस नइ ले हें तेकर सेती पुलिस अइसन धंधा करइया मन के पाछू परगे हे। अब पुलिस ला तो जानत हौं, सुंघियावत रहिथे- कहां कोन गलत करत हे? ये %ड्रग के धंधा तो कबके चलत हे कतको लखपति अउ करोड़पति बनगे हे। का पुलिस नइ जानत होही के ये माल कहां ले आवत हे, अउ कोन-कोन, कहां-कहां करत हे? एक झन छोकरी सपड़ मं आगे, तभे का ओकर आंखी खुलिस होही? अइसे तो हो नइ सकय?

पुलिस ओ छोकरी के नांव क्वीन धर दे हे। ओहर सब झन के नांव बकर देहे। जेमा बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपति, नौकरशाह, विश्वविद्यालय, कॉलेज के शिक्षक, विद्यार्थी मन हे। का पुलिस हा ओकर मन के नांव उजागर कर सकत हे? काबर नइ करत हे, करना चाही, का के डर हे? सबके इज्जत के सवाल हे, है ना? नांव टिपा हे तेकर मन के तो नींद हराम होगे हे। शराब, सुंदरी, सट्टा-जुआ के फेर मं जउन परही तेकर मन के तो अइसने गति होथे।

**जाती बिराती**

*माते रहिबे माते रहिबे माते रहिबे गा,*
*तंय हर माते रिहिबे गा अलबेला मोर*
*गांजा कली ला पीके माते रहिबे।*
*हा हा माते रहिहो रे अलबेली मोर,*
*गांजा कली ला पीके माते रहिहो।।*
*आमा ला टोरे खाहुंच कहिके रे, खाहुंच कहिके,*
*मोला दग़ा दिये जोड़ी आहुंच कहिके रे, आहुंच कहिके।।*

# राष्ट्रभाषा के लिए जिंदा रहें संवेदनाएं



● डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

**भा**षा एक ऐसा माध्यम है जिसके दम पर एक व्यक्ति अपनी अवधारणाएं तय करता है। अपने विचारों को व्यक्त करता है। इसके माध्यम से वह समाज में सक्रिय रहते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन कर पाता है। यदि गहराई में झांका जाए तो भाषा आम से खास लोगों को प्राथमिक समूह प्रदान करती है। कारण यह कि भाषा के द्वारा ही मानवीय समाज में एक - दूसरे से पहचान बनाई जा सकती है। भाषा के संदर्भ में कहा जा सकता है कि यह केवल संचार का साधन मात्र नहीं है। भाषा पहचान की एक केंद्रीय और परिभाषित विशेषता भी मानी जाती है। सभी मानवीय विशेषताओं का आदान - प्रदान भाषा के माध्यम से ही होता है। साथ ही सभी मानवीय मूल्य भाषा के द्वारा ही अभिव्यक्त किए जा सकते हैं । इसे शायद ही कोई इंकार कर सके कि भाषा ही किसी भी व्यक्ति की पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यही कारण है कि किसी भी देश को अपनी भाषा के संरक्षण के लिए प्रतिज्ञ होना चाहिए। जहां तक भाषा के विस्तार की बात की जाए तो यह हर विषय और क्षेत्र में बैसाखी का काम करती है।

भारतवर्ष अखिल विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है । हमारे देश की आजादी में भी हिंदी भाषा की मुख्य भूमिका रही है। बड़ी विडंबना है कि देश को आजादी मिले अब 80 वर्ष होने जा रहे हैं , किंतु अब तक हमने अपनी भाषा को मातृभाषा के रूप में अंगीकार नहीं किया है! इतने विशाल देश की अपनी कोई भाषा न होना क्यों हमारे नीतिकारों के लिए चुनौती नहीं बन रहा है? हमारे देश के न्यायालय पूरे विश्व में न्याय के लिए जाने जाते हैं। क्या यह हमारे लिए वैचारिक गुलामी का प्रतीक नहीं की अब भी हमारे न्यायालयों में सुनाए जाने वाले निर्णय उन्हीं अंग्रेजों की भाषा में सामने आते हैं, जिन्होंने हमें 200 साल तक अपनी गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखा! मैं स्पष्ट शब्दों में कहूं तो इस प्रकार का व्यवहार हमारी अपनी जनता के साथ बड़ा छलावा है। स्वतंत्रता के बाद संविधान निर्माताओं ने भाषा के लिए जो शर्तें लगा दीं वही हमारे लिए नासूर बन गई। 15 वर्षों तक संपर्क भाषा के रूप में अंग्रेजी की स्वीकारोक्ति को अब हम अपने ही देश में रहने वाले विभीषणों के चलते नहीं छोड़ पा रहे हैं! यदि मैं यह कहूं कि हम आज भी भाषाई दृष्टि से गुलाम हैं, तो क्या गलत होगा?

आज एक - एक भारतीय को यह स्वीकार करना होगा कि हमारी अपनी हिंदी भाषा को अपने ही घर में संघर्ष करना पड़ रहा है! इसके पीछे जो कारण नजर आते हैं वे राजनीति के गंदे कुचक्र में उलझे हुए हैं। अधिक साफ शब्दों में कहूं तो कुछ राजनीतिक दलों ने भाषा को राजनीति का मुद्दा बना लिया है ! वे कदापि नहीं चाहते कि पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश की हिंदी भाषा को राजकीय भाषा और राजभाषा से बढ़कर राष्ट्रभाषा बनाया जा सके ! हम अपनी भाषा को कब देश की जनता का गौरव अलंकरण बना पाएंगे? इसे लेकर आज तक किसी भी दल ने बताने की बात तो दूर सुनने की भी जरूरत नहीं समझी! हमारे देश के राजनेता हिंदी को उसकी प्रतिष्ठा और सम्मान जनक स्थान दिलाने की जरूरत क्यों महसूस नहीं कर रहे हैं, जबकि यह सभी स्वीकार करते हैं कि भारतवर्ष के हित में, भारतवर्ष को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के मार्ग में अपनी मातृभाषा का होना जरूरी है। प्रत्येक भारतवासी की आत्मा को पहचानने, उसमें आत्मविश्वास जगाने और विश्व को भारतवर्ष की भाषा का परिचय देने के लिए अब नितांत आवश्यक हो गया है कि हमारी हिंदी को राष्ट्रभाषा से अलंकृत किया जाए। हिंदी भाषा में समाए गुणों के कारण हिंदी एक अपरिचित के लिए भी आसान बन जाती है! हमारी हिंदी भाषा राष्ट्रीय चेतना की संवाहिका मानी जाती है। एक - एक अक्षर और शब्द की ध्वनि वैज्ञानिकता से परिपूर्ण है । इसलिए कहा जाता है ध्वन्यात्मकता, वैज्ञानिकता एवं अक्षरात्मकता का गुण हिंदी भाषा की विशेषता है। हिंदी भाषा को जैसा बोला जाता है वैसा ही लिखा भी जाता है। साथ ही जैसा लिखा जाता है वैसा ही पढ़ा भी जाता है। आजकल फैशन के रूप में अपनाई जाने वाली अंग्रेजी में ऐसी विशेषता अथवा गुण का सर्वथा अभाव है । यह जानकर आश्चर्य होगा कि इंग्लैंड में अंग्रेजी राष्ट्र भाषा बनने से पूर्व सभी कार्य फ्रेंच भाषा में हुआ करते थे! न्यायालयों से लेकर शासन की भाषा भी फ्रेंच ही थी! कानून फ्रेंच भाषा में बनाए जाते थे और उच्च शिक्षा का माध्यम लैटिन था! डॉक्टर, नेता, वकील सभी फ्रेंच और लैटिन का प्रयोग किया करते थे ! सबसे बड़े आश्चर्य की बात तो यह थी कि अंग्रेजी को बैरक लैंगुएज कहा जाने लगा था! अंग्रेजी की वकालत करने वाले को गंवार समझा जाता था! आखिरकार इंग्लैंड में भी फ्रेंच एवं लैटिन को गुलामी का सबूत मानकर यह प्रण लिया गया कि अंग्रेजी उनकी अपनी पहचान की भाषा होगी। इंग्लैंड की सरकार ने महज 38 दिन के भीतर सारी व्यवस्था बनाकर अंग्रेजी को राष्ट्रभाषा बना दिया! सवाल यह उठता है कि राष्ट्र और अपनी भाषा से स्नेह रखने वाले अंग्रेजों ने अपने दृढ़ संकल्प से दो विदेशी भाषाओं को देश से बाहर निकाल फेंका और अंग्रेजी को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता दिल दी , तो भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता है? हमें अपनी आत्मा से पूछना होगा कि ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हम अपनी भाषा को सम्मान पूर्वक राष्ट्रभाषा की गद्दी क्यों नहीं दे पा रहे हैं? हमारे देश में आज भी महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती के लिए अंग्रेजी से जुड़े प्रश्न पत्र में पास होने की अनिवार्यता काम कर रही है! हमने क्यों ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई कि बिना हिंदी में पास हुए कोई भी नौकरी आसान नहीं होगी?

जहां तक मैं समझ पा रहा हूं अंग्रेजी भाषा को बड़ी चालाकी के साथ रोजगार से जोड़ दिया गया ताकि उसके अध्ययन-अध्यापन में कोई अड़चन न आ सके! यही कारण है कि अंग्रेजी का कद आदमकद होता जा रहा है! हम इसे हटाने के लाख प्रयास करें तो भी हमारे नन्हे हाथ उस आदमकद को नहीं छू पा रहे हैं! यदि किसी भाषा को मारना चाहते हैं तो उसे कठिन बताने के साथ उस पर छींटाकसी शुरू कर दी जाए, जिससे उसका प्रयोग कम हो जाए और वह दम तोड़ दे! हमारी हिंदी के साथ भी ऐसा ही हो रहा है !

# ड़ ढ़ श्र को अड़ा अढ़ा श्र पढ़ें



● रमेश कुमार टंडन

**हिंदी का इतिहास-** पूरे विश्व के भाषा परिवार को चार भागों में विभक्त करने पर एक भाग यूरेशिया आता है. इसे नौ खण्डों- हैमेटिक-सेमेटिक, काकेशियन, यूराल-अल्टाइक, चीनी, द्रविड़, आस्ट्रो-एशियाटिक, जापानी-कोरियाई, मलय-पालिनेशियन और भारोपीय में विभाजित करने से एक भाषा परिवार भारोपीय का आता है. भारोपीय भाषा परिवार के अंतर्गत भारत और यूरोप में बोले जाने वाली भाषाएँ आती हैं. इसके दस भेद - कैल्टिक, इटैलिक, जर्मनिक, ग्रीक, हित्ती, तोख़ारी, इलीरियन, बाल्टिक, स्लाव और भारत-ईरानी होते हैं. भारत-ईरानी के तीन भेद के रूप में ईरानी, दरद और भारतीय आर्य भाषा का नाम आता है. भारतीय आर्य भाषा के क्रमिक विकास में पहला रूप प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का है. इसका समय 1500 ई.पू. से 500 ई. पू. रहा है. इस अवधि में भाषा के रूप में वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत रही है. वैदिक संस्कृत में वेदों की रचना हुई. लौकिक संस्कृत में महाभारत और रामायण की रचना हुई. भाषा की यह विशेषता रही है कि जब ङ्क जब कोई भाषा पूरी तरह साहित्यिक हो जाती है और व्याकरणिक नियमों में जकड़ दी जाती है, तब वह आम जनता के लिए दुरूह हो जाती है; फिर जनता अपनी सुविधा के लिए अपेक्षाकृत सरल भाषा की खोज करती है. भाषा हमेशा कठिन से सरल की ओर चलती है, क्योंकि लोगों को सरलता और सुविधा पसंद होती है. सरल भाषा की ओर चलते हुए अगली कड़ी में, हम मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा के युग में प्रवेश करते हैं. इसका काल 500 ई.पू. से 1000 ई. तक है. इसके क्रमिक विकास में तीन भाषाएँ आती हैं- प्रथमतः -पाली, इसे प्रथम प्राकृत भी कहते हैं. इसकी अवधि 500 वर्षों की रही, अर्थात 500 ई.पू. से 1 तक. द्वितीय भाषा के रूप में प्राकृत आती है, इसे द्वितीय प्राकृत कहते हैं, इसका समय 1 से 500 ई. तक रहा है. तृतीय भाषा के रूप में अपभ्रंश, इसे तृतीय प्राकृत कहते हैं, इसका समय 500 ई. से 1000 ई. तक रहा है. मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा में प्रत्येक की अवधि 500-500 वर्षों की रही है. अंतिम भाषा अपभ्रंश के सात भेद रहे हैं- शौरसेनी, महाराष्ट्री, अर्द्ध मागधी, मागधी, टक्क-केकय, ब्राचड़ और खस. इसमें से शौरसेनी के तीन भेद पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी और गुजराती हुए. पश्चिमी हिन्दी के कुल नौ भेद- ब्रजभाषा, बांगरू, खड़ी बोली, हरयानी, कन्नौजी, बुन्देली, ताजुज्वेकी, कौरवी, निमाड़ी में से खड़ी बोली ही आज की हमारी हिन्दी है. इसी का आज दिवस है. इसके इतिहास को हर हिंदी भाषी नागरिक को जानने का अधिकार है. हिंदी दिवस के अवसर पर आज हम कुछ रोचक जानकारी से परिचित होंगे, तभी आज का दिवस सार्थक हो सकेगा. हिंदी की लिपि देवनागरी है. यह आक्षरिक होती है. अंग्रेजी की लिपि रोमन होती है, यह वार्णिक होती है. अर्थात ए, बी, सी से लेकर जेड तक सभी वर्ण हैं. परन्तु हिंदी के पूरे 52 अक्षर कहलाते हैं. उदहारण के लिए, कमल शब्द में तीन अक्षर हैं, जबकि इसी को रोमन लिपि में लिखने पर के ए एम ए एल लिखा जाएगा, ये सभी वर्ण हैं, न कि अक्षर. यहाँ क अक्षर के लिए के और ए दो वर्ण आए. इस प्रकार अंग्रेजी के ए, बी, सी... आदि को वर्णमाला कहते हैं. हिंदी के अ, आ... क, ख, ग..... को अक्षर कहते हैं, इसलिए इसकी सूची को अक्षरमाला कहेंगे, जबकि अंग्रेजी के अनुरूप इसे भी वर्णमाला कह देते हैं, जो अनुचित है. देवनागरी लिपि की हिन्दी में शिरोरेखा का विधान होता है, अर्थात प्रत्येक शब्दों के ऊपर एक लकीर खींची जाती है. इसमें खड़ी पाई का भी विधान होता है, अर्थात इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ड., छ, ट, ठ, ड, ढ, द, ध, र, ह, ड़, ढ़ आदि को छोड़ दें तो शेष सभी अक्षरों में खड़ी पाई लगायी जाती है. इसीलिए कुछ विद्वानों के मतानुसार हिंदी खड़ी बोली है. अन्य ध्यान देने योग्य यह बात भी है कि हिंदी अक्षरमाला के अध्यापन में एक त्रुटियाँ अक्सर शिक्षकों से होती है. जब मैं एम ए हिंदी के छात्रों को अक्षरमाला का लगातार उच्चारण करने बोलता हूँ तो ये बात सामने आती है कि लगभग नब्बे प्रतिशत से अधिक छात्र अंतिम अक्षर के पूर्व दो अक्षरों का गलत उच्चारण करते हैं. गलती छात्रों की नही है. दरअसल, उन्हें प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने ही गलत उच्चारण सिखाया है. जिसके कारण उन दो अक्षरों को छात्र ऐसा उच्चारण करने लगते हैं ङ्क अढ़ी पढ़ी श्र, अढ़ा पढ़ा श्र, अड़ा बढ़ा श्र, अढ़ी अढ़ा श्र आदि, जबकि इसके स्थान पर ड़ ढ़ श्र को अड़ा अढ़ा श्र पढ़ा जाना चाहिए. हम सब शिक्षित पाठकों को यह करना चाहिए कि हम अपने-अपने गाँव की प्राथमिक शाला जाएँ और शिक्षकों को सही उच्चारण के साथ बच्चों को पढ़ाने का अनुरोध करें. इसके अतिरिक्त और भी बहुत-सी बातें हैं, जो ध्यान देने योग्य है, जिन्हें हम अनजाने में व्यवहार में त्रुटिपूर्ण प्रयोग करते हैं. खुद शिक्षक या जन प्रतिनिधि भाषण देते समय अंत में जय-हिन्द, जय-भारत बोलते हैं. इसे सुनकर छात्र भी यही बोलते हैं. जबकि यहाँ पुनरुक्ति दोष है. हिन्द का अर्थ भारत हुआ और भारत का अर्थ भी भारत हुआ. एक ही शब्द को दो बार कह दिया गया- जय-भारत, जय-भारत. अतः मेरा सुझाव यह है कि या तो जय-हिन्द कहें या जय-भारत कहें, दोनों नहीं. इसी प्रकार पाव रोटी बोलते हैं, जबकि पाव का अर्थ पुर्तगाली में रोटी होता है. पाव कहें या रोटी, दोनों नहीं. पाव रोटी कह देने से रोटी रोटी अर्थ हुआ. रोटी शब्द दो बार आया. यहाँ भी पुनरुक्ति दोष आ गया. लोग अक्सर यहाँ भी गलती कर बैठते है. उदाहरण के लिए, कलकत्ता भारत की राजधानी था, के स्थान पर कलकत्ता भारत की राजधानी थी बोलते हैं. जबकि कलकत्ता शब्द के पुर्लिंग होने के कारण सहायक क्रिया था होगी, थी नहीं. अतः हिंदी की सही जानकारी के लिए हिंदी के अच्छे लेखकों की गद्य कृति को ध्यान से पढ़ना चाहिए, जैसे प्रेमचंद का गोदान उपन्यास या अन्य. अच्छे अभिनेता जैसे कादर खान के हिंदी डायलाग को भी ध्यान से सुना जा सकता है.

# सोना कितना जरूरी है

**नज़रिया**



● लतादेवी चौहान

**ह**मारे जीवन में दो सोना बहुत जरूरी होता है। एक सोना वह जिसमें हम बिस्तर पर आराम कर अपने शरीर और मन को आराम देते हैं और दूसरा वह सोना जिसे हम सिर से लेकर पांव तक पहन कर मोहल्ला,पड़ोस और रिश्तेदारों में इतराते इठलाते हैं।अब दोनों सोने में कौन सा सोना किसके लिए कितना जरूरी है यह तो व्यक्ति व्यक्ति पर निर्भर करता है। वह कहते हैं ना जिसके पास जो नहीं रहता वह उसी की चाहत करता है। जहाँ एक और सोने से लदा अमीर बिस्तर पर सोने की कोशिश में रात भर करवटें बदलता है तो वहीं एक गरीब सपने में भी सोने के ही सपने देखता है।

डॉक्टरों की सुने तो छह से आठ घंटे बिस्तर में सोना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। मगर उन पड़ोसियों और रिश्तेदारों का क्या करें जो डॉक्टरों की सुनने ही नहीं देते हैं और तन पर सोने की नुमाइश कर बिस्तर पर सोना मुहाल कर रातों की नींद और दिन का सुकून उड़ा देते हैं। वैसे तन के सोने के लिए बिस्तर पर सोना जरूरी है क्योंकि नींद भरपूर लेंगे तो ही स्वस्थ रहकर सोना खरीदने के आवश्यक उपाय कर पाएंगे।यदि नींद पूरी नहीं हुई तो आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है जिसके चलते आपके कार्य क्षेत्र में आपका कार्य और फिर आपकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है।

अंत: अच्छी नींद अच्छे सेहत के लिए अति आवश्यक है। अब यह हमें तय करना है कि हमारी प्राथमिकता क्या है? ऐसा ना हो कि तन के सोने के लिए बिस्तर का सोना हम नजरअंदाज कर दें और फिर बीमार पड़ कर तन के सोने को इलाज में गंवाना पड़े। इसलिए यदि आपको एक खुशहाल जीवन की चाहत है तो आपको दोनों ही सोने में संतुलन बनाए रखना होगा। किसी भी एक की अधिकता दूसरे को सीधे तौर पर प्रभावित करेगी। बिस्तर पर अधिक सोना जहां आपको आलसी और बीमार बना देगी तो वहीं तन पर सोने की आपको उसकी सुरक्षा हमेशा चिंता में डाले रहेगी। वैसे आज के समय में अच्छी नींद लेना सोना खरीदने से कहीं अधिक जरूरी तथा मूल्यवान है। और यदि आपके पास ये है तो यकीन मानिए आप से अधिक अमीर और कोई नहीं। तो बस रखिए अपने सोने का ख्याल और बनिइये अपने जीवन को खुशियों से मालामाल।








अमृत संदेश | 5
रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025

# शास्त्र के साथ शस्त्र का ज्ञान भी जरूरी है : रतन यादव

अमृत संदेश । दुर्ग




छत्तीसगढ़ बजरंग दल की त्रैमासिक योजना बैठक संगठन विभाग ने आयोजित की जिसमें वार्षिक विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन के विशाल कार्यक्रम की तैयारियों और आगामी त्रिशूल दीक्षा एवं ऊर्जावान बजरंगियों को शौर्य प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई । धर्म रक्षा हेतु संकल्पित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने इस बैठक में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बैठक की शुरुआत जय श्रीराम की उद्घोष और विजय महामंत्र से आरंभ की गई बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रांत संयोज रतन यादव जी ने बताया कि विजयादशमी का त्योहार हर सनातनी के लिए एक बड़े उत्सव का क्यों अवसर है तथा इसे हर्षोल्लास ने मनाया जाना हर हिन्दू के लिए धार्मिक अनिवार्यता है विजय का प्रतीक अधर्म के ऊपर धर्म को विजय पताका फहराने का अवसर और विशाल उत्सव है एक महत्वपूर्ण सनातन परंपरा है। इसी कड़ी में उन्होंने कार्यकर्ताओं को त्रिशूल दीक्षा एवं शस्त्र पूजन की आगामी कार्यक्रम और तैयारियों की जानकारी दी तथा कार्यक्रम के बाद चढ़ कर हिस्सा लेने को अपील की नए कार्यकर्ताओं को संगठन के क्यों जुड़ना जोड़ना इसकी भी जानकारी दी।इसके पश्चात प्रांत अध्यक्ष श्री गौतम जैन ने आश्वस्त किया कि संगठन की किसी भी आवश्यकता और सनातन सेवा के लिए वो सदैव समर्पित और तत्पर है। प्रांत सह मंत्री विकास ठाकुर जी ने बजरंगियों को हिन्दू धर्म को व्याख्या की तथा संगठित रहने के लाभ बताए तथा प्रांत उपाध्यक्ष चंदन राजपूत ने कार्यकर्ताओं को आगामी और बड़ी तैयारियों पर शसक्तीकरण हेतु जोर दिया बाद बजरंग दल के विधिक सलाहकार ज्ञानेश दुबे ने सभी कार्यकर्ताओं को संविधान को मर्यादा तथा संविधान सम्मान के साथ काम करने को सलाह दी तत्पश्चात श्री रवि निगम ने बजरंगियों को आगामी वृहद और विशाल शस्त्र पूजन और विशाल शोभा यात्रा विजयादशमी कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया तथा विभाग,जिला और प्रखंड के सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम को तैयारियों में जुट जाने निर्देश दिया।इसके बाद श्री प्रांत संयोजक रतन यादव ने संगठन में पदोन्नति करते हुए वर्तमान में विभाग संयोजक रवि निगम को प्रांत सह संयोजक के के रूप में मनोनीत किया तथा क्रमश: अजय सेन विभाग सह संयोजक, अपूर्व सिंह को विभाग सह मंत्री ,इंद्रजीत गोस्वामी जिला मंत्री,जनार्दन पांडे जिला सत्संग प्रमुख,हंसराज देशमुख जिला सह मंत्री,अनिल सोनी जिला अखाड़ा प्रमुख ,यश यादव शहर अखाड़ा प्रमुख,जय महेश शहर अध्यक्ष,दुर्ग,जाएं चंद शहर उपाध्यक्ष,पुकेश्वर निषाद जिला सुरक्षा प्रमुख,मनोज साहू सह सुरक्षा प्रमुख,मोती साहू खंड अध्यक्ष करही डीह, विक्रम सिंह खंड उपाध्यक्ष, धानु धनकर नदकट्टी खंड अध्यक्ष,अंकित झा भिलाई शहर उपाध्यक्ष,मोनू कामठी शहर उपाध्यक्ष,गोलू गुप्ता कैंप प्रखंड अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की। ईस त्रैमासिक बैठक में विशेष तैयारियों हेतु प्रांत संयोजक श्री रतन यादव जी ने बजरंगियों को संगठित होकर कार्य करने का निर्देश दिया। पूरे बैठक और कार्य योजनाओं जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ बजरंग दल के संगठन प्रभारी श्री ईश्वर गुप्ता ने प्रेस मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की संगठन के निरंतर बजरंग दल में कार्यकर्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ईस वर्ष विजया दशमी उत्सव एवम शस्त्र पूजन का कार्यक्रम ऐतिहासिक होने वाला है।बैठक में शामिल होने वाले पदाधिकारियों को बताया कि कार्ययोजनाओं का क्रियान्वयन सभी पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। ईस बैठक में विशेष रूप से विभाग मंत्री ऋतिक सोनी, कमल साव जिला उपाध्यक्ष भिलाई, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजपूत, सूरज साहू, सन्नी साहू, अनिल बेहरा,नन्दन ओझा,मनोज साहू, करण सोनी, कौशल यादव आदि सैकड़ों संख्या में बजरंगी उपस्थित हुए।

**विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन के विशाल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा**

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में बारगांव के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन

अमृत संदेश । बेमेतरा




शिक्षा के साथ–साथ खेल कूद में भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाला बेमेतरा जिला के बेरला ब्लॉक के शास. उच्च. माध्य.विद्यालय बारगांव लगातार नई ऊंचाईयों को छू रहा है इसी कड़ी में विद्यालय के 06 बालक एवं बालिकाओं ने 25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता राजनादगांव में भाग लेकर अपने क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया भाग लेने वाले विद्यार्थी अंडर 19 बालक वर्ग में तुषार यादव,रूपेश कुमार,विजय विश्वकर्मा साथ ही अंडर 19 बालिका वर्ग में तन्नू बेग, मानसी साहू,निधि पाटिल ने दुर्ग संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व किया सभी खिलाड़ियों ने दुर्ग संभाग की टीम की ओर से खेलते हुए बालक 19 वर्ग में अपने सभी मैच रायपुर, बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर की टीमों पर शानदार जीत दर्ज कर दुर्ग संभाग की टीम हॉकी बालक वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया इसी प्रकार बालिका 19 वर्ग में रायपुर, बस्तर, सरगुजा,बिलासपुर की टीमों को एक तरफा मुकाबलों में हराकर दुर्ग संभाग की बालिका टीम भी प्रथम स्थान हासिल किया प्रतियोगिता में बारगांव विद्यालय के सभी हॉकी खिलाड़ियों ने अपने कलात्मक खेल का परिचय देते हुए अपने उम्दा खेल,अपनी –अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया सभी खिलाड़ी कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास के दम पर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका व (कोच) तुलसी साहू ने इस उपलब्धि पर कहा कि बढ़ा हर्ष का विषय है,विद्यालय के 03 बालक एवं 03 बालिकाओं ने 25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता राजनांदगांव में दुर्ग संभाग की टीम से भाग लिया सभी खिलाड़ियों ने अपने–अपने खेल का जौहर दिखाते हुए टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई।

दोनों ही वर्गों में दुर्ग संभाग की हॉकी टीम विजेता बनी खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से न केवल अपनी क्षमता निखारने का अवसर मिलता है बल्कि खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन की भी सिख मिलती है खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं,बच्चे लगातार कड़ी मेहनत कर रहे है जिसका सुख परिणाम है यहां के बच्चे जिला,राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे है। विद्यालय के प्रचार तीक्ष्ण साहू ने कहा कि विधार्थियों की सफलता निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम मिल रही है। विद्यालय द्वारा खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध खेल सुविधाओं का परिमाण है खेलों से विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल दोनों के आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही संकुल समन्वयक सुरेन्द्र पटेल सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी बच्चो की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और भविष्य के और आगे बेहतर प्रदर्शन करने की बधाई व शुभकामनाएं दी।



## अतिथि भगवान के स्वरूप हैं, ना जाने कब ईश्वर परीक्षा लेने आ जाएं : पंडित राघवेन्द्र शर्मा

*उतई ( असं )।* अतिथि देवो भव: भारत की प्राचीन परंपरा है जो आज भी हम निर्वहन कर रहे है द्वार पर पधारे अतिथि पूज्यनीय होता है सदैव अतिथि का सम्मान करें कभी निरादर न करे, जिस घर मे अतिथि का निरादर हो वह घर घर नही श्मशान कहा गया है,इसलिए सदैव अतिथि का सत्कार करना हर जीव का कर्त्तव्य है अतिथि भगवान के स्वरूप है ना जाने कब ईश्वर परीक्षा लेने के लिए अतिथि के रूप में ही हमारे द्वार पधारे जैसे राजा बलि के घर ईश्वर वामन रूप में पधार कर राजा बलि का उद्धार किये बलि ने तीन पग का दान दे प्रभु को बन्धन मे बांध लिए भक्तों के प्रेम की डोर मे प्रभु बंध जाते है। नगर के गांधी चौक की पावन धरा मे देवांगन परिवार के शुभसँकल्प से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा मे गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, वामन अवतार कृष्ण जन्म की कथा पर भावाभिव्यक्ति करते हुए प्रवचनकर्ता मानस मर्मज्ञ पंडित राघवेन्द्र शर्मा ने कहा द्वार पर आए याचक को कभी भी खाली हाथ न भेजे स्वयं सामर्थ्यवान होकर याचक को खाली हाथ द्वार से बिदा करना महापाप है सामर्थ्यानुसार याचक को अवश्य ही दान दे कलिकाल में दान ही धर्म से जोड़ता है दान ही परमार्थ का एक प्रमुख साधन है दान करने में कभी पीछे मत रहे तत्परता से दान के लिए आगे बढ़े,जिस घर से याचक खाली हाथ लौटता है उस घर के लोग कभी सुखी नही रह सकते स्वयं भी दान करे और दूसरों को भी प्रेरित करे ,दान के लिए कभी रोक टोक न करे दान में रोकने वाले कि स्थिति शुक्राचार्य की भांति होती है इसलिए दान में कभी बाधा न बने।

# केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ में हिंदी पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

अमृत संदेश । उतई

केंद्रीय विद्यालय, सी.आई.एस.एफ. भिलाई में दिनांक 12 सितंबर से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 सितंबर को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस गरिमामयी समारोह की मुख्य अतिथि सम्मानीया श्रीमती भुबनेश्वरी , प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय सी. आई. एस. एफ. भिलाई थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ वाग्देवी मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि से हुआ से । इसी कड़ी में प्राचार्य महोदया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राजभाषा हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपनी राय व्यक्ति की – राजभाषा हिंदी राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता और राष्ट्र की पहचान बनाये रखने के लिए एक राजभाषा




अनिवार्य है। हिंदी भारत की संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम है।राष्ट्र की वाणी है, पहचान है और समस्त राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा है ।एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जो हमारे पारम्?परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्?यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है।'भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी'। हिंदी भाषा को हमारी संस्कृति और पहचान का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियों को इसके अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरित किया। पखवाड़े के पहले दिन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था – हिंदी हमारी शान, हमारी पहचान विद्यार्थियों ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए और हिंदी भाषा के महत्त्व पर जोर दिया। मंच संचालन अनिल कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक – शिक्षिकाएं श्रीमती रूना चौधरी, श्रीमती गीतू, श्रीमती सुनीता गावांडे ,श्रीमती सोमा शील गुहा,श्री सृजन, शैलेश बेंजामिन, ए. बी सिंह, श्रीमती रीना साहू, डी. के. ठाकुर,श्रीमती मोनिका देवी, डी. ए. गिरिय, उमेश कुमार संत, श्रीमती माधुरी, आशीष, सुश्री आंचल सिंह,श्री मयंक कुमार मिश्रा, श्रीमती कल्पना शर्मा,श्रीमती सीमा विश्वकर्मा,श्री राजन शर्मा, सुश्री जानकी सिन्हा, सुश्री श्वेता भट्ट,श्रीमती ममता साहू, चंद्रकांत साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## शासकीय महाविद्यालय में रजत जयंती पर हुआ विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर सेमिनार



*दुर्ग ( असं )।* शासकीय चंदूलाल चंद्राकार कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती के अवसर पर विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा जी, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू जी, नगर पंचायत एवं जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, मंडल अध्यक्ष श्रीमती रानी बंछोर, प्राचार्य डॉ.नंदा गुरुवारा जी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रवीण मढ़रिया जी ने मंच पर मंचासिन होकर सेमिनार को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा जी ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के निर्माण में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवावस्था जीवन का वह चरण है, जहाँ ऊर्जा, उत्साह, नवाचार और कर्मशीलता अपने शिखर पर होती है। यदि इस क्षमता को सकारात्मक दिशा में लगाया जाए तो यह राज्य और राष्ट्र दोनों की प्रगति का सबसे मजबूत आधार बन सकती है। विकसित भारत के निर्माण के लिए सरकार सरकार नई शिक्षा नीति, आधुनिक पाठ्यक्रम, डिजिटल क्लासरूम और रिसर्च सुविधा, स्टार्टअप इंडिया, स्किल डेवलपमेंट, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, खेलो इंडिया, फिट इंडिया, युवा संसद कार्यक्रम, जैसे अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं चला रहे है। जिसका आप सभी लाभ लेकर आगे बढ़ सकते है और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान दे सकते है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, इसके माध्यम से आप स्वयं तो मजबूत और आत्मनिर्भर बन सकते है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना के मध्यम से सरकार लोन प्रदान कर रही है जो स्वरोजगार प्रदान करने में मदद कर रहा है। आप सभी देश के वो पीढी है जिसके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। पहले जमाने का उदारहरण देकर बताया कि पहले स्कूल दूर होता था, मोबाईल गाड़ी नहीं होता था फिर भी लोग आते थे हम लोग पढ़ते थे। नगर पंचायत पाटन एवं जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं केवल भविष्य के कर्णधार ही नहीं, बल्कि वर्तमान में भी समाज और राष्ट्र के विकास की धुरी हैं। वे ज्ञान, कौशल, अनुशासन और देशभक्ति की भावना से लैस होकर विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। आप सब भारत की पहचान है और विकसित भारत की शान है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नंदा गुरुवारा ने सभी अतिथियों का अभिनंदन कर स्वागत किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर महाविद्यालय में विभिन्न आयोजन सम्पन्न हुआ है। महाविद्यालय में शिक्षा के साथ–साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर विभिन्न आयोजन समय–समय पर होता है। एनएसएस व रेडक्रॉस माध्यम से भी विभिन्न आयोजन होता है। इस अवसर पर केवलचन्द देवांगन, सागर सोनी, समीर बंछोर, आदित्य सवर्णी, विजयकांत वर्मा, चिरंजीव देवांगन, प्राध्यापकगण डॉ. डी.के. भारद्वाज, जागृत देशलहरे, प्रवीण जैन , डॉ, साधना राहटगांवकर, अन्य प्राध्यापकगण व छात्र–छात्राएं प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# भिंभौरी में नगर पंचायत भवन निर्माण का विधायक दीपेश साहू ने किया भूमिपूजन

अमृत संदेश । बेमेतरा



नगर पंचायत भिमभौरी में 50 लाख रूपये के लागत बनने वाले नगर पंचायत भवन निर्माण हेतु भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया सम्मिलित हुईं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्री संदीप परगनिया ने की। विधायक दीपेश साहू ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा–अर्चना कर नगर पंचायत भवन निर्माण का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर नगर पंचायत भिमभौरी के समस्त नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि –नगर पंचायत भवन का निर्माण भिमभौरी नगरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके निर्माण से न केवल प्रशासनिक कार्य सुव्यवस्थित होंगे, बल्कि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ और त्वरित सेवाएँ भी प्राप्त होंगी। यह भवन जनसेवा का सशक्त केंद्र बनेगा और नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगा। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित सभी नागरिकों से नगर के विकास कार्यों में सहयोग और सहभागिता की अपील भी की। कार्यक्रम मे नगर पंचायत भिम भौरी के चुनाव प्रभारी महेश साहू, मण्डल अध्यक्ष सूर्यकान्त नायक, मण्डल उपाध्यक्ष उत्तम देवांगन, पार्षद श्याम कुमार वर्मा, लीला देवी, अरुण साव, सीता सिन्हा, श्यामा, कैलाश वर्मा, गोविन्द यदु, नरेंद्र धीवर, मोहित साहू, प्रकाश यादव, यूके देवांगन, योगेश धीवर, परस यादव, लोकनाथ साहू, अमर साहू, नगर पंचायत ष्टस्ह्र, तहसीलदार सरिता मंडरिया, पटवारी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन करें : कलेक्टर

*दुर्ग ( असं )।* कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह, भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देश के परिपालन में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व आवश्यक तैयारी के संबंध में 13 सितम्बर 2025 को साइंस कालेज दुर्ग के सर्वपल्ली राधाकृष्णन हाल में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 दुर्ग ग्रामीण के बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की बैठक सह प्रशिक्षण में शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने उक्त बैठक सह प्रशिक्षण में सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व वर्ष 2003 एवं वर्ष 2025 के मतदाता सूची का मिलान कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्ष 2003 एवं वर्ष 2025 के मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम प्रविष्ट पाए जाने पर ए श्रेणी एवं उनके वारिसानों का नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में प्रविष्ट पाए जाने पर बी श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए मिलान किया जाए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य में सहयोग राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए, बुजुर्ग निवासी एवं अन्य जानकार लोगों के सहयोग लिया जाए। कलेक्टर ने कार्य 20 सितम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। प्रशिक्षण में ईआरओ श्री हरवंश सिंह मिरी एसडीएम दुर्ग एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, तहसीलदार श्री प्रफुल्ल गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती क्षमा यदु एवं एईआरओ उपस्थित रहे।

# नवीन महाविद्यालय बेरला में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन

अमृत संदेश । बेमेतरा



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज नवीन महाविद्यालय, बेरला में भव्य छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में एवं पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से की गई। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत प्राचार्य एवं शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को उत्सवमय बना दिया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रसन्न होकर विधायक दीपेश साहू ने दोनों सामूहिक नृत्य समूह को 15 – 15 हजार रूपये देने की घोषणा कर बच्चों का उत्सावर्धन किया है द्य कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं मुख्य अतिथि के हाथो सम्मानित किया गया। विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा आज का यह दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है। 25 वर्षों की इस यात्रा ने हमें यह सोचने का अवसर दिया है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और संस्कृति के क्षेत्र में हमने क्या पाया और आने वाले वर्षों में हमें कहाँ पहुँचना है।नवीन महाविद्यालय, बेरला जैसे संस्थान हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। प्रदेश का विकास तभी संभव है जब शिक्षा और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और विकास यात्रा का प्रतीक है।मैं स्वयं शिक्षक रहा हूँ, इसलिए विद्यार्थियों की समस्याओं और आकांक्षाओं को भली–भांति समझता हूँ। 'हमारा संकल्प है कि आने वाले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और आदर्श राज्य के रूप में विकसित करेंगे।卐हमारी सरकार बनते ही हमने इस वर्ष बेमेतरा केंद्रीय विद्यालय, नालंदा लाइब्रेरी, श्री राम एकेडमी जैसे निशुक्ल कोचिंग सेंटर की शुरुआत कर हमने शिक्षा के क्षेत्र मे क्रन्तिकारी परिवर्तन के लिए सदैव प्रयासरत है ताकि हमारे विधानसभा क्षेत्र के बच्चे आने वाले समय मे बेमेतरा जिला समेत छत्तीसगढ़ और पुरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करें द्य विधायक दीपेश साहू ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा की मै शिक्षा के क्षेत्र मे लगातार कार्य कर रहा हूँ हमारी प्रथम प्रयास मे ही बेमेतरा को केंद्रीय विद्यालय, नालंदा लाइब्रेरी, नि:शुल्क कोचिंग सेंटर श्री राम एकेडमी, के माध्यम से लगातार शिक्षा के क्षेत्र मे कार्य कर रहे है द्य इसके बाद हमने विधानसभा क्षेत्र के गरीब किसान के बच्चों के लिए एक नए स्कीम लॉन्च किये है जिसका नाम है ख्रफेलोशिप योजना द्य जिसके माध्यम से गांव गरीब किसान के बच्चे सभी लोग प्रतियोगी परीक्षा मे भाग लेकर अपनी हुनर और काबिलियत से हमारी विधानसभा के बच्चे उच्च शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की दिशा में नई संभावनाओ को प्राप्त कर सकते है। पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने कहा न्नवीन महाविद्यालय, बेरला की स्थापना वर्ष 2008 में स्थानीय जनमानस की आकांक्षाओं के अनुरूप हुई थी। भूमि पूजन से लेकर भवन निर्माण और नियमित संचालन तक इस संस्थान के विकास की यात्रा में जनता, शिक्षकों और विद्यार्थियों का योगदान अविस्मरणीय है।आज जब महाविद्यालय 1600 से अधिक विद्यार्थियों के साथ शिक्षा का केंद्र बना है, तो यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। यह सब संभव हुआ है छत्तीसगढ़ की जनता के सहयोग और सरकारों के सतत प्रयासों से। इस महाविद्यालय ने बेटियों की शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रगति की है, जो समाज के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। मैं विश्वास व्यक्त करता हूँ कि आने वाले वर्षों में यह संस्थान और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा, उपाध्यक्ष संतोष साहू, प्रेमलता गौरी प्राचार्य, अमृत माहेश्वरी विधायक प्रतिनिधि,सूर्यकांत साहू तहसील अध्यक्ष, शैलेश माहेश्वरी, संध्या परगनिया प्रदेश मंत्री भाजपा, राजेंद्र पाटकर राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, पार्षद लक्ष्मी लता वर्मा पार्षद कुमारी उमा, राजू साहू गणेश पटेल,रोहित महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्राध्यापकगण, छात्र–छात्राएँ एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

## अवैध शराब बेचने वालों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई




**डोंगरगढ़ (अमृत संदेश)।** थाना डोंगरगढ़ पुलिस ने अवैध शराब बिक्री और शराब सेवन के लिए सुविधा उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 12 और 13 सितंबर 2025 को विभिन्न स्थानों पर की गई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी आशीष कुंजाम के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार शाह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री, तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों, सटोरियों, पॉकेटमारों, चाकूबाजों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में सकुन खोब्रागढ़े पत्नी संतोष खोब्रागढ़े, उम्र 51 वर्ष, निवासी बीड़ी कॉलोनी, इंदिरा नगर, अजीम शेख पिता अब्दुल शेख, उम्र 32 वर्ष, निवासी-कश्मीरीपारा, डोंगरगढ़, भूपेन्द्र राजपूत पिता केदार सिंह राजपूत, उम्र 51 वर्ष व कुबेर राजपूत पिता भूपेन्द्र राजपूत, उम्र 21 वर्ष, निवासी-दंतेश्वरी पारा को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 456/2025, धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं रमेश पासी पिता स्व. पुरन पासी, उम्र-56 वर्ष, निवासी बुधवारी पारा, वार्ड क्रमांक 14, डोंगरगढ़ के खिलाफ अपराध क्रमांक 459/2025, धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट, कुंदन साहू पिता सुडूराम साहू, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम लाल बहादुर नगर, ओपी चिचोला के खिलाफ अपराध क्रमांक 460/2025, धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट, मनोज वर्मा पिता कार्तिक वर्मा,, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम रेंगाकठेरा, वार्ड क्रमांक 03 अपराध क्रमांक 461/2025, धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, सउनि मुजीब रहमान कुरैशी, विजय साहू, प्रधान आरक्षक अखिल अम्बादे, प्रकाश चंद्रवंशी, आरक्षक योगेन्द्र देशमुख, अरुण मनहर, योगेश साहू, कमल कुमार केंवट, किशन कुमार चंद्र, अजय कुमार पाटले और मिल्कन वाल्टर की सराहनीय भूमिका रही।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम सफल बनाने भाजपा ग्रामीण मंडल की हुई कार्यशाला बैठक




**डोंगरगढ़ (अमृत संदेश)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने के लिए केंद्र व प्रदेश भाजपा संगठन के आह्वान पर आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का जिला ब्लाक व बूथ स्तर पर आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा कार्यशाला का आयोजन ग्राम रानीगंज में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, समाजसेवी एमडी ठाकुर, जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा उपस्थित थे। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि सेवा परमो धर्म के तहत देश के प्रधानमंत्री 2014 से देश की सेवा कर रहे हैं। आज उनके नेतृत्व में भारत विकासशील देशों में पहचान बनाकर विश्व पटल पर तीसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि देश के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना थके काम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर सेवा भावना से शहर एवं गांव में स्थित मंदिर, अस्पताल, बस स्टैंड, स्कूल में जाकर स्वच्छता अभियान चलाएंगे। इसी कड़ी में रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर सहित खेल व सामाजिक क्षेत्र में प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, जिला सह संयोजक जैन कुमार मेश्राम, सहसंयोजक जितेंद्र गैंडरे, छबील साहू, उपकार साहू, धर्मचंद वर्मा, महामंत्री रवि यादव, उपाध्यक्ष हेमकुमार साहू, मुरली ग्राम सरपंच आरती जंघेल, गेडाम कन्हैया वर्मा, राघवेन्द्र हरदेव, लखन जंघेल, नामदेव साहू, जीवन वर्मा, भुवन वर्मा, झूलेन वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, राघवेंद्र वर्मा, कन्हैया वर्मा, सतीश वर्मा, लखन देशलहरा, पुसऊ रजक सहित कार्यकर्ता उपास्थि रहे।

# जेल में खूनी संघर्ष : बदमाशों के गुट ने दूसरे गुट के युवक पर धारदार हथियारों से किया हमला

अमृत संदेश | राजनांदगाव

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की जिला जेल में आज एक सनसनीखेज घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेल के अंदर कैदियों के बीच भड़की गैंगवार में युवराज राजपूत नामक कैदी पर 4-5 अन्य कैदियों ने धारदार हथियारों से क्रूर हमला कर दिया। हमलावरों ने युवराज के चेहरे और पीठ पर कई वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद युवराज के साथी कैदी और परिजन कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हमला जेल में चल रही गुटबाजी और पुरानी रंजिशों का परिणाम है।

दोनों पक्षों के कैदी आदतन अपराधी माने जाते हैं, और यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जेल प्रशासन ने घटना की आंतरिक जांच शुरू कर दी है, जबकि पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

घटना दोपहर करीब 2 बजे राजनांदगांव जिला जेल के एक बैरक में घटी। सूत्रों के अनुसार, युवराज राजपूत, जो एक आपराधिक मामले में जेल में बंद था, अपने बैरक से बाहर निकला था, तभी एक प्रतिद्वंद्वी गुट के 4-5 कैदियों ने अचानक उन पर धारदार हथियारों (स्टील ग्लास को काटकर बनाये गए हथियार) से हमला बोल दिया।

हमलावरों ने युवराज के चेहरे पर कम से कम तीन वार किए, जबकि पीठ पर 2-3 गहरे घाव दिए। हमले के दौरान अन्य कैदी चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन जेल स्टाफ को सूचना मिलने में थोड़ा विलंब हुआ।

युवराज को तत्काल जेल के अंदर उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई। चेहरे पर लगे घावों से उनकी दृष्टि प्रभावित हो सकती है, जबकि पीठ के घावों से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ।



जेल अधिकारियों ने बताया कि हमलावर कैदी तुरंत बैरक में ही बंद कर दिए गए हैं, और उनकी पहचान कर ली गई है। हालांकि, जेल के अंदर धारदार हथियार कैसे पहुंचे, इस पर सवाल उठ रहे हैं।

पुलिस और जेल प्रशासन की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हमला जेल के अंदर चल रही गुटबाजी का परिणाम है। राजनांदगांव जेल में विभिन्न अपराधिक गिरोहों के सदस्य बंद हैं, और इनके बीच पुरानी रंजिशें (जैसे जमीन विवाद, आपराधिक गतिविधियों में टकराव या बैरक में छोटे-मोटे झगड़े) अक्सर हिंसक रूप ले लेती हैं।

युवराज राजपूत को एक स्थानीय अपराधी गुट से जोड़ा जा रहा है, जबकि हमलावर कैदी विपक्षी गुट के सदस्य हैं। दोनों पक्षों के कैदी आदतन अपराधी हैं, जिनके खिलाफ पहले से ही हत्या, मारपीट, चोरी और अन्य गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

सूत्रों का कहना है कि जेल के अंदर कैदियों के बीच स्मगलिंग (मोबाइल फोन, नशीले पदार्थ) और वर्चस्व की लड़ाई भी गुटबाजी को बढ़ावा दे रही है। हाल ही में छत्तीसगढ़ की अन्य जेलों (जैसे रायपुर सेंट्रल जेल) में भी इसी तरह की घटनाएं हुई हैं, जहां कैदियों ने धारदार हथियारों से हमले किए।

हमले की जानकारी मिलते ही युवराज के साथी कैदी और उनके परिजन सीधे कोतवाली थाना पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी को विस्तृत शिकायत सौंपी, जिसमें हमलावर कैदियों के नाम, हमले का तरीका का जिक्र किया गया।

शिकायत में जेल प्रशासन पर लापरवाही का भी आरोप लगाया गया है। जेल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। परिजनों ने मांग की है कि हमलावरों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा चलाया जाए। यह घटना छत्तीसगढ़ की जेलों में बढ़ती हिंसा को उजागर करती है।

हाल ही में रायपुर सेंट्रल जेल में एक कांग्रेस नेता पर ब्लेड से हमला हुआ था, जिसमें जेल सुरक्षा पर सवाल उठे थे। राजनांदगांव जेल में भी स्टाफ की कमी और निगरानी के अभाव की शिकायतें रही हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि कैदियों के बीच मध्यस्थता और काउंसलिंग की आवश्यकता है, ताकि गुटबाजी को रोका जा सके। राज्य सरकार ने जेल सुधार के लिए योजना बनाई है, लेकिन ऐसी घटनाएं उसकी प्रभावशीलता पर सवाल उठाती हैं। इस घटना से जिले में दहशत का माहौल है। युवराज के परिजन ने कहा कि, जेल में कैदी सुरक्षित नहीं हैं, प्रशासन क्या कर रहा है? स्थानीय संगठनों ने जेल सुरक्षा मजबूत करने की मांग की है।

विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे कानून-व्यवस्था की विफलता बताते हुए विधानसभा में मामला उठाने का ऐलान किया है। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच पूरी होने पर दोषी जेल अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी।

## बालको मुख्य मार्ग पर कार खाई में गिरी, चारों यात्री सुरक्षित

**कोरबा।** बालको मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। बलौदा जिले से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे। गनीमत रही कि सभी यात्री सुरक्षित रहे और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि वाहन को भारी क्षति पहुंची है। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और पुलिस-प्रशासन को सूचना दी। थोड़ी ही देर में स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम ने पहुंचकर कार को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों और राहगीरों ने इस खतरनाक मोड़ पर सुरक्षा इंतजाम की कमी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द बैरिकेड और अन्य सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# कांग्रेस की जांच समिति के अध्यक्ष साहू ने लगाए आरोप बजरंगपुर-नवागांव में ट्रिपल मर्डर पुलिस की लापरवाही

अमृत संदेश | राजनांदगाव

शहर के बजरंगपुर-नवागाँव में गुटीय विवाद के चलते हुए दिल दहला देने वाले ट्रिपल मर्डर ने पूरे इलाके को हिला दिया है। चाकू से गोदकर एक के बाद एक तीन युवकों की हत्या ने न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पुलिस की बड़ी लापरवाही को भी उजागर किया है। इस घटना के बाद कांग्रेस की जांच समिति मौके पर पहुँची। समिति के अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और प्रदेश सरकार से तत्काल आर्थिक मदद की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस समय रहते सक्रिय होती तो यह दर्दनाक घटना टाली जा सकती थी।



श्री साहू ने आगे कहा कि मृतकों के परिजनों को कम से कम 20-20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए और प्रत्येक परिवार से एक-एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए। साथ ही घायल युवक के उपचार की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाए। उन्होंने ने कहा कि शहर में नशे का बढ़ता कारोबार अपराध की जड़ है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि नशीली गोलियों और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। नशे एवं अपराध पर सख्त नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाई जाए। ताकि भविष्य में कोई ऐसी वारदात करने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने आईजी से दूरभाष पर चर्चा कर पूरी स्थिति से अवगत कराया और कहा कि यह हत्याकांड राजनांदगाँव जैसे महत्वपूर्ण जिले में हुआ है जो कि तीन बार के मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का क्षेत्र है। साथ ही यह जिला गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार में है। ऐसे में यह घटना पूरे प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था को उजागर करती है। कांग्रेस जांच समिति ने मृतक विशाल राजपूत के परिजन संजय राजपूत और अजय राजपूत, मृतक राकेश ढीमर की पत्नी और भाई, तथा मृतक सचिन मलिकपूरी के भाई, भतीजे और ससुर से मुलाकात की और संवेदना प्रकट की।

इस मौके पर अध्यक्ष धनेंद्र साहू के साथ पूर्व मंत्री अरुण वोरा, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगांव दलेश्वर साहू, डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, शाहिद खान, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, कमलजीत सिंह पिंटू, पंकज बांधव, अमित चंद्रवंशी, आसिफ अली, पार्षद राजा तिवारी, विवेक वासनिक, संतोष पिल्ले, शुभम पांडे, इकरामुद्दीन सोलंकी, छोटेलाल रामटेके, शैलेश ठावरे, राहुल गजभिए, संदीप जयसवाल, शारदा तिवारी, सुरेंद्र देवांगन, अनिल साहू, उमराव साहू, राहुल देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# जनपद सभापति पर हमले के बाद गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर बागनदी थाना प्रभारी का तबादला

अमृत संदेश | छुरिया

जनपद पंचायत सभापति पल्ली स्वामी नायडू और महिला सरपंच पर हुए हमले की शिकायत के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है। बागनदी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था की लगातार अनदेखी और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई न होने के चलते पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी विजय मिश्रा का तबादला कर दिया है। यह निर्णय गृहमंत्री विजय शर्मा के राजनांदगांव प्रवास के दौरान भाजपा नेताओं की शिकायत के बाद लिया गया। दिनांक 6 सितंबर को राजनांदगांव प्रवास पर आए प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कामता साहू सहित भाजपा नेताओं ने मुलाकात की थी। नेताओं ने बागनदी थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध, सट्टा-जुआ, अवैध शराब बिक्री और जनप्रतिनिधियों पर हमले को लेकर गहरी चिंता जताई और थाना प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि 4 सितंबर की रात सभापति नायडू और ग्राम पंचायत घोरतलाव की सरपंच पर अज्ञात असामाजिक तत्वों ने हमला करने का प्रयास किया। सभापति के वाहन को क्षतिग्रस्त कर बदमाशों ने अपना दुस्साहस दिखाया। हालांकि, जनप्रतिनिधि सुरक्षित हैं, लेकिन यह घटना थाना क्षेत्र की लचर कानून व्यवस्था की ओर इशारा करती है। घटना से कुछ दिन पहले ही जनपद सभापति और सरपंच ने बागनदी थाना क्षेत्र में अवैध शराब, सट्टा-जुआ आदि के बढ़ते कारोबार को लेकर थाना प्रभारी से लिखित शिकायत की थी। मगर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते ग्रामीणों के साथ वे पुलिस अधीक्षक से भी मिले थे। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का मानना है कि अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाना असामाजिक तत्वों को नागवार गुजरा, जिसके चलते यह हमला किया गया। यह भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या इस हमले की पृष्ठभूमि अवैध गतिविधियों के संरक्षण से जुड़ी है? थाना प्रभारी को हटाने के बाद अब स्थानीय नागरिकों को उम्मीद है कि प्रशासन अवैध कारोबार और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाएगा। ग्रामीणों की मांग है कि ऐसे मामलों में त्वरित और कड़ी कार्रवाई हो ताकि जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा और आम जनता की शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि बागनदी में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक थी। जनप्रतिनिधियों पर हमला लोकतंत्र पर हमला है। गृहमंत्री ने मामले को गंभीरता से लिया और आवश्यक निर्देश दिए। वहीं जनपद सभापति पल्ली स्वामी नायडू ने कहाकि हमने पहले ही अवैध गतिविधियों के खिलाफ शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब जनता प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपेक्षा रखती है।

## चिरचारीखुर्द में कल लगेगा निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर

**छुरिया (अमृत संदेश)।** विकासखंड छुरिया के ग्राम चिरचारीखुर्द में सोमवार, 15 सितंबर को विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयुष विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन व जिला आयुर्वेद अधिकारी, राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है।



कर्मा भवन, चिरचारीखुर्द में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस शिविर में वात रोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग सहित जटिल बीमारियों की जांच व उपचार किया जाएगा। आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से इलाज के साथ-साथ निःशुल्क औषधि वितरण भी किया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर, नेत्र, रक्त व प्रकृति परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही मरीजों को आयुष काढ़ा भी वितरित किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। शिविर में शिविर प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध पटेल व आयोजक डॉ. शिल्पा मिश्रा सहित अनुभवी डॉक्टरों की टीम सेवाएं देंगी।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव पर कमला कॉलेज में हुई राज्य स्तरीय संगोष्ठी

अमृत संदेश | राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 12.09.2025 को छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ का विकास, चुनौतियां एवं समाधान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। महाविद्यालय एलुमिनी एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती शारदा तिवारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान की।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री मणीभास्कर गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। समिति में मुख्य रूप से पूर्व लोकपाल अमलेन्दु हाजरा, वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र मुदिराज, माधुरी जैन, रेणु सूर्यवंशी, अतुल रायजादा, किरण राजपूत आदि उपस्थित थे।

महाविद्यालय की छात्राएं चांदनी साहू, प्रज्ञा बाम्बेश्वर एवं श्रेया देवांगन ने छत्तीसगढ़ विकास के 25 वर्षो की यात्रा पर अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के माध्यम से सांसद संतोष पाण्डेय ने महाविद्यालय की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत ही वो देश है, जिसे पूरी दुनिया में मां का दर्जा प्राप्त है, हम अपने देश को भारत माता कहकर पुकारते है, ठीक उसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में छत्तीसगढ़ ही ऐसा प्रदेश है, जिसे हम छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में संबोधित करते है, समाज के विकास महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार मातृवर्ग की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने महिला महाविद्यालय की प्रशंसा की।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने विकास के 25 वर्षो में अनेक कीर्तिमान स्थापित किये है। राज्य में एम्स, आईआईटी, आईआईएम एवं कई मेडिकल कॉलेज तथा उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों की स्थापना हुई है। आज छत्तीसगढ़ की छात्राएं देश विदेश में प्रदेश का नाम रौशन कर रही है। आधारभूत सरंचना से लेकर मानव विकास के सूचकांको में छत्तीसगढ़ में उत्तरोत्तर उन्नति की है।

मुख्य अतिथि श्री संतोष पाण्डेय द्वारा महाविद्यालय को अतिरिक्त कक्ष, सायकल स्टैण्ड, एसी एवं वॉटर कूलर आदि सांसद निधि से प्रदाय करने की घोषणा की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न मानवीय विकास संकेतों के माध्यम से एक विस्तृत मूल्यांकन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉण्जयसिंह साहू, प्राध्यापक भूगोल ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. हरप्रीत कौर गरचा एवं संगोष्ठी के अन्य सदस्य संजय मिश्रा, अमरनाथ निषाद, डॉ. दुर्गा शर्मा, श्रीमती खूशबू राजपूत, थनवार साहू एवं तकनीकी सहयोगी के रूप में रेवती रमन साहू, धनेश पटेल, गोविंद कुमार एवं उमेश पनरिया का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रामकुमारी धुर्वा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बसंत कुमार सोनबेर सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्राएं उपस्थित थे।





# शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौंडी में रजत जयंती वर्ष संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अमृत संदेश । बालोद/डौंडी

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौंडी में रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्धजन, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा- छत्तीसगढ़ राज्य 25 वर्ष पूर्ण कर गौरवपूर्ण रजत जयंती मना रहा है। उन्होंने राज्य के संसाधनों, विकास की यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ष्विकसित भारत 2047 विजन डॉक्यूमेंट की चर्चा करते हुए युवाओं से शिक्षा के साथ प्रकृति संरक्षण, संस्कृति संवर्धन और समाज निर्माण में भागीदारी की अपील की।

इतिहास उस ओर मुड़ता है, जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जवानी चलती है। देशमुख ने डौंडी क्षेत्र में छात्राओं की संख्या पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि 90 प्रतिशत छात्राएं होना श्बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान की सच्ची सफलता है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि-छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र







राज्य है जिसे महतारी कहकर संबोधित किया जाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के संघर्ष, अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान और भाजपा सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा- छत्तीसगढ़ की यात्रा शोषण से स्वाभिमान तक की यात्रा रही है।

महाविद्यालय के प्राचार्य योगेंद्र साहू ने अपने पिता की शिक्षकीय परंपरा का उदाहरण देते हुए छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करने और सतत विकास की दिशा में प्रयासरत रहने का संदेश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 विजन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रस्तुत विकसित छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 डॉक्यूमेंट की विस्तृत जानकारी दी।

प्राचार्य साहू ने बताया कि. छत्तीसगढ़ सरकार का वर्तमान टर्नओवर 5 लाख करोड़ है, जिसे 2047 तक 75 लाख करोड़ करने का लक्ष्य है। बेरोजगारी दर को 2.7 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत करना। शिशु मृत्यु दर को प्रति हजार 38 से घटाकर 5 तक लाना। जीवन प्रत्याशा को 65 वर्ष से बढ़ाकर 85 वर्ष तक करना। उन्होंने युवाओं से सतत विकास की दिशा में सरकार के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय चौहान जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, सोमेश सोरी जिला मंत्री, मनीष झा जिला सह कोषाध्यक्ष, श्रीमती मोहंतीन बाई चौरका नगर पंचायत अध्यक्ष, मुकेश कौडो जनपद पंचायत अध्यक्ष, भोलाराम नेताम जनपद उपाध्यक्ष, संजीव मानकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष, कमल पनपालिया जिला मीडिया प्रभारी, रुपेश नायक मंडल अध्यक्ष, इंछा राम साहू मंडल महामंत्री सहित जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

### मुख्य बिंदु

युवाओं की भूमिका और जिम्मेदारी पर बल। नई शिक्षा नीति 2020 की उपयोगिता पर चर्चा। जल, बिजली एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की अपील सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता।

कार्यक्रम का समापन-देशभक्ति नारों भारत माता की जय एवं छत्तीसगढ़ महतारी की जय के साथ हुआ। अतिथियों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा मंडल अर्जुंदा में हुई कार्यशाला

## पदाधिकारी और कार्यकर्ता हुए शामिल

अमृत संदेश । अर्जुन्दा

नगर अर्जुन्दा के राधाकृष्ण मंगलम भवन में सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा मंडल अर्जुंदा द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभारी के रूप में उपस्थित जिला भाजपा उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल वरिष्ठ नेता नरेश यदु, जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, पूर्व जनपद अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन दिनों मे स्वच्छता चिकित्सा शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प है। ताकि आम जन मानस को भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं किसानों के आय दोगुनी करने के लिए चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी हो सके।





वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश यदु ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। हम सब अनुशासन में रहकर दल के निर्देशों का पालन कर कार्यक्रम को सफल बनाए।

जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया मंत्र सेवा ही संगठन हर कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शक है। सोनवर्षा ने युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान को उत्सव की तरह मनाएं और सेवा का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीत गुप्ता ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि समाज की कमजोर कड़ी तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने महिला शक्ति और युवाओं को सेवा कार्यों में बढ़.चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की। श्री गुप्ता ने कार्यक्रमों के जरिए जनहित को मजबूती दी जा सकने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पंकज चौधरी व आभार संजय साहू ने किया।

इस अवसर पर बुनकर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक चंद्रहास देवांगन, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दौलत देशमुख, संजय साहू, महामंत्री रोशनअमृत , गुमान यादव, मंत्री दानेश्वर साहू, नेम चुम्मन साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, पालेश्वर साहू, निरंजन साहू, हरीश साहू, कमलेश्वर साहू, रितेश देवांगन, संतोष तराम, द्रोण देशमुख सतीश साहू, सुनील बेलचंदन, सुरेंद्र देवांगन, हिंसाराम साहू, राजू सिन्हा, सूर्यकांत गजेंद्र, छबि लाल कोर्राम, भारती साहू, ऊषा साहू, आमीन साहू, माहेश्वरी चंद्राकर, छगू यादव, ओंकार सिन्हा, बृजेश सोनी, अनिल सोनी, चेमन सिन्हा, हुमन सिंह, राम मंडले, मुरली मनोहर, मनुज राम, देवेंद्र यादव, नितेश साहू, विश्वजीत तिवारी, नवीन राजपूत, मिश्रीलाल सिन्हा, संतराम पटेल, सोहन पटेल, उमेश देवांगन, रमेश सोनी, विनोद सिंह, ज्ञान सिंह ठाकुर, असलम अली, बृजलाल साहू, दीनबंधु साहू, ईश्वर साहू, त्रिलोकी नाथ साहू, मिथलेश साहू, महेश विश्वकर्मा, डोगेंद्र सेन, बृजेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सीईओ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर जिले के नगरीय निकायों में अंगीकार अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की

## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए जागरुकता बढ़ाने तथा पूर्व में स्थित आवासों को शीघ्र पूरा कराने जरुरी उपाय करने के दिए निर्देश

अमृत संदेश । बालोद

कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने शनिवार को जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत नगरीय निकायों मे अंगीकार अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा क । इस दौरान उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अंगीकार अभियान के उद्देशयों की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 हेतु जागरूकता बढ़ाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने हितग्राहियों को प्रेरित कर अंगीकार अभियान के अंतर्गत पूर्व मे स्वीकृत आवासो को पूरा कराने के निर्देश भी दिए। श्री चंद्रवंशी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पूर्व मे पूर्ण आवासों मे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ पहुचाने तथा नवीन पूर्ण आवासों मे संबंधित हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाने के विभिन्न निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सरकारी योजनाओ के लाभार्थियों से संवाद स्थापित करने तथा सितंबर एवं अक्टुम्बर माह को आवास माह के रूप मे मनाने के भी निर्देश दिए । उल्लेखनीय है कि शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा 4 सितंबर से 31 अक्टूबर 2025 तक अंगीकार 2025 अभियान के शुभारंभ करने हेतु आदेशित किया गया है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद श्री मोबीन अली ने बताया कि अंगीकार योजना का लाभ प्रत्येक वर्गों तक पहुचाने हेतु जिले के सभी नगरीय निकायों द्वारा आवास मेला का आयोजन किया जाएगा। इस आवास मेला मे आवास प्राप्त करने के इच्छुक हितग्राहियों को त्वरित लाभ पहुचाने हेतु कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने बताया कि इसके संबंध मे सभी नगरीय निकायों मे शीघ्र प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी । इसके अलावा सभी नगरीय निकायों मे हेल्प डेस्क स्थापित कर योजना का समुचित क्रियान्वयन किया जाएगा । उन्होंने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पँहुचे इसके लिए निकाय स्तर पर नोडल नियुक्त कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाएगी ।

# रजत महोत्सव पर श्रमवीर स्वास्थ्य जाँच शिविर का हुआ आयोजन





अमृत संदेश । बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शुक्रवार को श्रमवीर स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि रजत जयंती 2025 अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित बुधवारी बाजार में श्रमवीर स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रमिक पंजीयन एवं 102 श्रमिकों का स्वास्थ्य जाँच किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 15 सितंबर को दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना करकाभाट एवं 16 सितंबर को वार्ड क्रमांक 12 आमापारा बालोद में आयोजित की जाएगी।

# ग्राम खर्रा में शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही के छात्र-छात्राओं ने दिखाई विकसित छत्तीसगढ़ की झलक

अमृत संदेश । गुण्डरदेही

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला बालोद के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष रजत जयंती समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को गोद ग्राम खर्रा में श्छत्तीसगढ़ राज्य के विकास यात्रा तथा विकसित छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत करने वाला नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया। नाटक का लेखन और निर्देशन बी-कॉम अंतिम वर्ष के छात्र गौतम कुमार ने किया। इस नाटक के माध्यम से 25 वर्ष पूर्व का छत्तीसगढ़ और अभी





के छत्तीसगढ़ का झलक दिखाया गया साथ ही 2050 में विकसित छत्तीसगढ़ का दृश्य भी प्रस्तुत किए गए। इस नाटक में मुख्य भूमिका यादराम, देवेंद्र, मुस्कान, मनीषा, हर्ष, सुमन, खुशबू, प्रियंका, नेहा और प्रियांशु ने निभाया। नुक्कड़-नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में शासकीय प्राथमिक शाला, खर्रा के छात्र-छात्राएं, इस ग्राम के वरिष्ठ जन, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक एवं अन्य शिक्षा शिक्षक भी इस नाटक को देखे और प्रशंसा की। ग्राम खर्रा के सरपंच देशमुख जी ने शासकीय महाविद्यालय, गुण्डरदेही के द्वारा सामाजिक जागरूकता के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने बताया कि महाविद्यालय अपने गोद ग्राम खर्रा में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक संपर्क एवं समाज सेवा के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास करना हमारा उद्देश्य है। नुक्कड़-नाटक के साथ ही गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सुंदर छत्तीसगढ़-स्वच्छ छत्तीसगढ़ का नारा लगाते हुए विकसित छत्तीसगढ़ का संदेश दिया गया। यह सभी कार्यक्रम महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन अतिथि प्राध्यापक हितेश कुमार एवं श्रीमती डॉली ठाकुर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर आरपी निषाद एवं प्रोफेसर शिखा श्रीवास्तव की उपस्थिति ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

# युक्तियुक्तकरण के तहत परसाही टी विद्यालय में चार शिक्षक पदस्थ, बेहतर पढ़ाई व्यवस्था का सपना हुआ साकार

अमृत संदेश । बालोद

राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत विद्यार्थियों के दर्ज संख्या के आधार पर तथा शिक्षकों की कमी वाले शालाओं को चयनित कर वहाँ पर समुचित संख्या में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु की गई व्यवस्था समूचे छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले में भी अध्ययन-अध्यापन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने की दृष्टि से अत्यंत कारगर एवं उपयोगी साबित हो रहा है। शासन की इस दूरगामी एवं महत्वाकांक्षी सोच के फलस्वरूप बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसाही टी में युक्तियुक्तकरण के तहत 04 शिक्षकों की सौगात मिलने से वहाँ अध्ययनरत विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का विद्यालय में बेहतर अध्ययन-अध्यापन सुनिश्चित करने का बहुप्रतीक्षित सपना साकार हुआ है। शासन के युक्तियुक्तकरण व्यवस्था के तहत विद्यालय में विषयवार बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर समुचित शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से अब विद्यालय में बेहतर तरीके से अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि युक्तियुक्तकरण के पूर्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसाही टी में गणित, अंग्रेजी, जीव विज्ञान एवं हिन्दी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के व्याख्यता नही होने से इन विषयों का अध्ययन-अध्यापन ठीक तरह से नही हो पाता था। जिससे बच्चों के साथ-साथ उनके पालकों में भी निराशा एवं हताशा का भाव देखने



**महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक मिलने से विद्यार्थियों व पालकों में हर्ष, शासन की नवीन व्यवस्था की सराहना की गई**

को मिल रहा था। बच्चे अपने विद्यालय में विषय शिक्षक उलपब्ध नही होने से इन विषयों के परीक्षा परिणाम तथा अपने बेहतर भविष्य के प्रति भी सशंकित नजर आ रहे थे। इसके परिणाम स्वरूप विद्यालय के कई विद्यार्थी अन्य विद्यालयों में भी प्रवेश लेने के लिए रूख कर रहे थे। लेकिन वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसाही टी में शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के तहत हीरालाल साहू व्याख्याता गणित, चंद्रभूषण मोहबिया व्याख्याता अंग्रेजी, राजेश कुमार रावटे व्याख्याता हिन्दी तथा दीपिका राज व्याख्याता जीव विज्ञान के रूप में 04 शिक्षक मिलने से विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था का स्वरूप ही बदल गया है। वर्तमान में विद्यालय में सभी महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध हो जाने से विद्यार्थी प्रसन्नचित होकर पूरे मनोयोग विद्या अध्ययन के कार्य में जुट गए हैं। इसके साथ ही विद्यार्थी एवं पालक विद्यार्थियों के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य के प्रति आशान्वित नजर आ रहे है।

शासन की युक्तियुक्तकरण की नीति की सराहना करते हुए शाला नायक कुमारी कुमकुम, नेहा बंजारे एवं जीत देवांगन ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के प्रक्रिया के पूर्व हमारे विद्यालय में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नही होने से हम सभी विद्यार्थी अत्यंत निराश एवं चिंतित रहते थे। साथ ही कभी-कभी अपने भविष्य के प्रति भी आशंकित रहा करते थे। लेकिन ऐन वक्त पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले दूरगामी सोंच के फलस्वरूप हमारे विद्यालय में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत 04 महत्वपूर्ण शिक्षकों के पदस्थापना होने से हमारे विद्यालय का स्वरूप ही बदल गया है। हमारे विद्यालय में इन 04 शिक्षकों के पदस्थापना होने से अब बेहतर तरीके से अध्ययन-अध्यापन का कार्य संचालित हो रहा है। अब हम सभी विद्यार्थी एवं पालक अपने भावी भविष्य के निर्माण के लिए पूरी तरह से आशान्वित है। इन सभी विद्यार्थियों ने ग्राम परसाही टी के अलावा अन्य विद्यालयों में बेहतर अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

# आईटीआई करतला में 25 सितंबर से होगी परीक्षा

## 19 सितंबर तक भर सकेंगे फार्म

**कोरबा।** शासकीय आईटीआई करतला में इंजीनियरिंग एवं नॉन-इंजीनियरिंग व्यवसायों की राज्य व्यवसायिक परीक्षा और स्कूल आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना अंतर्गत परीक्षाएँ 25 सितंबर से 6 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जाएंगी। इस परीक्षा में संस्था के विभिन्न सत्रों के प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित होंगे। इनमें सत्र 2024-25 के एक वर्षीय व्यवसाय नियमित, सत्र 2023-25 के द्विवर्षीय व्यवसाय, सत्र 2024-26 के द्विवर्षीय व्यवसाय प्रथम वर्ष, सत्र 2023-25 के एससीव्हीटी व स्कूल आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी तथा सभी भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे ।संस्थान प्रशासन ने बताया कि पात्र प्रशिक्षणार्थी 15 से 19 सितंबर तक कार्यालयीन समय में संबंधित व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी से परीक्षा फार्म प्राप्त कर भर सकते हैं। इसके बाद जमा की गई प्रविष्टियाँ स्वीकार नहीं की जाएंगी।



# निरीक्षण: कवर्धा नगर में दिल्ली और रायपुर की तर्ज पर बनेगा बहुप्रतीक्षित नालंदा लाइब्रेरी

## कलेक्टर ने लाइब्रेरी निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया, पुराना भवनों को डिस्मेंटल करने के दिए निर्देश

अमृत संदेश । कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासो से कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए शिक्षा और ज्ञान के एक और नए द्वार खुल रहे हैं। कवर्धा में अब युवाओं की बहुप्रतीक्षित नालंदा लाइब्रेरी का सपना अब साकार होने जा रहा है। दिल्ली और रायपुर की तर्ज पर बनने वाली यह आधुनिक लाइब्रेरी जिले के छात्रों और युवाओं को ज्ञान एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नया मंच मिलने जा रही है। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से राज्य शासन ने लाइब्रेरी, कैफिटेरिया एवं अन्य निर्माण के लिए 4 करोड़ 37 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को कवर्धा के छीरपानी कालोनी स्थित जिला परिवहन कार्यालय के समीप प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने वहां मौजूद पुराने और जर्जर भवन को तत्काल डिस्मेंटल करने की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। इस भवन में वर्तमान में आबकारी विभाग का कंट्रोल रूम संचालित हो रहा है, जिसे अन्यत्र स्थानांतरित किया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण लगभग डे? एक? शासकीय भूखंड पर किया जाएगा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नालंदा लाइब्रेरी की



मॉडल भी देखी। यह तीन मंजिला भवन होगा, जिसमें 200 सीटर वातानुकूलित हॉल तैयार किया जाएगा। यहां राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को निःशुल्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी कवर्धा सहित पूरे जिले के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रतियोगी शिक्षा का केंद्र बनेगी। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने शहर को सुंदर, सुव्यवस्थित और विकसित बनाने की दिशा में अनेक कार्य किए हैं। नालंदा लाइब्रेरी जिले के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ देगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही इसका भूमिपूजन स्वयं उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा द्वारा किया जाएगा।निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, कवर्धा एसडीएम चेतन साहू, तहसीलदार परमेश्वर मण्डवी एवं सीएमओ उपस्थित थे। कबीरधाम जिले में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई सौगातें मिल रही हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भोरमदेव शिक्षा पीठ कोचिंग संस्थान संचालित किया जा रहा है। इसे दिल्ली एकेडमी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जिले के युवा पीएससी, व्यापमं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस संस्थान से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिल रहा है। नालंदा लाइब्रेरी और भोरमदेव शिक्षा पीठ मिलकर कवर्धा को शैक्षणिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने की दिशा में नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। यहां अध्ययनरत युवा अब बड़े शहरों की ओर पलायन किए बिना उच्च स्तरीय तैयारी अपने ही जिले में कर सकेंगे।

# कैट पदाधिकारियों ने हरीतिमा टीम संग किया पौधारोपण



**कवर्धा (अमृत संदेश)।** कवर्धा में पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार सक्रिय हरीतिमा टीम के पौधारोपण अभियान में शनिवार को कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पीजी कॉलेज ग्राउंड में 10 कदम के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में उपस्थित कैट प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश आहूजा ने कहा हरीतिमा टीम का पौधारोपण अभियान अनुकरणीय है। इससे जुड़ना पूरे कैट परिवार के लिए गर्व की बात है। हम प्रतिवर्ष इस कार्य हेतु आर्थिक सहयोग भी करेंगे। जिलाध्यक्ष दीप शर्मा ने कहा उम्र चाहे कोई भी हो, प्रतिदिन प्रकृति सेवा के लिए समय निकालना केवल सच्चे प्रकृति-प्रेमियों का कार्य है। टीम के संस्थापक अजय लूनिया ने विगत सात वर्षों से प्रतिदिन चल रहे पौधा रोपण कार्यों की जानकारी दी और बताया कि यह निरंतरता अपने आप में एक मिसाल है। साथ ही उन्होंने आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर आकाश आहूजा, दीप शर्मा, विकास केशवानी, नरेंद्र बग्गा, ज्ञानी गुप्ता, अविनाश तिवारी, कंवलजीत खुराना सहित हरीतिमा टीम के अनेक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन महेश सिंह ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन राजकुमार वर्मा ने किया।

# जिला पंचायत कवर्धा में हुई कृषि स्थायी समिति की बैठक




अमृत संदेश । कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष में कृषि स्थायी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभापति कृषि स्थायी समिति रामकुमार भट्ट, ने की। बैठक में समिति के सदस्यगण तथा कृषि एवं संबद्ध विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ कृषि सचिव सह उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा माननीय सभापति एवं सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत से हुआ। तत्पश्चात उप संचालक कृषि ने विभागीय प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की, जिसमें वर्षा प्रतिवेदन, उर्वरक भंडारण एवं वितरण, फसल प्रदर्शन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी गई। उन्होंने जिले के किसानों की उन्नति के लिए संचालित नवाचारी गतिविधियों, आगामी विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं रजत जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा से भी अवगत कराया। बैठक में सभापति एवं सदस्यों ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को खाद-बीज की कमी न हो तथा पात्र किसानों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर समय पर लाभान्वित किया जाए। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं एसके मिश्रा ने जिले में पशुपालन के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सहायक संचालक मत्स्य पालन ने मछुआरा समितियों के सशक्तिकरण के लिए समूहों को आवंटित तालाब एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। उद्यान विकास अधिकारी ने नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल सीड एवं ऑयल पाम योजना अंतर्गत जिले में ऑयल पाम की खेती के लिए किए जा रहे प्रयासों से सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में क्रमशः पशुपालन विभाग का प्रस्ताव उद्यानिकी विभाग का प्रस्ताव 2 एवं मत्स्य पालन विभाग का प्रस्ताव पर चर्चा की गई, जिन्हें कृषि सभापति के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में रामकुमार भट्ट सभापति, डॉ. वीरेन्द्र साहू सदस्य, राजकुमार मेरावी सदस्य, श्रीमती सुमित्रा पटेल सदस्य, अमित कुमार मोहंती सचिव कृषि स्थायी समिति सह उप संचालक कृषि सहित पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी, जल संसाधन, क्रेडा, बीज निगम, कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस ने वाइट टी-शर्ट मूवमेंट प्रोग्राम के तहत की साफ-सफाई

अमृत संदेश । कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा वाइट टी-शर्ट मूवमेंट के तहत ग्राम पंचायत घुघरीखुर्द गांव शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। यह अभियान हमारे जनप्रिय नेता राहुल गांधी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने और समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को सशक्त करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अवसर पर संविधान का सामूहिक पाठ स्कूल परिसर में किया गया,गांव में भ्रमण कर स्कूल, चौक चौराहा, आंगनबाड़ी केंद्र में स्वक्षता के साथ ग्रामीणजनों को स्वच्छता और समानता का महत्व समझाया, साथ ही जन गण मन गायन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुई। इस वाइट टी-शर्ट मूवमेंट का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के आवाह्न पर युवा कांग्रेस विधानसभा



कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में किया गया। युवा कांग्रेस कवर्धा समन्वयक अश्विनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि वाइट टी-शर्ट महज़ एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि करुणा, एकता, अहिंसा, बराबरी और सर्वोदय के पाँच मार्गदर्शक सिद्धांतों का प्रतीक है। आज के समय में आय, जाति और धर्म के आधार पर बढ़ती असमानता के खिलाफ विचारधारा से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। धर्म का अर्थ निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना है, जबकि कर्म का अर्थ अधिकारों की रक्षा और न्याय के लिए संघर्ष करना है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय ध्रुर्वे, राजू मिराज, पदुम सेन, बिसेन निषाद, राजेंद्र डिंडोर, अशोक पटेल, सूरज वर्मा, रामगोपाल वर्मा, आनंद चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, लुकेश वर्मा, देवकुमार चंद्रवंशी, गिरधर लहरे, पप्पू चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, बाबा खान, रामनारायण वर्मा, तुलसी यादव, सनत ध्रुवे, लोरिक यादव, प्रमोद योगी, गज्जू यादव, विवेक वर्मा, ऋषि वर्मा, राजेंद्र निषाद, विश्वा निषाद, देवकुमार पटेल, परदेशी निषाद, जलेश पटेल, प्रेम पटेल, दाद्दु पटेल, भानु पटेल, तुलसी पटेल सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पंडरिया के धान उपार्जन केंद्र से 6,000 क्विंटल धान गायब

**कवर्धा (अमृत संदेश)।** जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोदवागोडान धान उपार्जन केन्द्र से 6,000 क्विंटल धान गायब होने का मामला सामने आया है।

लापता धान की अनुमानित कीमत करीब 1.9 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस घोटाले को लेकर कुकदूर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है, हालांकि आरोपी अब तक फरार है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों से 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रही है, जो देश में सबसे ऊंचा समर्थन मूल्य है।

किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ तक की खरीदी की सुविधा मिल रही है। इस वजह से राज्य देशभर में धान खरीदी में अग्रणी राज्य बना हुआ है। इतने बड़े पैमाने पर धान का गायब होना खरीदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस और प्रशासन ने जांच तेज कर दी है।

# शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में रजत जयंती समारोह संपन्न




अमृत संदेश । कवर्धा

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों में ज्ञान, जागरूकता और सृजनशीलता को प्रोत्साहित किया गया। इस तीन दिवसीय समारोह की शुरुआत एल्यूमनी मीट से हुई, जिसमें भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय में बिताए गए पलों को स्मरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंद्रवंशी उपस्थित थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सनत देवांगन ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहन धुर्वे भाजपा मंडल अध्यक्ष, काशीराम उइके पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष), ओमप्रकाश मानिकपुरी एवं आशु चंद्रवंशी भूतपूर्व छात्र उपस्थित थे। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन स्थलों एवं विकास योजनाओं पर विद्यार्थियों द्वारा सेमिनार प्रस्तुत किया गया। पर्यटन, आदिवासी संस्कृति, इको-टूरिज्म और राज्य की उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में सुमन चंद्रवंशी ने प्रथम, राधिका साहू ने द्वितीय एवं प्रीति हठीले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ का विकास और समसामयिक घटनाक्रम विषय पर भाषण एवं क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विदेशी राम ध्रुवे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तथा अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सनत देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अरविंद अवस्थी, नरेश मानिकपुरी, मोहन कश्यप पत्रकार एवं समाजसेवी, संदीप गुप्ता पार्षद एवं संजू गुप्ता सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। क्विज़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ के इतिहास, संस्कृति, कृषि, साहित्य एवं हालिया विकास योजनाओं से जुड़े प्रश्नों का उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण व डिजिटलाइजेशन जैसे विषयों पर प्रभावशाली विचार रखे। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। तृतीय दिव नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रतियोगिता समारोह के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने गोदग्राम भंडार में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में शिक्षा का विस्तार, किसानों की स्थिति में सुधार, महिलाओं की भागीदारी और बुनियादी ढांचे के विकास को सजीव रूप से दर्शाया गया। साथ ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विकास और भविष्य की संभावनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

# संविदा कर्मचारी महासंघ ने एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को दिया समर्थन

अमृत संदेश । कवर्धा

दस सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य सहित कबीरधाम जिले में गत 18 अगस्त से करीब 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल लगातार जारी है। हड़ताल के दौरान 25 एनएचएम संगठन के पदाधिकारियों की सेवा समाप्त भी कर दी गई है बावजूद इसके कर्मचारियों का आंदोलन विभिन्न गतिविधियों व प्रदर्शनों के साथ चल रहा है। एनएचएम कर्मचारियों द्वारा नियमितिकरण, जॉब सुरक्षा, संविलियन, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है । बताया जाता है कि अब इस आंदोलन में राज्य के संविदा कर्मचारियों के एकमात्र फेडरेशन छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने भी समर्थन दिया है जिसमें सभी विभाग के संविदा कर्मचारी एक दिन 12 सितंबर को काम बंद कर एनएचएम कर्मचारियों के धरना स्थल पर पहुचे और उनकी मांगों को समर्थन दिया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी मंत्रियों व



विधायक के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी जानकारी संविदा फेडेरेशन के सचिव श्रीकांत लास्कर और उपाध्यक्ष संजय सोनी ने दी। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 25 दिन से आंदोलन कर रहे एनएचएम कर्मचारियों की उपेक्षा से पूरे संविदा कर्मचारी आक्रोशित हैं। शासन प्रशासन मांगों को पूरा करने के स्थान पर सेवा समाप्ति जैसे निर्णय ले रहा है जो कि उचित नहीं है। संविदा महासंघ ने इस मामले में मुख्यमंत्री से भी हस्तक्षेप की अपील की है। महासंघ ने यह भी कहा है कि सरकार का अड़ियल रुख जारी रहने से पूरे प्रदेश के संविदा कर्मचारी भी आंदोलन को बाध्य होंगे। गौरतलब है कि 54 विभागों के संविदा कर्मचारियों द्वारा पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 5 साल संघर्ष किया गया था। वर्ष 2023 में 31 दिवसीय आन्दोलन भी किया गया जिस पर भूपेश सरकार ने 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा सभी संविदा कर्मियों के लिए की थी जो एनएचएम सहित कई विभागों को आज तक प्राप्त ही नहीं हुई है। उस आंदोलन के दौरान आज के डॉ रमन सिंग, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, अरुण साव जैसे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने संविदा कर्मचारियों को समर्थन देने पहुंचे थे। बाद में भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के नाम से 100 दिन में कमेटी का गठन का संविदा कर्मचारियों की समस्याओं के हल का वादा किया।

# योग हमारे देश की प्राचीन धरोहरः आईजी गर्ग

भिलाई (अ.सं.)। अग्रसेन भवन, सेक्टर-6, भिलाई में जारी राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने अपने सधे हुए योगाभ्यास से अतिथियों और निर्णायकों के साथ-साथ दर्शकों को भी हैरान किया। शरीर और मन का संतुलन साधते हुए इन नौजवानों ने विभिन्न इवेंट में कई हैरतअंगेज प्रदर्शन किए। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की लचक, संतुलन, अनुशासन एवं प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के दौरान सभागार में उत्साह का वातावरण बना रहा। देश के अलग-अलग राज्यों से आए प्रतिभागियों ने पारंपरिक एवं नवीन योगासनों का प्रदर्शन कर न सिर्फ अपनी योग साधना का परिचय दिया बल्कि दर्शकों को भी योग के महत्व से अवगत कराया। तीसरे दिन अलग-अलग सत्र में कई विशिष्ट अतिथियों का आगमन हुआ। दोपहर के सत्र में पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों का प्रदर्शन देखा। उन्होंने आयोजन को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है और इस तरह की राष्ट्रीय प्रतियोगिता युवाओं को न केवल



स्वस्थ जीवन शैली की ओर अग्रसर करती हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की योग परंपरा को सशक्त बनाती हैं। इस दौरान आईजी श्री गर्ग ने भारत स्वाभिमान न्यास के सह-राज्य प्रभारी अनूप बंसल और छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती की मौजूदगी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसी तरह दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने भी आयोजन की सराहना करते हुए योग को संपूर्ण विश्व के लिए भारत का वरदान निरूपित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ईश्वर उपाध्याय समाजसेवी, सरस बर्मन पर्यावरण मित्र, प्रदीप बाकलीवाल, रचित कौशिक कोषाध्यक्ष योगासन भारत, श्रेयस मार्कण्डेय टी.एस.आर., बीना त्रिपाठी, , खिलेंद्र साहू, शैलेंद्र प्रभारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन, भानु साहू सह राज्य प्रभारी युवा भारत, भोजेंद्र साहू, डी.के.देवांगन, धीरेन्द्र वर्मा, अभय खनंग, नीतू गुप्ता, सुधा सोनी, आर पी शर्मा, नरेंद्र पटेल और आनंद सिंह सहित कई प्रमुख लोगों का विशिष्ट भागीदारी रही। तीसरे दिन की प्रतियोगिता देर शाम तक चलती रहीं। चौथे एवं अंतिम दिवस पर 14 सितंबर को फाइनल मुकाबले एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित है।

तीसरे दिन अलग-अलग वर्ग में प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें हैंड बैलेंस व्यक्तिगत में नितिन पावले महाराष्ट्र स्वर्ण पदक, ऋषभ चटर्जी वेस्ट बंगाल से रजत पदक, अभिनेश कुमार तमिलनाडु से कांस्य पदक, बैक बैंड व्यक्तिगत में अलका कुमारी पेरीवाल पंजाब स्वर्ण पदक, पूर्व किनारे महाराष्ट्र रजत पदक, साक्षी कुमारी बिहार कांस्य पदक प्रदान किया गया। वहीं आर्टिस्टिक पेयर में लिटन दास बंगाल, मित कुमार गुजरात और इरफान गुलजार जम्मू कश्मीर ने, ट्विस्टिंग बॉडी 18 से 28 आयु वर्ग में शाह कृष गुजरात, किशन देवनाथ त्रिपुरा, राहुल चक्रधारी छत्तीसगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# देहदान के लिए सांसद विजय बघेल ने भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी और हिंदी सिनेमा के लीजेंड एक्टर रजनीश झांझी का किया सम्मान



भिलाई (अ.सं.)। भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग-भिलाई सांसद विजय बघेल ने शुक्रवार को देहदान का संकल्प लेने वाले लीजेंड एक्टर रजनीश झांझी को सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि देहदान समाज के लिए प्रेरणादायी कार्य है और इससे आने वाली पीढ़ियों को नई दिशा मिलती है। सम्मान प्राप्त करते हुए रजनीश झांझी ने बताया कि मृत्युपरान्त उनके अंगों को किसी भी जीवित ज़रूरतमंद इंसान पर प्रत्यारोपित किया जाये, उन्हें इस कार्य की प्रेरणा स्वर्गीय आनंद अतृप्त जी से मिली थी तत्पश्चात उन्होंने वर्ष 2016 में आस्था संस्था के माध्यम से देहदान का संकल्प लिया था। इस अवसर पर उन्होंने आस्था संस्था के प्रमुख और समाजसेवी श्री प्रकाश गेदाम और निशु पांडे का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस अभियान में सहयोग दिया। समारोह में उपस्थित जनों ने देहदान को मानवता की सच्ची मिसाल बताया। झांझी जी के मार्गदर्शन और आह्वान से अब तक विभिन्न् संस्थाओं के माध्यम से ढाई सौ से ज़्यादा लोगों ने देहदान का संकल्प लिया हैं। सांसद विजय बघेल जी ने कहा कि झांझी जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए आदर्श हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर लोग आगे आ रहे हैं। रजनीश झांझी का मानना है कि देहदान से चिकित्सा जगत को सहयोग मिलता है और यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।

## सीरत जन कल्याण कमेटी का पुरस्कार वितरण आज

भिलाई (अ.सं.)। भिलाई। सीरत जन कल्याण कमेटी, भिलाई की ओर से आयोजित किए गए इस्लामिक नॉलेज टेस्ट (आईकेटी) का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 14 सितम्बर को सुबह 10:30 बजे से गब्बर बैंक्वेट हॉल जुनवानी रोड भिलाई में रखा गया है। आयोजन में मुख्य संरक्षक जमाअते इस्लामी हिंद छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रेसीडेंट शब्बीर खान, मुख्य अतिथि डॉ. एजाज़उद्दीन रजिस्ट्रार-एक्जीक्युटिव डायरेक्टर (आरएंडडी) रूंगटा इंटरनेशनल स्किल यूनिवर्सिटी भिलाई, विशिष्ट अतिथि ज़िल्लूर रहमान प्रेसीडेंट दारूल कजा, मुफ़्ती मोहम्मद सोहैल काजी शहर भिलाई-दुर्ग और हसन अली सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

# पाटन दशहरा उत्सव में इस वर्ष रावण बनेंगे नरेन्द्र दुबे



पाटन (अ.सं.)। नगर पंचायत पाटन में दशहरा उत्सव समिति की बैठक सम्पन्न हुई । इस वर्ष रावण के पात्र को बदले गये हैं। काफ़ी वर्षों के बाद पाटन दशहरा मैदान में नये पात्रो को देखने को मिलेगा। इस बार रावण की भूमिका अदा करेंगे नरेन्द्र दुबे, राम की भूमिका पर वेदांत पाण्डेय, लक्ष्मण की भूमिका पर शिवम् पाण्डेय, हनुमान बनेंगे वहीं घनश्याम सोनी विभीषण की भूमिका अदा करेंगे। आतिशबाजी के साथ हर्षोल्लास के साथ दशहरा मैदान अखरा में तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, सभापति केवल देवांगन, देवेन्द्र ठाकुर, उपाध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी, कृष्णा भाले, पं. विजय सावणी', पं. कृष्ण कुमार तिवारी, संजय शर्मा, दिनेश मिश्रा, गंगादीन साहू, योगेश्वर वर्मा, विनोद देवांगन, श्रीकांत देवांगन, सागर सोनी, नरेंद्र दुबे, जलज सावणी नितेश तिवारी, राधे यादव, प्रमोद मिश्रा, संतोष जलक्षत्री, अरूण कश्यप, मनहरण पटेल सहित नागरिकगण उपस्थित थे ।

## उन्नति महिला सहकारी साख समिति भिलाई का 14 वां स्थापना दिवस आज

भिलाई (अ.सं.)। उन्नति महिला सहकारी साख समिति मर्यादित भिलाई दुर्ग का 14 वा स्थापना दिवस एवं आम सभा का आयोजन आंबेडकर भवन रामनगर सुपेला में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में आयोजित किया गया गई प्रथम कार्यक्रम उन्नति महिला सहकारी साख समिति का वार्षिक आम सभा का आयोजन होगा जिसमें साख समिति के अंश धारी सदस्य गण शामिल होंगे । कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्थापना दिवस कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है कार्यक्रम में साख समिति द्वारा भिलाई दुर्ग की ऐसी महिलाए जो सामाजिक कार्य ,नारी सशक्तिकरण कार्य के साथ महिलाओं में बचत हेतु प्रेरित करने वाली महिलाओं का सम्मान की जाएगी।

# सेक्टर-09 चिकित्सालय में पद्मभूषण कार्डियक सर्जन डॉ. देवी शेट्टी ने किया हेल्थ टॉक



भिलाई (अ.सं.)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में 13 सितम्बर 2025 को प्रख्यात कार्डियक सर्जन, व नारायणा हृदयालय लिमिटेड के संस्थापक एवं चेयरमैन, पद्मभूषण डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी द्वारा हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शेट्टी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, लाइफस्टाइल मैनेजमेंट एंड द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर डिलीवरी इन इंडिया विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने डॉ. शेट्टी का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ.सौरभ मुखर्जी, डॉ. उदय कुमार व डीएनबी छात्र डॉक्टर सहित चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

अपने व्याख्यान में डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी ने जीवनशैली आधारित रोगों की रोकथाम और स्वस्थ जीवन के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने सभी को स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी के लिए स्मार्ट वॉच पहनने की सलाह दी और प्रतिदिन कम से कम 10,000 कदम चलने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जहाँ संभव हो, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का उपयोग करना चाहिए। डॉ. शेट्टी ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि योग को किसी भी उम्र में जीवनशैली का हिस्सा बनाया जा सकता है। उन्होंने स्वयं के जीवन में योग से मिले लाभों को भी साझा किया। उन्होंने सभी को प्रत्येक घंटे में कम से कम आधा गिलास पानी पीने की आदत डालने का सुझाव दिया, जिससे शरीर फिट और ऊर्जावान बना रहता है। साथ ही, उन्होंने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पर भी जोर दिया और कहा कि इससे असमय मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में अस्पताल के चिकित्सकों ने डॉ. शेट्टी से विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। इस वर्चुअल आयोजन ने चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों को स्वास्थ्य प्रबंधन के नए आयामों से अवगत कराया और सभी को प्रेरित किया कि वे इन सुझावों को अपनी दिनचर्या में अपनाकर दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर के ब्लॉक अध्यक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षक शशि भूषण गौतम कोहका में आज लेंगे बैठक



भिलाई (अ.सं.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के नेतृत्व में सभी जिलों के ब्लॉक अध्यक्ष का चयन संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है । वैशाली नगर विधान सभा के अंतर्गत आने वाला ब्लॉक सुपेला कोसनगर भिलाई के अध्यक्ष का चयन करने सिन्हा भवन कोहका में 14 सितम्बर को शाम 4 बजे से बैठक रखी । बैठक में प्रवेक्षक के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव श्री शशि भूषण गौतम जी भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर जी उपस्थित होंगे ।बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसनगर भिलाई के। सभी 26 वार्ड के 7 मंडल अध्यक्ष जिसमें नेहरू नगर मंडल, राधिका नगर, सुपेला मंडल, कृष्णा नगर मंडल, कोहका मंडल, आंबेडकर नगर मंडल, रामनगर मंडल, कुरूद मंडल के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे । ज्ञात हो कि सुपेला कोसा नगर कांग्रेस कमेटी में वर्तमान अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप जी द्वारा अपने नियुक्ति के बाद से ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को सभी 26 वार्डो में कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने का कार्य किया गया है ।

## विशेष बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

भिलाई (अ.सं.)। सामाजिक संस्था गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से विशेष बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 14 सितम्बर को किया जा रहा है। शाम 5:30 से रात्रि 8:30 बजे तक बी.एन.एस. ऑडिटोरियम, सेक्टर-8 में होने वाले इस कार्यक्रम में भिलाई सहित रायपुर, राजनांदगांव और धमतरी के 15 विद्यालयों के विशेष बच्चे कला, संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि आयोजन में जिला एवं पुलिस प्रशासन, भिलाई स्टील प्लांट व अन्य प्रमुख शास.-अशासकीय उपक्रमों के प्रमुख लोग उपस्थित रहेंगे। नागरिकों से इस अवसर पर उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

## विश्वकर्मा पूजा के दिन किसी भी प्रकार के विजीटर्स पास जारी नहीं किये जायेंगे



भिलाई (अ.सं.)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा की दृष्टि से 17 सितम्बर, 2025 को होने वाले विष्वकर्मा पूजा में संयंत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों तथा आंगतुकों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। अतः संयंत्र प्रबंधन ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर विष्वकर्मा पूजा के दिन अर्थात 17 सितम्बर, 2025 को किसी भी बाहरी अतिथि/पंडित/आगंतुक को संयंत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। साथ ही आयोजकों को यह सलाह दी जाती है कि पंडित की व्यवस्था केवल भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों में से ही की जाये। इस प्रकार बीएसपी प्रबंधन ने परिपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि संयंत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विष्वकर्मा पूजा में 17 सितम्बर, 2025 को विजीटर्स पास पूर्णतः प्रतिबंधित होगा और 17 सितम्बर, 2025 को किसी भी प्रकार के विजीटर्स पास जारी नहीं किया जायेगा। अतः लोगों से अपील है कि विष्वकर्मा पूजा में व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें। आप सभी पर भगवान विश्वकर्मा का आर्शीवाद बना रहे।

# हाजी सिद्दीकी की किताब को मौलाना शहबाजी ने सराहा



भिलाई (अ.सं.)। प्रख्यात शिल्पकार हाजी एम एच सिद्दीकी ने मुस्लिम धार्मिक गुरू हजरत अल्लामा मौलाना सैय्यद मुहम्मद अहरार आलम वफ़ा शहबाजी से मुलाकात कर उन्हें अपनी किताब 'तामीर ए मस्जिद मदरसा व मज़ारात' भेंट की। ख़ानकाह शहबाजिया के चश्मो-चिराग अहरार आलम ने हाजी सिद्दीकी की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि मस्जिद मदरसा व मज़ारात के निर्माण पर जानकारी का बहुत ही आसान तरीका और बनावट की बारीकियों को दिया गया है, यह किताब ऐसे तामीरी काम के दौरान एक गाइड का काम कर सकती है। इस दौरान जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ईमामो खतीब इकबाल अंजुम हैदर और भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग सहित कई आलिमे दीन मौजूद थे। हाजी एमएच सिद्दीकी विगत 4 दशक से स्थापत्य कला के क्षेत्र में एक जाना पहचाना नाम है और उन्होंने अब तक छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा सहित कई प्रमुख इमारतों का निर्माण अपनी विशिष्ट डिजाइन पर करवाया है।

# नेशनल हाईवे में केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा, बड़ा हादसा टला



कुम्हारी (अ.सं.)। शनिवार सुबह नेशनल हाईवे पर खारुन ग्रीन कॉलोनी के पास एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया बताया गया कि टैंकर में साबुन बनाने में उपयोग होने वाला सोडियम सिलिकेट ऑयल भरा हुआ था जानकारी लगते ही राहगीर एवं आस-पास निवास कर रहे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि हादसे की सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना प्रभारी योगेश्वर वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत सड़क को सुरक्षित किया और जाम हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। नगर पालिका की टीम ने कॉलोनी और सड़क पर फैले केमिकल पर रेत की परत डलवाकर रिसाव को नियंत्रित किया। जानकारी के मुताबिक, मिनी ट्रक (सीजी 04 एलएफ 7015) रायपुर से दुर्ग की ओर जा रहा था। ट्रक के पीछे डाले में केमिकल से भरा टैंकर लोड था। अचानक टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही पीछे रखा टैंकर सड़क पर गिर पड़ा और केमिकल बाहर फैलने लगा। टैंकर से गिरा केमिकल सड़क के रास्ते खारुन ग्रीन कॉलोनी तक पहुंच गया। जैसे ही लोगों को इसकी जानकारी मिली, अफरा-तफरी मच गई। यह आशंका बनी रही कि कहीं यह केमिकल ज्वलनशील न हो। लोग घरों से बाहर निकल आए और इलाके में घबराहट का माहौल बन गया। हादसे के चलते रायपुर-दुर्ग मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बाद में ट्रक को किनारे हटाकर यातायात बहाल किया गया। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# रेलवे क्षेत्र के विस्थापितों को सहारे की तलाश हाल पूछने नहीं पहुंचा कोई जनप्रतिनिधि



**कुम्हारी।** वर्षों से रेल्वे स्टेशन रोड पर गुमटियां बनाकर या जमीन पर बैठकर दर्जनों नगर के फुटकर व्यवसायी हो या गांव की वह महिलाएं जो अपने दो बीघे छोटे से जमीन पर भाजी तरकारी के उपज को जरूरतमंद लोगों को बेचकर अपने परिवार के पेट पाला करते थे। आज बेरोजगारी की दहलीज पर खड़े हो गये हैं।

देश और प्रदेश का विकास करना तो गर्व की बात है, लेकिन छोटे व्यवसायों को उजाड़कर क्षेत्र का विकास किया जाए तो ऐसे विकास से गांव की वह जिंदगी अच्छी है जिसमें लोग चैन की जिंदगी तो बसर करते हैं।

निःसंकोच देश को तीसरे महा शक्ति बनाने में भाजपा की केन्द्र सरकार भरपूर कोशिश कर रही हैं। कस्बों और जोड़ियों को उजाड़कर फैक्ट्री और माल बनाये जा रहे हों लेकिन इस विकास का लाभ शायद कुछ मुट्ठी भर लोग ही उठा पाने में सक्षम हैं। मकान, दुकान, व्यवसाय को बढ़ाने केन्द्र सरकार छोटे व्यवसायों को आर्थिक मदद कर उनके जीवन स्तर को संवारने में सहयोग जरूर करती है परन्तु रेल्वे स्टेशन रोड के उन फुटकर दुकानदारों का क्या होगा ?जिन्हें पुनः व्यवस्थित करने के लिए ना तो रेल विभाग ने कोई योजना बनाई है और ना केन्द्र सरकार ने। बड़े अफसोस का विषय जिन्हें कांग्रेस अपना पक्का वोट बैंक समझती है उनके इस दुख की घड़ी में समर्थन देने या सांत्वना देने क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल ने भी उजड़ते घर और व्यापार के लिए दुख व्यक्त किया हो या समर्थन देते नजर आये हो। लेकिन चुनाव के नजदीक आते ही यही विधायक और सांसद गलियों में घूमते हुए शुभचिंतक बने अवश्य नजर आने लगेंगे।कुम्हारी नगर पालिका के चुनाव हुए कुछ ही दिन बीते होंगे जब गली गली में सैकड़ों की तादात में नेता दिखाई दिये थे, लेकिन अब ना तो इन व्यथित मतदाताओं को सहानुभूति देने कोई नेता दिखे और ना ही कोई सांसद या विधायक ! वे एक दूसरे के दुख-दर्द को बांटकर ही रह गये। रेल्वे के तोड़ूदस्ते से इन विस्थापितों के व्यवस्थापन के लिए केन्द्र की योजनाओं पर बात की गई तो इसे अतिक्रमण कहकर स्वयं बचते रहे और विभागों पर जवाबदारी थोपते रहे ।

## आमिर खान प्रोडक्शंस की जुनैद खान और साई पल्लवी स्टारर मेरे राहो 12 दिसंबर को होगी रिलीज





आमिर खान प्रोडक्शंस की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक ड्रामा फिल्म मेरे राहो की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। फिल्म 12 दिसंबर 2025 को थिएटर्स में दस्तक देगी। इस फिल्म में आमिर खान के बेटे जुनैद खान और साउथ की मशहूर अदाकारा साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है जबकि इसे मंसूर खान और आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है।

पहले फिल्म को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि इसका टाइटल एक दिन होगा और यह 7 नवंबर 2025 को रिलीज हो सकती है। उस समय चर्चा थी कि यह फिल्म अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की डेब्यू फिल्म इक्कीस से टकराएगी। लेकिन अब आधिकारिक घोषणा के साथ सभी अटकलों पर विराम लग गया है।

मेरे राहो की कहानी खूबसूरत जापानी विंटर्स की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें दर्शकों को जापान के मशहूर साप्पोरो स्नो फेस्टिवल की झलक भी देखने को मिलेगी। फिल्म की शूटिंग 2024 की शुरुआत में जापान में हुई थी। शूटिंग के दौरान टीम को अचानक भारी बर्फबारी के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन कड़ी मेहनत और लगन के बाद प्रोजेक्ट ने रफ्तार पकड़ी और अब यह रिलीज के लिए तैयार है। जुनैद खान के लिए यह फिल्म उनके करियर का तीसरा प्रोजेक्ट और दूसरा थिएटरिकल रिलीज होगा। उन्होंने यशराज फिल्म्स की महाराज से ओटीटी डेब्यू किया था, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इसके बाद उनकी पहली बिग-स्क्रीन रिलीज लवयापा उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई। ऐसे में मेरे राहो से उन्हें दर्शकों के बीच अपनी नई पहचान बनाने का मौका मिलेगा। वहीं, साई पल्लवी जैसी टैलेंटेड और लोकप्रिय अभिनेत्री की मौजूदगी से फिल्म की क्रिएटिव अपील और बढ़ जाती है। फिल्म की रिलीज डेट इसे कड़ी टक्कर वाले दिसंबर विंडो में लाती है। यह फिल्म रणवीर सिंह की धुरंधर और विशाल भारद्वाज की शाहिद कपूर-तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म के ठीक एक हफ्ते बाद सिनेमाघरों में आएगी।

# शहनाज़ गिल के भाई शहबाज़ बदेशा की बिग बॉस 19 में तूफानी एंट्री

अभिनेत्री और गायिका शहनाज़ गिल ने बिग बॉस 13 में अपने यादगार प्रदर्शन से दर्शकों और सलमान खान दोनों का दिल जीत लिया। अब, उनके भाई शहबाज़ बदेशा बिग बॉस 19 में सीज़न के पहले वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में अपना आकर्षण और व्यक्तित्व दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

अभिनेत्री और गायिका शहनाज़ गिल ने बिग बॉस 13 में अपने यादगार प्रदर्शन से दर्शकों और सलमान खान दोनों का दिल जीत लिया। अब, उनके भाई शहबाज़ बदेशा बिग बॉस 19 में सीज़न के पहले वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में अपना आकर्षण और व्यक्तित्व दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शहनाज गिल के भाई, शहबाज़ बदेशा, आखिरकार वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में 'बिग बॉस 19' के घर में कदम रख चुके हैं, और इस सीज़न को एक अलग ऊँचाई पर ले जाने का वादा किया है। शहबाज़ को शुरू से ही शो में शामिल होना था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। घर में प्रवेश करने से पहले, उन्होंने इंडिया टुडे से बात की और शो में आने के बारे में खुलकर बात की।

शहबाज़ ने दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला, जो उनके करीबी पारिवारिक मित्र और सीज़न 13







के विजेता थे, को याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने एक बार भविष्यवाणी की थी कि शहबाज़ एक दिन 'बिग बॉस' में होंगे। अपने बारे में बात करते हुए, शहबाज़ ने कहा, मुझे पता है कि एक ही जगह पर होना भावुक कर देने वाला होगा, लेकिन मैं इन भावनाओं को अपनी ताकत बनाऊँगा। मुझे पता है कि वह मुझे जीतते देखना चाहेंगे। अब बिग बॉस 19 में आने के साथ ही उनके सफर ने एक बड़ा मोड़ ले लिया है। आइए उनके परिवार और करियर पर एक नज़र डालते हैं।19 मई 1991 को अमृतसर, पंजाब में जन्मे, शहबाज 34 वर्षीय हैं और एक सिख परिवार में पले-बढ़े हैं। संगीत और टेलीविजन में शहनाज गिल की सफलता सोशल मीडिया पर उनकी लोकप्रियता की पहली सीढ़ी थी।

कैमरे के सामने उनकी सहज सहजता और उनके स्पष्ट व्यक्तित्व ने उन्हें 2019 में बिग बॉस 13 में पदार्पण करते ही दर्शकों से जुड़ने में मदद की।

शहबाज़ बदेशा की गर्मजोशी भरी बातचीत और जीवंत स्वभाव ने उन्हें दर्शकों के लिए तुरंत यादगार बना दिया। इसके बाद, उन्होंने मुझसे शादी करोगे (2020) में अभिनय किया, जिससे उन्हें खुद को सिर्फ़ शहनाज़ के भाई से बढ़कर दिखाने का मौका मिला। पिछले कुछ वर्षों में, शहबाज़ ने अपनी ऑनलाइन उपस्थिति को मज़बूत किया है, खासकर इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर। यह प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य रूप से YouTube पर फिटनेस, बाइक और कार से जुड़े विषयों को कवर करता है। शहबाज़ का अब तक का सबसे महत्वपूर्ण पेशेवर कदम बिग बॉस 19 में उनकी भागीदारी है, जिसका प्रीमियर 24 अगस्त 2025 को हुआ था। शहबाज़ बदेशा, शहनाज़ गिल के छोटे भाई हैं, जो न केवल बिग बॉस 13 की उपविजेता रहीं, बल्कि रिया कपूर की 'थैंक यू फॉर कमिंग' और सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान' में भी अभिनय कर चुकी हैं। उनके माता-पिता, संतोख सिंह सुख और परमिंदर कौर गिल, अभी भी पंजाब में रहते हैं, जबकि दोनों भाई-बहन अब मुंबई में रहते हैं।

# साल की सबसे बड़ी हिट सैय्यारा की ओटीटी रिलीज डेट का ऐलान

ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स ने आखिरकार 2025 की सबसे बड़ी हिट फिल्म सैय्यारा की ओटीटी रिलीज़ डेट की आधिकारिक घोषणा कर दी है। नवोदित अहान पांडे और अनीत पड्डा के साथ शानदार शुरुआत करने वाली इस फिल्म को इसके संगीत और रोमांस के लिए खूब पसंद किया गया।



ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स ने आखिरकार 2025 की सबसे बड़ी हिट फिल्म सैय्यारा की ओटीटी रिलीज़ डेट की आधिकारिक घोषणा कर दी है। नवोदित अहान पांडे और अनीत पड्डा के साथ शानदार शुरुआत करने वाली इस फिल्म को इसके संगीत और रोमांस के लिए खूब पसंद किया गया। साल की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने और 46 दिनों से ज़्यादा सिनेमाघरों में टिके रहने के बाद, यह फिल्म अब ओटीटी पर दस्तक दे रही है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे रही 'सैयारा'। फिल्म के ओटीटी रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। मोहम्मद सूरी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 सितंबर, 2025 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। नेटफ्लिक्स ने आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। यह जानकारी उन दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जो थिएटर में इस फिल्म को नहीं देख पाए थे या जो इसे दोबारा देखना चाहते हैं। 'जुगनुमा' का प्रीमियर पर यारों की यारी देखने को मिली है। मनोज बाजपेयी को देखते ही धाकड़ एक्टर्स और डायरेक्टर ने उनके पैर छुए। फिल्म जुगनुमा के प्रीमियर पर अनुराग कश्यप, विजय वर्मा और जयदीप अहलावत ने पैर छुए। इसका वीडियो वायरल हो रहा है और ये धाकड़ एक्टर-डायरेक्टर । कोई और नहीं बल्कि सिनेमाई दुनिया में कला के सितारे हैं। डायरेक्टर जिन्हें लोग अनुराग कश्यप के नाम से जानते हैं। .ऐश्वर्या राय बच्चन को दिल्ली हाई कोर्ट ने राहत की खबर सुनाई है। एक्ट्रेस की फोटो और वीडियो बिना अनुमति के इस्तेमाल नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा कि किसी भी तरह से उनकी इजाजत के बिना उनके नाम। फोटो या पर्सनालिटी से जुड़ी चीजों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने साफ किया कि अगर कोई संस्था या व्यक्ति । ऐश्वर्या राय बच्चन की पहचान का गलत इस्तेमाल करता है तो इससे लोगों में यह भ्रम पैदा होगा कि वह उस प्रोडक्ट या सर्विस से जुड़ी हैं। अदाकारा करिश्मा कपूर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लेकिन इस बार वजह उनकी फिल्मों या किसी रेड कार्पेट इवेंट की नहीं बल्कि उनके पूर्व पति संजय कपूर की 30 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर चल रहा कानूनी विवाद है करिश्मा और प्रिया सचदेव के बीच की लड़ाई अब जगजाहिर हो गई है और कानूनी पचड़ा बढ़ता ही जा रहा है। करिश्मा अपने बच्चों का हक मांग रही हैं तो वहीं प्रिया का दावा है कि वो ही संपत्ति की असल हकदार हैं।

## टीआईएफएफ में 'गांधी' का जलवा! हंसल मेहता की सीरीज़ को मिली शानदार स्टैंडिंग ओवेशन!



महात्मा गांधी का चित्रण ज़्यादातर फ़िल्मों में ही हुआ है, ख़ासकर रिचर्ड एटनबरो की 1982 में बनी ऑस्कर विजेता बायोपिक में। लेकिन पीटर मॉर्गन की 'द क्राउन' देखते हुए, निर्माता हंसल मेहता और समीर नायर ने नागरिक अधिकार नेता की कहानी को छोटे पर्दे पर एक महाकाव्य सीरीज़ में रूपांतरित करने की संभावना देखी।

महात्मा गांधी का चित्रण ज़्यादातर फ़िल्मों में ही हुआ है, ख़ासकर रिचर्ड एटनबरो की 1982 में बनी ऑस्कर विजेता बायोपिक में। लेकिन पीटर मॉर्गन की 'द क्राउन' देखते हुए, निर्माता हंसल मेहता और समीर नायर ने नागरिक अधिकार नेता की कहानी को छोटे पर्दे पर एक महाकाव्य सीरीज़ में रूपांतरित करने की संभावना देखी। फिल्म निर्माता हंसल मेहता की 'गांधी' का टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) में प्रीमियर हुआ। प्रतीक गांधी अभिनीत इस सीरीज़ को खचाखच भरे अंतरराष्ट्रीय दर्शकों ने खड़े होकर तालियाँ बजाईं। यह सीरीज़, जो टीआईएफएफ में प्रस्तुत होने वाली पहली भारतीय सीरीज़ है, मोहनदास करमचंद गांधी के एक शर्मीले, युवा व्यक्ति से अहिंसा और परिवर्तन के वैश्विक प्रतीक बनने के असाधारण सफ़र को जीवंत करती है। प्रीमियर पर तालियाँ सिर्फ़ कहानी कहने के लिए नहीं थीं; यह पूरी टीम और विश्व मंच पर भारतीय कहानी कहने के लिए एक गौरव का क्षण था। इसने एक ऐसे आख्यान के आगमन का संकेत दिया जो भारत के इतिहास में गहराई से निहित है और सार्वभौमिक रूप से गूंजता है। श्रृंखला में आत्मा का संचार एआर रहमान द्वारा रचित एक भावपूर्ण मूल संगीत द्वारा किया गया है, जिसका संगीत गांधी की यात्रा के भावनात्मक और ऐतिहासिक महत्व को और भी बढ़ा देता है। 'गांधी' से पहले, हंसल और प्रतीक दोनों ने 2020 के सफल शो 'स्कैम 1992' में साथ काम किया था। यह शो अपनी आकर्षक कहानी और दमदार अभिनय के लिए जाना जाता था। यह श्रृंखला रामचंद्र गुहा की प्रसिद्ध कृतियों, 'गांधी बिफोर इंडिया' और 'गांधी: द इयर्स दैट चेंज्ड द वर्ल्ड' से प्रेरित है, जो भारत और उसके बाहर गांधी के प्रभाव की गहन पड़ताल प्रदान करती हैं।

## [ भविष्यफल ]



**मेष**

आप किसी महत्वपूर्ण चीज़ को छोड़ देंगे, जैसे कोई व्यक्ति, नौकरी या कोई आदत। आपके रोमांस और रचनात्मकता की ओर मुड़ जाएगी।

**वृष**

आप फिर से सामान्य महसूस करेंगे। वित्तीय सौदों या कार्यस्थल पर नए अवसरों से जुड़ी पिछली बातचीत भी आपके पक्ष में हो सकती है ।

**मिथुन**

ज्योतिषी इस गोचर को प्रोफेसनल सफलता के लिए एक बेहतरीन अवसर बता रहे हैं। जिस नई नौकरी या प्रमोशन की आप उम्मीद कर रहे थे।

**कर्क**

आपको सलाह देते हैं कि आप इन समस्याओं का साहस के साथ समाधान करें। किसी नए रचनात्मक प्रोजेक्ट का निमंत्रण मिल सकता है।

**सिंह**

आपकी राशि में मंगल आपको एक्टिव बनाएगा और काम में तेज़ी लाएगा। आपको कोई वित्तीय बोनस मिल सकता है।

**कन्या**

आपके रोमांटिक जीवन और व्यावसायिक साझेदारियों में भी बड़ा बदलाव लाएगा। अब हमेशा के लिए अलग होने का समय आ गया है।

**तुला**

आपको कोई वित्तीय बोनस मिल सकता है। या आप किसी करीबी के साथ खास पल बिता सकते हैं।

**वृश्चिक**

आप पाएंगे कि आपका रोमांटिक संबंध एक नए स्तर पर पहुँच सकता है। अविवाहित लोगों को कोई नया रोमांटिक पार्टनर मिल सकता है।

**धनु**

परिवार के सदस्यों के साथ अनबन हो सकती है। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी सोच विचार कर सकते हैं।

**मकर**

व्यावसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारियों और बुजुर्गों की मेहरबानी रहेगी। खास करके स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कुंभ**

आर्थिक लेनदेन के मामले मे आपको सतर्क रहने की जरूरत होगी। आंखों में थकान या जलन हो सकती है-आराम करें।

**मीन**

आज भाग्य 89 प्रतिशत आपके पक्ष में रहेगा। गौ माता को हरा चारा खिलाएं।व्यवसाय में निवेश से लाभ हो सकता है और परिवार में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

## प्रभुदेवा का नया चैलेंज! सोनी लिव पर 'सेथुराजन आईपीएस' में पुलिस अफसर बनकर सुलझाएंगे मर्डर मिस्ट्री

प्रसिद्ध अभिनेता, कोरियोग्राफर और निर्देशक प्रभुदेवा सोनी लिव की आगामी तमिल मूल श्रृंखला 'सेथुराजन आईपीएस' में अपनी पहली भूमिका के साथ स्ट्रीमिंग की दुनिया में कदम रख रहे हैं। 'रथसाची' जैसी हिट फिल्मों के लिए मशहूर रफीक इस्माइल द्वारा निर्देशित यह सीरीज़ एक मनोरंजक राजनीतिक अपराध थ्रिलर है। भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव द्वारा हाल ही में सीरीज़ की पहली झलक जारी करने के बाद इस चर्चा की पुष्टि हुई, जिसमें शुवू बॉलीवुड सितारों प्रभु देवा और रवीना टंडन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दो मिनट तीस सेकंड के इस वीडियो ने पहले ही प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है।



प्रसिद्ध अभिनेता, कोरियोग्राफर और निर्देशक प्रभुदेवा सोनी लिव की आगामी तमिल मूल श्रृंखला 'सेथुराजन आईपीएस' में अपनी पहली भूमिका के साथ स्ट्रीमिंग की दुनिया में कदम रख रहे हैं। 'रथसाची' जैसी हिट फिल्मों के लिए मशहूर रफीक इस्माइल द्वारा निर्देशित यह सीरीज़ एक मनोरंजक राजनीतिक अपराध थ्रिलर है। अपने गतिशील नृत्य और हल्की-फुल्की फ़िल्मी भूमिकाओं के लिए मशहूर प्रभुदेवा एक ज़्यादा गंभीर किरदार में ढलते हैं- एक पुलिस अधिकारी जो ग्रामीण तमिलनाडु में एक राजनीतिक रूप से आरोपित हत्या की जाँच के दलदल में डूबा हुआ है।

प्रभुदेवा काधलन , लव बर्ड्स , मिनसारा कनवु और कथला कथला फिल्मों में अपने डांस और कुछ किरदारों के लिए मशहूर हैं। इस फिल्म में सेथुराजन आईपीएस सिर्फ एक पुलिस वाला नहीं है, बल्कि वह कर्तव्य, पहचान और राजनीति में फंसा हुआ एक व्यक्ति है। फिल्म की कहानी सत्ता, पहचान और न्याय की एक जटिल लड़ाई में उलझी हुई है।

## भारत की अनुपर्णा रॉय ने रचा इतिहास, 82वें वेनिस फिल्म महोत्सव में जीता सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमाई समारोहों में से एक, 82वें वेनिस फ़िल्म समारोह का शनिवार को अपने पुरस्कार समारोह के साथ समापन हुआ, जिसमें वैश्विक फ़िल्म निर्माण के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों का सम्मान किया गया।

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमाई समारोहों में से एक, 82वें वेनिस फ़िल्म समारोह का शनिवार को अपने पुरस्कार समारोह के साथ समापन हुआ, जिसमें वैश्विक फ़िल्म निर्माण के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों का सम्मान किया गया। वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में जहाँ भारत की अनुपर्णा रॉय ने इतिहास रच दिया, वहीं ड्वेन जॉनसन की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' ने भी एक बड़ा पुरस्कार जीता। 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर तक चले इस प्रतिष्ठित महोत्सव में दुनिया भर की



सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का न केवल प्रीमियर हुआ, बल्कि सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित भी किया गया। इस साल का वेनिस फिल्म महोत्सव भारत के लिए बेहद खास रहा। निर्देशक अनुपर्णा रॉय ने 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़' के लिए ओरिज़ोंटी सेक्शन में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। यह फिल्म मुंबई की दो प्रवासी महिलाओं की कहानी है, जो अकेलेपन और संघर्ष के बीच रिश्तों और उम्मीद की तलाश करती हैं।

इस समारोह में एक आश्चर्यजनक मोड़ तब आया जब अमेरिकी स्वतंत्र फ़िल्म 'फ़ादर मदर सिस्टर ब्रदर' ने सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का प्रतिष्ठित गोल्डन लायन पुरस्कार जीता, जिसने बेहद लोकप्रिय 'द वॉयस ऑफ़ हिंद रजब' को पीछे छोड़ दिया। गाज़ा संकट पर आधारित एक सशक्त कहानी पर आधारित इस फ़िल्म को दर्शकों ने 22 मिनट तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं, लेकिन यह शीर्ष पुरस्कार से चूक गई। 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़', इस साल ओरिज़ोंटी सेक्शन में एकमात्र भारतीय प्रविष्टि है। इसमें नाज़ शेख और सुमी बघेल ने अभिनय किया है और यह मुंबई की दो महिलाओं के आपस में जुड़े जीवन को दर्शाती है। बिभांशु राय, रोमिल मोदी और रंजन सिंह द्वारा निर्मित इस फ़िल्म को इसकी कहानी और रॉय के आत्मविश्वास से भरे निर्देशन के लिए व्यापक प्रशंसा मिली।

## न्युवोको ने अपनी तरह का पहला मेरा भरोसा जीरो एम आईडब्ल्यूसी अभियान शुरू किया

**मुम्बई ( ए )।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने अपना मेरा भरोसा न्युवोको ज़ीरो एम अभियान शुरू किया है, जिसके तहत मॉडर्न बिल्डिंग मैटेरियल्स (एमबीएम) बिज़नेस के अपने प्रमुख उत्पाद –न्युवोको जीरो एम आईडब्ल्यूसी+ के लिए 300 डीलरों को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। न्युवोको का एमबीएम बिज़नेस इसके 360-डिग्री कंस्ट्रक्शन इकोसिस्टम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हाई-परफ़ॉर्मेंस फिनिशिंग सॉल्यूशंस प्रदान करता है। तेजी से बढ़ते बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए, एमबीएम में जीरो एम ब्रांड के तहत कंस्ट्रक्शन कैमिकल्स, मल्टीपर्पज़ बॉन्डिंग और वॉटरप्रूफिंग एजेंट्स, वॉल पुट्टी, टाइल और स्टोन एडहेसिव, टाइल ग्राउट, रेडी-मिक्स ड्राई प्लास्टर, ब्लॉक जॉइनिंग मोर्टार, ड्राई बैग कंक्रीट और कवर ब्लॉक्स शामिल हैं। इस अभियान की एक खासियत यह है कि विभिन्न क्षेत्रों के चुनिंदा डीलर स्टोर्स पर बड़े, आदमकद कटआउट स्टैंडीज लगाए गए हैं।

## नौ एनबीएफसी ने पंजीकरण प्रमाणपत्र लौटाए: रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली ( ए )।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि फोन-पे टेक्नोलॉजी सर्विसेज और आदित्य बिड़ला फाइनेंस सहित नौ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) ने विभिन्न कारणों से अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र वापस कर दिया है।

एक अन्य विज्ञप्ति में, केंद्रीय बैंक ने कहा कि उसने 31 एनबीएफसी के पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) रद्द कर दिए हैं। फोन-पे टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पंजीकरण प्रमाणपत्र वापस कर दिया है। आदित्य बिड़ला फाइनेंस ने मूल कंपनी के साथ विलय के बाद प्रमाणपत्र वापस किया है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि आरबीजी लीजिंग एंड क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड और यशिला इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र को अपीलीय प्राधिकरण या न्यायालय द्वारा पारित आदेशों पर विचार करने के बाद बहाल कर दिया गया है। केंद्रीय बैंक ने दोनों एनबीएफसी को रिपोर्टिंग आवश्यकताओं सहित लागू प्रावधानों और दिशानिर्देशों या निर्देशों का पालन करने की सलाह दी।

# सेबी-सहारा खाते से जमाकर्ताओं को 5,000 करोड़ जारी करने का आदेश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में सेबी और सहारा के खाते से जमाकर्ताओं को 5000 करोड़ जारी करने का आदेश पारित किया। दो जजों की खंडपीठ ने इस आदेश के माध्यम से राशि के वितरण की समय सीमा 31 दिसंबर, 2026 तक बढ़ा दी। जानिए क्या है पूरा मामला

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के अनुरोध पर सहारा समूह की ओर से भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में जमा धनराशि में से 5000 करोड़ रुपये के नए वितरण की अनुमति दे दी ताकि सहारा समूह सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं का



बकाया चुकाया जा सके।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने मार्च 2023 के आदेश और शुक्रवार के आदेश के जरिए निवेशकों के लिए जारी की गई राशि के वितरण की समयसीमा 31 दिसंबर, 2026 तक बढ़ा दी।

बाद में सेबी की ओर से एक वकील पेश हुए और उन्होंने निर्देश प्राप्त करने के लिए सोमवार तक का समय मांगा। वकील ने अनुरोध किया कि आदेश को सोमवार तक स्थगित रखा जाए, लेकिन पीठ इससे सहमत नहीं हुई।

**सहारा-सेबी रिफंड खाते में 24 हजार करोड़ से अधिक राशि**

आदेश पारित करते हुए पीठ ने पाया कि मार्च, 2023 के आदेश में न्यायालय की एक समन्वय पीठ ने भी 5000 करोड़ रुपये की राशि जारी करने का निर्देश दिया था क्योंकि सहारा-सेबी रिफंड खाते में कुल 24,979.67 करोड़ रुपये पड़े हैं।

**5000 करोड़ रुपये की नई राशि हस्तांतरण पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी की देखरेख में**

उच्चतम न्यायालय ने आदेश दिया कि सेबी-सहारा रिफंड खाते से 5000 करोड़ रुपये की नई राशि सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार को हस्तांतरित की जाए। जिसके बाद रकम को वितरित किया जाएगा। यह हस्तांतरण सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी की देखरेख में और न्यायालय के मार्च, 2023 के आदेश में उल्लिखित तरीके से एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा।

## बिस्कुट-साबुन के छोटे पैकेट नहीं होंगे सस्ते

### एफएमसीजी कंपनियां सीधे राहत देने में असमर्थ

**एजेंसी । नई दिल्ली**



एफएमसीजी कंपनियों ने सीबीआईसी से कहा कि वे 5 रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये की कीमत वाले छोटे पैकेट पर जीएसटी दरों में कमी के अनुपात में एमआरपी नहीं घटा पाएंगी, क्योंकि इससे कीमतें उस स्तर तक गिर जाएंगी, जो नियमित भारतीय उपभोक्ता के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से उपयुक्त नहीं होगी।

जीएसटी दरों में कटौती के बाद भी 22 सितंबर से बिस्कुट, साबुन और टूथपेस्ट के छोटे पैकेट सस्ते नहीं होंगे, क्योंकि एफएमसीजी कंपनियों ने कम मूल्य वाली वस्तुओं की खुदरा बिक्री कीमतों (एमआरपी) पर कर दरों में कमी का लाभ सीधे हस्तांतरित नहीं कर पाएंगी।?

दैनिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के समक्ष छोटे पैकेट पर जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को देने में असमर्थता जताई है।?मामले से जुड़े तीन सूत्रों के मुताबिक, एफएमसीजी कंपनियों ने सीबीआईसी से कहा कि वे 5 रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये की कीमत वाले छोटे पैकेट पर जीएसटी दरों में कमी के अनुपात में एमआरपी नहीं घटा पाएंगी, क्योंकि इससे कीमतें उस स्तर तक गिर जाएंगी, जो नियमित भारतीय उपभोक्ता के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से उपयुक्त नहीं होगी।

## अब तक 6 करोड़ से अधिक आईटी रिटर्न हुए दाखिल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को बताया कि कर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय रहते ही अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर लें। विभाग ने और क्या कहा है, आइए विस्तार से जानें। आयकर विभाग ने शनिवार को बताया कि कर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। आयकर विभाग ने एक्स पर पोस्ट में कहा, करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद, जिन्होंने हमें अब तक 6 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) के मील के पत्थर तक पहुंचने में मदद की है और यह संख्या अब भी जारी है।

आईटीआर फाइलिंग, कर भुगतान और अन्य संबंधित सेवाओं के लिए करदाताओं की सहायता के लिए, हमारा हेल्पडेस्क 24×7 आधार पर काम कर रहा है। विभाग कॉल, लाइव चैट, वेबएक्स सत्र और ट्विटर/एक्स के माध्यम से सहायता प्रदान कर रहा है। आयकर विभाग ने उन करदाताओं से भी कहा, जिन्होंने निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है, से अपील की है कि वे अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए जल्द से जल्द इसे दाखिल करें।

आयकर विभाग ने मई में ऐसे व्यक्तियों, एचयूएफ और संस्थाओं (जिन्हें अपने खातों का ऑडिट नहीं करना पड़ता) की ओर से आकलन वर्ष (एवाई) 2025-26 (वित्तीय वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए) के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर करने की घोषणा की थी।

## देश में हर महीने 100 विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक करा रहे पंजीकरणः सेबी

**नई दिल्ली ( ए )।** बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की संख्या में वृद्धि हो रही है। एफपीआई की पूंजी निकासी की चिंताओं के बीच इन संस्थाओं की संख्या बढ़ रही है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने कहा कि हर महीने 100 विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक पंजीकरण करा रहे हैं और यह संख्या एक साल पहले की मासिक दर से ज्यादा है। नारायण ने यहां निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''पंजीकरण की गति एक साल पहले की तुलना में तेज है।''

### नाम परिवर्तन

मैं संगीता यादव पिता परशुराम यादव निवासी- वार्ड नं-31, जी. केबीन, बी. एम. वाय- चरोदा, भिलाई- चरोदा, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन- 490025 की निवासिनी हूँ व मेरी जन्मतिथि 23/03/1990 है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम संगीता कुमारी पिता परशुराम माता गंगोत्री दर्ज है जोकि मेरा घरेलु नाम है, वहीं मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरी जन्मतिथि 30/01/1990 त्रुटिवश अंकित हो गई है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम संगीता यादव पिता परशुराम यादव है जोकि मेरे जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र में सही रूप से दर्ज है व मेरी सही जन्मतिथि 23/03/1990 है जोकि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में सही रूप से दर्ज है अत: भविष्य में मैं इसी नाम से जानी- पहचानी जाऊंगी द्य संगीता कुमारी पिता परशुराम माता गंगोत्री एवं संगीता यादव पिता परशुराम यादव दोनों एक ही महिला अर्थात मेरा स्वयं का ही नाम है अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहती हूं । मेरा सही व वास्तविक नाम संगीता यादव पिता परशुराम यादव व सही जन्मतिथि 23/03/1990 को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त निजी, शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**
**संगीता यादव**

### नाम परिवर्तन

मैं चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) पति विजय कुमार गिरी (VIJAY KUMAR GIRI ) पता- Besides Meghna Bidi Office Panchsheel Nagar (West) B.M.Y.- Charoda Durg (C.G.) 490025 की निवासिनी हूँ व मेरी जन्मतिथि 13/07/1971 है। मेरे आधार कार्ड क्र.- 966818919598, मतदाता परिचय पत्र, बैंक खाता में मेरा नाम चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) पति विजय कुमार गिरी ( VIJAY KUMAR GIRI ) व पैन कार्ड में CHAMPA GIRI पिता RAM TAPESA GIRI दर्ज है जोकि मेरा सही व वास्तविक नाम है जबकि मेरे पुत्र के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, सर्विस रिकार्ड, पासपोर्ट में माता के नाम के स्थान पर मेरा नाम DURGESH GIRI पिता VIJAY KUMAR GIRI माता ASHA GIRI अंकित है जोकि मेरा घरेलु नाम है। मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों में जहां कहीं पर भी मेरा नाम ASHA GIRI दर्ज हो गया है उसके स्थान पर मैं अपना सही व वास्तविक नाम चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) दर्ज करवाना चाहती हूं। CHAMPA GIRI पिता RAM TAPESA GIRI, DURGESH GIRI पिता VIJAY KUMAR GIRI माता ASHA GIRI एवं चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) पति विजय कुमार गिरी ( VIJAY KUMAR GIRI ) तीनों एक ही महिला अर्थात मेरा स्वयं का नाम है, अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहती हूं। मेरा सही व वास्तविक नाम चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) पति विजय कुमार गिरी ( VIJAY KUMAR GIRI ) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों, समस्त निजी, शासकीय- अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**
**चम्पा गिरी**

### नाम परिवर्तन

मैं दुर्गेश गिरी ( DURGESH GIRI ) पिता विजय कुमार गिरी ( VIJAY KUMAR GIRI ) पता- Besides Meghna Bidi Office Panchsheel Nagar (West) B.M.Y.- Charoda Durg (C.G.) 490025 का निवासी हूं व मेरी जन्मतिथि 16/01/1985 है । मेरे आधार कार्ड क्र.- 6850 3802 9554 में मेरा नाम दुर्गेश गिरी ( DURGESH GIRI ) पिता विजय कुमार गिरी ( VIJAY KUMAR GIRI ), शैक्षणिक प्रमाण पत्रों. आश्रित सदस्य मेडिकल डाक्युमेन्ट, पासपोर्ट में DURGESH GIRI पिता VIJAY KUMAR GIRI माता ASHA GIRI दर्ज है जिसमें माता के नाम के स्थान पर उनका नाम ASHA GIRI अंकित हो गया है जोकि उनका घरेलु नाम है, जबकि मेरी माता का सही व वास्तविक नाम चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) है जोकि उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में सही रूप से दर्ज है। मेरा सही व वास्तविक नाम दुर्गेश गिरी ( DURGESH GIRI ) पिता विजय कुमार गिरी ( VIJAY KUMAR GIRI ) माता चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) है ĐDURGESH GIRI पिता VIJAY KUMAR GIRI माता ASHA GIRI एवं दुर्गेश गिरी ( DURGESH GIRI ) पिता विजय कुमार गिरी ( VIJAY KUMAR GIRI ) माता चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा स्वयं का नाम है, अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहता हूँ। मेरा सही व वास्तविक नाम दुर्गेश गिरी ( DURGESH GIRI ) पिता विजय कुमार गिरी ( VIJAY KUMAR GIRI ) माता चम्पा गिरी ( CHAMPA GIRI ) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर मेरे समस्त निजी, शैक्षणिक, शासकीय- अर्द्धशासकीय व भूमि, राजस्व से संबंधित दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों में अकित करवाने के समर्थन में यह आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**दुर्गेश गिरी**

### नाम परिवर्तन

मैं कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) पिता एस. पी. त्रिपाठी ( S. P. TRIPATHI ) पता- M. No.-1/7, Priyadarshini Parisar (E), VTC: Supela Bhilai, Teh. & Distt.- Durg (C.G.) Pin- 490023 का निवासी हूँ व मेरी जन्मतिथि 02/11/1981 है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अनुकृति त्रिपाठी उर्फ किंजल त्रिपाठी पिता कनक त्रिपाठी माता अंजू त्रिपाठी व राशन कार्ड में अनुकृति पिता कनक त्रिपाठी माता अंजू त्रिपाठी दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम अनुकृति त्रिपाठी ( ANUKRITI TRIPATHI ) पिता कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी ( ANJU TRIPATHI ) है जोकि उसके आधार कार्ड व शैक्षणिक प्रमाण पत्र से अभिप्रमाणित है। अनुकृति त्रिपाठी उर्फ किंजल त्रिपाठी पिता कनक त्रिपाठी माता अंजू त्रिपाठी, अनुकृति पिता कनक त्रिपाठी माता अंजू त्रिपाठी एवं अनुकृति त्रिपाठी ( ANUKRITI TRIPATHI ) पिता कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी (ANJU TRIPATHI ) तीनों नाम एक ही बालिका अर्थात मेरी पुत्री का ही नाम है, अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहता हूं। मेरी पुत्री के सही व वास्तविक नाम अनुकृति त्रिपाठी ( ANUKRITI TRIPATHI ) पिता कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी ( ANJU TRIPATHI ) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त निजी, शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ पप्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**कनक त्रिपाठी**

### नाम परिवर्तन

मैं कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) पिता एस. पी. त्रिपाठी ( S. P. TRIPATHI ) पता- M. No.- 1/7, Priyadarshini Parisar (E), VTCÑ Supela Bhilai, Teh. & Distt.- Durg (C.G.) Pin- 490023 का निवासी हूँ व मेरी जन्मतिथि 02/11/1981 है। मेरे पुत्र के पुराने जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम स्यमंतक त्रिपाठी ( SYAMANTAK TRIPATHI ) पिता कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी ( ANJU TRIPATHI ) व आधार कार्ड में उसका नाम स्यमंतक त्रिपाठी ( SYAMANTAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी ( ANJU TRIPATHI ) अंकित है। मैंने अपने पुत्र के वर्तमान नाम स्यमंतक त्रिपाठी ( SYAMANTAK TRIPATHI ) को परिवर्तित कर उसका नया नाम उर्जित त्रिपाठी ( URJIT TRIPATHI ) रख लिया है, जोकि उसके नये जन्म प्रमाण पत्र में सही रूप से दर्ज है अत: भविष्य में वह इसी नये व परिवर्तित नाम उर्जित त्रिपाठी ( URJIT TRIPATHI ) पिता कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी ( ANJU TRIPATHI ) से जाना- पहचाना जायेगा। स्यमंतक त्रिपाठी ( SYAMANTAK TRIPATHI ) पिता कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी ( ANJU TRIPATHI ) एवं उर्जित त्रिपाठी ( URJIT TRIPATHI ) पिता कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी ( ANJU TRIPATHI ) दोनों एक ही बालक अर्थात मेरे पुत्र का ही नाम है, अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहता हूं । मेरे पुत्र के नये व परिवर्तित नाम उर्जित त्रिपाठी ( URJIT TRIPATHI ) पिता कनक त्रिपाठी ( KANAK TRIPATHI ) माता अंजू त्रिपाठी ( ANJU TRIPATHI ) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर उसके आधार कार्ड एवं समस्त निजी, शासकीय- अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**कनक त्रिपाठी**

### नाम परिवर्तन

मैं युवराज वर्मा ( YUVRAJ VERMA ) पिता अर्जुन लाल वर्मा ( ARJUN LAL VARMA ) पता-म.नं.- 21/बी. स्ट्रीट-2/ए, हिन्द नगर, रिसाली भिलाई, सिविक सेंटर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन- 490006 का निवासी हूं व मेरी जन्मतिथि 26/01/1987 है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम श्रीजा वर्मा (SHREEJA VERMA ) पिता युवराज वर्मा ( YUVRAJ VERMA ) माता जागृति बरछिडा ( JAGRITI BARCHHIHA ) अंकित है जोकि उसका सही व वास्तविक नाम है जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड क्र.- 4624 1430 8136 एवं सुकन्या समृद्धि योजना के खाता क्र.- 010015589626 में उसका नाम पेयाश्री वर्मा ( PEYASHREE VERMA ) माता जागृति बरछिहा ( JAGRITI BARCHHIHA ) अंकित है जोकि उसका घरेलु नाम है द्य पेयाश्री वर्मा ( PEYASHREE VERMA ) माता जागृति बरछिहा ( JAGRITI BARCHHIHA ) एवं श्रीजा वर्मा ( SHREEJA VERMA ) पिता युवराज वर्मा ( YUVRAJ VERMA ) माता जागृति बरछिहा ( JAGRITI BARCHHIHA ) दोनों नाम एक ही बालिका अर्थात मेरी पुत्री का ही नाम है, अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहता हूं द्य मेरी पुत्री के सही व वास्तविक नाम श्रीजा वर्मा ( SHREEJA VERMA ) पिता युवराज वर्मा ( YUVRAJ VERMA ) माता जागृति बरछिहा (JAGRITI BARCHHIHA ) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर उसके आधार कार्ड व समस्त निजी, शासकीय- अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**युवराज वर्मा**

### नाम परिवर्तन

मैं सुमंत मानिकपुरी ( SUMANT MANIKPURI ) पिता हेमलाल गोसाई पनका ( HEMLAL GOSAI PANKA ) पता- म.नं.-10, पदमनी एन्क्लेव देवकृपा अस्पताल के सामने, खमारडीह रोड शंकर नगर, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) पिन- 492007 का निवासी हूं व मेरी जन्मतिथि 22/01/1983 है। मेरे आधार कार्ड क्र.- 4393 4431 6673, पैन कार्ड में मेरा नाम सुमंत मानिकपुरी ( SUMANT MANIKPURI ) पिता हेमलाल गोसाई पनका ( HEMLAL GOSAI PANKA ) दर्ज है जोकि मेरा सही व वास्तविक नाम है जबकि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम SUMANT MANIK PURI पिता HEMLAL GOSAI PANIKA दर्ज हो गया है जिसमें पिता के नाम में अंग्रेजी के वर्ण अक्षरों में PANKA" के स्थान पर PANIKA दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम हेमलाल गोसाई पनका ( HEMLAL GOSAI PANKA ) है जोकि उनके पैन कार्ड से अभिप्रमाणित है I SUMANT MANIK PURI पिता HEMLAL GOSAI PANIKA एवं सुमंत मानिकपुरी SUMANT MANIKPURI) पिता हेमलाल गोसाई पनका ( HEMLAL GOSAI PANKA ) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा स्वयं का नाम है, अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहता हूं। मेरे सही व वास्तविक नाम सुमंत मानिकपुरी ( SUMANT MANIKPURI ) पिता हेमलाल गोसाई पनका ( HEMLAL GOSAI PANKA ) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र व समस्त निजी, शासकीय- अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**सुमंत मानिकपुरी**

### नाम परिवर्तन

I, Deepkendra Deshmukh, holder of Indian Passport No. T9237319, presently residing at Abu Dhabi, United Arab Emirates, and permanently residing at Ward No. 14, Nahar Nali ke Kinare, Amapara, Balod, Pin–491226, Chhattisgarh, India, do hereby declare that my son's name was previously recorded as Dhrumil. We have now changed his name to Dhrumil Deshmukh. He is an Indian citizen and holds Passport No. T9241463.

I request all concerned authorities and individuals to take note of this change.

### न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

रा.प्र.क्र.:- 202508100800021/
अ-27/ वर्ष 2024-2025
ग्राम-दानीकोकड़ी/प.ह.नं.-12

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चतुरराम आ.स्व. रामविशाल उर्फ रामबिशाल श्रीवास एवं अन्य एक निवासी ग्राम परसुली तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम दानीकोकड़ी प.ह.नं. 12 स्थित वादभूमि खसरा नंबर 256, 257, 258 रकबा क्रमशः 0.23, 0.26, 0.22 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.71 हे. भूमि का दोनों भाई खाता विभाजन पारिवारिक कास्त कब्जा अनुसार बराबर बराबर किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 22.09.2025 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 22.08.2025
आगामी पेशी दिनांक- 22.09.2025

मुहर — तहसीलदार, धमधा, जिला दुर्ग ( छ.ग. )

### न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

रा.प्र.क्र.:- 202508100800020/
अ-27/ वर्ष 2024-2025
ग्राम-परसूली/प.ह.नं.-11

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चतुरराम आ.स्व. रामविशाल उर्फ रामबिशाल श्रीवास एवं अन्य एक निवासी ग्राम परसुली तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम परसुली प.ह.नं. 11 स्थित वादभूमि खसरा नंबर 242, 246/1 , 341 रकबा क्रमशः 0.16, 0.30, 0.20 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.66 हे. भूमि का दोनों भाई खाता विभाजन पारिवारिक कास्त कब्जा अनुसार बराबर बराबर किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 22.09.2025 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 22.08.2025
आगामी पेशी दिनांक- 22.09.2025

मुहर — तहसीलदार, धमधा, जिला दुर्ग ( छ.ग. )

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./20250910700039/
अ-21/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुखराम नेताम, मेघनाथ नेताम दोनों पिता स्व. समारू निवासी-ग्राम बघेरा, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बघेरा, प.ह.नं. 17 स्थित भूमि खसरा नंबर 4/4, 104/2, 258/2 रकबा क्रमशः 0.4450, 0.6210, 0.0400 हे. कुल रकबा 1.1060 हे. भूमि जो कि भूमिस्वामी हक में आवेदकगण के नाम पर दर्ज है, में से भूमि खसरा नंबर 104/2 रकबा 0.6210 हे. मे से रकबा 0.2160 हे. को गैर आदिवासी मुकेश सिंह पिता स्व. बी.बी. सिंह निवासी-दीपक नगर दुर्ग तहसील व जिजला दुर्ग के पास रूपये 22,00,000/- में बेचने का सौदा कर लिया गया है। जिसके संबंध में क्रेता के साथ ईकरारनामा निष्पादित कर बयाना के तौर पर रूपये 10,00.00/- चेक नं. 000025, दिनांक 17/06/2025, बैंक-बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा दुर्ग से प्राप्त कर ली है एवं शेष राशि को पंजीयन के समय दिया जाना है। आवेदकगण जो अनुसूचित जनजाति की है, को रकम की आवश्यकता होने से विधिवत विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 22.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 02.09.2025
सुनवाई दिनांक- 22.09.2025

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग ( छ.ग. )

### शपथपत्र

ई स्टॉम्प क्र. INCG69005460099405X
दिनांक 17/06/2025

मैं शपथकर्ती श्रीमती स्मिता इंगोले उम्र 59 वर्ष ध.प. संजय इंगोले निवासी सड़क नं. 6/ई, जोन 02, न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं जो नीचे लिखे अनुसार शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि

1. यह कि मुझ शपथकर्ती का नाम व पता उपर दर्शाये अनुसार है। मेरा आधार क्रं. 307939190084 है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ती का नाम श्रीमती स्मिता इंगोले ध.प. संजय इंगोले है तथा शासकीय शैक्षणिक दस्तावेजों में कु. रेणुका गायकवाड़ आ. श्री रामेश्वर राव गायकवाड़ दर्ज है यह कि मेरा विवाह दिनांक 19/06/1988 को श्री संजय इंगोले आ. पंजाब राव एन. इंगोले से हिन्दू रिती रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ है विवाह पश्चात् मेरा नाम श्रीमती रेणुका इंगोले ध.प.श्री संजय इंगोले हो चुकी है जिसे मैं नाम परिवर्तन कर श्रीमती स्मिता इंगोले ध.प. श्री संजय इंगोले कर चुकी हूँ और इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूँ।
3. यह कि मैं श्रीमती रेणुका इंगोले, ध.प. संजय इंगोले एवं श्रीमती स्मिता इंगोले, ध.प. संजय इंगोले दोनो नाम मुझ शपथकर्ती का है और मैं दोनो नाम से जाने एवं पहचानी जाती हूँ और दोनो नाम मुझ शपथकर्ती के होने के समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित करती हूँ।

अतः यह शपथपत्र दोनो नाम एक ही व्यक्ति मुझ शपथकर्ती के होने के संबंध में माननीय महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

दिनांक 17/06/2025

शपथकर्ती
श्रीमती स्मिता इंगोले

### नाम परिवर्तन

मैं देव प्रकाश तिवारी (DEV PRAKASH TIWARI) पिता स्व. संजय कुमार तिवारी (SANJAY KUMAR TIWARI), उम्र 19 वर्ष, निवासी कृष्णा नगर, वार्ड नं. 4. सुपेला भिलाई, तह. भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूं। यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करती हूं व मेरी जन्मतिथि 16/10/2005 है। मेरा नाम देव प्रकाश तिवारी (DEV PRAKASH TIWARI) मेरे आधार कार्ड क्रमांक 359200775041 एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक- COXPT6405M से अभिप्रमाणित है। इसी प्रकार मेरी माता के आधार कार्ड क्रमांक-529288005134 में उनका नाम अलका तिवारी (ALKA TIWARI) अंकित है एवं मेरे के आधार कार्ड क्रमांक-373199697252 में उनका नाम संजय कुमार तिवारी (SANJAY KUMAR TIWARI) अंकित है। मेरे दाखिला पंजी में मेरा नाम DEVPRAKASH TIWARI पिता SANJAY TIWARI माता ALKA TIWARI अंकित है एवं मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अंकसूची में मेरा नाम देवप्रकाश तिवारी, DEVPRAKASH TIWARI पिता श्री संजय कुमार तिवारी, Late. SANJAY TIWARI माता श्रीमति अंजू तिवारी, Mrs. ANJU TIWARI अंकित है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम देवप्रकाश तिवारी पिता संजय कुमार तिवारी माता अलका तिवारी अंकित है। मेरे सही व वास्तविक नाम देव प्रकाश तिवारी (DEV PRAKASH TIWARI) पिता संजय कुमार तिवारी (SANJAY KUMAR TIWARI) माता अलका तिवारी (ALKA TIWARI) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों अंकसूची एवं अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत् आपके समक्ष यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
देव प्रकाश तिवारी

### न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2024-25
पक्षकार लीलाबाई पति नंदकुमार जाति सतनामी साकिन कोनारी प00नं0 29
रा.नि.म. व तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि लीलाबाई पति नंदकुमार जाति सतनामी साकिन कोनारी प.ह.नं. 29 रा.नि.म. व तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13 (3) के तहत आवेदक के पति नंदकुमार पिता नथेल जाति सतनामी कि मृत्यु दिनांक 06. 03.2007 को ग्राम कोनारी में हुआ था। जिसका फंजीयन भुलवश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे अपस्थित होकर या अपने अभिभावक के माध्यम से नियत दिनांक 22/09/2025 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथ पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पलारी

### न्यायालय तहसीलदार बास्तानार जिला - बस्तर ( छ.ग. )

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका मनकू गावडे पिता/पति मडडा गावडे जाति माडिया उम्र 40 निवासी ग्राम बास्तानार तहसील बास्तानार जिला बस्तर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख गया है कि ग्राम बास्तानार तहसील बास्तानार में अपने पुत्र/पुत्री/ पिता/ माता/ दादा/दादी स्व. पिता मडडा पिता/पति बुदर गावडे जाति माडिया का मृत्यु दिनांक 10.11.2015 को ग्राम बास्तानार नियत अवधि में मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना पाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु विधिवत आवेदन प्रस्तुत किए जाने से न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आपत्ति स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 19/09/2025 तक मेरे न्यायालय में अपना लिखित दावा, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् किये गये दावा, आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, बास्तानार

### आम-सूचना

मैं हेमंत कुमार सहारे पिता श्यामसिंह सहारे जाति हल्बा आयु 41 वर्ष निवासी ग्राम जबकसा पो. नेड़गांव तहसील मानपुर जिला मानपुर-मोहला-अं.चौकी (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे पुत्र का नाम उसके आधार कार्ड क्रमांक 3226 6960 3701 में खिलेन्द्र कुमार (Khilendra Kumar) त्रुटि वश दर्ज हो गया हैं। इसी प्रकार से शैक्षणिक प्रमाण पत्र/दस्तावेज मे खिलेश्वर सहारे (Khileshwar Sahare) त्रुटि वश दर्ज हो गया हैं । जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम खिलेश्वर कुमार (Khileshwar Kumar) दर्ज हैं। नाम मे एकरूपता लाने हेतु मैं मेरे पुत्र का नाम खिलेश्वर कुमार (Khileshwar Kumar) रखना चाहता हूं। जिसके चलते मेरे पुत्र के समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय / बैंकिग दस्तावेज एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में जहाँ भी मेरे पुत्र का नाम खिलेन्द्र कुमार (Khilendra Kumar) लिखेश्वर सहारे (Khileshwar Sahare) दर्ज हैं, के स्थान पर संशोधन कर खिलेश्वर कुमार (Khileshwar Kumar) दर्ज करवाना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं । अतः आज दिनांक..../. ./2025 से मेरे पुत्र के समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय / बैंकिग दस्तावेज एवं अन्य समस्त दस्तावेजों मे जहाँ भी उनका नाम खिलेश्वर कुमार (Khileshwar Kumar) प्रविष्टी करते हुए अब उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें ।

स्थान- राजनांदगांव
दिनांक/......../2025

भवदीय
**हेमंत कुमार सहारे पिता श्यामसिंह सहारे जाति हल्बा**
**निवासी ग्राम जबकसा पो. नेड़गांव तहसील मानपुर जिला मानपुर-मोहला-अं.चौकी चौक ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर ( जोन क्रं.- 10 )

**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**

Email ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्रं./22928/न.पा.नि./जोन क्र. 10/2025
रायपुर, दिनांक 02.09.2025

**// इश्तिहार //**

नामंतरण प्र.क्र.22928

वार्ड का नाम 53-बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651K01806 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती SUMIT ATHWANI पिता / पति श्री श्रीमती SURESH KUMAR ATHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती SUSHMITA SAMMI पिता / पति श्री श्रीमती NIKHIL SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### न्यायालय श्रीमान् प्रथम अपर जिला न्यायाधीश पेण्ड्रारोड जिला-जीपीएम ( छ.ग. )

**प्रो.क्र.-864/25**
**व्यवहार वाद क्रमांक- 28/2025**
**दिनांक 11/09/2025**

**// ईश्तहार //**

श्रीमती मनिता सोनी पति धर्मेन्द्र सोनी उम्र 40 वर्ष पिता भगवत प्रसाद सोनी निवासी जागृति मेटल स्टोर पेटी लाईन गोल बाजार जिला रायपुर हालमुकाम नर्मदा लॉज के पास अमरकंटक रोड़ गौरेला तह. पेण्ड्रारोड जिला-जीपीएम छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में (पक्षकार श्रीमती श्रीमति मनिता सोनी विरूद्ध धर्मेन्द्र सोनी) अंतर्गत धारा 13 (1) (क) हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 का आवेदिका की ओर से आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कि दिनांक 24/10/2025 को अनावेदक धर्मेंद्र सोनी पिता स्व. श्री बिहारी लाल सोनी निवासी जागृति मेटल स्टोर पेटी लाईन गोल बाजार जिला रायपुर छ.ग. की उपस्थिति हेतु नियत है अनावेदक उक्त तिथी को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होवे अथवा उसके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

**( श्रीमती ज्योति अग्रवाल )**
**जिला न्यायाधीश, पेण्ड्रारोड**
मुहर — **जिला- जीपीएम ( छ.ग. )**

### नाम परिवर्तन

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरीश कुमार कुर्रे (HARISH KUMAR KURRE) पिता जीवन कुर्रे (JEEVAN KURRE) निवासी हाउस नं. 42 ग्राम बलौदी जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम हरीश कुमार (HARISH KUMAR) को त्याग कर हरीश कुमार कुर्रे (HARISH KUMAR KURRE) नया नाम रख लिया हूं।**

**अतः आज से मुझे समस्त शासकीय तथा अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम हरीश कुमार कुर्रे (HARISH KUMAR KURRE) से ही जाना पहचाना जावे।**

**हरीश कुमार कुर्रे**
**(HARISH KUMAR KURRE)**
**हाउस नं. 42 ग्राम बलौदी सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

### नाम परिवर्तन

मैं सुबोध पोद्दार (SUBODH PODDAR) पिता सुरेश पोद्दार उम्र 46 वर्ष, निवासी-मकान नं. 159, वार्ड नं. 19, केम्प 1, अर्जुन नगर, बजरंग चौक सुपेला भिलाई, तह भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूं। यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं। मेरा नाम सुबोध पोद्दार (SUBODH PODDAR) मेरे आधार कार्ड क्रमांक-506919963346 से अभिप्रमाणित है। इसी प्रकार मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक-681980517487 में उसका नाम अमन कुमार पोद्दार (AMAN KUMAR PODDAR) अंकित है। मेरा पुत्र अमन कुमार पोद्दार (AMAN KUMAR PODDAR) जिसकी जन्मतिथि 14/04/2010 है जो कि कक्षा दसवीं में महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेण्डरी विद्यालय, बजरंग चौक मुक्तिधाम रामनगर भिलाई में अध्ययनरत है, जिसके दाखिल पंजी एवं शैक्षणिक अंकसूची में उसका नाम अमन कुमार पोद्दार पिता सुबोध कुमार पोद्दार अंकित है एवं कुछ अंकसूची में उसका नाम अमन कु पोद्दार पिता सुबोध पोद्दार अंकित है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अमन कुमार पोद्दार (AMAN KUMAR PODDAR) पिता सुबोध पोद्दार (SUBODH PODDAR) अंकित है। मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अमन कुमार पोद्दार (AMAN KUMAR PODDAR) पिता सुबोध पोद्दार (SUBODH PODDAR) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्र के शालेय रिकार्ड, अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
सुबोध पोद्दार



## 'भविष्य की वॉर मशीन'! भारत करेगा दुनिया की सबसे बड़ी रक्षा डील

# 114 'सुपर राफेल' से बरपाएगा कहर!

**एजेंसी** । नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने रक्षा मंत्रालय को 114 नए राफेल फाइटर जेट खरीदने का आधिकारिक प्रस्ताव भेजा है। यह कदम बताता है कि भारत का भरोसा अब भी फ्रांस के राफेल पर पूरी तरह कायम है। अगर यह डील फाइनल होती है तो यह दुनिया के सबसे बड़े रक्षा समझौतों में से एक होगी। यह खरीद मीडियम रोल फाइटर एयरक्राफ्ट कार्यक्रम के तहत होगी और इसका अनुमानित मूल्य 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है। भारतीय वायुसेना ने 114 विमानों का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेज दिया है। अब इस पर रक्षा और वित्त मंत्रालय समेत अन्य विभाग विचार करेंगे। इसके बाद यह मामला जाएगा रक्षा खरीद बोर्ड और फिर रक्षा अधिग्रहण परिषद के पास। मंजूरी मिलते ही औपचारिक डील पर हस्ताक्षर होंगे।

### नया एफ4 वैरिएंट सुपर राफेल?

**फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने राफेल का एडवांस वैरिएंट एफ4 पेश किया है। इसे सुपर राफेल कहा जा रहा है क्योंकि-**

- इसमें बेहतर राडार, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमता है।
- इसमें सैटेलाइट कम्युनिकेशन और नए हथियार सिस्टम जोड़े गए हैं।
- यह पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट्स के काफी करीब है, हालांकि इसमें पूरी तरह से स्टील्थ तकनीक नहीं है।
- एफ4 जेट्स से भारतीय वायुसेना को 6-7 नए स्क्वाड्रन मिल सकते हैं।
- अभी भारत के पास सिर्फ 2 स्क्वाड्रन राफेल के हैं।

### भारत के पास मौजूदा राफेल (एफ3आर वैरिएंट) की खासियत

- भारत ने 2016 में फ्रांस से 36 राफेल एफ3आरवैरिएंट खरीदने के लिए लगभग 59,000 करोड़ रुपए की डील की थी।
- यह जेट 2020 से भारतीय वायुसेना में शामिल हैं।
- भारत के लिए इसमें 13 विशेष बदलाव किए गए।
- इसमें लगी SCALP क्रूज मिसाइल 250 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक वार कर सकती है और इसमें 450 किलोग्राम का वारहेड होता है।
- चीन के साथ 2020 के लद्दाख विवाद के समय राफेल को तैनात किया गया था।
- पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने के लिए भी राफेल का इस्तेमाल किया गया।
- इन अनुभवों ने राफेल की ताकत और विश्वसनीयता को साबित कर दिया।

# भारत ने बना लिया स्टील्थ हंटर वीएचएफ रडार

**एजेंसी** । नई दिल्ली

भारत ने अपने पहले स्वदेशी सूर्या VHF (VERY HIGH FREQUENCY) रडार को अपग्रेड कर दिया है। अपनी रक्षा क्षमता में और मजबूती लाते हुए भारत ने मेक इन इंडिया के तहत बने सूर्या वीएचएफ रडार सिस्टम की रेंज बढ़ाकर 500 किलोमीटर तक कर दी है। यानी अब यह दुश्मन के फाइटर जेट्स को 500 किलोमीटर दूर से सूंघकर बता सकता है। सूर्या वीएचएफ रडार की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह चीन के J-20 स्टील्थ लड़ाकू विमान और विंग लूंग जैसे ड्रोन को भी पहचान सकता है। वह दूर से ही बता देता है कि इन फाइटर्स का रुख किस ओर है। इस वीएचएफ रडार को स्टील्थ हंटर भी कहा जाता है। सूर्या रडार वीएचएफ बैंड में काम करता है, जो लंबी वेबलेंथ यानी 30 से लेकर 300 मेगाहर्ट्ज के वीएचएफ बैंड का इस्तेमाल करता है। इसी वजह से कोई भी स्टील्थ विमान इसकी निगाह से बच नहीं पाता है। यहां तक कि अमेरिका के ताकतवर स्टील्थ फाइटर जेट एफ-35 को भी यह आसानी से पकड़ लेता है। पहले यह यह रडार प्रणाली 2 वर्ग मीटर के रडार क्रॉस सेक्शन वाले लक्ष्यों को 400 किलोमीटर तक की दूरी से ही पहचान सकती थी। मगर, अब इसकी रेंज में इजाफा कर दिया गया है, जिससे इसकी रेंज 500 किलोमीटर तक हो गई है। साथ ही यह प्रति मिनट 10 बार घूमने की क्षमता रखता है, जिससे यह 360 डिग्री का व्यापक कवरेज और पूरी निगरानी करता है।

### छठी पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर भी नहीं दे सकते चकमा

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि यह रडार इतना एडवांस है कि पांचवीं-छठी पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट्स भी इसकी निगाह से बच नहीं सकते हैं।

पहले उन्नत फाइटर जेट्स को पारंपरिक रडार पकड़ नहीं पाते थे।

### किसने बनाया है सूर्या रडार को ऐसा एडवांस

सूर्या रडार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी छ्रक्षछ्ह के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रडार डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंटने भारत इलेक्ट्रॅानिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर विकसित किया है। इस रडार को भारतीय वायुसेना के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।



# पाक सेना पर टूट पड़े टीटीपी के लड़ाके, 12 की मौत

**इस्लामाबाद, (एं)।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में पाकिस्तानी तालिबान द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में कम से कम 12 सैनिक मारे गए। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी के अनुसार, सुबह 4ः00 बजे दक्षिण वज़ीरिस्तान ज़िले से गुज़र रहे एक सैन्य काफ़िले के दौरान, हथियारबंद लोगों ने दोनों तरफ़ से भारी हथियारों से गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप 12 सुरक्षाकर्मी मारे गए और चार घायल हो गए। क्षेत्र के सुरक्षा अधिकारी ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की और बताया कि हमलावरों ने काफ़िले के हथियार छीन लिए।

तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी), जिसे पाकिस्तानी तालिबान के नाम से भी जाना जाता है, ने सोशल मीडिया के ज़रिए इस हमले की ज़िम्मेदारी ली। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हाल के महीनों में हुए सबसे भीषण हमलों में से एक है, जहाँ टीटीपी का पहले काफ़ी इलाकों पर नियंत्रण था, लेकिन 2014 के एक सैन्य अभियान के बाद उन्हें पीछे हटना पड़ा।

# सिंधु जल संधि रद्द करने के गंभीर नतीजे होंगे

**एजेंसी** । इस्लामाबाद

भारत के सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले पर पाकिस्तान की चिंता बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान मिशन के कार्यक्रम में सिंधु जल संधि पर चर्चा की गई है। पाकिस्तान के वक्ताओं ने इस दौरान कहा कि भारत ने एकतरफा इस संधि को स्थगित किया। ऐसा करते हुए भारत ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को दरकिनार किया है, जो गंभीर चिंता पैदा करता है। इस दौरान पाकिस्तान की ओर से संधि तोड़ने पर गंभीर नतीजे होने की बात कही गई। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र स्थायी मिशन और मुस्लिम-अमेरिकी नेतृत्व गठबंधन ने कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का विषय सिंधु जल संधि और पाकिस्तान का जल संकटः चुनौतियां और आगे का रास्ता था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारत के कदम को अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन करार दिया।



**नतीजे भुगतने की धमकी-** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत उस्मान जादून ने अपने भाषण में भारत को गीदड़भभकी दी। उन्होंने कहा कि सिंधु संधि को कमजोर करने के गंभीर मानवीय परिणाम होंगे। जादून ने कहा कि महत्वपूर्ण डेटा साझा करने से इनकार करने से खाद्य असुरक्षा और विस्थापन बढ़ेगा। इससे महिलाओं, बच्चों और गरीबों के लिए मुश्किल पैदा होगी।

कार्यक्रम में राजदूत अहमद ने भारत पर पानी को हथियार बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से क्षेत्रीय शांति और स्थिरता खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि पानी को राजनीतिक लाभ के साधन के रूप में इस्तेमाल करना लोगों को उनके सबसे मौलिक मानवाधिकार से वंचित करना है। भारत को ऐसा कदम उठाने से बचना चाहिए।

**पाकिस्तान लगातार उठा रहा मुद्दा-** भारत ने अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु संधि से हटने का ऐलान किया था। भारत ने पाकिस्ता जाने वाला पानी रोकने की बात कही है। इस पर पाकिस्तान ने कड़ा रुख दिखाते हुए कहा है कि अगर भारत ने पानी रोका तो वह इसे जंग का ऐलान मानेगा। पाकिस्तान का कहना है कि पानी रोकने के मतलब लाखों लोगों की जिंदगी को खतरे में डालना है।

# भारत विरोधी रुख के कारण ही मेरा ये हाल हुआः ओली

**एजेंसी** । नई दिल्ली

इस्तीफ़े के बाद पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए ओली ने फ़ेसबुक पोस्ट में लिखा कि नेपाल को भगवान राम की जन्मभूमि बताना और विवादित क्षेत्रों पर दावा करना उनके लिए ग़ैर-समझौतावादी मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही वह पद से हट गए हों, लेकिन इन मुद्दों पर डटे रहेंगे। नेपाल में सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार की कमान संभाल ली है। शुक्रवार शाम उन्हें प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गयी और अब धीरे-धीरे नेपाल के हालात सामान्य होने लगे हैं। लेकिन एक सवाल अब भी बना हुआ है कि पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली कहां हैं? हम आपको बता दें कि मंगलवार को जब 'जेन-जेड प्रदर्शनकारियों' ने संसद भवन में घुसपैठ कर ली थी और ओली के निजी आवास में आग लगा दी थी तो उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जैसे-जैसे जेन-जेड आंदोलन ने रफ़्तार पकड़ी, नेपाल सेना का एक हेलिकॉप्टर उन्हें एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर ले गया। इसके बाद ओली ने आंदोलनकारियों के नाम एक पत्र लिखा, जिसे उनके प्रेस सचिव ने सार्वजनिक किया। पत्र में उन्होंने दावा किया कि भारत-विरोधी रुख ही उनके पद से हटने की मुख्य वजह बना।



ओली ने लिखा, मैंने हमेशा यह ज़ोर दिया कि हमारे देश में काम करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म को यहां के नियमों का पालन करना चाहिए और पंजीकृत होना चाहिए। मैंने कहा कि लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा नेपाल के हिस्से हैं। मैंने यह भी कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म नेपाल में हुआ था, न कि भारत में जैसा कि शास्त्रों में उल्लेख है। अगर मैं इन बातों पर पीछे हट जाताः ओली ने ज़ोर दिया कि अगर उन्होंने इन मुद्दों पर समझौता किया होता तो उन्हें कई और अवसर मिल सकते थे। उन्होंने यह भी बताया कि वे वर्तमान में शिवपुरी (काठमांडू से लगभग 27 किमी उत्तर) में नेपाल सेना के अधिकारियों के साथ सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं।

# बिहार के वे मुख्यमंत्री जो 1 साल भी कुर्सी पर नहीं टिक पाए

**एजेंसी** । नई दिल्ली

बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियां काफी ज़ोरों- शोरों से चल रही हैं। जल्द ही इसे लेकर तारीखों का ऐलान भी कर दिया जाएगा। चुनाव के बाद बिहार को अपना सीएम भी मिल जाएगा। इसी बीच अगर हम बिहार के इतिहास पर नज़र डालें तो यहां कुछ ऐसे प्रधानमंत्री भी रहे हैं,जिनका कार्यकाल कुछ ज्यादा लंबा नहीं चल पाया। किसा की समय अवधि 5 दिन तो 13 दिन तक सीएम की कुर्सी पर रहा। आइए जानते हैं कौन से वो सीएम हैं, जिनका बिहार में कार्यकाल सबसे छोटा रहा।

**सतीश प्रसाद सिंह-** बिहार के इतिहास में सबसे कम समय तक सीएम रहने का रिकॉर्ड सतीश प्रसाद सिंह के नाम है। साल 1967 में जब बिहार में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी का प्रभाव था, तब महामाया प्रसाद सिन्हा के इस्तीफे के बाद 28 जनवरी 1968 को सतीश प्रसाद सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन उनका कार्यकाल महज 5 दिनों का रहा। 1 फरवरी को विधानसभा में विश्वास मत हारने के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। बाद में वे राज्यसभा सदस्य भी बने, लेकिन यह उनका सबसे छोटा कार्यकाल था।



**भोला पासवान शास्त्री-** सबसे कम कार्यकाल वाले मुख्यमंत्रियों की सूची में दूसरे नंबर पर भोला पासवान शास्त्री हैं। दिलचस्प बात यह है कि वे तीन बार सीएम बने, लेकिन तीनों कार्यकाल मिलाकर भी एक साल पूरा नहीं कर सके।

**पहला कार्यकाल-** 22 मार्च 1968 को वह पहली बार मुख्यमंत्री बने और 100 दिनों तक इस पद पर रहे।

**दूसरा कार्यकाल-** 22 जून 1969 से 4 जुलाई 1969 तक, वे सिर्फ 13 दिनों के लिए मुख्यमंत्री रहे।

**तीसरा कार्यकाल-** 2 जून 1971 को उन्होंने तीसरी बार शपथ ली और 9 जनवरी 1972 तक मुख्यमंत्री रहे।

**दीप नारायण सिंह-** तीसरे सबसे कम समय तक मुख्यमंत्री रहे नेता दीप नारायण सिंह हैं। वे बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह के निधन के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने थे। 1 फरवरी 1961 को उन्हें राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 18 फरवरी 1961 तक रहा, यानी सिर्फ 17 दिनों का। उनका कार्यकाल छोटा इसलिए था क्योंकि उनका मुख्य उद्देश्य राज्य की व्यवस्था को संभालना था, वे स्थायी मुख्यमंत्री नहीं थे।

महाराष्ट्र के बाद अब मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी उपलब्ध
डब्बूजी दुबराज चांवल
गृहणियों की पहली पसंद सुपाय
निर्माता : माडर्न राईस मिल
भाटापारा फोन- 8319325255

दिल्ली दोना पत्तल मशीनरी
दोना पत्तल मशीन, सिल्वर पेपर, डाईयों के थोक विक्रेता
नेहरु नगर चांदनी चौक रायपुर
मो. 9827165252
8966998866

RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

गौरव साहू (गोलू)
करण साहू (सोनू)
प्रो. दिगम्बर साहू
साहू जी
हवन पूजन और जड़ी-बूटी फटाका के विक्रेता
9981919994
8962101344
शीतला मंदिर बाजार चौक, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)

हेयर रिप्लेसमेंट
मात्र 1 घंटे में
बिना सर्जरी के अमेरिकन तकनीक से
SINCE: 2004
हेयर एण्ड केयर
विविंग प्वाइंट
हेड ऑफिस शॉप 19, प्रथम तल, समवेत शिखर, एकात्म परिसर के सामने रजबंधा मैदान, रायपुर (छत्तीसगढ़) मो.: 9827103630
द्वितीय तल, रॉयल इंफिल्ड शोरूम के ऊपर, टाटा मोटर्स के बाजू, संजय नगर, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई मो.: 7880103630

गगन मोबाईल
मां बम्लेश्वरी मंदिर के पास
मेन रोड, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)
विशेष
टूटे फूटे मोबाईल कोई भी परिस्थिति में लायें तुरंत समाधान पायें
ऑफर
मोबाईल खरीदने पर 6 से 26 गिफ्ट उपहार के स्वरूप पायें
प्रो. गगन सिंग अजवानी
मो.: 90393-93915

Donlup
3*6=1000=4*6=1350=6*6
=2100,4ईच, मोटा
3*6=1300=4*6=1750=6*6
=27005ईच, मोटा
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

गणेशोत्सव के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कोमल ट्रेडर्स
ऑनलाईन से भी सस्ता होलसेल रेट में
प्रो. मनोज पंजवानी
स्कूल बैग
लेपटॉप बैग | जूट बैग | लेडिस पर्स
सूटकेस | एयर बैग
ट्राली बैग
बंजारी रोड, रवि भवन के पीछे, रायपुर मो. 9993426874

प्रगति प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए *गिरीश कुमार वोरा* द्वारा प्रगति प्रेस प्राइवेट लिमिटेड जवाहरलाल नेहरू मार्ग रायपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित संपादक *गिरीश कुमार वोरा* फोन (0771) 4251234, फैक्स (0771) 4251223, डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./रायपुर संभाग/47/2024-2026 आर.एन.आई. नं. 38509/84 ईमेल-amritsandeshraipur@yahoo.in, news@amritsandesh.com





# सफल लोग कभी शॉर्टकट नहीं अपनाते, बल्कि कठिन मेहनत करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं: स्टीव वॉ

## एसईसीएल में कोल इंडिया गोल्डन जुबली लेक्चर सीरीज़ व एसईसीएल रूबी जुबली के अंतर्गत मशहूर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कप्तान, वर्ल्ड कप विजेता स्टीव वॉ ने दिया प्रेरक व्याख्यान

अमृत संदेश । बिलासपुर




साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में शुक्रवार को कोल इंडिया गोल्डन जुबली लेक्चर सीरीज़ एवं एसईसीएल रूबी जुबली के अंतर्गत विश्व प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कप्तान, वर्ल्ड कप विजेता एवं समाजसेवी श्री स्टीव वॉ का प्रेरक व्याख्यान आयोजित किया गया।

खचाखच भरे ऑडिटोरियम में एसईसीएल मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों से भारी संख्या में कर्मी उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में श्री वॉ ने कहा – सफल लोग कभी बहाने नहीं बनाते, शॉर्टकट नहीं अपनातेः वे हमेशा अतिरिक्त प्रयास करते हैं और कठिन मेहनत करने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने बताया कि बतौर कप्तान उनकी फिलॉसफी रही कि सभी को समान रूप से लेकिन अलग-अलग तरीके से ट्रीट करना चाहिए। इसका अर्थ यह था कि अनुशासन और आपसी सम्मान जैसी बुनियादी बातें सभी के लिए समान हों, लेकिन हर व्यक्ति को अपनी अनूठी शैली में खेलने और प्रदर्शन करने का अवसर मिलना चाहिए।

उन्होंने सफलता के लिए 3क्र- प्रेशर, पार्टनरशिप और पेशेंस (दबाव, साझेदारी और धैर्य) को महत्वपूर्ण बताया। स्टीव वॉ ने टीम एसईसीएल की एकजुटता, आत्मविश्वास और ऊर्जा सुरक्षा में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे प्रत्येक व्यक्ति में गर्व और समर्पण की झलक देख पा रहे हैं।

इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) श्री बिरंची दास, निदेशक (वित्त) श्री डी. सुनील कुमार, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री आर. सी. महापात्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री हिमांशु जैन, जिला प्रशासन, रेलवे के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, यूनियन, सिस्टा, काउंसिल के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में निदेशक (कार्मिक) श्री बिरंची दास ने कहा कि -आज टीम एसईसीएल के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि हमें एक ऐसी महान शख्सियत से प्रेरणा लेने का अवसर मिला जो न केवल खेल के क्षेत्र में अपितु समाजसेवा में भी अग्रणी रहे हैं। टीम एसईसीएल निश्चित ही श्री वॉ द्वारा बताए गए सूत्रों से प्रेरित होगी। गौरतलब है कि कोल इंडिया के 50 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में गोल्डन जुबली लेक्चर सीरीज़ का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में यह आयोजन एसईसीएल द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व उप-प्रबंधक (ई एंड एम) सी अनुराधा ने निभाया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्री मनीष श्रीवास्तव, उप-महाप्रबंधक (मा.स./प्र./रा.भा./जं.स.) द्वारा किया गया।

## सोन गांव में समय से पहले ही दो आंगनबाड़ी केंद्र बंद, कार्यकर्ता और सहायिका पर कार्रवाई की मांग




मस्तूरी । क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोन के अधिकतर आंगनबाड़ी सेंटरों पर सरकारी नियमों को ताक पर रखकर जरूरतमंद बच्चों के लिए दिए जा रहे धन व खाद्य सामग्री का खुलकर दुरुपयोग हो रहा है। जवाबदारों की ढील के चलते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका अपनी मनमर्जी के चलते समय से पहले सेंटरों को बंद कर अपने-अपने कामों में व्यस्त हो जाती है। ग्राम पंचायत सोन के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक दो और तीन आज दोपहर एक बजे ही बंद कर दिया गया था,आस पास के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनवाड़ी क्रमांक 2 के सहायिका निर्मला बाई एवं कार्यकर्ता संतोषी साहु, की हर रोज यही कार्य है, समय से पहले ही आंगनबाड़ी केंद्र को बंद कर चली जाती है। ऐसा ही हाल आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 के कार्यकर्ता आगेश्वरी पैकरा व सहायिका का भी लापरवाही आऐ दिन सामने आ रही है। ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने बताया कई वर्षों से सुपरवाइजर व परियोजना अधिकारी से कामचोर व लापरवाह कार्यकर्ता व सहायिका का शिकायत कर चुके हैं, उसके बावजूद भी अब तक उन पर विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है।यही कारण हैं कि उन की मनमर्जी चलती ही रहती है।जनप्रतिनिधियों ने यह भी बताया की सोंन के आंगनबाड़ी केवल औपचारिकता के लिए केंद्र खोलने का दिखावा करती हैं। इससे बच्चों की शिक्षा और पोषण आहार वितरण प्रभावित हो रहा है। महिला लाभार्थियों को भी पोषण आहार ठिक से नहीं मिल पा रहा है। वही इस मामले में परियोजना अधिकारी मिलिंद द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की शिकायत मिली है, जांच करवाकर उचित दोनों आंगनबाड़ी के सहायिका एवं कार्यकर्ताओं पर उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

## जोधरा चौक पर मस्तूरी पुलिस ने दी साइबर क्राइम से बचने की जानकारी



मस्तूरी। बिलासपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर मस्तूरी पुलिस ने साइबर क्राइम पर रोक लगाने के लिए साइबर जागृति का आयोजन किया. जहां लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए, मस्तूरी में पुलिस ने साइबर क्राइम पर रोक लगाने के लिए शुक्रवार को जोधरा चौक पर साइबर जागृति, जहां लोगों को साइबर से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दी और जागरूक किया.पुलिस ने लोगों को अलग-अलग तरीकों से होने वाले साइबर क्राइम के बारे में बताया और उनसे बचने के तरीके के बारे में बताया गया. मस्तूरी थाना प्रभारी हरिश टान्डेकर मस्तूरी क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधी मौजूद रहें.

### साइबर क्राइम के बारे में किया गया जागरूक

मस्तूरी थाना प्रभारी हरिश टान्डेकर ने बताया कि एटीएम फ्रॉड और ऑन लाइन ठगी जैसे साइबर क्राइम दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, जिन्हें रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है. साइबर क्राइम का शिकार होने से बचने के लिए कुछ सावधानियां रखना जरूरी है, जैसे एटीएम जाते वक्त अकेले जाए और किसी को एटीएम का पिन नंबर न बताना. इसके अलावा सावधानियों के बावजूद अगर कोई ठगी का शिकार हो रहे हैं तो पुलिस को फौरन सूचना देना चाहिए.

## शिव सेना ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर। प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार एवं प्रदेश महासचिव सुनील झा के निर्देशानुसार संभाग महासचिव एवं समस्त जिला प्रभारी बिलासपुर प्रभु वस्त्रकार के नेतृत्व में समस्त शिवसैनिकों द्वारा नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया गया प्रेस को जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रोमेश शर्मा एवं मणि शंकर शर्मा ने बताया कि शिवसेना मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक एनडीए गठबंधन एवं चुनाव डॉक्टर अभिषेक वर्मा के प्रतिनिधि संदीप सिंह शिवप्रताप सिंह का आगमन बिलासपुर में हुआ है जिन्होंने नगर के सुप्रसिद्ध कवि साहित्यकार एवं पत्रकार स्वर्गीय श्रीकांत वर्मा की पोस्ट ऑफिस के सामने प्रतिमा का निरीक्षण किया 18 सितंबर को श्रीकांत वर्मा की जयंती है इसलिए उनकी प्रतिमा में साज सज्जा रंग रोगन किया जाए पेड़ पौधे की छटनी बिजली के तारों को हटाया जाए मूर्ति के पास के गार्डन की साफ सफाई एवं फुहारे को चालू किया जाए इस विषय हेतु शिव सैनिकों द्वारा नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया गया 18 सितंबर को शिवसेना द्वारा उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण किया जाएगा एवं 20 और 21 तारीख को शिवसेना मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक एनडीए गठबंधन एवं चुनाव डॉ अभिषेक वर्मा के द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा साथ ही उनके स्वागत हेतु बैनर एवं पोस्टर लगाने हेतु भी ज्ञापन दिया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश महासचिव सुनील कुमार झा संदीप सिंह एवं शिव प्रताप सिंह प्रतिनिधि (डॉक्टर अभिषेक वर्मा) संभाग महासचिव एवं समस्त जिला प्रभारी प्रभु वस्त्रकार पूर्व जिला अध्यक्ष कामगार सेना यशवंत गोरख एवं समस्त शिवसैनिक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव पर श्रम विभाग कर रहा विशेष आयोजन

### विशेष शिविर में 200 से ज्यादा श्रमवीरों के बनाए गए श्रम कार्ड

अमृत संदेश । बिलासपुर




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा आयोजित दो विशेष श्रमिक पंजीयन शिविर में 105 नए श्रमिकों का पंजीयन एवं 53 पुराने श्रमिकों के कार्ड का नवीनीकरण किया गया। बिल्हा के ग्राम खैरा में आयोजित शिविर में 54 नए श्रमिक पंजीकृत कर उन्हें तत्काल नया श्रमिक कार्ड मौके पर ही वितरित किया गया। इस शिविर में 32 पुराने श्रमिकों के कार्ड का नवीनीकरण भी किया गया। इस क्रम में दूसरे शिविर का आयोजन मस्तुरी ब्लॉक के ठाकुरदेवा में किया गया जहां श्रम विभाग द्वारा 51 नए श्रमिक कार्ड और पुराने 21 श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित कामगारों को श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सहायक श्रमायुक्त ज्योति शर्मा ने बताया कि बिलासपुर में आज 53 श्रमिकों का ई श्रम पंजीयन भी किया गया। महोत्सव के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 13 सितम्बर को तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम मुरू और बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम बरतोरी तथा 16 सितम्बर को कोटा विकासखण्ड ग्राम नवागांव सल्का में विशेष श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर आयोजित किया गया है। इस सिलसिले में 15 सितम्बर को बिलासपुर के बृहस्पति बाजार स्थित श्रम अन्न सहायता केन्द्र और 18 सितम्बर को सिरगिट्टी के जय दुर्गा एग्रो लिमिटेड परिसर में श्रमवीरों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित की गई है। यह शिविर सवेरे 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुंगेली और बिलासपुर में कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

अमृत संदेश । मुंगेली/बिलासपुर



केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री, तोखन साहू, ने हाल ही में मुंगेली और बिलासपुर जिलों का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विभिन्न सार्वजनिक और सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

अपने दौरे की शुरुआत श्री साहू ने अपने संसदीय कार्यालय में की। यहाँ उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने तत्काल समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद, वे ग्राम केसतरा पहुँचे और कवि स्वर्गीय श्री केदार सिंह परिहार की तेरहवीं कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान, श्री साहू ने कहा कि श्री परिहार का साहित्य समाज के लिए हमेशा प्रेरणा और मार्गदर्शक बना रहेगा। श्री साहू ने फदवानी, मुंगेली में आयोजित श्री गोपाल साहू भागवत कथा और जिला पुलिस मुंगेली द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भी भाग लिया। यह पुलिस-आयोजित कथा विशेष रूप से देश की सेवा में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति को समर्पित थी।

इन अवसरों पर अपने संबोधन में, श्री साहू ने पितृपक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह समय अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का है, क्योंकि पितरों के आशीर्वाद से ही समाज और परिवार उन्नति करते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमें धर्म, कर्तव्य, भक्ति और सेवा का अमूल्य ज्ञान देती है। श्री साहू ने इन आयोजनों के लिए समितियों और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दीं, और कहा कि ऐसी कथाएँ समाज में भक्ति, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करती हैं।

## कलेक्टर ने सूर्यघर योजना के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी



बिलासपुर । प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने के लिए तीन विशेष प्रचार वाहन को रवाना किया गया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला कार्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। ये वाहन गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देंगे और सोलर पैनल लगवाने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे। योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राज्य और केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया और लोन सुविधा की जानकारी भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी।

योजना का मुख्य उद्देश्य बिजली के मामले में लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और बिजली बिल में बचत करना है। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना को बिलासपुर जिले में अच्छी सफलता मिल रही है। बड़ी संख्या में लोग अब तक इस योजना का लाभ ले रहे है।

## राज्य मानसिक चिकित्सालय में मरीजों की सुविधाएं बढ़ाने लिए गए कई निर्णय



अमृत संदेश । बिलासपुर

संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मरीजों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गये। इसके साथ ही बुनियादी काम संबंधित भी निर्णय लिए गये। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल और समिति के सदस्य मौजूद थे।

### कमिश्नर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न

समिति की बैठक में अस्पताल के जरूरी कामों में खर्च किए गए साढ़े 9 लाख रूपए के विभिन्न कामों की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में मैकेनाइज्ड लॉण्ड्री मशीन के वार्षिक संधारण, अतिरिक्त मैकेनाइज्ड लॉण्ड्री मशीन और पैथोलेब के लिए आवश्यक जांच मशीन क्रय करने, अस्पताल के रंगरोगन, सीपेज एवं विभिन्न मरम्मत कार्य, एक्स-रे कक्ष में लेडशीट एवं टीएलडी बैच लगवाने, अस्पताल के वार्डों के लिए हॉस्पिटल बेड एवं मैट्रेस क्रय करने के संबंध में निर्णय लिया गया। संभागायुक्त ने अस्पताल में मरम्मत कार्यों के लिए जल्द प्राकल्लन बनाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। बैठक में अधीक्षक जेपी आर्या ने अस्पताल का प्रतिवेदन एवं पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अस्पताल में प्रतिदिन 110 ओपीडी एवं 04 आईपीडी होती है। विगत 8 माह में 12 हजार से अधिक मानसिक रोगियों का ओपीडी में इलाज हुआ। इसके अलावा 800 से ज्यादा मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया गया। संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने अस्पताल का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश भी दिए।

## सरकार युवाओं के भविष्य के प्रति सजग है: सांसद चौधरी

### विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की होगी अहम भूमिका: विधायक सिन्हा

अमृत संदेश । महासमुंद




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। रोजगार मेला में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मौजूद थे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद्र राठी, येतराम साहू, आनंद साहू, पियूष साहू, महेन्द्र सिका, संदीप घोष, संदीप दीवान, रमेश साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, प्राध्यापकगण, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित बड़ी संख्या में युवा, जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।इस अवसर पर सांसद रूप कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सुशासन में युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें केवल नौकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना होगा। सरकार युवाओं को पूरी तरह सजगता से स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का क्षण है कि आज युवाओं को यहां पर जॉब ऑफर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की युवाओं में स्किल की कमी नहीं है। उन्हें पहचान कर उनके हुनर को तराशने की आवश्यकता है।विधायक योगेश्वर राजू सिंह ने कहा कि 20 से 22 वर्ष की आयु में रोजगार की प्राप्ति हर युवा का सपना होता है। रोजगार मेला इसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत यह रोजगार मेला आयोजित किया गया है। लगभग 21 नियोजकों ने इसमें भाग लेकर साढ़े तीन हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया की। उन्होंने कहा कि जिले के बेरोजगार युवाओं का डेटाबेस तैयार किया जाएगा ताकि उनकी स्किल के अनुसार उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। रोजगार मेला प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित हुआ। जिसमें निजी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा करीब 3,500 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई। इसके लिए 6,700 से अधिक युवाओं ने आवेदन किया। आठवीं पास से लेकर स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.ई. एवं एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को इसमें सम्मिलित किया गया। चयनित उम्मीदवारों को 7,000 से 32,000 रुपए तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा।

### 30 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया

रोजगार मेला में मौके पर ही 30 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इनमें आशीष चंद्राकर, राकेश साहू, कुमार जोया, हयात खान, अलीशा बेगम, रितिक साहू, रेणुका सोनी, हंसिका ठाकुर, नेमी कन्नौजे, अमन कुमार एवं मुस्कान साहू शामिल है। इनमें से कुछ युवाओं को 21,500 रुपये मासिक वेतन के साथ ऑफर लेटर भी मिला। ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवा आशीष चंद्राकर ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासों से उन्हें अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि यह क्षण उनके लिए यादगार है और इससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ा है।








## सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मनाया जश्न



पेंड्रा/मरवाही। जिले में देश के 15वें उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के निर्वाचित होने पर जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष लालजी यादव एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप जायसवाल के नेतृत्व में आतिशबाजी, मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाने के साथ ही अभिनंदन किया गया था। यह आतिशबाजी भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर, मरवाही विधायक एवं मध्य क्षेत्र प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रणव कुमार मरपच्ची की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। ढोल नगाड़े के साथ पिछड़ा वर्ग से उपराष्ट्रपति चुने जाने पर पिछड़ा वर्ग समाज के लिए गौरव की अनुभूति बताया था। कार्यक्रम में कल्लू राजपूत, महेंद्र सोनी, द्वारिका सोनी, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष बृजलाल राठौर, दिलीप यादव ,जिला महामंत्री कुबेर सर्राठी, छोटेलाल सोनी, डॉक्टर लूसन राठौर, संतोष तिवारी, अजय तिवारी, रमेश तिवारी, राजकुमार पूरी, तापस शर्मा, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा, भंवर गोवास, जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवनाथ बघेल, संतोष राठौड़ सहित भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी सदस्य एवं अन्य मोर्चा के सदस्य शामिल थे।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक का पेंड्रा में हुआ जोरदार स्वागत



मरवाही। भारतीय जनता पार्टी मंडल पेंड्रा नगर द्वारा नव नियुक्त भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के प्रथम नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी एवं किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देवशरण गोलू राठौर के नेतृत्व में माला एवं भगवा साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बृजलाल राठौर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप जायसवाल, देवशरण गोलू राठौर, मनीष श्रीवास, डॉ प्रवीण राय, सौरभ साहू, वेदराम कोल, देवी प्रसाद सिंह, दिलीप राय, अजय राय, केपी जायसवाल, सुरेश गुप्ता, नरेंद्र राठौर, शरद ताम्रकार, पवन माझी, नारायण राठौर, दीपक गुप्ता, विमल मिश्रा, विक्रम राठौर, शिवा राठौर, पंकज भट्ट, प्रकाश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।

## अशोका पब्लिक स्कूल के बच्चों का मुख्यमंत्री साय ने किया सम्मान



सारंगढ़। मुख्यमंत्री निवास राजभवन रायपुर में अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राज्य के केवल सोलह निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इनमें महासमुंद व सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में केवल अशोका पब्लिक स्कूल ही नामित हुआ। उक्त योजना के तहत कर्मकार पालकों के बच्चों को छठवीं से बारहवीं कक्षा तक की पूरी पढ़ाई निजी स्कूलों में पूर्णत: निशुल्क करवाई जाएगी। अशोका पब्लिक स्कूल में अभी वर्तमान में पाँच बच्चे इस योजना के तहत प्रवेश ले चुके हैं। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी रेणु पटेल,वंश लहरे, साक्षी निषाद, माही साहू व माही चौहान को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रशस्ति पत्र व स्कूल बैग भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही माही साहू के साथ मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष रूप से संवाद किया। इसके साथ ही रेणु पटेल के साथ बैठकर रात्रि भोजन भी किया।

## महिला से अनाचार का आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर चाम्पा। महिला से अनाचार के मामले में शिवरीनारायण पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने बीते 31 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी इसहाक खलखो निवासी छत्तीसगढ़ शस्त्र बल 02 री वाहिनी सकरी बिलासपुर ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अनाचार किया। पीड़िता की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उसके बाद इसहाक खलखो को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में अनाचार करना स्वीकार किये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पड़ोसी ने नाबालिग के साथ मिलकर की थी घर में सो रहे पति-पत्नी के साथ दो बच्चों की हत्या

अमृत संदेश । खरसिया

- बुधराम की जमीन पर थी आरोपी की नजर, चरित्र पर भी करता था शंका
- रायगढ़ पुलिस ने खरसिया ठुसेकेला हत्याकांड का 48 घंटे में किया खुलासा
- आरोपी पड़ोसी के साथ नाबालिग गिरफ्तार



रायगढ़ पुलिस ने खरसिया ठुसेकेला के हत्याकांड का महज़ 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला और पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर की गई इस कार्रवाई में मृतक बुधराम सिदार और उसके परिवार की हत्या का कारण चरित्र शंका सामने आया है। पड़ोसी लकेश्वर पटेल ने नाबालिग के साथ मिलकर पूरे परिवार की निर्मम हत्या करना स्वीकार किया है।

जानकारी के अनुसार, 11 सितंबर को ग्राम ठुसेकेला राजीव नगर में ग्रामीणों ने खरसिया पुलिस को सूचना दी थी कि बुधराम उरांव का घर अंदर से बंद है और भीतर खून के धब्बे दिख रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, एसडीओपी प्रभात पटेल समेत खरसिया, छाल, कोतरारोड़, पूंजीपथरा, जोबी पुलिस, एफएसएल, फिंगरप्रिंट, डॉग स्क्वाड और बीडीएस की टीमें मौके पर पहुंचीं। जांच में बुधराम उरांव (42), उसकी पत्नी सहोद्रा (37) और दोनों बच्चों अरविंद (12) और शिवांगी (5) के शव बाड़ी में खाद के गड्ढे से बरामद हुए। धारदार हथियार से हत्या किए जाने की पुष्टि पर थाना खरसिया (चौकी खरसिया) में अपराध क्रमांक 498/2025 धारा 103(1),238(ए) बीएनएस कायम किया गया ।

### पहले की थी घर की रेकी

मामले की गंभीरता को देखते हुए रेंज आईजी डॉ संजीव शुक्ला ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आरोपी लकेश्वर पटेल ने बताया कि वह पड़ोसी बुधराम की बाड़ी की जमीन को खरीदना चाहता था, जिसे कई बार बुधराम से मांगा, लेकिन उसने जमीन बेचने से इंकार कर दिया था। करीब 6 माह पूर्व लकेश्वर के लड़के ने बुधराम के घर में घुसकर चोरी की थी, जिसे आपस में सुलझा लिया था। लकेश्वर पटेल उसके पड़ोसी बुधराम के चरित्र पर शंका करता था, इन सभी बातों को लेकर लकेश्वर पटेल बुधराम से रंजिश रखता था और बुधराम की हत्या की योजना बनाकर मौके की ताक में था। उसने घटना के पूर्व बुधराम और उसकी पत्नी की गैर मौजूदगी में उसके घर की रेकी की थी।

### पहले की थी कमरे में दफनाने की कोशिश

आरोपी ने बताया कि 9 सितंबर की रात उसने बुधराम को खूब नशे में देखा था। उसी रात प्लान के मुताबिक आरोपित लकेश्वर और नाबालिग, बुधराम के घर घुसे और सोये बुधराम और उसकी पत्नी के साथ ही उनके दो बच्चों की हथियार से वार कर हत्या कर दी।

फिर उनके शवों को घर के दूसरे कमरे में जमीन खोद कर दफनाने की कोशिश की। लेकिन, जमीन सख्त होने के कारण गड्ढा नहीं कर पाए। उसके बाद शवों को घसीटते हुए बाड़ी की ओर ले गए और खाद के लिए खोद गए गड्ढे में ही उन्हें दफन करने का प्रयास किया था। पुलिस ने घटनास्थल ले जाकर आरोपियों से पूरी घटना का री-क्रिएशन कराया। आरोपियों के मेमोरेंडम पर टंगिया, रॉड, गैंती, फावड़ा, कपड़े आदि महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जब्त कर दोनों को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में लकेश्वर पटेल पिता बंशी लाल पटेल 32 साल निवासी राजीवनगर ठुसेकेला के साथ ही विधि के साथ संघर्षरत बालक भी शामिल है। पुलिस के अनुसार आरोपी लकेश्वर पटेल हत्या के अपराध में पूर्व सजायाफ्ता है।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने महिला व बाल विकास और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

अम्बिकापुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने शनिवार को महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक ली। बैठक में विभागों से सम्बंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की जांच करें। केंद्रों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें, पोषण वाटिका विकसित करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पढ़ाएं, उन्हें औपचारिक शिक्षा प्रदान करें। स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा भवनों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के लिए है, यह सुनिश्चित करें कि योजना का लाभ पात्रों को ही मिले। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता रहे। महिलाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करें, उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करें।

# नशा करने वालों को शर्मिंदा न करें, उन्हें प्यार से समझाएं : बीके संतोषी




अमृत संदेश । सीपत

समाज के हर कोने तक व्यसन मुक्ति का संदेश देते हुए सीपत के लुतरा शरीफ दरगाह में ब्रह्माकुमारी संस्थान की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने उपस्थित जनसमूह को व्यसन से मुक्त होने का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोषी दीदी ने कहा कि व्यसन छोड़ना कठिन नहीं है, कठिन है पहला संकल्प लेना। जब मन मजबूत होता है तो कोई भी बुरी आदत हमारे ऊपर हावी नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि आज ज़रूरत केवल व्यसन छोड़ने की नहीं, बल्कि उन कारणों को पहचानने की है, जिनसे लोग नशे की तरफ आकर्षित होते हैं। तनाव, अकेलापन और गलत संगति ये तीन प्रमुख वजहें हैं जिन पर काम करने की आवश्यकता है। दीदी ने व्यसन मुक्ति के लिए तीन महत्वपूर्ण सूत्र भी बताए। पहला आत्मसंयम हर परिस्थिति में खुद को मजबूत रखना और अपनी आदतों पर नियंत्रण करना। दूसरा अच्छी संगति अच्छा वातावरण और अच्छे लोगों के साथ रहना, जो प्रेरणा दें और सही दिशा दिखाएँ। तीसरा - ध्यान और मेडिटेशन मानसिक शांति और आत्मबल बढ़ाने के लिए रोजाना कुछ समय ध्यान में लगाना।

दीदी ने कहा कि नशे की जड़ें किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला करती हैं। व्यसन मुक्ति के लिए सिर्फ व्यक्तिगत प्रयास ही नहीं, इसके लिए सामूहिक चेतना और सामाजिक समर्थन जरूरी है। जब पूरा समाज मिलकर नशे के खिलाफ खड़ा होगा, तभी इसका असर दिखाई देगा। आज के समय में व्यसन मुक्ति केवल एक सामाजिक मुद्दा नहीं, बल्कि हर घर की जरूरत बन चुका है। सीपत में हुई यह पहल इस बात का प्रमाण है कि यदि समाज, संगठन और प्रशासन मिलकर काम करें, तो नशे जैसी गंभीर समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि महिला ही परिवार की धुरी है और जब वह हिम्मत से खड़ी होती है तो घर को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जा सकती है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित किया कि वे नशा करने वाले सदस्यों को शर्मिंदा करने के बजाय प्यार से समझाएँ. थाना प्रभारी का सहयोग सीपत क्षेत्र में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान में सीपत थाना प्रभारी गोपाल सत्पथी की सक्रिय भूमिका रही।

उन्होंने न केवल पूरे आयोजन में सहयोग दिया, बल्कि उपस्थित लोगों को यह विश्वास भी दिलाया कि पुलिस प्रशासन केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है। समाज के सुधार और सुरक्षा में भी पुलिस की अहम भूमिका है। पुलिस प्रशासन समाज के हर सकारात्मक कदम के साथ खड़ा है। सत्पथी ने कहा कि नशामुक्त समाज बनाना सिर्फ सामाजिक संगठन या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हर व्यक्ति अपने परिवार और आसपास के लोगों को जागरूक करे, तो सीपत ही नहीं, पूरा क्षेत्र नशामुक्त बन सकता है। नई शुरुआत का संकल्प कार्यक्रम के अंत में बीके संतोषी दीदी ने सामूहिक रूप से व्यसन मुक्त जीवन जीने का संकल्प कराया। उपस्थित युवाओं ने न केवल खुद नशे से दूर रहने का प्रण किया बल्कि समाज में भी जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी उठाई।

# जिले में तीन अलग-अलग मामलों में चार लोगों की मौत



अमृत संदेश । मरवाही

जिले में तीन अलग अलग मामलों में चार लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने से दो मजदूरों की मौत पेंड्रा थाना क्षेत्र में हुई, तो गौरेला थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने घर में फाँसी लगाकर खुदखुशी कर ली। उधर, तालाब गए एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। सभी मामलों में पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले में तीन अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई है। पहला मामला पेंड्रा मरवाही थाना क्षेत्र के सिलपहरी मालटोला इलाके का है। कमलेश प्रजापति, पिता राधेलाल उम्र 31 वर्ष, अंडी स्कूल टोला थाना पेंड्रा जो कि मझगवां में अपने रिश्तेदार के घर रहने वाली वंदना बाई पिता संतोष सिंह, उम्र 16 साल, हाल मुकाम शक्तिटोला, मझगवां थाना पेंड्रा, ग्राम सेनगुड़ा, थाना करंजिया, जिला डिंडोरी मध्यप्रदेश के साथ ट्रैक्टर लेकर रेत निकालने सोन नदी गए थे। दोनों नदी से रेत निकाल रहे थे, उसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ा और तेज गर्जना के साथ बारिश होने लगी। जहां बारिश से बचने के लिए दोनों सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा कर एक पेड़ के नीचे बारिश से बचने को छिप गए। उसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में दोनों आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा मामला गौरेला थाना क्षेत्र के तेन्दुमुडा गांव का है, जहां पर रहने वाली विवाहिता पुष्पा पनिका पति सुंदरलाल पनिका उम्र 42 वर्ष निवासी तेंदूमुड़ा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तीसरा मामला भी गौरेला थाना क्षेत्र का है जहां पर पीपरझोरकी तरईगांव में रहने वाले गणेश भरिया, पिता संत लाल उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम पीपर झोरकी तराईगांव का शव तालाब में मिला था। बताया जाता है कि गणेश मिर्गी का मरीज था और तालाब के पास पहुंचने पर उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई।

# कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

## रथ के माध्यम से लोगों को योजना के संबंध में दी जाएगी जानकारी

अमृत संदेश । सक्ती



जिले में आम जनता तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार रथ को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर श्री तोपनो ने इस योजना के विषय में बताया कि यह योजना ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह प्रचार रथ जिले के सभी विकासखंडों के गांव-गांव पहुँचकर आमजन को इस योजना की विशेषताओं, आवेदन प्रक्रिया और इससे मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना देश को ऊर्जा की दिशा में आत्मनिर्भर बनाएगी। सरकार द्वारा सोलर पैनल स्थापना पर सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खाते में दी जाएगी। इससे आम परिवार को बिजली खर्च में राहत मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सूर्यघर योजना रथ जिले के विभिन्न ग्रामों एवं कस्बों में घूम घूम कर लोगों को योजना की जानकारी देगा। रथ के माध्यम से आम जनता को यह बताया जाएगा कि छत पर सोलर पैनल लगवाकर वे अपने बिजली बिल को कम कर सकते हैं तथा अतिरिक्त बिजली विक्रय कर आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर श्री तोपनो ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का जमीनी स्तर पर अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि जिले के पात्र परिवार इस योजना के तहत आवेदन कर अधिक से अधिक लाभ ले सकें। उन्होंने ग्रामीणजनों से भी अपील की है कि वे इस योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ अवश्य उठाएँ। इस अवसर पर विद्युत विभाग के सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### योजना का लाभ लेने इस तरह कर सकते हैं पंजीयन

बता दे कि इस योजना के तहत उपभोक्ता स्वयं अपने घर की छत पर रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन कर ऊर्जादाता भी बन सकेंगे। इस योजना के तहत अपना पंजीयन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल एवं पीएम सूर्यघर मोबाइल एप, सीएसपीडीसीएल की वेबसाइट अथवा टोल फ्री नम्बर 1912 पर काल कर पंजीयन करवा सकते हैं। इस योजना के तहत एक किलोवाट का सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार से 30000 रुपए एवं राज्य सरकार से 15000 रुपए की सब्सिडी मिलती है। इसी तरह दो किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 60000 रुपए तो राज्य सरकार की तरफ से 30000 रुपए की सब्सिडी और तीन किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार की तरफ से 78000 रुपए तो राज्य सरकार की तरफ से 30000 रुपए की सब्सिडी मिलती है। इस योजना से न केवल घर-घर रोशनी पहुँचेगी बल्कि अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन से आर्थिक मजबूती भी मिलेगी।



देवपहरी बनेगा आध्यात्म और राष्ट्रभक्ति का संगम



अमृत संदेश | 8
बिलासपुर, रविवार 14 सितंबर 2025

# देवपहरी बनेगा आध्यात्म और राष्ट्रभक्ति का संगम

## हिंगलाजगढ़ में होंगी सप्त अखंड ज्योतियां, स्थापित होंगी सात महापुरुषों की प्रतिमाएं

अमृत संदेश | कोरबा



जिले के ग्राम देवपहरी में आध्यात्म और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। गौमुखी सेवाधाम के तत्वावधान में हिंगलाजगढ़ की स्थापना की जा रही है, जहां देश के चारों दिशाओं से लाई जा रही सात अखंड ज्योतियों की स्थापना होगी। यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शक्ति से ऊर्जित करेगा, बल्कि महापुरुषों की गाथाओं से राष्ट्रप्रेम की अलख भी जगाएगा।

सेवाधाम के सचिव योगेश जैन ने बताया कि हिंगलाज माता का मूल स्थान बलूचिस्तान में है, जहाँ उन्हें नानी मां के नाम से पूजा जाता है। अब ग्रामवासियों की मांग पर देवपहरी में हिंगलाजगढ़ का निर्माण किलेनुमा स्वरूप में किया जा रहा है। यहां देश के विभिन्न शक्तिपीठों कामाक्षी देवी कांचीपुरम, वैष्णो देवी कटरा, कामाख्या देवी गुवाहाटी, मां कालका देवी पावागढ़, शारदा देवी मैहर और सिद्धिदात्री माता देवपहरी से लाई गई अखंड ज्योतियां स्थापित होंगी। सातवीं अखंड ज्योति बलूचिस्तान से लाने का संकल्प लिया गया है, जो अखंड भारत की प्रतीक होगी।

### स्वयंसेवक पहुंचाएंगे 20 तक अखंड ज्योत

विभिन्न शक्तिपीठों से स्वयंसेवक अखंड ज्योति लाने के लिए रवाना हो चुके हैं। दक्षिण से कामाक्षी देवी कांचीपुरम से 11 सितंबर को और उत्तर से वैष्णो देवी कटरा के लिए 12 सितंबर को दल रवाना हुआ है। पूर्व दिशा से कामाख्या देवी गुवाहाटी 14 सितंबर को और पश्चिम से कालका देवी पावागढ़, गुजरात के लिए 15 सितंबर को दल निकलेगा। वही मध्य क्षेत्र से मैहर माता शारदा देवी 14 सितंबर को टोली रवाना होगी । सभी अखंड ज्योतियां 20 सितंबर तक कोरबा पहुंचेगी और 22 सितंबर को नवरात्रि के प्रथम दिन देवपहरी में विधि-विधान से स्थापित की जाएंगी।

### महापुरुषों की गाथाओं से गूंजेगा हिंगलाजगढ़

यहाँ सप्त सरोवर का निर्माण किया जा रहा है, जहाँ भारत माता की प्रतिमा के साथ सात महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित होंगी। इनमें गुरु गोविंद सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, छत्रपति शिवाजी और अन्य राष्ट्रनायकों की प्रतिमाएं शामिल होंगी। इनके साहस और बलिदान की गाथाएं युवाओं में देशभक्ति की चेतना जगाएँगी।

### ग्रामीणों की भावनाओं का केंद्र बनेगा हिंगलाजगढ़

ग्राम देवपहरी और आसपास के 40 गांवों से मिट्टी लाकर माई कलशा का पूजन किया जाएगा। इस पावन धाम में न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का भी संदेश फैलेगा।

## एसीबी दीपका ने कुसमुंडा को हराकर जीता खिताब




### श्रद्धांजलि फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**कोरबा।** खेल भावना और उत्साह से सराबोर श्रद्धांजलि फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन जेआरसी मैदान में हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में एसीबी दीपका की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुसमुंडा को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले में मैदान पर दोनों टीमों ने शानदार आक्रामक और रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने खिलाड़ियों के हर मूव और पास पर तालियों से उत्साह बढ़ाया। हालांकि, निर्णायक क्षणों में एसीबी दीपका ने सामरिक बढ़त बनाकर कुसमुंडा को पछाड़ दिया और खिताब पर कब्जा जमा लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जीएम ने विजेता टीम को बधाई दी और सभी खिलाड़ियों की मेहनत एवं खेल भावना की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जेआरसी मैदान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि भविष्य में भी बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी की जा सके। टूर्नामेंट में युवाओं की भागीदारी और दर्शकों की भारी मौजूदगी ने यह साबित कर दिया कि खेलों के प्रति लोगों में गहरी रुचि और लगाव है। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों और सहयोगियों का आभार जताया।

## बालको मुख्य मार्ग पर कार खाई में गिरी, चारों यात्री सुरक्षित

**कोरबा।** बालको मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। बलौदा जिले से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे। गनीमत रही कि सभी यात्री सुरक्षित रहे और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि वाहन को भारी क्षति पहुंची है। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और पुलिस-प्रशासन को सूचना दी। थोड़ी ही देर में स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम ने पहुंचकर कार को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों और राहगीरों ने इस खतरनाक मोड़ पर सुरक्षा इंतजाम की कमी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द बैरिकेड और अन्य सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

फिलहाल हादसे से यातायात प्रभावित नहीं हुआ है।

## जिला जेल से फरार चौथा बंदी भी गिरफ्तार

अमृत संदेश | कोरबा



पिछले महीने जिला जेल से फरार हुए चारों बंदियों की तलाश में लगी कोरबा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लगातार फरार चल रहे चौथे आरोपी चंदशेखर राठिया को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

उसे हाटी के जंगल से दबोचा गया। इससे पहले फरार तीन अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही जेल ब्रेक प्रकरण के सभी बंदियों पर शिकंजा कस दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, फरार बंदियों की तलाश के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमें गठित की थीं।

लगातार सर्चिंग और मुखबिरों की मदद से पुलिस को चंदशेखर राठिया के हाटी जंगल में छिपे होने की सूचना मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक अभिवकांत सिंह, एएसआई अजय सिंह, आरक्षक सुजीत कुरी, अनिल साहू और हरीश मरावी की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार बंदियों को पकड़ने में टीम ने दिन-रात मेहनत की।

जेल से बंदियों के फरार होने के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे थे। हालांकि, पुलिस की त्वरित कार्रवाई और चारों बंदियों की गिरफ्तारी से अब सुरक्षा तंत्र को लेकर लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की पूरी जांच जारी है और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया जाएगा।

## आईटीआई करतला में 25 सितंबर से होगी परीक्षा

### 19 सितंबर तक भर सकेंगे फार्म

**कोरबा।** शासकीय आईटीआई करतला में इंजीनियरिंग एवं नॉन-इंजीनियरिंग व्यवसायों की राज्य व्यवसायिक परीक्षा और स्कूल आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना अंतर्गत परीक्षाएँ 25 सितंबर से 6 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जाएंगी। इस परीक्षा में संस्था के विभिन्न सत्रों के प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित होंगे। इनमें सत्र 2024-25 के एक वर्षीय व्यवसाय नियमित, सत्र 2023-25 के द्विवर्षीय व्यवसाय, सत्र 2024-26 के द्विवर्षीय व्यवसाय प्रथम वर्ष, सत्र 2023-25 के एससीव्हीटी व स्कूल आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी तथा सभी भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे।संस्थान प्रशासन ने बताया कि पात्र प्रशिक्षणार्थी 15 से 19 सितंबर तक कार्यालयीन समय में संबंधित व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी से परीक्षा फार्म प्राप्त कर भर सकते हैं। इसके बाद जमा की गई प्रविष्टियाँ स्वीकार नहीं की जाएंगी।

## डीके हॉस्पिटल में नाबालिग का प्रसव, रिश्तेदार निकला आरोपी, एफआईआर दर्ज

अमृत संदेश | कोरबा

शहर में चर्चित बने डीके हॉस्पिटल में नाबालिग लड़की की डिलीवरी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जांच तेज होने के बाद पुलिस ने आरोपी रिश्तेदार अशोक के खिलाफ पोक्सो एक्ट व बलात्कार की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 10 सितंबर की रात गंभीर हालत में एक युवती को परिजन डीके हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। इमरजेंसी में डॉक्टर ने सिजेरियन ऑपरेशन कर लड़की को जन्म दिलाया। लेकिन ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक को युवती की उम्र संदिग्ध लगी। आधार कार्ड मांगे जाने पर परिजन प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि पीड़िता अपने ही रिश्तेदार अशोक की शिकार बनी है। पिता के निधन के बाद आरोपी उसे बचपन से अपने साथ रखकर पालन-पोषण कर रहा था। संतान की चाह में उसने नाबालिग से संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई।

पीड़िता की सही उम्र की पुष्टि के लिए बोनमैरो टेस्ट और नवजात के पितृत्व की जांच हेतु डीएनए टेस्ट कराने की तैयारी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच जारी है और अन्य आरोपियों की भी संलिप्तता सामने आ सकती है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि जांच पूरी होने तक और खुलासे संभव हैं।

## अजगरबहार विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

अमृत संदेश | कोरबा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक फूलसिंह राठिया रहे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष मां के नाम पर लगाना और उनका संरक्षण करना सभी का कर्तव्य है। सरपंच नारायण सिंह की अध्यक्षता एवं एसएमडीसी अध्यक्ष अमर सिंह कंवर एवं रफीक मेमन बीडीसी, लवभूषण प्रताप सिंह पूर्व सरपंच, अमर सिंह कंवर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के विशिष्ट आतिथ्य सहित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से हुई। इसके बाद अतिथियों, माताओं और शिक्षकों ने मिलकर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। प्राचार्य अनुपमा राजवाड़े ने कहा कि मां के नाम वृक्षारोपण माता और प्रकृति के गहरे संबंध को दर्शाता है। व्याख्याता मानसिंह राठिया ने कहा कि पेड़ लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं बल्कि माता के प्रति सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव को भी प्रकट करता है।

इस अवसर पर लखन लाल डहरिया, सुभाष चंद्र महतो, गिरधारी लाल यादव, अमर सिंह खुराना, के बी निमजा, नेहा रानी राठौर , गामता साहू, विजय कुमार ठाकुर, हेमंत साहू, कृष्णा दास महंत, प्रमिला एक्का, प्रताप सिंह कंवर, हनुमान सिंह उर्रे, कुलदीप साहू, मंजू लता सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, मीनू निराला, शिवकुमार पटेल, नमिता केरकेट्टा, अंजलि तंवर, नीरा, शनिराम, रांगूराम, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण कुमार ओगरे, जय किशन पटेल, इब्राहिम फारुकी, रोशन खांडे, निज सहायक गत्तूराम राठिया, दादूलाल पटेल, अभिषेक कुमार राठिया, विसाहूराम पटेल, लकेश्वर वर्मा, विजय कुमार राठिया, संतोष सिंह तंवर सहित बड़ी संख्या में माताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंद्र महतो ने किया और आभार प्रदर्शन लखन लाल डहरिया ने किया।

## खेत में काम कर रही दंपत्ति पर गिरी आकाशीय बिजली

### पति की मौत, गर्भवती पत्नी घायल



**कोरबा।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र में शनिवार को खेत में काम कर रहे दंपती पर आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान प्रवीण कुमार मरावी (24 वर्ष) के रूप में हुई है। उसकी पत्नी कीर्ति मरावी (22 वर्ष) पाँच माह की गर्भवती है और वर्तमान में कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार दंपती खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक मौसम बदला और तेज गरज-चमक के साथ बिजली गिरी। हादसे में प्रवीण की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिजली गिरने के बाद कीर्ति करीब एक घंटे तक बेहोश रही। होश आने पर उसने ससुर को घटना की सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों को अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रवीण और कीर्ति की शादी को मात्र एक साल हुआ था और घर में जल्द ही नन्हें मेहमान के आने की खुशी थी। लेकिन इस दर्दनाक घटना ने पूरे परिवार और गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है।

## जमीन धसान से दहशत में ग्रामीण, मवेशियों की हो रही मौत

अमृत संदेश | कोरबा



पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के बीजाडांड, पुटीपखना, केंदई समेत आसपास के कई गांवों में ग्रामीण इन दिनों जमीन धंसान से दहशत में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एसईसीएल की विजय वेस्ट कोयला खदान के लगातार विस्तार के चलते यह समस्या और गंभीर होती जा रही है।

बरसात के दिनों में जमीन तेजी से धंस रही है। इससे खेतों और चरागाहों में गहरी दरारें पड़ रही हैं। कई मवेशी इन गड्ढों में गिरकर मौत के शिकार हो चुके हैं। हाल ही में एक ग्रामीण ने वीडियो साझा कर यह दिखाया कि उसकी गाय जमीन धंसने से बनी खाई में समा गई और वहां उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह तो केवल एक उदाहरण है, न जाने कितने मवेशी इस तरह काल के गाल में समा चुके हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो प्रशासन और न ही वन विभाग इस गंभीर समस्या पर ध्यान दे रहा है। खानापूर्ति के लिए नोटिस जारी कर दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। गर्मी के दिनों में इस धंसान का असर और अलग रूप में दिखता है, जब भूजल स्तर तेजी से गिरने लगता है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर उनकी समस्या का समाधान कौन करेगा, जबकि जिम्मेदार विभाग लगातार चुप्पी साधे हुए हैं।

## 17 सितम्बर को कई स्थलों पर लगेगा रक्तदान शिविर

### तेरापंथ युवक परिषद व सकल जैन समाज की पहल

अमृत संदेश | कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में 17 सितम्बर को देशभर में आयोजित होने वाले मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के तहत कोरबा जिले में भी व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे।

इस अभियान में तेरापंथ युवक परिषद, सकल जैन समाज एवं अन्य सामाजिक संस्थाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इन शिविरों का आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राज्य स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।

कोरबा में रक्तदान शिविर जैन मंदिर पुराना बस स्टैंड, एम.जे.एम. हॉस्पिटल नया बस स्टैंड, जैन मंदिर बुधवारी एवं एन.के.एच. हॉस्पिटल कोसाबाड़ी में सुबह से ही रक्तदान शिविर आयोजित होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों और आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। युगप्रधान आचार्य महाश्रमण के आशीर्वाद तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यह अभियान समाज में जीवन बचाने और सेवा भाव को साकार करेगा। आयोजकों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में जुड़कर रक्तदान कर मानवता की सेवा करें।

## युवक को धमकाकर घर से मंगवाए जेवरात, तीन पर अपराध दर्ज

**कोरबा।** पुरानी बस्ती क्षेत्र में युवक को डरा-धमकाकर घर से कीमती जेवरात मंगवाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित पिता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी हृदय नारायण सिंह ठाकुर (64 वर्ष), निवासी भंडारी चौक, पुरानी बस्ती ने पुलिस को बताया कि उनके घर की अलमारी में सोने और चांदी के गहने रखे थे। इनमें गले का हार, कान की बाली, कंगन, सोने की चैन, पायल, बिछिया और अन्य आभूषण शामिल थे। आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाले बाबुल जायसवाल और प्रदीप निर्मलकर ने उनके पुत्र खुशहाल सिंह को बार-बार धमकाकर और प्रताड़ित कर अलमारी से धीरे-धीरे सभी जेवरात मंगवाकर ले लिए। इनके साथ मोहल्ले का एक और युवक चैन नाम का उनके साथ शामिल था। मामला तब उजागर हुआ जब 9 सितंबर को भतीजी की शादी की तैयारी के दौरान अलमारी खोली गई। जेवरात गायब मिलने पर बेटे से पूछताछ हुई, तब पूरी घटना सामने आई। यह घटना 28 जुलाई से 1 सितंबर के बीच की बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 308(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## चाकू की नोंक पर युवक को ले जाकर बेरहमी से मारपीट, जिला अस्पताल में भर्ती

**कोरबा।** शहर में एक युवक को चाकू की नोक पर धमकाकर जबरन ले जाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

प्रार्थी चिन्नाराव (31), निवासी शिवाजी नगर, थाना सिविल लाइन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका छोटा भाई कोण्डाराव (27) 11 सितंबर को घर में था। उसी दिन रात करीब 9:30 बजे उसके भांजे ने फोन पर बताया कि गौतम नामक युवक ने पुराने विवाद के समझौते के बहाने कोण्डाराव को घंटाघर बुलाया है। इसके बाद चिन्ना ने भाई को फोन किया, जहां से गाली-गलौच की आवाज आई और कॉल कट गया।

रात लगभग 11:20 बजे कोण्डाराव ने फोन कर बताया कि उसे मारपीट कर धर्म अस्पताल के बाहर छोड़ दिया गया है। मौके पर पहुंचने पर उसके पैर और नाक से खून बह रहा था। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसे चाकू की नोक पर बाइक से उठाकर 15 ब्लॉक पंप हाउस रावण मैदान ले जाकर बुरी तरह पीटा। आरोप है कि गौतम सिंह ने चाकू से शनि ठाकुर ने पेचकस से, नोमोन ने सिर पर किसी वस्तु से हमला किया, जबकि एक अन्य युवक ने नाक पर चोट पहुंचाई। इसके बाद उसे धमकी दी गई कि अगर थाने में शिकायत करेगा तो जान से मार दिया जाएगा।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने गौतम सिंह, शनि ठाकुर, नोमोन और अन्य साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(2), 351(2), 140(2), 296, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दक्षिणेश्वर का उलटफेर नागल की जीत से वापसी

### डेविस कप में भारत ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ बनाई बढ़त

**नई दिल्ली, (ए)।** रिजर्व टेनिस खिलाड़ी के रूप में चुने गए दक्षिणेश्वर सुरेश ने स्विट्जरलैंड के ऊंची रैंकिंग वाले जेरोम काइम को सीधे सेटों में हरा दिया, जबकि सुमित नागल ने डेविस कप में जीत से वापसी की जिससे भारत शुक्रवार को यूरोपीय टीम के खिलाफ मुकाबले में जीत की दहलीज पर पहुंच गया। कप्तान रोहित राजपाल ने आर्यन शाह की जगह दक्षिणेश्वर पर भरोसा जताया और इस लंबे कद के खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया। दक्षिणेश्वर ने 155वीं रैंक वाले काइम को शुरुआती एकल में 7-6 (4) 6-3 से शिकस्त दी। एटीपी रैंकिंग में दक्षिणेश्वर 626वें स्थान पर हैं, लेकिन उनका खेल इस कम रैंकिंग से कहीं बेहतर था। पिछले साल शीर्ष 100 में रहने के बाद अब शीर्ष 300 में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे नागल ने मार्क-एंड्रिया ह्यूस्लर को 6-3, 7-6 (4) से हराकर डेविस कप में जीत से वापसी की जिससे भारत को पहले दिन 2-0 की बढ़त मिली। दक्षिणेश्वर ने कहा, %धैर्य के साथ अपनी योजना के मुताबिक खेलने पर ध्यान दे रहा था। पहली बार देश के लिए खेलने का बहुत दबाव था। मुझे लगता है कि मैंने इसे काफी अच्छे से संभाला। शुरुआती दो एकल मुकाबलों में जीत के साथ भारतीय टीम अब यूरोपीय धरती पर एक यादगार डेविस कप जीत के बहुत करीब पहुंच गई है। उसे शनिवार को होने वाले तीन मैचों में से एक में जीत हासिल करनी होगी जिससे वह यह मैच अपने नाम कर लेगा। एन श्रीराम बालाजी और ऋत्विक बोलिपल्ली की टीम उलट एकल से पहले जैकब पॉल और डोमिनिक स्ट्राइकर से भिड़ेगी।

## फर्स्ट चैलेंज कप बास्केटबॉल जोधपुर में रोमांचक मुकाबले

**जोधपुर, (ए)।** जिला बास्केटबॉल संघ जोधपुर के तत्वाधान में एम्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जारी फर्स्ट चैलेंज कप बास्केटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन पुरुष और महिला वर्ग में कड़े मुकाबले खेले गए। आयोजन सचिव देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार को शाम से देर रात तक चले मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग के पहले मैच में यंग ओरियंस ने सेंट्रल सेक्रेटेरिएट को 77-57 अंकों से हराया। दूसरे मैच में मध्य प्रदेश ने जोधपुर को 71-64 से मात दी।

# सत्र के अपने पहले फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

## सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया

**एजेंसी । हांगकांग**

भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गए हैं। इस भारतीय जोड़ी ने लंबा सूखा समाप्त करते हुए सत्र के अपने पहले फाइनल में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग ने शनिवार को सेमीफाइनल में विश्व के नौवें नंबर की जोड़ी चीनी ताइपे के बिंग वेई लिन और चेन चेंग कुआन को सीधे गेम में हराया।

सात्विक-चिराग ने लिन-कुआन को 21-17, 21-15 से मात दी। भारतीय जोड़ी सत्र के अपने पहले फाइनल में पहुंची है। इससे पहले उसे छह बार सेमीफाइनल में हार मिली थी। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का खिताबी मुकाबले में सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी तथा चीनी ताइपे की फांग चिह ली और फांग जिन ली के बीच एक अन्य सेमीफाइनल मैच की विजेता जोड़ी से होगा।



सात्विक-चिराग के लिए यह नतीजे काफी सुखद है क्योंकि उन्होंने कई चुनौतियों से पार पाकर वापसी की है। सात्विक-चिराग पिछले साल पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से चूक गए थे। इस भारतीय जोड़ी के पास अब इस साल का अपना पहला खिताब जीतने का मौका रहेगा।

# जैस्मिन, नूपुर ने स्वर्ण की उम्मीद जगाई



**एजेंसी । लिवरपूल**

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा भारवर्ग) और नूपुर (80+किग्रा भारवर्ग) ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। जैस्मिन ने सेमीफाइनल में वेनेजुएला की कैरोलिना अल्काला को 5-0 से परास्त किया।

वह फाइनल में पोलैंड की जूलिया से भिड़ेंगी। दिग्गज हवा सिंह की पोती नूपुर ने तुर्किये की सेयमा को 5-0 से हराया। इससे पहले मीनाक्षी हुड्डा ने भारत का चौथा पदक पक्का किया। वह महिलाओं के 48 भारवर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। मीनाक्षी ने अंडर-19 वर्ग की विश्व चैंपियन इंग्लैंड की एलाइस पंपेरी को क्वार्टर फाइनल में हराया।

**कड़े संघर्ष से गुजरा है मीनाक्षी का सफर-** हरियाणा में रोहतक जिले के रुरकी गांव की 24 साल की मीनाक्षी चार भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। उनके पिता ऑटो रिक्शा चलाते हैं और मां गृहिणी हैं। उन्हें गुजारा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता था।

## 14 वर्षीय जिम्नास्टिक खिलाड़ियों का चयन

**मालपुरा, (ए)।** शिक्षा विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत दूनी में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार स्कूल के जिम्नास्ट शौर्य काबरा और एश्रवी जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना**

**ई- निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/14/25/40, दिनांक 09.09.2025.**

| क्र. सं. | टेन्डर संख्या | विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 06250093 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट (आरजीसी) फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ 60 केजी ग्ल्यूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स (जी-3) (एल) टाइप कन्फर्मिंग टू आरडीएसओस डीआरजी नं. टी-2572 विथ लेटेस्ट अल्टरेशन | 26.09.2025 | 13500 नग |
| 2. | 03252882A | हाईयर केपिसिटि एयर स्प्रिंग असेम्बली (160 केएन) | 26.09.2025 | 35 नग |
| 3. | 07253001B | सॉफ्ट ब्लेंकेट केमल/नेवी ब्लू/ ग्रे शेड ऑफ सुपिरियर क्वालिटी | 25.09.2025 | 40,000 नग |
| 4. | 08251513 | सर्वोप्लेक्स एसएचसी-120 | 09.10.2025 | 14,196 के.जी. |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।

सीपीआर/10/313 — कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर

South East Central Railway  @secrail



**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका इन्द्रा पिता चन्द्रभवन सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार इन्द्रा पिता चन्द्रभवन सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 36/4 रकबा 0.158 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना में अर्जित कर ली गई है। उक्त अर्जित भूमि के एवज में रोजगार एवं अन्य सुविधा हेतु वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किये है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंचराम पिता सम्मनराम ग्राम रिसदी तहसील दीपका ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार पंचराम पिता सम्मनराम के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 4/1, 252/1, 349/1 कुल रकबा 0.46 ए. भूमि को एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा परियोजना में अर्जित कर ली गई है। उक्त अर्जित भूमि के एवज में रोजगार एवं अन्य सुविधा हेतु वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किये है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पत्थर सिंह पिता आ. पीला बाबु जाति कंवर निवासी रिसदी तहसील दीपका जिला कोरबा के द्वारा ग्राम रिसदी में आयोजित शिविर में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है कि आवेदक के नाम पर ग्राम रिसदी में स्थित भूमि ख.नं. 116/10, ख.नं. 172/4 आनलाईन अभिलेख में दर्ज नही है तथा ख.नं. 309/3 रकबा 0.160 हे. भूमि है जो त्रुटिवश रकबा 0.161 हे. दर्ज हो गया है, जिसे सुधार किया जावे।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छत्रपाल सिंह पिता जगतराम ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में खातेदार सियाबाई पिता ईतवार सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 131/9, 241/2, 320/6, 325/2 रकबा 0.032, 0.065, 0.210, 0.105 हे. कुल रकबा 0.412 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना में अधिग्रहित कर लिया गया है। उक्त भूमि में से ख.नं. 131/9, 241/2, 325/2 भूमि वर्तमान बी 1 में दर्ज नही होने से दर्ज करने तथा ख.नं. 320/6 का वर्तमान बी 1 में त्रुटिपर्ण रकबा 0.016 हे. को सुधार कर रकबा 0.210 हे. दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किये है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकृष्ण पिता स्व. हरिसिंह ग्राम बाता तहसील दीपका जिला कोरबा के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार पंचकुंवर के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना में अधिग्रहित भूमि ख.न. 128, 177, 187 कुल रकबा 0.20 डि. भूमि के खातेदार पंचकुंवर की मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलहरण सिंह पिता स्व. बंधन सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार निर्मल बाई पिता मनोहर सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 61/1, 308/1, 541, 547/1 कुल ख.नं. 04 रकबा 0.539 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जन कर लिये जाने से अर्जन के एवज में रोजगार हेतु वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किये है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 26/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 10/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसुन सिंह पिता इतवार सिंह ग्राम बरतरई तहसील पोंडी उपरोड़ा के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार बिसुन सिंह पिता इतवार सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 491/4, 578/2 कुल रकबा 0.364 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना में अर्जित कर ली गई है। उक्त अर्जित भूमि के एवज में रोजगार एवं अन्य सुविधा हेतु वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किये है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**// शपथपत्र //**

मैं मोहर दास वैष्णव उम्र 58 वर्ष पिता स्व. चरण दास वैष्णव जाति वैष्णव निवासी ग्राम रिसदा भदरापारा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) का हूं। यह कि मैं अपने पुत्री लावन्या वैष्णव का जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम कोरबा से बनवाया हूं, जिसमें मेरे पुत्री का नाम कुमारी लावन्या वैष्णव पिता मोहर दास वैष्णव एवं माता श्रीमती अनिता वैष्णव दर्ज है। मेरे पुत्री का जन्म दिनांक 03/05/2012 है। यह कि मेरे पुत्री कक्षा आठवीं तक पढ़ाई कर ली है। उनके शैक्षणिक प्रमाण पत्र में लावन्या वैष्णव दर्ज है, जो सही है। यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में कुमारी लावन्या वैष्णव दर्ज है, जो गलत है एवं माता-पिता के नाम उक्त जन्म प्रमाण पत्र में सही है। मेरे पुत्री के आधार कॉर्ड में भी कुमारी लावन्या दर्ज है। यह कि मैं मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में कुमारी लावन्या वैष्णव के जगह कुमारी को हटाकर लावन्या वैष्णव सुधार कराकर ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहता हूं। यह कि मैं उक्त शपथ पत्र नगर पालिक निगम कोरबा में मेरे पुत्री के नाम को सुधार कराने एवं ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए निष्पादित किया हूं।

शपथकर्ता
मोहर दास वैष्णव
ग्राम रिसदा भदरापारा
जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव सिंह पिता सुनाराम ग्राम रिसदी तहसील दीपका ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार देवसिंह पिता सुनाराम के नाम पर दर्ज भूमि ख. न. 9/3, 66/9, 66/10, 66/13, 113/3, 287/5, 306/2, 316, 413/4, 416/3, 421/6 कुल ख.नं. 11 कुल रकबा 1.116 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना में अर्जित कर ली गई है। उक्त अर्जित भूमि के एवज में रोजगार एवं अन्य सुविधा हेतु वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किये है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैयालाल ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार बुध कुंवर पति जगमोहन के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 50/2, 281/4 कुल रकबा 0.121 हे. भूमि के खातेदार बुधकुंवर की दिनांक 02/06/2022 को मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सगुन सिंह पिता स्व. इतवार सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार रमिला बाई पति स्व. इतवार सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 188/1, 368/2 कुल रकबा 0.296 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना के द्वारा अर्जित कर लिया गया है। एस.ई.सी.एल. के मुआवजा पत्रक में खातेदार का नाम रमशिला बाई पति स्व. इतवार सिंह दर्ज होने से उसे सुधार कर रमिला बाई पति स्व. इतवार सिंह दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किताब सिंह पिता छत्तर सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार छत्तरसिंह पिता कंवल सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 50/3, 50/5, 111/1, 214, 248/1, 276/2, 277/1 क, 281/1, 499/1 कुल रकबा 0.562 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को एस.ई.सी.एल. को एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जित कर ली गई है। आनलाईन रिकार्ड में ख.न. 281/1 का रकबा 0.012 हे. की जगह 0.013 हे, ख.न. 499/1 का रकबा 0.032 हे. के स्थान पर 0.033 हे, ख.न. 248/1 का रकबा 0.057 हे. के स्थान पर 0.056 हे. दर्ज होने तथा ख.न. 111/1 एवं 214 आनलाईन रिकार्ड में उपलब्ध नहीं होने से उक्त संबंध में त्रुटि सुधार करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रताप बाई पिता छत्तर सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार प्रताप बाई पिता छत्तर सिंह के नामपर दर्ज भूमि ख.नं. 388/1 रकबा 0.105 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना के द्वारा अर्जित कर लिया गया है। उक्त भूमि आनलाईन रिकार्ड में दर्ज नही होने से दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका इन्द्रा ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार इन्द्रा के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 36/5 रकबा 0.158 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया है। उक्त भूमि के आनलाईन रिकार्ड में त्रुटि होने से सुधार करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रभवन सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका के ग्राम रिसदी तहसील दीपका में खातेदार चन्द्रभवन सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 36/3, 53/3 का रकबा आनलाईन में त्रुटिपूर्ण रकबा क्रमशः 0.271, 0.061 हे. दर्ज होने से सुधार करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पत्थर सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में खातेदार महेत्तर सिंह, पत्थर सिंह, दिनेश कुमार, रतनबाई, बचनबाई के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 568/1 रकबा 0.162 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जित कर लिया गया है। उक्त भूमि में से ख.न. 568/1 आनलाईन रिकार्ड में दर्ज नही होने से दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भाव सिंह पिता हरिहर सिंह ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार हरिहर सिंह पिता सिदार सिंह के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 449 रकबा 0.097 हे. भूमि के खातेदार हरिहर सिंह पिता सिदार सिंह की दिनांक 23/01/2009 को मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राग रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है. नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार दीपका — मुहर जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संस्था महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र द्वारा ग्राम भठोरा प.ह.नं. 53 तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) में अर्जित भूमि गेवरा ओपन कास्ट परियोजना का विस्तार (उत्खनन) हेतु प्रभावित 202 नग मिश्रित प्रजाति वृक्षों के विदोहन के अनुमति बाबत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 24/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है. नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार दीपका — मुहर जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार ग्राम रिसदी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित खातेदार प्रमिला कुमार पिता कार्तिकराम के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 13/13 कुल रकबा 0.053 हे. भूमि के खातेदार प्रमिला कुमारी की दिनांक 10/08/2011 को मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र ग्राम रिसदी शिविर में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार दीपका — मुहर जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संतराबाई पति स्व. तिहारूराम जाति चौहान साकिन भिलाईबाजार तहसील दीपका द्वारा ग्राम भिलाईबाजार तहसील दीपका में खातेदार संतराबाई पति स्व. तिहारूराम, बुधवारसाय पिता स्व. तिहारूराम के नाम पर हक स्वामी भूमि ख.नं. 52/6 रकबा 0.040 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि एस.ई.सी.एल. गेवरा परियोजना द्वारा अर्जन कर ली गई है। उक्त भूमि के खातेदार बुधवारसाय पिता स्व. तिहारूराम की मृत्यु दिनांक 29/09/2023 को हो गई है आवेदिका द्वारा फौत दर्ज कर फौती नामांतरण बाबत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 24/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार दीपका — मुहर जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि एस.ई.सी.एल. दीपका क्षेत्र द्वारा खातेदार राजकुमार पिता नवरतन सिंह साकिन रिसदी तहसील दीपका जिला कोरचा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम रिसदी तहसील दीपका स्थित भूमि ख.नं. 44/2, 64, 68/2, 358/1, 443/1 रकबा 0.418 हे. भूमि एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार द्वारा अर्जित भूमि के एवज में राजकुमार पिता नवरतन सिंह को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 25/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार दीपका — मुहर जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है एस.ई.सी.एल. दीपका क्षेत्र द्वारा खातेदार अश्वनी कुमार पिता लक्ष्मण सिंह कंवर साकिन रिसदी तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम रिसदी तहसील दीपका स्थित भूमि ख.नं. 348, (439/2, 443/2) रकबा 0.535 हे. भूमि एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार द्वारा अर्जित भूमि के एवज में अश्वनी कुमार पिता लक्ष्मण सिंह कंवर को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 24/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार दीपका — मुहर जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनमोहन पिता बृजलाल जाति कंवर निवासी रिसदी तहसील दीपका जिला कोरबा के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में आवेदक मनमोहन, मानसिंह पिता स्व. बृजलाल, नोनीबाई पति स्व. बृजलाल के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 115/1, 193/1, 344/1, 445/2, 490/5, 500/1, 518/3 559/2, 559/4, 571/1 कुल रकबा 0.367 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जित कर लिये जाने से अर्जन के एवज में रोजगार एवं अन्य लाभ हेतु वशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 24/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार दीपका — मुहर जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फूलमत बाई पति शंकर सिंह साकिन रिसदी तहसील दीपका द्वारा ग्राम रिसदी में खातेदार शंकर सिंह (फौत), नारायण सिंह पिता हरीराम नाम पर हक स्वामी भूमि ख.नं. 14/2, 60/1, 73/8, 171/1, 183/4, 199/8 कुल रकबा 1.083 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जन कर लिया गया है। अर्जन भूमि के एवज में मुआवजा, नामांकन एवं अन्य सुविधाओं की प्राप्ति हेतु वंशवृक्ष बावत् शिविर में दिनाक 21/08/2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिरा किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 24/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार दीपका — मुहर जिला कोरबा (छ.ग.)

युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़:किरण देव



# सेजेस करंजी में हुई पालक-शिक्षक बैठक, शिक्षा गुणवत्ता पर की गई चर्चा



**जगदलपुर।** सेजेस करंजी में शनिवार को पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें फॉर्मेटिव असेसमेंट के परिणाम घोषित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि रैतुराम बघेल रहे,बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य विश्व मोहन मिश्रा ने किया,संचालन रामनाथ यादव द्वारा बैठक का एजेंडा बताया गया, मुख्य अतिथि के द्वारा पालकों को संबोधित करते हुए बच्चों को घर में पढ़ाने व शिक्षकों को सहयोग करने के लिए कहा गया तथा शासन के विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के बारे में बताया गया,प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में सभी छात्रों को ख्व -द्व में उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों की सराहना किया,साथ ही मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य महोदय द्वारा सभी विषयों के नवगठित क्लब का उद्घाटन करते हुए कार्यक्रम प्रभारी भामिनी राव के नेतृत्व मे बने गए क्लब द्वारा बनाए गए मॉडल का अवलोकन किया जिसमें फिजिक्स क्लब द्वारा जल शक्ति (गतिज ऊर्जा) से बिजली उत्पादन का मॉडल 12वीं के छात्र गिरीश और शशांक द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिनका मार्गदर्शन शिवानी करे ने किया, केमिस्ट्री क्लब में आशुत जल और मिश्रण जल में विद्युत चालकता को 12 वीं की छात्रा मान्यता रथ एवं जानवी पात्रा द्वारा बताया गया जिसका मार्गदर्शन अनुभा बिस्वास ने किया, बॉटनी क्लब में डीएनए का मॉडल को 11 वीं की छात्रा महिमा टोप्पो एवं एलन मिंज द्वारा समझाया गया जिसका मार्गदर्शन भारती बघेल ने किया साथ ही मेघा महतो के निर्देशन मे कॉमर्स क्लब में 11वीं के छात्रों द्वारा व्यावसायिक अध्ययन और व्यवसाय से लाभ और व्यवसाय की महत्ता और इ कॉमर्स के बारे में बताया गया,साथ ही इंग्लिश क्लब, हिंदी क्लब, मैथ्स क्लब का भी गठन किया गया जिसको आयुषी जैन,रामनाथ यादव और हेमानी नायक का निर्देशन मिला, बैठक के समापन में सामाजिक विज्ञान क्लब द्वारा पर्यावरण बचाने की बात कही गयी और अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाया गया तथा सभी पालकों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आग्रह किया गया।

# एक पीपल, एक परिवार, एक पुण्य, पीपल्स केयर की अनूठी पहल : केदार कश्यप




**जगदलपुर।** पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति को जोड़ते हुए पीपल्स केयर सामाजिक संस्था ने ग्राम पंचायत महुपाल बरई में एक अभिनव कार्यक्रम एक पीपल एक परिवार, एक पुण्य का आयोजन किया। पीपल रक्षित: रक्षित: के पावन मंत्र के साथ 121 परिवारों ने 121 पीपल के पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और संस्कृति से जुड़ा एक अमूल्य संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद अध्यक्ष मोहन कुमार बघेल, जिला पंचायत सदस्य मौर्य, ग्राम सरपंच लता बघेल और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

अपने भावपूर्ण संबोधन में मंत्री केदार कश्यप ने कहा आज मैं यहां मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि धरती का एक बेटा बनकर खड़ा हूँ। पीपल्स केयर का यह अभियान सिर्फ पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि माँ और बच्चे के रिश्ते को पुन: परिभाषित करने जैसा है। पीपल केवल एक वृक्ष नहीं, यह हमारी संस्कृति का प्राण है। आपने आज सिर्फ पौधे नहीं लगाए हैं, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन के बीज बोए हैं।

पीपल्स केयर के अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने कहा महुपाल बरई के 121 परिवारों ने 121 पीपल के पौधे लगाकर प्राणवायु की फैक्ट्री की नींव रखी है। यह पहल पर्यावरण ही नहीं, हमारी संस्कृति को भी जीवंत बनाए रखने का प्रयास है। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत करने के बाद पीपल की पूजा कर सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया। यह आयोजन न केवल पौधारोपण का उत्सव बना, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक हरित और सुरक्षित भविष्य सौंपने का संदेश भी बन गया। समापन सत्र में संस्था के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव किशोर जाधव ने किया और आभार प्रदर्शन सुरेश प्रसाद गुप्ता ने किया।

# युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़: किरण देव

अमृत संदेश जगदलपुर।

**0 संगठन का प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण, विचार धारा को आगे बढ़ाये युवा शक्ति - भाजपा महामंत्री संगठन पवन साय**

**0 संगठन को सशक्त बनाने एकजुटता से कार्य करेगा युवा मोर्चा - भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया**



भारतीय जनता युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण संभागीय बैठक आज शनिवार को पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में आयोजित हुई। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय विशेष रूप से शामिल हुये। जिन्होंने संभागीय बैठक में नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया को बधाई देते हुये बस्तर अंचल के सात जिलों आये भाजयुमो कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया और आगामी कार्य योजनाओं से अवगत कराकर ज़मीनी स्तर पर उन्हें मूर्त रुप देने कार्य करने कहा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ है, जो आनेवाले समय में भाजपा की बागडोर संभालेंगे। संगठन की कार्ययोजनाओं को जनता के बीच पहुँच कर साकार रूप देने का कार्य सभी को करना है। आगामी 17 सितम्बर से राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सेवा पखवाड़ा आरंभ हो रहा है। जिसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, जनस्वास्थ्य शिविर, मैराथन दौड़ आदि कार्यक्रमों को शत प्रतिशत सफल करने में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की महती भूमिका रहेगी।

भाजपा महामंत्री संगठन पवन साय ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुये कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण है। युवा शक्ति राष्ट्र की दिशा तय करती है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का दायित्व बहुत बड़ा है। संगठन के द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पार्टी की विचारधारा का प्रचार प्रसार करते हुये क्रियान्वित करना है।

नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया ने कहा कि प्रदेश के सभी युवा मोर्चा के हजारों हजार कार्यकर्ता संगठन को और मजबूत बनाने के लिये एकजुटता के साथ कार्य करेंगे। जनता से जुड़ कर और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ कर संगठन के कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ना है। श्री टिकरिया ने संगठन के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। संभागीय बैठक का संचालन पूर्वी जगदलपुर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय, बेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,विश्व विजय सिंह तोमर, पूर्व संगठन मंत्री विधान चंद्र कर, बैदूराम कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, कमलचंद भंजदेव, रुप सिह मण्डावी, भूपेंद्र नाग, जयराम दास, नीतेश मिश्रा, आशीष कुमेटी आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गीदम में केंद्रीय राज्यमंत्री और बस्तर सांसद का हुआ भव्य स्वागत



**गीदम।** जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में केंद्रीय आवास एवं शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू और बस्तर सांसद महेश कश्यप का आगमन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी और भाजपा के प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। हारम चौक के यशवंत ऑटो में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदलाल मुड़ामी, वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सोनी, पुतान सिंह, श्याम सिंह ठाकुर और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का हृदय से स्वागत किया। इस अवसर पर विनोद साहू, मनीष सुराना, अजय अवस्थी, अनीश, मनीष साहू, संतोष साहू भी उपस्थित रहे और अतिथियों का अभिनंदन किया।

# प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,बेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष एवं जिला दंतेवाड़ा संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी,युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने आज दंतेवाड़ा पहुँच बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना कर सुख एवं समृद्धि की कामना की 7 देवी दर्शन के पश्चात भाजपा कार्यालय पहुँचने पर विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,जिला दंतेवाड़ा संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी एवं युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया 7 इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से आरम्भ होगा भाजपा का सेवा पखवाड़ा: वेदप्रकाश पाण्डेय

अमृत संदेश जगदलपुर।

**प्रत्येक कार्यकर्ता से सेवा पखवाड़ा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आरंभ किया जायेगा। जिसकी तैयारियों व कार्ययोजना को लेकर भाजपा जिले के सभी तेरह मण्डलों में मण्डलवार कार्यशाला आयोजित कर रही है। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में जगदलपुर पूर्वी मण्डल और जगदलपुर पश्चिम मण्डल की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को संपूर्ण समर्पण भाव से सेवा पखवाड़ा में सक्रियता से कार्य करने कहा गया है।



कार्यशाला को संबोधित करते हुये भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से आरम्भ होकर 2 अक्टूबर गाँधी जयंती तक मनाया जायेगा। भाजपा के सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा में अपना योगदान सुनिश्चित करना है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य विद्याशरण तिवारी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के सभी कार्यक्रमों को जनता के बीच पहुँच कर कार्यरूप देना है। बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन किया जाना है। पूर्व जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, एक पेड़ माँ के नाम अभियान में वृक्षारोपण, संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों की रुपरेखा बनी है। प्रत्येक कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बूथ स्तर के एक एक कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक पूरा करें। आमजन का सहयोग लेकर जोड़ने का प्रयास करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा व पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने की।

# जगदलपुर एयरपोर्ट पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का आत्मीय स्वागत

अमृत संदेश जगदलपुर।

आज जगदलपुर आगमन पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का जगदलपुर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात् माननीय मंत्री का बस्तर सांसद निवास में अभिनंदन किया गया,जहाँ बस्तर सांसद महेश कश्यप, उनकी धर्मपत्नी चंपादेवी कश्यप एवं भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में सम्मिलित होने हेतु आत्मीय आमंत्रण प्रदान किया गया तथा बस्तर की गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक 'नंदी कला कृति' स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट की गई। मंत्री तोखन



साहू ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए बस्तर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं की सराहना की तथा सभी उपस्थित जनों के साथ स्वल्पाहार के साथ विचार विमर्श किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, जगदलपुर नगर निगम महापौर संजय पांडे, एम.आई.सी. सदस्य संग्राम सिंह राणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद योगेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, पिंटू साव, रजनीश पाणिग्रही, जयराम दास, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित त्रिवेदी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मनोहर दत्त तिवारी सहित भाजपा जिला एवं मंडल के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बस्तर संभाग में आदिवासियों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगे रोक: विक्रम मण्डावी

अमृत संदेश बीजापुर।

क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने बस्तर संभाग में बड़े स्तर पर आदिवासियों के जमीनो की हो रही खरीदी बिक्री पर चिंता जाहिर करते हुए राज्यपाल को पत्र लिखकर जमीनों की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

बीजापुर विधायक विक्रम मण्डावी ने महामहिम राज्यपाल को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि बस्तर संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और 5वीं अनुसूची में आता है, बस्तर संभाग में आदिवासी वर्ग के लोग आदिकाल से निवासरत हैं। किन्तु वर्तमान में आदिवासियों के



जमीनों कि खरीदी बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही हैं। बस्तर संभाग के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले नक्सल प्रभावित और अतिसंवेदनशील क्षेत्र है, इन जिलों में भूमाफिया - उद्योगपतियों द्वारा बड़े स्तर पर पैसे का लालच देकर आदिवासियों कि जमीनों की खरीदी बिक्री कर लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं पैसों के लालच में आकर स्थानीय आदिवासी अपनी पुश्तैनी जमीनों को भूमाफियों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यदि समय रहते उद्योगपति -भूमाफियाओं को आदिवासियों की जमीन बिक्री करने से नही रोका गया तो आदिवासी समाज के लिए भविष्य में विकराल संकट उत्पन्न होगा और दर दर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस कारण बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में आदिवासियों की जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक लगाना आवश्यक है।

# जावंगा में पांच दिवसीय साइंस कैंप का हुआ समापन

अमृत संदेश गीदम।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशा अनुसार बस्तर राज्य रजत जयन्ती वर्ष 2025 का आज सफलतापूर्वक दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण के अंचल के विधार्थियों लिये छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ अवसर पर आस्था विद्या मंदिर, जवांगा में आयोजित पाँच दिवसीय %साइंस कैंप समापन हुआ। इस कैंप में दंतेवाड़ा जिले के चार विकासखंड के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आज के समापन दिवस पर विषय क्ध्र्ह्यह्व ह्रह्वह्ल श्द्ध ख्ड्डह्यह्लद्ग रहा। विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं जैसे प्लास्टिक की बोतलें, गत्ता, पुराने इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स एवं अन्य



घरेलू सामान से उपयोगी और आकर्षक मॉडल तैयार किए।

पर्यावरण संरक्षण के संदेश से युक्त इन मॉडलों ने बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को उजागर किया। समापन दिवस पर प्रिंसिपल आस्था विद्या मंदिर जवांगा बी. के. शर्मा एवं असिस्टेंट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, समग्र शिक्षा, दंतेवाड़ा कमल कर्मकार की उपस्थिति रही।

**अतिथियों की प्रतिक्रियाएँ**

प्रिंसिपल बी. के. शर्मा ने कहा इस पाँच दिवसीय विज्ञान शिविर ने बच्चों में आत्मविश्वास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया है। साइंस सेंटर द्वारा दंतेवाड़ा जिले में इस प्रकार का आयोजन निश्चित ही प्रेरणादायी है।

ए.पी.सी. कमल कर्मकार ने अपने विचार रखते हुए कहा यह पहल विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा का अवसर प्रदान करती है। रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर द्वारा आयोजित यह साइंस केम्प निश्चित ही बच्चों के सर्वांगीण विकास और भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी सुश्री प्रज्ञा कदम ने समापन अवसर पर कहा-पाँच दिवसीय %साइंस कैंप 2025% ने बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और जिज्ञासा को विकसित करने का कार्य किया है।

हमारा उद्देश्य रहा कि विद्यार्थी प्रयोगों और गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान को केवल पढ़ें नहीं, बल्कि उसे आत्मसात करें और अपने जीवन में उतारें।

**विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया**

आज की दोनों पालियों के विद्यार्थियों ने उत्साहित होकर कहा आज हमने सीखा कि कबाड़ भी एक संसाधन बन सकता है। अपने बनाए मॉडल देखकर हमें गर्व हुआ कि थोड़ी सी रचनात्मकता और विज्ञान की समझ से बेकार वस्तुएँ भी उपयोगी बन सकती हैं।

# शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में मना रजत जयंती महोत्सव, विधायक चैतराम की उपस्थिति में हुए विविध कार्यक्रम

अमृत संदेश दंतेवाड़ा।

शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में रजत जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दिप प्रज्वलित कर पुश अर्पित करने के साथ किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी और विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम,जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर,नगरपालिका अध्यक्ष




पायल गुप्ता एवं जन भागीदारी अध्यक्ष राहुल असरानी उपस्थित रहे ।

विधायक चैतराम अटामी,जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम एवं जनभागीदारी अध्यक्ष राहुल असरानी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य छात्र-छात्राओं को संबोधित कर उनके उद्देश्य और परंपरा से अवगत कराते हुए उत्साहवर्धन किया 7 विधायक चैतराम अटामी ने छात्र एवं छात्राओं को उत्कृष्ट कार्य कर प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित करते हुए उज्जवल भविष्य की बधाई और शुभकामनाएं दी । प्राचार्य डॉ. के. एम.प्रसाद ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य से सभी अतिथियों,छात्र एवं छात्राओं को अवगत कराया ।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने रजत जयंती समारोह के सफर का उल्लेख करते हुए 25 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न शिक्षा के छेत्र में विकास और गतिविधियों से अवगत कराया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु छात्र व छात्राओं को जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम,जनभागीदारी अध्यक्ष राहुल असरानी एवं प्राचार्य डॉ के एम् प्रसाद ने पुरस्कृत कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

रजत जयंती समारोह कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य व मंडल महामंत्री दंतेवाड़ा तिलेस्वरी नागेश,जिला मंत्री लता मरकाम,राधा गुप्ता जनभागीदारी सदस्य प्रियंका बेहरा समेत महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता ,कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।




अमृत संदेश

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025




# पर्यावरण प्रेमी शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार राष्ट्रीय स्तर पर हुए सम्मानित



अमृत संदेश । चारामा

राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण शिक्षण केन्द्र जनरेशन फॉर क्लाइमेट एक्शन कार्यक्रम में बारह राज्यों के चयनित विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों को मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में तीन दिवसीय कार्यशाला में कार्य का साझा कर सम्मानित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से एक ही स्कूल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतेसरा विकासखंड चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर का चयन हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर बारह राज्यों के चयनित शिक्षक एवं बच्चों को आपसी कार्य शैली साझा करने मंच प्रदान किया गया।यह पर्यावरणीय कार्यक्रम लगातार मेहनत, लगन और समय का परिणाम है जिसमें ईको क्लब प्रभारी शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार और स्कूली बच्चों ने सेंटर फॉर एनवायरमेंट एजुकेशन, एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से जनरेशन फॉर क्लाइमेट एक्शन कार्यक्रम के तहत चार चैलेंज को पूरा किया गया और रिपोर्ट तैयार किया गया जिसके अंतर्गत शाला प्रबंधन समिति सदस्यों एवं पालकों का समन्वय स्थापित किया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चार शिक्षकों को बेस्ट परफॉर्मेंस शिक्षक के रूप में चयन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार को स्थान प्राप्त हुआ।सम्मानित शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि यह मेरे और मेरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है कि बच्चों एवं समुदाय की सहभागिता लगातार मिल रहा है जबसे पदस्थापना हुआ है तभी से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के साथ साथ बच्चों के अन्दर छुपे प्रतिभाओं को पहचान कर उसको अवसर प्रदान कर रहे हैं। जिसका प्रतिफल आज शिक्षक एवं बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के हकदार बने हैं।विकासखंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू ने बताया कि यह हमारे विकासखंड चारामा एवं पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है कि ईको क्लब प्रभारी शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के बच्चों एवं समुदाय की पूर्ण भागीदारी से राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इस सम्मान उपलब्धि पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान केन्द्र रायपुर,जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, समग्र शिक्षा डीएमसी रवि मिश्रा, एपीसी दिनेश नाग, सहायक शिक्षा अधिकारी भावना ठाकुर, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक,विभिन्न शैक्षिक संघ के प्रमुख स्वदेश शुक्ला,बोधन साहू, मिथलेश शर्मा, नंदकुमार अटभैया, उत्तम सिन्हा,सहयोगी शिक्षिका सुनीता साहू,शाला प्रबंधन समिति भगवान सिंह कुमेटी, मोहन कांगे, सरपंच कलिता गोटी, छबि कांगे, घासीराम केमरों एवं शिक्षकगणों ने बधाई शुभकामनाए प्रेषित किया।

## प्रधान पाठक रामदयाल यादव संकुल स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित

दुर्गुकोंदल। प्राथमिक कन्या आश्रम शाला चेमल विकासखंड दुर्गुकोंदल में शिक्षक दिवस के अवसर पर संकुल स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का एसएमसी के अध्यक्ष मुख्य अतिथि श्री दिनेश आमले की उपस्थिति में व संकुल प्रभारी प्राचार्य श्री उदेराम भुवार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छाया चित्र में दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात विगत वर्ष में संकुल स्तर शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य को दृष्टिगत रखते हुए श्री राम दयाल यादव प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चेमल को उत्कृष्ट शिक्षक से सम्मानित किया गया तथा उसके पश्चात श्री राम दयाल यादव सर ने अपने नम आंखों से गौरवान्वित महसूस करते हुए अपने उद्बोधन में कहा की गुरु का स्थान ईश्वर से भी श्रेष्ठ होता है साथ मे एक आदर्श शिक्षक स्कूल,समाज के क्षेत्र में छात्रों का एक अच्छा मार्गदर्शक,प्रेरक,और संरक्षक होता है जो सहानुभूति, धैर्य अनुकुलनशीलता जैसे गुणों से युक्त होता है।

कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षक बारी बारी से बधाई देते हुए शिक्षा के महत्व पर अपना विचार व्यक्त किए व्याख्याता सब्बल सिंह दीवान ने इस कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा की संकुल स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य है हमारे शिक्षको के छोटे छोटे उपलब्धियों का सम्मान करना ताकि शिक्षको को प्रोत्साहन मिल सके और शिक्षक और उत्साह के साथ अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़े ,कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नरेश बनपेला व आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक सुरेंद्र कुमार उइके ने किया । इस अवसर पर संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षकाएं संजय कुमार वस्त्राकार बृजेश साहू,विनोद साहू,रामनाथ गोटे,ममता रावटे,अनिल वर्मा,चुंपेश्वर निषाद ,किशोर पटेल,आत्माराम तारमें ,अहीमत पटेल, बुदेशा दुग्गे ,चंद्रिका सहारे,भुनेश उसेंडी,भानुमती मानकर,यामिनी कमरो,मेघदीपिका सार्वा ,सरिता गावड़े ,रविन्द्र दरेंद्र ,शशिमा मरकाम,सुनीता ध्रुव उपस्थित थे।

## बीईओ कार्यालय में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार को लेकर हुई चर्चा



भानुप्रतापपुर। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में भानुप्रतापपुर ब्लॉक के समस्त संकुल समन्वयकों की बैठक हुई। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी एस.एस कोमरे खण्ड स्त्रोत समन्वयक आर.एल. नुरुटी ,सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी ने शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु शैक्षिक अवलोकन करने की पद्धति में बदलाव करते हुए सिर्फ एक लक्ष्य प्राथमिक शाला के बच्चों में कक्षागत स्तरानुरूप गुणवत्ता की कमी को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों में लेखन कौशल,पठन कौशल एवं कक्षागत स्तरानुरूप गुणवत्ता को प्राप्त करने के लिए कौन कौन सी शिक्षण विधियों को अपनाकर जा सकता है, इस पर चर्चा की। इस संबंध में सभी संकुल समन्वयकों से सुझाव लिए गए।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर भानुप्रतापपुर मंडल में हुई भाजपा की कार्यशाला

भानुप्रतापपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानु प्रतापपुर की यादव भवन में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी जिला कोषाध्यक्ष राजा देवलानी थे। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष



डिकेश खाप्रड़े ने अपना विचार व्यक्त किया उद्बोधन क्रम में सेवा पखवाड़ा के सह प्रभारी योगेश सोनवानी जिला कार्यालय प्रभारी रत्नेश सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौड़ सेवा पखवाड़ा के महत्व को बताया ज्ञात हो की भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हर 6 माह में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम किए जाते हैं जिसमें स्वच्छता अभियान रक्तदान एक पेड़ मां के नाम दिव्यांगजनों एवं विशिष्ट जनों का सम्मान मंडल स्तर पर किए जाते हैं वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से कहां की पार्टी का प्रत्येक काम दो लोगों को सामने रखकर फोटो खिंचवाकर खानापूर्ति मत कीजिए इससे आप पार्टी को अपने आप को भी धोखा दे रहे हैं पार्टी का काम इमानदारी से निष्ठा से लगन से कीजिए जो आपको आने वाले समय में एक नेता के रूप में प्रतिष्ठित करेगा सेवा पखवाड़ा के तहत दिए गए कार्यों का एक-एक करके विश्लेषण मुख्य वक्ता राजा देवलानी ने कार्यकर्ताओं को बताया पार्टी का काम एक सामूहिक प्रयास है जिसे सभी कार्यकर्ता कामों को आपस में बाट कर संपन्न कराये राजा देवलानी ने नमो पार्क के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष से चर्चा की कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने किया तथा समापन मंडल उपाध्यक्ष चेतू आंचल ने किया।

## बीईओ ने किया संकुल केंद्र हाटकर्रा का निरीक्षण बच्चों को योग व पढ़ाई के लिए किया प्रेरित

भानुप्रतापपुर। खण्ड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर श्री एस. एस. केमरो ने शनिवार को दूरस्थ वनांचल क्षेत्र बांसकुंड अंतर्गत संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का बैकलेस डे पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान माध्यमिक शाला बांसकुंड में बच्चों को



योगाभ्यास करवाकर स्वास्थ्य लाभ और योग के महत्व को समझाया गया। प्राथमिक शाला बांसकुंड में बच्चों की पठन-लेखन क्षमता सुधारने हेतु गतिविधियों पर बल दिया गया तथा कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों को नवोदय व एकलव्य प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा 1 और 2 के बच्चों को चित्र कार्ड से पहचान कराई गई तथा उत्साहवर्धन के लिए चॉकलेट वितरण किया गया। बीईओ ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि तिमाही परीक्षा तक सभी बच्चों को आवश्यक दक्षता व कौशल सिखाना सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यार्थियों को एनएमएमएसई और प्रयास परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया गया। प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में वर्णमाला, गिनती और लेखन कौशल पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। वहीं, आंगनबाड़ी और बालवाड़ी के बच्चों को भी चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक तिलक कुमार सर्फे उपस्थित रहे।

## बगैर आदेश के शनिवार का प्रातःकालीन विद्यालय बंद

केशकाल! राज्य शासन के पाच दिवस कार्यालय के कारण होने वाली आम जनता को होने वाली परेशानियो के कारण शनिवार को भी कार्यालय संचालित रखने की घोषणा की गयी. लेकिन राज्य शासन के अधिकारीयो ने यह आदेश खुद पर लागू होने की



वजह से लिखित मे आदेश नही किया परिणाम आज तक शनिवार को कार्यालय पूर्व की भांति बंद रहते है.. इस प्रकार मुख्य मंत्री जी की घोषणा का कोई असर नही हुआ..लेकिन 15 दिवस पूर्व रायपुर से शिक्षा विभाग द्वारा जारी कलैंडर मे यह प्रसारित हुआ कि यदि शनिवार को यदि दिन भर का विद्यालय संचालित हुआ तो संचालन इस प्रकार होगा.. इस पर बिना राज्य शासन के स्पष्ट आदेश के संभागीय.. जिला व विकास खण्ड के शिक्षा अधिकारीयो ने अपना तुगलकी फरमान जारी कर सुबह स्कूल को बंद कर शनिवार को भी दिन भर विद्यालय संचालन के लिए शिक्षको को मजबूर किया.. जबकि शिक्षा समिति इस समय सारिणी का विरोध कर रही है.

उल्लेखनीय हो जब से गुरुकुल विद्यालय पद्धति समाप्त हुई.. कलियुग के प्रारभ से शनिवार को सुबह स्कूल व बाकि दिन सुबह -10.30 से 4.30 बजे ही विद्यालय का समय तय हुआ था.. लेकिन उसे भी बदल कर सुबह 10 से 4 बजे किया गया है।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल 27वां दिन भी जारी

कांकेर। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेशभर के लगभग 16,000 स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल में शामिल है जिसमें जिले से 655 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने अपने ब्लाकों में आंदोलन के चलते जिले सहित प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। धरना स्थल में एनएचएम कर्मियों ने सबसे पहले राष्ट्रगान के साथ शुरुआत करते हुए हड़ताल के 27वा दिन धरना स्थल पर जब जब कर्मचारी बोला है राज सिंहासन डोला है, लड़बो जीतबो नियमितीकरण लेके रहीबो नारा के साथ सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ के द्वारा जब तक कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा की जानकारी बताई गई।

# जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 85 हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

अमृत संदेश । कांकेर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर में तृतीय नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत में त्वरित, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी सहमति से कुल 85 हजार 988 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिले में कुल 09 खंडपीठ गठित किए गए, जिनमें कांकेर में 05, भानुप्रतापपुर में 02 तथा पखांजूर में 02 खंडपीठ शामिल थे।

कांकेर में गठित खंडपीठों की अध्यक्षता क्रमशः

खंडपीठ क्र. 1 में श्री आनंद कुमार ध्रुव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खंडपीठ क्र. 2 में श्री रमाशंकर प्रसाद, कुटुंब न्यायाधीश क्र. 3 में श्री भास्कर मिश्र, सिविल



जज सीनियर डिवीजन/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्र. 4 = श्रीमती अम्बा शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, क्र. 5 में सुश्री सुनीति नेताम, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी, इसी प्रकार भानुप्रतापपुर में खंडपीठ क्र. 1 में श्री दीपक के. गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खंडपीठ क्र. 2 में श्री गुलापन राम यादव, सिविल जज सीनियर डिवीजन। पखांजूर में खंडपीठ क्र. 1 में श्री विजय कुमार मिंज, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश,खंडपीठ क्र. 2 में श्री ध्रुवराज ग्वाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी शामिल थे। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालय में भी एक खंडपीठ गठित किया गया, जिसमें राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 3,282 लंबित प्रकरणों में से 3,114 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें कुल अवार्ड राशि ?1,77,99,506/- पारित की गई। इसी तरह प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (बैंक वसूली, विद्युत व जलकर, टेलीफोन आदि) के कुल 82,874 मामलों का निपटारा हुआ, जिनमें ?55,75,630/- की समझौता राशि वसूली गई। न्यायपालिका द्वारा आम नागरिकों को त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की यह पहल सराहनीय रही। लोक अदालत के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 29 लोगों के रक्तचाप, शुगर आदि की जांच की गई। यह सेवा विशेष रूप से बुजुर्गों और दूरदराज से आए लोगों के लिए लाभकारी रही, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी मिला।

## संकुल तरहुल में नवागत प्राचार्य व शिक्षकों का किया गया स्वागत

दुर्गूकोदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल में 13 सितंबर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेड़ावारी में संकुल तरहुल के अंतर्गत एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवपदस्थापित संकुल प्राचार्य श चतुर सिंह भेड़िया, जो आदर्श विद्यालय डौंडी से पदोन्नत होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरहुल में प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया, के साथ-साथ संकुल में नवागत शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। नवागत शिक्षकों में श्रीमती राही साहू, चंचल दुर्गे, सारिका दर्रो सहित अन्य शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में प्राचार्य चतुर सिंह भेड़िया ने कहा कि संकुल तरहुल के सभी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए सभी शिक्षक एकजुट होकर कार्य करेंगे।

# भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा का युवा मोर्चा ने किया स्वागत



अमृत संदेश । कांकेर

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का आज नियुक्ति पश्चात् प्रथम नगर आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय के नेतृत्व में जगह-जगह भव्य व आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा का स्वागत शहर के बाफना लान से प्रारंभ होकर भाजपा कार्यालय कमल सदन तक चला। युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के माध्यम से श्री टिकरिहा का स्वागत किया।

भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष धनेन्द्र ठाकुर ने जनकपुर वार्ड में श्री टिकरिहा को जहां सीताफल से तौला कर सम्मान प्रदर्शित किया वहीं युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री पीयुष वलेचा ने पुराने बस स्टेण्ड में लडडु से तौला व श्री टिकरिहा को गदा भेंट किया। घड़ी चौक में श्री टिकरिहा ने शहीद वीर गुण्डाधुर के मुर्ति पर माल्यापर्ण कर उन्हें प्रणाम कर भाजपा कार्यालय की ओर प्रस्थान किए।

भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिलाध्यक्ष महेश जैन, विधायक आशाराम नेताम, जिला महामंत्री बृजेश चौहान, जिला मंत्री देवेन्द्र भाउ की उपस्थिति में राहुल टिकरिहा का युवा मोर्चा ने भव्य स्वागत किया ।

भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि मै आज हुए इस स्वागत सम्मान से अभिभूत हूं। उन्होने कहा आज युवा मोर्चा में नये उत्साह का संचार हुआ है। भाजपा युवा मोर्चा एक ऐसा संगठन है जो हमेशा संगठन के हर कार्य को करने के लिए एकदम तत्पर रहता है। मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा संगठन ने प्रदेश की जिम्मेदारी दी है जिसे मै पूरी ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करूंगा । आज भाजपा के मुख्य प्रदेश संगठन में युवा मोर्चा से निकले नेता ही प्रमुख भूमिका निभा रहे है। हमारे बीच आज उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया भी युवा मोर्चा में रह चुकें है। भाजपा युवा मोर्चा की ताकत उसके उत्साह से भरे युवा कार्यकर्ता है। मै आज इस स्वागत सम्मान के लिए युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय ने कहा कि आज हमारे बीच भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का आगमन हुआ है जिनका मै कांकेर जिला भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से स्वागत करता हूं।

युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा की युवा ताकत है। राहूल टिकरिहा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा एक नई ताकत के साथ काम करेगा और युवा मोर्चा को नई दिशा दिखाएगा।

## ग्राम पंचायत पामगल व कोत्तापल्ली में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

भोपालपटनम। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत पामगल एवं कोत्तापल्ली पंचायत भवन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भोपालपटनम सुरेश कुमार देवांगन, करारोपण अधिकारी, संकाय सदस्य, संकुल समन्वयक, सरपंच, उपसरपंच, सचिव/ग्राम रोजगार सहायक, पंच एवं सभी आवास स्वीकृत हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब, बेघर और आवासहीन परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में युवाओं को राजमिस्त्री प्रशिक्षण हेतु नामांकन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, आवास निर्माण से संबंधित ऋण प्रक्रिया एवं जमीनी स्तर की विभिन्न दिक्कतों पर चर्चा कर उनके समाधान हेतु मार्गदर्शन दिया गया। सीईओ ने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर आवास निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# बीएसएफ के वीर जवानों ने 14 फ़ीट ऊंचे नक्सल स्मारक को किया ध्वस्त



कापसी। नक्सल मुक्त भारत के संकल्प को दृढ़ता से अपने हृदय में बसाए हुए। 47 वीं बटालियन बीएसएफ, पखांजूर , के जवानों ने भारी बारिश के बीच वालेर नदी के पार अति नक्सल प्रभावित थाना परतापुर के अंतर्गत गांव वाट्टेकल व परालमस्पी के दुर्गम घने जंगलों में स्थापित नक्सलियों के शहीद स्मारक को उखाड़कर नष्ट कर दिया।

श्री विजेंद्र नाथ गांगोली, कमांडेंट 47 बटालियन के निर्देश पर भारी बारिश के बीच तथा दुर्गम वालेर नदी व नालों को पार कर अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जाने तथा गांव वाट्टेकल व आसपास के जंगलों में ऑपरेशन करने की योजना बनाई गई और उसी योजना के अनुसार रात्री को 47 बटालियन बीएसएफ के जवानों की विभिन्न टीमें आपॅरेशन के लिए रवाना हुई थी। ऑपरेशन पार्टी को गस्त के दौरान लगभग 12-14 फ़ीट ऊँची मृत नक्सली नागेश का स्मारक दिखा जिसे जवानों ने वहीँ उखाड़कर व गिराकर नष्ट कर दिया। ज्ञात हो नक्सल अपने मारे गए साथियों के सम्मान में जगह जगह स्मारक बनाकर उनकों याद करते हैं।

श्री %विजेंद्र नाथ गंगोली% ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जब से बीएसएफ के तैनाती हुई हैं। उसके बाद से हमारा लगातार ये प्रयास रहा हैं। कि यहां पर विकास को बढ़ाने के साथ-साथ नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म किया जाए। और इसके लिए 47 बटालियन बीएसएफ के जवान, दुर्गम अबूझमाड़ के जंगलो में ऑपरेशन चलाने से लेकर लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता हैं। और इसकी सराहना व समर्थन भी गाँव वालों से मिलता रहता हैं। इसके साथ-साथ महोदय ने बताया कि हम आगे भी स्थानीय प्रशासन की मदद से लगातार ये प्रयासरत हैं। कि हम नक्सलवाद को खत्म कर इस इलाके में शांति स्थापित करें।

# मुस्लिमों को कट्टरपंथी, जिहादी बोलने पर भड़का समाज

## मस्जिद चौक के पास पुतला दहन कर शांति भंग करने कोशिश करने वालों के खिलफ कार्रवाई की मांग



अमृत संदेश | धमतरी

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र जामा मस्जिद चौक के पास पुतला दहन कर भड़काऊ नारा लगाने एवं मुस्लिम समाज के गुरू मौलाना पर टिप्पणी करने से समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। मुस्लिम समाज का एक प्रतिनिधि मंडल उप पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत की और प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग कर ज्ञापन सौंपा गया।

गत आठ सितम्बर को हिन्दू जागरण मंच द्वारा जामा मस्जिद चौक के पास एक-एक जाम कर पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान मुस्लिम विरोधी नारे लगाए गये साथ ही मुस्लिमों के गुरू मौलाना, मौलवी को मुल्ला कहते हुए मुल्लों की तानाशाही नही चलेगी, मुल्लों की दादागिरी नहीं चलेगी ऐसे भड़काऊ नारे मुस्लिम बाहुल क्षेत्र के चौक में लगाए गए, जिससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि किसी भी गलत काम का विरोध करना, रैली निकालना संवैधानिक अधिकार है लेकिन इस विरोध रैली में असामाजिक व्यक्तियों द्वारा जामा मस्जिद चौक मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र एवं चमेली चौक हनफिया मस्जिद के पास रैली को रोककर जानबूझकर मुस्लिम विरोधी नारे लगाए गए। मुस्लिमों को कट्टरपंथी और जिहादी कहा गया तथा शांति भंग करने की कोशिश की गई। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल ने डीएसपी से मिलकर चर्चा की और कहा कि अगर समाज का कोई युवा या व्यक्ति गलत कार्यकर्ता है तो समाज खुद उसे पुलिस के हवाले करेगी। परंतु बेवजह, बेबुनियाद आरोप लगाकर समाज के गुरू पर टिप्पणी समाज बर्दास्त नहीं करेगा।

सुन्नी युथ विंग ने मांग की है कि मुस्लिम समाज पर गलत टिप्पणी करने के साथ जिन शब्दों को उपयोग किया गया है उससे आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए तथा आने वाले समय में इस तरह की घटना दोहराई ना जाए। समाज के प्रतिनिधि मंडल में शेख मोबीन अध्यक्ष अंजुमन इस्लामियां कमेटी, सैय्यद अफजल अली, हनीफ कुरैशी, अहमद रजा निर्बान अध्यक्ष हनफिया मस्जिद, ईरफान विरानी प्रदेश संगठन मंत्री सुन्नी युथ विंग, रेयाज अहमद, अनस रजा निर्बान अध्यक्ष अता-ए-गरीब नवाज कमेटी, वकार अहमद, सैय्यद मजहर अली, राजा कुरैशी, सैय्यद नवाब अली, इकबाल खोखर, हामिद खान, हाजी समात खत्री, फहिम पत्रकार, शमसाद खान सहित मुस्लिम मौजूद थे। डीएसपी ने समाज के लोगों को समझाईश देते हुए सार्थक चर्चा करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि आने वाले समय में इस तरह के घटना ना दोहराई जाए उसका ख्याल रखा जाएगा और यदि कोई कानून को तोड़ता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

समाज के जागरूक व्यक्ति वकार अहमद अता ए गरीब नवाज कमेटी के उप सदर ने पुलिस से मांग की है कि मस्जिद चौक के पास रैली की शक्ल में पहुंचे हिन्दू जागरण मंच द्वारा सार्वजनिक व आम रास्ते को रोककर पुतला दहन ही नहीं किया बल्कि यातायात भी बाधित हुआ। पुतला दहन व धरना प्रदर्शन के लिए शासन द्वारा पूर्व में जगह निर्धारित की गई थी। हिन्दू जागरण मंच द्वारा जानबूझकर मुस्लिम बाहुल क्षेत्र और मस्जिद चौक, चमेली चौक को ही टारगेट करते हुए प्रदर्शन कर नारे बाजी की गई। जिससे घंटो यातायात भी बाधित हुई।

कोतवाली थाना से कुछ दूर हो रहे इस प्रदर्शन पर पुलिस भी मूक दर्शक बनी रही। वकार ने मांग की है कि इस तरह के प्रदर्शन पर रोक लगाई जानी चाहिए और आम नागरिकों का रास्ता रोकने पर सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के लिए हुई जिला समन्वय बैठक

## अभियान एक जन आंदोलन के रूप में मनाया जाए : कलेक्टर



अमृत संदेश | धमतरी

`आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिला धमतरी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जायेगा। इसी तारतम्य में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता बीते शुक्रवार को कलेक्टर सभा कक्ष में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस अभियान के सफल संचालन हेतु जिला समस्त विभागों एवं संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करना रहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी विभागों की संयुक्त भागीदारी से यह अभियान एक जनआंदोलन के रूप में मनाया जाए । सभी संबंधित विभाग समन्वय और सहयोग एवं गंभीरता से कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण अभियान के जिला नोडल अधिकारी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत होंगे। बैठक में धमतरी नगरनिगम, महिला बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य समिति सदस्य, अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने बताया कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। अत: इस अभियान के माध्यम से जिले की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सकारात्मक बदलाव लाना हमारा लक्ष्य होगा। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान`को सभी विभाग अपने विभागीय कार्यक्रमों से जोड़कर प्रभावी रूप से लागू करना मुख्य उद्देश्य होगा।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिया कंवर ने बताया कि इस अभियान के तहत महिला एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण, एनीमिया नियंत्रण, क्षयरोग उन्मूलन, रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता कैम्प तथा स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान निजी सोनोग्राफी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जायेगा, इस दौरान निजी संस्था द्वारा उच्च जोखिम के माताओं का नि:शुल्क सोनोग्राफी निजी संस्थाओं द्वारा किया जायेगा।

# बिजली का बिल उपभोक्ताओं को दे रहा 440 वाट का झटका-राजू

अमृत संदेश | भखारा



राज्य की भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है हर वर्ग परेशान खाद बीज के नाम से किसान परेशान, शिक्षको की कमी, पुस्तको की कमी से छात्र छात्रा परेशान, और अब बिजली बिल की दर में बढ़ोतरी से पूरा आम जन त्रस्त है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने कहा की 400यूनिट तक के बिजली माफ योजना को बंद कर ये सरकार अब हर बिजली उपभोक्ताओं को परेशान करने का काम कर रही है 200से 300रुपए आने वाला बिजली का बिल 800से 1000रुपए तक आया है अब सोचिए महतारी वंदन के नाम पर 1000 देकर ये सरकार वसूली उसी महिलाओं के घर से बिजली बिल के नाम पर कर रही है तिगुनी चौगुनी बिजली का बिल गरीब, मजदूर और हर तबके के लोग इस सरकार के नीति से त्रस्त है इधर खरीफ फसल में खाद बीज की आपूर्ति न होने के कारण किसान अनाप शनाप रेट में खाद बीज लिए अब मोटर पंप और घरेलू बिजली बिल के बढ़ोतरी ने आम जन को परेशान हो गए हैं भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों को हर क्षेत्र में छूट देते हुए पानी, खाद, बिजली, की आपूर्ति नियत समय पर हो जाती थी लेकिन आज खुली डकैती सरकार द्वारा की जा रही है।

# ग्राम पंचायत पचपेड़ी में स्वच्छता दीदियों का सम्मान



अमृत संदेश | भखारा

ग्राम पंचायत पचपेड़ी में विशेष ग्राम सभा, सामाजिक अन्केचन एवं स्वच्छता दीदी लोगो का सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। ब्लॉक समन्वयक जिला पंचायत धमतरी के योगेश्वर निर्मलकर अपने टीम के साथ उपस्थिति थे। साथ ही ग्राम के सरपंच विनय साहू, उपसपंच राकेश पटेल पंच वशिष्ठ साहू, लोमेश साहू, भूपेंद्र साहू, टीकम साहू, ईश्वर साहू, गिरजासंकर साहू, सचिव गैंदालाल साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष हीरा साहू, पूर्व सरपंच फ़त्तेलाल महार, फ़त्तेलाल साहू, जगदीश साहू, मोहनी साहू, बी आर साहू, रोहित साहू, भगवती साहू, राजेश यादव चपरासी, खेमलाल साहू, टीकम साहू, संतोषी निषाद, योगेश्वरी, उमा बाई, हेमलता, रवि किरण, स्वच्छता दीदी बी शांति बाई, हेमबाई, योगिता बाई का साड़ी एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही 300 से ज्यादा संख्या में लोग उपस्थिति थे।

# सुपेला में सात दिवसीय रामधुनी सम्मेलन आज से

अमृत संदेश | भखारा



भखारा तहसील क्षेत्र के ग्राम `सुपेला में विगत 57 वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी 58 वीं सोपान तय करने पितृ पक्ष के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय अखण्ड श्री रामनाम सप्ताह यज्ञ रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 14 सितंबर से 21 सितंबर तक किया गया है।

उक्त आयोजन आज से ग्राम पंचायत सुपेला की हृदयस्थल नया बाजार चौंक में प्रारंभ होगी इस धार्मिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के ख्यातिनाम रामधुनी मंडलियों को रामकथा गायन एवं झांकी के लिए आमंत्रित कर प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग मण्डलियाँ अपने निर्धारित समय में संगीतमय श्रीराम कथा की प्रस्तुति देंगे इस रामधुनी सम्मेलन में गायन और झांकी मंडलियों के लिए सांत्वना राशि की व्यवस्था समस्त ग्रामवासियों के द्वारा किया गया है। जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी मंडलियों के लिए 2601 रुपए की सांत्वना राशि विशेष दान-दाताओं की ओर से प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मंडलियों को श्रीफल व रामटोकरी अलग से दिया जाएगा। उक्त जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू ने दी।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी में सेवा पखवाड़ा को लेकर हुई कार्यशाला

अमृत संदेश | नगरी



भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन मानस भवन सकरा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्यों की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री सम्माननीय नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर गांधी जयंती तक स्वच्छता अभियान, ब्लड डोनेशन शिविर, स्वास्थ्य शिविर, चित्रकला प्रदर्शनी सहित कई सेवा कार्यों का आयोजन करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय किसान मोर्चा की मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगरी मंडल प्रभारी रवि शंकर दुबे, सेवा पखवाड़ा संयोजक अकबर कश्यप, सहसंयोजक मोहन नाहटा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सारवा, मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, सुलोचना साहू, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, राजेश नाथ गोसाई, प्रीति यादव, जन्मजय साहू, महेश साहू, गिरवर भंडारी, सुगंध साहू, गुरु प्रसाद साहू, प्रवीण गुप्ता, दीनदयाल सेन, अंबिका ध्रुव सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी, सकरा ग्राम के ग्रामीणजन एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सेवा, समर्पण और संगठन के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक का यह सेवा पखवाड़ा समाज सेवा को समर्पित रहेगा और जन-जन को स्वच्छता, स्वास्थ्य और सेवा के लिए प्रेरित करेगा।

# महिला बाल विकास विभाग अभियान चलाकर बालिकाओं को कर रहा जागरुक




**नगरी,( अमृत संदेश )।** शा.उच्च.माध्य. विद्यालय छूही में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश एवं जगरानी एक्का जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास धमतरी तथा महेश मरकाम जिला महिला बाल विकास अधिकारी आनंद पाठक जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में बालिका सुरक्षा माह का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के साथ साथ बाल संरक्षण और पॉक्सो एक्ट बाल विवाह उन्मूलन, लैंगिक समानता, बालको के सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ साथ बालको में बढ़ रहे नशा पान की प्रविति, मोबाइल का दुष्परिणाम, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह और नशा के कारण बच्चो में हो रहे मानसिक गतिविधि के सम्बन्ध जानकारी दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अर्चना नेताम, दीपिका देवांगन, नर्मदा साहू, मोगरा ध्रुव, मोहनीरानी, गजेंद्र काउंसलर, भूपेंद्र सिंहा केश वर्कर, जागृति ध्रुव चाइल्ड हेल्पलाइन महिला बाल विकास विभाग धमतरी तथा टीचर स्टॉफ उपस्थित रहे।

# सिंचाई व सड़क विकास की वृहद योजनाओं से किसानों और आमजन को मिलेगा लाभ

अमृत संदेश | धमतरी

धमतरी जिले में सिंचाई, आवागमन और आधारभूत संरचना को और मजबूत बनाने हेतु कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सरकारी निर्माण एजेंसी विभागों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रिया गोयल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण संतोष नेताम, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग लोक निर्माण संभाग रायपुर (सेतुनिर्माण) एसके गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अभि.प्र.सं. ग्रा.स. योजना धमतरी योगेश आनंद, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा. आर.एन. राठौर, का.अभि. बांध संभाग क्र. 2 रूद्री, भूपेंद्र मगेन्द्र, का. अभि. जल संसाधन संभाग धमतरी प्रदीप नादिया, कार्य. अभि. जल प्रबंध संभाग रूद्री-हेमलाल कुरेसिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि किसानों को अधिक बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले में उपलब्ध जल स्त्रोतों को आपस में जोड़ते हुए नई संरचनाएँ निर्मित की जाएँ। सिहावा क्षेत्र के लिए शासन द्वारा स्वीकृत राशि से सिंचाई रकबे में वृद्धि होगी तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल लोक निर्माण विभाग के कुल 50 सड़क कार्य

## गणेश घाट एनीकट, सेमहारा स्टॉपडेम और नहर लाइनिंग कार्यों को मिली स्वीकृति



## शहरी क्षेत्र में 12 नई सड़कों का एलाइनमेंट चयनित

तथा 13 भवन कार्य पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें धमतरी विधानसभा के 8, कुरूद विधानसभा के 19, सिहावा विधानसभा के 15, सड़क सुरक्षा के 2 तथा पुल.पुलियों के 6 कार्य शामिल हैं। अब तक 13 कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि शेष कार्यों के प्राक्कलन शासन स्तर पर लंबित हैं।

धमतरी शहरी क्षेत्र के लिए 12 नई सड़कों का एलाइनमेंट चयनित किया गया है, जिन्हें आगामी बजट या अनुपूरक बजट में शामिल करने का प्रस्ताव है। नगरी, मगरलोड एवं सूदूर गांवों को जोड़ने वाली सड़क योजनाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

सिंचाई विभाग द्वारा गणेश घाट में एनीकट निर्माण, सेमहारा में देवरी नाला स्टॉपडेम एवं लीलर व्यपवर्तन नहर लाइनिंग कार्य की स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों से जिले के सिंचाई रकबे में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

सड़क निर्माण में राज्यमार्ग-23 को 4 लेन बनाने, नगरी-धमतरी सड़क के मजबूतीकरण, अंबेडकर चौक से रूद्री चौक मार्ग, तथा महानदी पर अछोटा पुल के स्थान पर नवीन वृहद पुल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। नगरी क्षेत्र में बिरनासिल्ली पुल का निर्माण पूर्ण कर आवागमन प्रारंभ कर दिया गया है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्यों की शीघ्र स्वीकृति के लिए शासन स्तर पर प्रयास तेज किए जाएँ, ताकि जिले के किसानों को बेहतर सिंचाई और आमजन को सुदृढ़ सड़क व आवागमन सुविधा मिल सके।

# कुरूद में नवरात्र-दशहरा उत्सव का आयोजन 22 से

अमृत संदेश | कुरूद

प्रतिवर्ष परंपरानुसार लगातार 26 वर्षों से नवरात्र-दशहरा उत्सव इस वर्ष भी नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा कुरूद दशहरा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नवरात्रि से लेकर दशहरा के दिन तक धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रामलीला मंचन, आकर्षक आतिशबाजी एवं मीना बाजार का कार्यक्रम नगर, क्षेत्र सहित हमारे जिले के श्रद्धालुओं एवं कलाप्रेमियों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

महोत्सव का शुभारंभ 22 सितम्बर को समिति के मुख्य संरक्षक अजय चन्द्राकर, नगर पालिका कुरूद के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्षगण नगर पंचायत कुरूद, संरक्षक मंडल, महोत्सव समिति पदाधिकारियों के करकमलों से खेल मैदान कुरूद में शाम 7 बजे किया जावेगा, जो कि रात्रि 11 बजे तक सम्पन्न होगा, इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम चन्द्रभूषण वर्मा कृत महतारी लोक कला मंच की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

कार्यक्रम के अधिकृत घोषणा महोत्सव समिति की ओर से किया जाता है, हमारे संस्था के रजत जयंती पश्चात महोत्सव के 26 वाँ वर्ष के आयोजन मे आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।



पूरनलाल साहू को मिला कर्मवीर शिक्षक सम्मान





## पंथ श्री उदित मुनि नाम साहेब का नगर आगमन आज



नवापारा राजिम। शहर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में 14 सितंबर को परम पूज्य नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदित मुनि नाम साहेब का आगमन हो रहा है। जिनका आशीर्वचन,दर्शन, भेंट, बंदगी कार्यक्रम होगा। मेघनाथ साहू ने बताया कि सुबह 9 से गुरु महिमा पाठ किया जाएगा, दोपहर 12 साहेब का आगमन पर भव्य शोभायात्रा तथा निशान पूजा होगी। शोभायात्रा पंडित सुंदरलाल शर्मा चौंक बस स्टैंड से कबीर आश्रम और कबीर आश्रम से कृषि उपज मंडी पहुंचेगी। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने सभी लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ ले।सभी कार्यक्रम श्री सदगुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा आश्रम कबीरधाम राजिम एवं कबीर पंथ समाज जिला गरियाबंद के द्वारा आयोजित है।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में रजत जयंती वर्ष मनाया गया वार्षिक उत्सव



भवानीपुर, पलारी/रोहांसी। शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वीं वर्षगांठ रजत जयंती के अवसर पर प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे की अध्यक्षता में महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परम्परा, स्वर्णयात्रा, विकास गाथा, को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष उमेश यदु, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण प्रवीण सिंह पैकरा, रामप्रकाश जोशी, अतिथि व्याख्यातागण डॉक्टर नोहर सिंह डहरिया, पुष्पा वर्मा, उमेश कुमार श्रीवास, लिमेश कुमार वर्मा, शुभम भारद्वाज, कार्यालयीन कर्मचारी प्रशांत आनंद, शशि जलक्षत्रि, लीलाधर चंद्राकर, मंच संचालक नेहा बघेल चितेश्वर प्रसाद,देवा वर्मा,गुलशन, महेंद्र कुमार हस्ती, मेघा बंजारे एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक भावना ने किया गिधपुरी थाना का वार्षिक निरीक्षण



भवानीपुर(पलारी)। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने 11 सितंबर को थाना गिधपुरी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली और थाने के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी गिधपुरी को लंबित शिकायतों, अपराधों, मर्ग एवं अन्य प्रकरणों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बालक संबंधी अपराधों की विवेचना समय सीमा में पूरी करने, ई-साक्ष्य एवं तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और थाने की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। उन्होंने यायालय से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन, गंभीर अपराधों में शीघ्र गिरफ्तारी और आमजनों की शिकायतों का सम्मानपूर्वक निराकरण करने की हिदायत दी। इसी तरह बेसिक एवं विजिबल पुलिसिंग के तहत शाम को पैदल पेट्रोलिंग, होटल-ढाबों की चेकिंग, गुंडा-बदमाशों और निगरानीशुदा व्यक्तियों की नियमित जांच तथा अवैध रेत खनन, परिवहन व पत्थर खदानों पर कड़ी कार्रवाई करने को भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए आरक्षक रविशंकर ध्रुव और आरक्षक ज्योतिष डहरिया को पुरस्कृत किया।

## भंडारपुरी धाम में खुलेगा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र



आरंग। भंडारपुरी धाम में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पहले ही 75 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी, अब विभिन्न स्टाफ पदों के लिए सरकार ने प्रशासकीय स्वीकृति दी है। चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा, सहायक फार्मासिस्ट ग्रेड-02, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, सहायक ग्रेड-03, वार्ड ब्वॉय, आया पदो के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इस स्वास्थ्य केंद्र में लाखों श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह सौगात वर्तमान में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के सतत प्रयासों का परिणाम है। गुरु सेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता ललित गायकवाड़ ने राजागुरु धर्मगुरु परम पूज्य गुरु बालदास साहेब कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का आभार व्यक्त किया है।

## सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर हुई भाजपा रोहांसी मंडल की बैठक

भवानीपुर(पलारी)/रोहांसी। भारतीय जनता पार्टी मंडल रोहांसी में आगामी सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष विजय कोसले ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सेवा पखवाड़ा को सभी बूथों में करने का आग्रह किया। साथ ही सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मंडल प्रभारी गिरधारी वर्मा ने बताया कि 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में अनेक कार्ययोजना बनाई गई है। इसके तहत रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्ष रोपण, समाज प्रमुख से चर्चा, वरिष्ठ जनों का सम्मान, मरीजों को फल वितरण, चित्र कला प्रतियोगिता, युवा रन, आदि कार्यक्रम को सभी मंडल से लेकर सभी बूथ में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस दौरान नगर पंचायत रोहांसी से ललिता साहू ने भारतीय जनता पार्टी में ज्वाइन की। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं कार्यक्रम मंडल प्रभारी गिरधारी वर्मा,प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा सदस्य नरोत्तम बघेल, मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, महामंत्री उमेश यदु, मोहन साहू, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ चरणदास तेहरवंश, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश ठाकुर, सुरजा चेलक, मंत्री जानकी साहू, नंदनी साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वर्मा, कार्यालय प्रभारी श्यामु साहू, पार्षद लखन यादव, बुधारू साहू, पार्षद प्रतिनिधि ईश्वर बघेल, जागेश्वर साहू, ममता गिरह वीवर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह की फोटो का दुरुपयोग, वियतनाम से भेजे जा रहे फर्जी संदेश

अमृत संदेश | गरियाबंद

जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके की फोटो का दुरुपयोग कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फर्जी संदेश भेजे जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, वियतनाम से जुड़े साइबर हैकरों ने कलेक्टर की फोटो का इस्तेमाल कर इंटरनेशनल नंबरों से लोगों को संदेश भेजना शुरू कर दिया है।

कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके प्रोफाइल से फोटो चुरा कर फर्जी अकाउंट तैयार किए गए हैं। इसके माध्यम से संदिग्ध संदेश भेजे जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कृत्य साइबर अपराध की श्रेणी में आता है।

इस घटना के संबंध में कलेक्टर ने एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध संदेश पर ध्यान न दें और ऐसे मामलों की तुरंत पुलिस या प्रशासन को जानकारी दें।




सूत्रों का कहना है कि इस प्रकार की साइबर गतिविधियों के पीछे अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह सक्रिय है, जो प्रतिष्ठित व्यक्तियों की तस्वीर और पहचान का दुरुपयोग कर लोगों को धोखा देने की कोशिश करता है। इस प्रकरण ने जिलेवासियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया है।

## डेढ़ करोड़ रुपए के इनामी बालकृष्ण समेत तीन शीर्ष नक्सलियों के शव लेने जिला अस्पताल पहुंचे परिजन

गरियाबंद। मटाल की पहाड़ियों में गुरुवार को हुए भीषण एनकाउंटर में मारे गए शीर्ष नक्सलियों के शव लेने शुक्रवार को उनके परिजन गरियाबंद पहुंचे। इनमें नक्सली कमांडर बालकृष्ण, प्रमोद और विमल वेकेंट शामिल हैं। तीनों ही लंबे समय से नक्सल गतिविधियों में सक्रिय थे और इन पर भारी इनाम घोषित था। जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ आंध्र और उड़ीसा तीनों स्टेट में बालकृष्ण पर डेढ़ करोड़ रुपये का, प्रमोद पर 65 लाख रुपये का और विमल पर 18 लाख रुपये का इनाम था। सुरक्षा बलों ने गुरवार को बड़े ऑपरेशन के दौरान इन तीनों समेत कई नक्सलियों को मार गिराया था। शुक्रवार को जब शव जिला मुख्यालय लाए गए तो बालकृष्ण, प्रमोद और विमल वेकेंट के परिजन उन्हें लेने पहुंचे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिन नक्सलियों के शव अभी परिजनों द्वारा नहीं लिए गए हैं, उनके परिवार से संपर्क कर लिया गया है। गरियाबंद एडिशनल एसपी धीरेंद्र पटेल ने कहा कि सभी नक्सलियों के परिजनों से संपर्क हो चुका है। कुछ परिवारजन शनिवार को ही पहुंच गए हैं, जबकि बाकी परिजन भी अगले एक-दो दिन में आकर शवों को ले जाएंगे।

# पूरनलाल साहू को मिला कर्मवीर शिक्षक सम्मान



अमृत संदेश | फिंगेश्वर

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा, छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, अकादमिक भवन, राखी मोड़ (चरमुड़िया), कुरूद, जिला धमतरी में किया गया। इस अवसर पर पूरन लाल साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवाद उन्मूलन, अंधविश्वास निर्मूलन एवं जन-जागरूकता के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए चरण प्रक्षालन एवं महा आरती कर मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर हित नारायण टंडन सहायक प्राध्यापक प्राणी विज्ञान विभाग अध्यक्ष गुरु घासीदास शासकीय स्नातक महाविद्यालय कुरूद थे, अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय मंडावी, कालिदास नाकाड़े खगोल विज्ञान समूह रायपुर, रश्मि वर्मा आर. के.साइंस सेंटर नागपुर, नितिन कुमार पटेल अगस्त इंटरनेशनल फाउंडेशन भोपाल, सूर्यवंशी नवाचार गतिविधि समूह एवं मोतीलाल देवांगन उपस्थित थे।

## अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ जांगड़े का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

सरसींवा। छत्तीसगढ़ भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के सरसींवा नगर प्रथम आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत उपरांत डॉ जांगड़े सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत छीन्द में भरत जाटवर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यहां डॉ. सनम जागड़े को पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया। डॉ. जांगड़े ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। उसके बाद सारंगढ़ पहुंचने पर डा सनम जांगड़े के साथ संजय भूषण पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष भरत जाटवर भाजपा नेता, हरिनाथ खूटें, नगर मंडल अध्यक्ष जय केसरवानी व भाजपा नेता देवेंद्र रात्रे, मीरा धरम जोल्हे उपस्थित थे।

# जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

अमृत संदेश | गरियाबंद

जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत डॉ. यू एस नवरत्न, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक हुई।

बैठक में सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर पीएचसी चिकित्सा अधिकारी, बीईटीओ एवं सुपरवाइजरों की उपस्थिति में अभियान की विस्तृत चर्चा कर संपूर्ण कार्ययोजना को अंतिम रूप देने पर गहन विचार विमर्श किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह अभियान गरियाबंद जिले के प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।



इसके तहत विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत एनीमिया, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, बीएमआई, सर्वाइकल कैंसर, सिकल सेल जांच, टीबी रोगियों के लिए सहायता और परामर्श, डायबिटीज एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, मेनोपॉज काउंसलिंग एवं परिवार नियोजन परामर्श, डेंटल, नेत्र एवं डायग्नोस्टिक सेवाएँ, ब्लड डोनेशन कैंप आदि का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बस्तियों में महिलाओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण, योगा गतिविधियाँ आयोजित कर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण की विशेष योजना, सास-बहू सम्मेलन के माध्यम से पारिवारिक स्वास्थ्य संवाद को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ गांधी जयंती के अवसर पर संकल्प से सिद्धि अंतर्गत उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित करना एवं सक्रिय महिला समूहों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक मेंगनपत कुमार नायक जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीईटीओ, नोडल अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण के लिए अल्ट्राटेक कुकुरदी ने किया कार्यक्रम

बलौदाबाजार। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा सेम्हराडीह ग्राम पंचायत की महिला प्रतिनिधियों का जागरूकता भ्रमण संयंत्र में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा निर्देश व एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर एवं जितेन्द्र सिंह तनवर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस प्रेरणादायक भ्रमण में ग्राम पंचायत सेम्हराडीह की सरपंच प्रमिला वर्मा के नेतृत्व में आठ महिला पंचों जिसमें पूनम यदु, धिरजा ध्रुव, प्रमिला शर्मा, नीतू यदु, सरिता यादव, लकेश्वरी साहू, किर्ती गिरी एवं उत्तरा ध्रुव भाग लिए।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई भाजपा आरंग मंडल की कार्यशाला

आरंग। भारतीय जनता पार्टी आरंग मंडल द्वारा 12 सितंबर को आरंग में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से यह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रारंभ होगा जो कि 02 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत प्रत्येक कार्यक्रम मंडल के साथ साथ बूथ स्तर पर भी होंगे। 17 सितंबर से विविध स्थानों पर स्वच्छता अभियान, 18 सितंबर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी, प्रबुद्धजन सम्मेलन, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। 25 सितंबर को दीनदयाल जयंती पर गोष्ठी और माल्यार्पण के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम होगा। युवा मोर्चा की जिम्मेदारी में मोदी विकास मैराथन का आयोजन भी होगा। इसके अलावा दिव्यांगजन एवं विशिष्टजनों का सम्मान, डाक्यूमेंट्री फ़िल्म प्रदर्शनी, लोकल फार वोकल का प्रचार प्रसार व सांसद खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। 02 अक्टूबर को गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाएगी। नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने सेवा पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में कृष्णकुमार भारद्वाज, सालिक राम साहू, जिला मंत्री राजेन्द्र वर्मा, भाजपा आरंग मंडल महामंत्री द्वय अशोक चंद्राकर, राकेश सोनकर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, मुरली चंद्राकर, लीला ध्रुव,गणेश साहू,चम्मन साहू सहित मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सेवा पखवाड़ा पर हुई भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला

भाटापारा। भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर क्रमशः मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मंडल से कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। सेवा ही संगठन का मंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए हर कार्यकर्ता को जनता की सेवा को ही प्राथमिकता बनाना चाहिए। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि समाज की कमजोर कड़ी तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति और युवाओं को सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए।

# नेशनल लोक अदालत में 17723 प्रकरणों का किया गया निराकरण

अमृत संदेश | बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में वर्ष 2025 में तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को आयोजित किया गया, जिसके तत्वाधान में अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा जिला बलौदाबाजार में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया। इस दौरान समस्त न्यायाधीश व कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला एवं सत्र न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय भाटापारा, सिमगा, कसडोल में खण्डपीठ का गठन किया गया। अब्दुल जाहिद कुरेशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राकेश कुमार वर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, संजया रात्रे, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, विवेक गर्ग, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, अशोक कुमार लाल, अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश, प्रशात भास्कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सारिका नंदे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्वेता मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, योगिता जागडे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अकिता अग्रवाल एवं अंकिता गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भाटापारा की खण्डपीठ थी। न्यायालय में कुल प्री लिटिगेशन प्रकरण 8940 एवं लंबित प्रकरण 517 एच ट्रैफिक चालान 1747 अन्य पीटी अफेस 303 निराकृत हुये है।






### न्यायाधीश की समझाइश पर बच्चों ने पिता की देखभाल का लिया जिम्मा

कुटुम्ब न्यायालय बलौदाबाजार में भी खण्डपीठ का गठन किया गया जिसकी पीठासीन अधिकारी सरोज नंद दास के द्वारा 38 प्रकरणों का निराकरण किया गया। कुटुम्ब न्यायालय के खण्डपीठ के अधिकारी के प्रयासों से एक ऐसा मामला निराकृत हुआ जिसमे 67 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा अपने तीन बच्चों के विरुद्ध भरण पोषण के लिए न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने नेशनल लोक अदालत में उनके बच्चों को समझाइश दी, जिसके बाद उनके तीनों बच्चों ने पिता की उचित देखभाल करने, समय पर भोजन, दवाई और सस्सम्मान पिता को साथ रखने का वचन दिया गया। इस पर पिता ने बच्चों के साथ रहने की सहमति प्रदान की।

### की गई स्वास्थ्य जांच

नेशनल लोक अदालत में उपस्थित पक्षकारों के लिये जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के साथ साथ व्यवहार न्यायालय सिमगा, भाटापारा एवं कसडोल में निः शुल्क चिकित्सा जांच की व्यवस्था की गई थी। इसी तरह जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बलौदाबाजार परिसर में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने के लिए शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। वहीं, लोक अदालत में राजीनामा करने वाले सभी पक्षकारों को निःशुल्क फलदार पौधा प्रदान किया गया।

# रजत जयंती केवल एक पड़ाव नहीं, यह हमारी सामूहिक यात्रा और प्रगति का प्रतीक: योगेश्वर

**अमृत संदेश । महासमुंद**

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अंतिम दिवस में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नगर पालिका, सतपाल सिंह पाली अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, डॉ मंजू शर्मा स. ज. भा. समिति, रीतेश गोलछा स. ज. भा. समिति, सुजाता विश्वनाथन स. ज. भा., पीयूष साहू पार्षद, रमेश साहू एवं शरद राव आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल डी.लिट् ने की तथा कार्यक्रम के संयोजक के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक (हिंदी) प्रतिमा चंद्राकर रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुई। स्वागत उद्बोधन की कड़ी में संस्था प्रमुख डॉ. अग्रवाल ने कहा की आज का यह दिन हमारे लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का क्षण है कि हमारे बीच विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्यजन पधारे हैं। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल बीते 25 वर्षों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे राज्य की सामूहिक उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं का प्रतीक है। नगर पालिका के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती हम सबके लिए आत्ममंथन और नई ऊर्जा का अवसर है। राज्य ने शिक्षा और विकास की दिशा में जो कदम बढ़ाए हैं, उन्हें और आगे ले जाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। वहीं, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने कहा— यह रजत जयंती केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जयंती है। जब समाज और शिक्षा संस्थान मिलकर काम करते हैं तभी विकास का वास्तविक स्वरूप सामने आता है। हमें मिलकर आने वाले 25 वर्षों को स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लेना होगा। तत्पश्चात अपने सारगर्भित उद्बोधन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा जी ने कहा— छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि यह हमारी



सामूहिक यात्रा और प्रगति का प्रतीक है। 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, संस्कृति और औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। आने वाला स्वर्णिम भविष्य तभी संभव है जब हम शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के विकास कार्यों हेतु कहा की मैं पूरी तरह प्रतिबद्ध हूँ और बतलाया की जल्द ही ग्राम परसट्ठी में नवीन महाविद्यालय भवन की नींव रखी जाएगी। उन्होंने छात्रों को राज्य की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही छत्तीसगढ़ की असली ताकत है। स्वागत भाषण की कड़ी के पश्चात, अंतिम दिवस के इस समापन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रजत जयंती के प्रारंभिक दिवस 08 सितंबर से लेकर 12 सितंबर तक हुए विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित एवं पुरुष्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में ट्विंकल साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर को प्रथम स्थान, हेमलता निषाद बी.ए. तृतीय वर्ष को द्वितीय स्थान, शिवानी दवे बी.ए. तृतीय सेमेस्टर को तृतीय स्थान मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में तोशिका बी.ए. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान, ऋतु साहू बी.ए. तृतीय वर्ष को द्वितीय स्थान, श्रद्धा साहू बी.एस. सी. तृतीय वर्ष को तृतीय स्थान मिला। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप बी और सी ने क्रमश: प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें विजयलक्ष्मी साहू,रितु साहू, जिज्ञासा चंद्राकर, हेमलता निषाद, तोशिका सिन्हा, कशिश चंद्राकर, मानसी छत्री, माहेनूर खान, अदिति साहू एवं श्रद्धा साहू रहें।

# बैंक गारण्टी स्टाम्प शुल्क व मण्डी शुल्क में छूट दी जाए : पारस चोपड़ा

**महासमुंद ( अमृत संदेश )।** राइस मिल एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने छ. ग. प्रदेश राईस मीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा के माध्यम से शासन से अनुरोध किया है कि कस्टम मिलिंग के अनुबंध में बी.जी. पर स्टाम्प शुल्क व मण्डी शुल्क में छूट दी जानी चाहिए। अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने बताया कि हम राईस मीलर्स कस्टम मिलिंग हेतु मार्कफेड के साथ अनुबंध करते हैं, अनुबंध के अनुक्रम में हमारे द्वारा धान उठाव के लिए विभिन्न बैंकों से जारी बैंक गारण्टी जमा की जाती है। कस्टम मिलिंग के माध्यम से शासन द्वारा किसानों से व्यापक पैमाने पर खरीदे गए धान का निराकरण होता है और राईस मीलर्स द्वारा मिलिंग उपरांत प्रदत्त चांवल पूरे देश एवम् प्रदेश में पी.डी.एस. के अर्न्तगत वितरित किया जाता है। इस प्रकार राइस मीलर्स द्वारा शासन के इस लोकहित कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। अभी तक कस्टम मिलिंग कार्य हेतु जारी बैंक गारण्टी में 250 रू. की स्टाम्प ड्यूटी लगती थी लेकिन संदर्भित ओदश अनुसार अब स्टाम्प शुल्क को 250 रू. से बढ़ाकर 25000 रू. कर दिया गया है जो राईस मिलिंग व्यवसाय के हित में कुटाराघात तो है ही साथ ही कस्टम मिलिंग कार्य की गति में भी अवरोध साबित होगा। एक राईस मीलर द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य हेतु औसतन 10 से 15 बैंक गारण्टी बनाई जाती है अत: नवीन स्टाम्प शुल्क ड्यूटी राईस मीलर्स के लिए आर्थिक क्षति एवम् अतिरिक्त आर्थिक भार होगी। एक अनुमान के अनुसार लगभग 60 करोड़ का भार राईस मीलर्स पर आएगा। उन्होने अनुरोध किया कि बैंक गारण्टी में लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी जो पूर्व में 250 रू. थी उसे पूर्ववत रख कर मीलर्स को राहत दी जायें। साथ ही उन्होने ने बताया कि छ.ग. सरकार द्वारा चांवल निर्यात को प्रोत्साहन की दृष्टि से मण्डी शुल्क में छूट की घोषणा की गई है, एक ओर शासन



द्वारा छूट की घोषणा की जाती है वहीं दूसरी ओर भिन्न भिन्न प्रकार के अव्यवहारिक नियम लागू कर शासन की प्रोत्साहन योजना को बाधित किया जा रहा है। धान खरीदी दिनांक से 90 दिन के अन्दर चांवल निर्माण, विक्रय, लदान एवम् निर्यात विषयक प्रपत्र प्रस्तुत करना व्यवहारिक प्रतीत नहीं होता। मण्डी प्रशासन द्वारा निर्यात कर्ता के शीपींग बिल में सभी सप्लायर के नामोल्लेख अपेक्षीत है, निर्यातकर्ता 1 शीप चावल में जितने लोगो से चांवल खरीदेगा सभी के नाम शीपींग बिल में अंकित किया जाना नितांत व्यवहारिक प्रतीत नहीं होता। निर्यातकर्ता व्यापारी और आपूर्ति कर्ता व्यापारी यदि एक ही मण्डी क्षेत्र के हैं ऐसी स्थिति में भी एकल लायसेंस की मांग उचित नही है कम से कम उस मण्डी क्षेत्र विशेष में। इन सभी बिन्दुओं पर सकारात्मक पहल कर उचित निराकरण करने का अनुरोध किया है।

# जन्माष्टमी में दही हांडी फोड़ने के दौरान तीन साल पहले हुआ विवाद समाप्त

**पिथौरा ( अमृत संदेश )।** तीन साल पहले जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी फोड़ने के दौरान पानी छिटने की बात को ले कर ग्राम ढाबाखार में विवाद हो गया था, देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में लाठी डंडा चलने लगे लिहाजा गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मामला पुलिस तक जा पहुंचा। तब पुलिस के हस्क्षेप से मामला शांत तो जरूर हो गया किंतु पुलिस ने पाँच लोगो के विरुद्ध अपराध दर्ज कर पिथौरा के न्यायालय में मामला पेश किया था। आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी सौरभ बारा के खंडपीठ में मामले को रखा गया और दोनों पक्षों को बुला कर समझाईस दी व आपस में भाईचारा बना कर रहने हेतु कहा गया जिससे दोनों पक्ष सहर्ष तैयार





हो गए परिणाम स्वरूप तीन सालों से चला आ रहा विवाद चंद मिनट में समाप्त हो गया। दोनों पक्ष गले मिल कर घर चले गए। दूसरा मामला पाँच वर्ष पुराना वर्ष 2020 का है ग्राम सोनासिल्ली में अंडा ठेला लगाये जाने को ले कर विवाद होने से पिथौरा के न्यायालय में फ़ौजदारी चल रहा था था, उस मामले में भी न्यायाधीश सौरभ बारा ने दोनों पक्ष को समझा कर मामले में राजीनामा कराया। बता दें कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के दिशा निर्देश में पिथौरा में 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई थी। जिसमे मामलों को आपसी सहमति से तत्काल निपटाने के प्रावधान था लोक लदालत में जो भी मामले का निबटारा होता है, उसमें कोई भी पक्ष हारता नहीं है। बल्कि दोनों पक्ष की जीत होती है। ज्ञात हो कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निराकरण के लिए पूर्व में बैठकें आयोजित की गई थी तथा जोर सोर से तैयारी चल रही थी परिणाम स्वरूप 458 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण हुआ और समझौते शुल्क के रूप में कुल 1287100 रू. की वसूली भी हुई है।

## श्वेत गंगा बम्हनी स्थित सावित्री माता में जलेंगे मनोकामना के ज्योत

**महासमुंद ( अमृत संदेश )।** पंचवटी तीर्थ धाम श्वेत गंगा बम्हनी में शारदीय नवरात्रि पर मनोकामना के दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। यहां विराजित मां सावित्री देवी के समक्ष



मनोकामना के दीप प्रज्वलन के लिए 751 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि नवरात्र पर्व 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा। प्रतिदिन संध्या बेला में माता सेवा की जाएगी। साथ ही माता की विशेष दर्शन झांकी सजाई जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

# खेल केवल मनोरंजन ही नहीं अब रोजगार का सशक्त माध्यम भी है: निखिलकांत

**अमृत संदेश । महासमुंद**

### चिरको में आयोजित कबड्डी स्पर्धा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नपाध्यक्ष

ग्राम पंचायत चिरको में जय बैगा बुढ़ादेव कबड्डी समिति द्वारा कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ 12 सितंबर को किया गया। रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा में दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका महासमुंद अध्यक्ष निखिलकांत साहू थे। अध्यक्षता जनपद सभापति रोशन पटेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर, पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, युकां विस अध्यक्ष सौरभ लोधी, सरपंच खेमराज भट्ट, उप सरपंच दुष्यंत ध्रुव, गोविंद चंद्राकर, मोचन पटेल, तेजराम यादव, लोकनाथ साहू ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, जवाहर साहू साहू समाज अध्यक्ष चिरको परिक्षेत्र, अभय कुंभकार पूर्व सरपंच, हेमराज साहू दिलीप पटेल, भगतराम पटेल, भुनेश्वर निषाद, रत्नेश साहू, सहबाज राजवानी, योगेश साहू व समस्त पंचगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना पश्चात अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर तथा ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग है तथा खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को तंदरूस्त रख सकते हैं। बल्कि आज खेल केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। कबड्डी जमीन से जुड़ा खेल है। शहरी क्षेत्र में



कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कम होता है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं द्वारा कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया जाना प्रशंसनीय है। कबड्डी के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। आज प्रो कबड्डी के माध्यम से राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी अपने गांव, देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। श्री साहू ने गाँवों में उभरती प्रतिभाओं को देखकर कहा कि महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का आयोजन से हम सभी गौरवान्वित हैं। कार्यक्रम को पूर्व जिपं सभापति अमर अरूण चंद्राकर, जनपद सभापति रोशन पटेल, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, सरपंच खेमराज भट्ट व अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोचन पटेल, संतोष पटेल, बोधन ध्रुव, अलख ध्रुव, लालाराम साहू, भेखलाल पटेल, दानी पटेल, टीके साहू, मुकेश साहू, देवानंद ध्रुव, युगल किशोर पटेल, बसंत साहू, जितेश पटेल, पवन ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, मिथुन पटेल व बड़ी संख्या में कबड्डी खिलाड़ी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## स्कूल शिक्षा मंत्री से स्वप्निल ने की सौजन्य भेंट

**पिथौरा ( अमृत संदेश )।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मंत्रालय में सौजन्य भेट कर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल



तिवारी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री दुलिकेशन साहू किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना ने शाल श्रीफल व बुके भेटकर शुभकामनाएं दिये। युवा मोर्चा नेता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय का दायित्व अपने आप में इसलिए अहम है क्योंकि नई शिक्षा नीति का आगाज हो चुका है। इसके सफल क्रियान्वयन का दायित्व आपके मजबूत कंधों पर सौपा गया है, निसंदेह शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन होगा। आपके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शिक्षा का हब बनेगा, शिक्षा में गुणात्मक सुधार एवं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में हमारा छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिथौरा ब्लाक की शैक्षिक समस्याओं को लेकर जल्द ही प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से पुन: भेंट करेगा।

## गांजा तस्करी करते दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** परसकोल चौक बंसुला के पास वाहन चेकिंग के दौरान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और बसना पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 40 हजार रुपए का ढाई किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले को लेकर बताया गया कि 12 सितंबर को परसकोल चौक बंसुला में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक क्रमांक सीजी 07 सीएच 5763 में सवार दो लोगों से पूछताछ की गई। संदेहियों ने नाम-पता वार्ड 02 पाटन जिला दुर्ग निवासी नामवागेश उर्फ आकाश पेंदरिया (23) व आकाश नेताम (20) बताया। आरोपियों से ढाई किलो गांजा, बाइक, मोबाइल, 500 रुपए नकदी जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## शराब बेचने ग्राहक तलाशते पकड़ाया

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाशते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जगदीशपुर मार्ग खेमड़ा तालाब के पास वार्ड 2 बसना निवासी आकाश कुमार (34) शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1800 मिली शराब (कीमत 800 रुपए) जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## डंडे से पीटा, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम नांदगांव में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में मामला दर्ज किया है। पुलिस को नांदगांव निवासी बिरझा पटेल ने बताया कि 10 सितंबर को वह अपनी बहू के साथ घर में थीं, तभी उसके देवर का बेटा शिवचरण पटेल घर आया और खेत को रेग में क्यों बोये हो कहकर बहू के साथ गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दी और डंडे से पीटकर बहू को चोट पहुंचाई। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## शतरंज में दीपांशु का चयन

**महासमुंद।** 54वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता शतरंज अहमदाबाद गुजरात में 15 से 19 सितंबर तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता के लिए महासमुंद केंद्रीय विद्यालय के छात्र दीपांशु पटले का चयन किया गया है। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण ने हर्ष जताया है।

# अग्रसेन जयंती पर हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता समाज और संस्कृति का अनोखा संगम

**बागबाहरा ( अमृत संदेश )।** नगर के इंडोर स्टेडियम में आज अग्रसेन जयंती पूर्व बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन केवल खेल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह समाज, संस्कृति और इतिहास के गौरव का भी उत्सव बन गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल समाज द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल ने की। वहींविशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत अग्रवाल समाज की आराध्य देवता महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना से हुई। समाजजनों ने सामूहिक रूप से महाराजा अग्रसेन का स्मरण कर उनके आदर्शों को नमन किया और आयोजन की सफलता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें कार्यक्रमके अध्यक्ष की आसंदी से अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से नगर को इंडोर स्टेडियम का तोहफा मिला है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि इस स्टेडियम के कारण आज नगर में इस स्तर की प्रतियोगिता संभव हो पाई है। यह केवल एक खेल स्थल नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को दिशा देने वाला केंद्र है।

मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने संबोधन में अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन की जीवन गाथा और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल एक राजा नहीं थे, बल्कि वे एक युगद्रष्टा समाज सुधारक थे। उनके एक रुपया और एक ईंट की परंपरा ने समाज में समरसता और आर्थिक सहयोग की नींव रखी। यह नीति इस बात की प्रतीक थी कि समाज का कोई भी व्यक्ति भूखा या बेघर न रहे। यादव कहा कि अग्रवाल समाज का गौरवशाली इतिहास आज भी प्रेरणा देता है। यह समाज शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए हुए है। ईमानदारी, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के कारण अग्रवाल समाज न केवल अपने लिए, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह बैडमिंटन प्रतियोगिता केवल खेल प्रतियोगिता नहीं रही, बल्कि समाज के इतिहास और परंपरा को याद करने का भी अवसर बनी। अग्रसेन जयंती के पूर्व यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि खेल और संस्कृति का संगम समाज की पहचान को और मजबूत करता है। बागबाहरा में हुए इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब समाज और शासन एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो न केवल खेल और संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि नगर की पहचान और गौरव भी नई ऊँचाई पर पहुँचता है।



## राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन





**महासमुंद ( अमृत संदेश )।** 25वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता राजनांदगांव जिला में आयोजित की गई थी जिसमें पांच संभाग रायपुर दुर्ग बिलासपुर सरगुजा बस्तर के खिलाड़ियों ने गतका 17,19 वर्ष बालक-बालिका योग 14, 17,19 वर्ष बालक-बालिका हॉकी 19 वर्ष बालक-बालिका खेलों में अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। जिसमें गतका 17 वर्ष 19 वर्ष बालक-बालिकाओं में रायपुर जोन से तुसदा हायर सेकंडरी स्कूल बागबाहरा महासमुंद के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रायपुर जोन को ओवरऑल चैंपियनशिप दिलाए। गतका 17 वर्ष बालिका में सिंगल सूटी टीम गेम में देवहूति ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा 19 वर्ष सिंगल छुट्टी टीम गेम में आकांक्षा ने कड़े मुकाबले में जीतकर रायपुर जोन को स्वर्ण पदक दिलाया। इसी तरह 19 वर्ष बालक वर्ग में छत्रपाल साहू तथा 19 वर्ष फरी छुट्टी वर्ग में देवर्थ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रायपुर जोन को रजत पदक दिलाया। तुसदा स्कूल के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धृतलहरे, तुसदा स्कूल के प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम, शिक्षकगण, व्यायाम शिक्षिका अंजू प्रजापति ने हर्ष जताया है।

## राज्यस्तरीय आवासीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर सांकरा में संपन्न

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद तथा कुड़ो एसोसिएशन महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय आवासीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन दिनांक 07 से 11 सितम्बर 2025 तक मंडी प्रांगण सांकरा विकासखंड पिथौरा में किया गया। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर विभिन्न 13 जिलों के 410 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षकों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। खिलाड़ियों ने नशा मुक्ति रैली, जागरूकता रैली, स्वच्छता, अभियान चलाया। विभिन्न स्थानों में नशामुक्ति रैली निकाली गई जिसके माध्यम से लोगों को नशे से दूर रखने जागरूक किया गया। इसके अलावा राज्य स्तरीय आवासीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में खेल कौशल का विकास किया गया, जिसमें कुड़ो, कराते, किक बॉक्सिंग, सेल्फ डिफेंस के विभिन्न अभ्यास कराए गए, बालिकाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित कर उनको सम्मानित किया गया। कूडो एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष मीरा पंडा, सचिव उपेन्द्र प्रधान ने शिविर में 5 दिनों तक विभिन्न जिलों के प्रशिक्षकों के माध्यम से बेहतर आत्मरक्षा का अभ्यास, विभिन्न गतिविधियां, खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया एवं आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियां की गई। आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का लाभ ले रहे बालिकाओं को समय समय पर हो रहे घटनाओं से अपनी स्वयं की रक्षा कर सकें, जिसमें छत्तीसगढ़ के मार्शल आर्ट में दक्ष मास्टरों द्वारा ट्रेनिंग दिया गया। बस्तर डांस समूह, कोयतुर समूह गरियाबंद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण, छात्राओं में उत्साह की लहर

### भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ सायकल वितरण

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत हाई स्कूल मोहगांव में छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं विद्यालय तक उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएँ, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन मे छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह योजना वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। ग्रामीण क्षेत्र की अनेक छात्राएँ आज भी विद्यालय की दूरी एवं परिवहन की समस्या से जूझती हैं। ऐसे में उन्हें नि:शुल्क साइकिल प्रदान करना, उनकी पढ़ाई को सुगम बनाने के साथ-साथ शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करेगा। श्री साहू ने कहा कि आज की बेटियाँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसे कदम बेहद सराहनीय हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष चेतन



साहू ने की। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से जिलाध्यक्ष को अवगत कराया और कहा कि यह योजना केवल छात्राओं के लिए परिवहन का साधन नहीं है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का मार्ग भी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खल्लारी मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया, जनपद सदस्य भूपेंद्र दिवान, ग्राम पंचायत मोहगांव के सरपंच नरेंद्र दिवान, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आनंद साहू, पंकज चंद्राकर ज़िला एथलेटीक संघ के जिलाध्यक्ष व ताराचंद देवांगन मण्डल महामंत्री खल्लारी, रेखराज साहू, मिडिल स्कूल अध्यक्ष उदय साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष बीके बाहरा द्रोण पटेल, भुनेश्वर लोधी सरपंच ग्राम पंचायत पाली, शंकर नेताम शाला विकाश प्रबंध समिति झारा, कोमल साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, यादराम साहू भाजपा कार्यकर्ता, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।